सूर्योदय : 6:50
सूर्यास्त : 5:50
अधिकतम तापमान : 27.0
न्यूनतम : 16.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्याः
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-18 अंक-223 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, मंगलवार, 04 फरवरी 2025
05 शाबान 1446 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com




### राष्ट्रपति के अभिभाषण पर संसद में चर्चा, राहुल गांधी का मोदी सरकार पर वार

# विफल हो गया मेक इन इंडिया : राहुल

- महाराष्ट्र में जोड़े गए हिमाचल की आबादी जितने नए वोटर
- चुनाव की निष्पक्षता पर राहुल गांधी का सवाल





**नई दिल्ली।** लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान सोमवार को विपक्ष के नेता (एलओपी) राहुल गांधी ने महाराष्ट्र चुनाव का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले हिमाचल प्रदेश की पूरी आबादी को मतदाता सूची में जोड़ दिया गया था। राहुल गांधी ने कहा, मैं इस सदन के ध्यान में महाराष्ट्र चुनावों के बारे में कुछ आंकड़ों और जानकारी को लाना चाहता हूं। लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनाव के बीच हिमाचल प्रदेश की मतदाता आबादी को महाराष्ट्र की मतदाता सूची में जोड़ा गया था। यानी हिमाचल प्रदेश की पूरी आबादी को महाराष्ट्र के मतदाता सूची में जोड़ दिया गया। लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच करीब 70 लाख नए मतदाता अचानक आ गए। राहुल गांधी ने आगे कहा, हमारे सेना प्रमुख ने कहा है कि चीन ने हमारी जमीन पर घुसपैठ की है। यह एक तथ्य है। अब, यह जानना जरूरी है कि चीनी हमारी जमीने घुसे हैं। चीनी हमारे देश में इसलिए घुसे हैं क्योंकि मेक इन इंडिया विफल हो गया है। चीनी हमारे देश में इसलिए बैठे हैं क्योंकि भारत अपने उत्पाद खुद बनाने से इनकार कर रहा है। मुझे चिंता है कि भारत एक बार फिर यह क्रांति चीनी कंपनियों को सौंप देगा। जब हम चीन से युद्ध करेंगे तो हम चीनी मोटर्स, बैटरियां और उपकरणों के साथ युद्ध करेंगे और हमें ये सभी चीनी चीजें खरीदनी पड़ेंगी। हम चुनाव आयोग से कह रहे हैं कि कृपया हमें लोकसभा औरर विधानसभा के सभी मतदाताओं के नाम, पते और मतदाता केंद्र की जानकारी दें, ताकि हम गणना कर सकें कि ये नए मतदाता कौन हैं।

### राहुल मेरी अमेरिका यात्रा को लेकर झूठ बोल रहे : जयशंकर



विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कहा कि राहुल गांधी ने पिछले साल की उनकी अमेरिकी यात्रा पर लोकसभा में झूठ बोला। उन्होंने कहा कि वे दिसंबर 2024 में बाइडेन प्रशासन के विदेश मंत्री और एनएसए से मिलने गए थे। इस दौरान पीएम मोदी को अमेरिकी निमंत्रण को लेकर कोई चर्चा नहीं हुई। जयशंकर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व नेताओं के शपथ ग्रहण समारोह या इस तरह के कार्यक्रमों में शामिल नहीं होते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन में भारत का प्रतिनिधित्व राजदूत करते हैं। जयशंकर ने कहा कि विपक्षी नेता के ऐसे बयानों से विदेशों में भारत की छवि को नुकसान पहुंचा है।

### राहुल गांधी के आरोप पर संसद में हंगामा

नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी द्वारा लगाए गए आरोपों पर सत्तापक्ष की तीखी प्रतिक्रिया आई। भाजपा में ओबीसी सांसदों को अहमियत नहीं दिये जाने के राहुल गांधी के आरोप पर सत्तापक्ष ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ओबीसी होने का हवाला दिया। संसदीय कार्यमंत्री किरण रिजिजू ने कहा कि नेता प्रतिपक्ष को सामने बैठे प्रधानमंत्री मोदी का चेहरा नहीं दिख रहा है, जो ओबीसी समुदाय से आते हैं। इसके साथ ही अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री मोदी को आमंत्रित नहीं किये जाने के राहुल गांधी के बयान पर रिजिजू ने तीखा प्रतिवाद किया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ होटल ताज, लखनऊ में भूटान के महामहिम नरेश जिग्मे खेसर नामग्याल वांगचुक से शिष्टाचार भेंट करते हुए।

## न्यूज डायरी

### सोनिया और पप्पू यादव के खिलाफ विशेषाधिकार हनन का नोटिस

**नई दिल्ली।** भाजपा सांसदों ने कांग्रेस नेता और राज्यसभा सांसद सोनिया गांधी की तरफ से सर्वोच्च पद की गरिमा को कम करने के उद्देश्य से भारत की राष्ट्रपति के खिलाफ अपमानजनक और निंदनीय शब्दों के प्रयोग के माध्यम से संसदीय विशेषाधिकार, नैतिकता और औचित्य के उल्लंघन के लिए नोटिस दिया है। इसके साथ ही भाजपा सांसदों ने निर्दलीय सांसद पप्पू यादव के खिलाफ भी विशेषाधिकार हनन का नोटिस दिया है। भाजपा सांसदों ने नोटिस में लिखा, हम सोनिया गांधी की तरफ से हाल ही में कई गईं कुछ असंसदीय, अपमानजनक टिप्पणियों के बारे में बहुत निराशा के साथ यह लिख रहे हैं।

### हटाया गया ग्रैप-3

**नई दिल्ली।** दिल्ली एनसीआर में प्रदूषण के स्तर में गिरावट के बीच केंद्र सरकार के दिल्ली-एनसीआर वायु गुणवत्ता पैनल ने ग्रैप-3 प्रतिबंधों को रद्द कर दिया है। हालांकि ग्रैप-1 और ग्रैप-2 के तहत आने वाले प्रतिबंध लागू रहेंगे। ग्रैप-3 हटने के बाद दिल्ली और आसपास के इलाकों में बीएस-तीन पेट्रोल और बीएस-चार डीजल वाहनों पर प्रतिबंध हट गया है। इससे ये वाहन बिना रोक-टोक के जा सकेंगे। ग्रैप को दिल्ली एनसीआर में प्रतिकूल वायु गुणवत्ता के चार अलग-अलग चरण के हिसाब से बांटा गया गया है। ग्रैप का चरण-1 उस वक्त लागू होता है, जब दिल्ली में एक्यूआई का स्तर 201-300 के बीच होता है।

### महाराष्ट्र के सभी सरकारी दफ्तरों में अनिवार्य हुई मराठी भाषा

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने एक बड़ा फैसला लिया है। अब से सभी सरकारी, अर्ध- सरकारी और नगर निगम कार्यालयों में मराठी भाषा को अनिवार्य कर दिया गया है। राज्य सरकार ने ये फैसला मराठी भाषा को बढ़ावा देने के लिए लिया है। महाराष्ट्र सरकार ने सरकारी कार्यालयों में मराठी भाषा के उपयोग के बारे में एक सरकारी संकल्प जारी किया है। इस आदेश में कहा गया है कि महाराष्ट्र सरकार के अधीन सरकारी कार्यालयों, अर्ध-सरकारी कार्यालयों, निगमों और अन्य सरकारी-संबंधित कार्यालयों में सभी कर्मचारियों को निर्देश दिया जाता है कि वे अपने कार्यालयों में भारत के बाहर और अन्य गैर-मराठी भाषी राज्यों से आने वाले आगंतुकों को छोड़कर सभी आगंतुकों के साथ मराठी भाषा का उपयोग करें।

## आठ लाख करोड़ का हो सकता है यूपी सरकार का बजट

- फरवरी के अंतिम सप्ताह में पेश होने की उम्मीद



**लखनऊ।** यूपी विधानमंडल का बजट सत्र फरवरी के आखिरी सप्ताह में आहूत किया जाएगा। इसमें करीब 8 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किए जाने की संभावना है। इस बजट में विकास के योगी मॉडल की छाप दिखेगी। मध्यवर्ग, युवा, किसान और महिलाएं बजट के फोकस में होंगी। उच्चपदस्थ सूत्रों के मुताबिक, अभी सत्र की तिथियां फाइनल नहीं हुई हैं। लेकिन, तैयारियां फरवरी के आखिरी सप्ताह को ध्यान में रखकर की जा रही हैं। सभी विभागों के बजट प्रस्तावों को अंतिम रूप दे दिया गया है। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को लोकसभा में मोदी सरकार 3.0 का दूसरा बजट पेश किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आम बजट को ऐतिहासिक करार दिया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि यह हर भारतीय के सपनों को पूरा करेगा, 'विकसित भारत' के मिशन को आगे ले जाएगा और विकास, निवेश और उपभोग को कई गुणा बढ़ाएगा। हालांकि, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने आर्थिक संकट को हल करने के लिए बड़े बदलाव की जरूरत पर जोर दिया और बजट को गोली के घाव पर केवल मरहम पट्टी करार दिया। अलग-अलग राजनीतिक दलों ने इस पर प्रतिक्रिया दी है।

## कुंभ भगदड़ में हजारों लोग मारे गए : खड़गे

### सभापति जगदीप धनखड़ ने बयान वापस लेने को कहा, सही आंकड़ा बताएं, माफी मांग लूंगा

- बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया





**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने सोमवार को राज्यसभा में कहा कि महाकुंभ में पिछले दिनों भगदड़ के दौरान हजारों लोगों की मौत हो गई जिस पर सदन में हंगामा हुआ और सभापति जगदीप धनखड़ ने उनसे बयान वापस लेने को कहा।

मल्लिकार्जुन खरगे ने राष्ट्रपति अभिभाषण पर उच्च सदन में हुई चर्चा में भाग लेते हुए कहा कि मेरा कहना है कि वहां (महाकुंभ भगदड़ में) एक हजार लोग मारे गए, अगर आप कहते हैं कि मैं गलत हूं तो कम से कम वहां हुई मौतों की सही संख्या की रिपोर्ट जारी कर दें। उनके इस बयान पर सत्ता पक्ष के सदस्यों ने हंगामा किया। उन्होंने कहा, मैंने किसी को दोषी ठहराने के लिए हजारों नहीं कहा। लेकिन कितने लोग मारे गए, कम से कम यह जानकारी तो दें। अगर मैं गलत हूं तो मैं माफी मांगूंगा। उन्हें आंकड़ा देना चाहिए कि कितने लोग मारे गए, कितने लापता हैं। इस पर सभापति जगदीप धनखड़ ने उनसे अपना बयान वापस लेने का आग्रह किया। धनखड़ ने कहा, विपक्ष के नेता ने हजारों की संख्या में आंकड़े दिया है। मैं उनसे अपील करता हूं कि इस सदन में जो भी कहा जाता है, उसका बहुत महत्व होता है। आपने कुछ ऐसा कहा है, जिससे सभी स्तब्ध हैं। यहां से जो संदेश जाता है, भले ही उसका खंडन हो, वह पूरी दुनिया में जाता है। इस पर खरगे ने कहा कि उन्होंने किसी को दोषी ठहराने के लिए यह आंकड़ा नहीं बताया। उन्होंने पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह को भी श्रद्धांजलि दी और कहा कि आधुनिक भारतीय अर्थव्यवस्था में उनका अहम योगदान रहा है।

### भागवत से माफी की मांग

मल्लिकार्जुन खरगे ने कहा मोहन भगवत ने कहा था कि देश को आजादी मिली जब राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठान हुआ। ये देश के सारे स्वत्रंत्रता सेनानियों का अपमान है। ये गांधी जी का अपमान है। देश को आजादी हमने दिलाई। मोहन भगवत और मोदी जी माफी मांगें। मोहन भगवत अपने शब्द वापस लें। इस दौरान खरगे ने भाजपा सांसद नीरज शेखर के पिता पूर्व प्रधानमंत्री चंद्रशेखर को लेकर टिप्पणी की और उन्हें भी खरी खोटी सुनाई । इससे सदन में हंगामा हो गया। नीरज भी अपनी सीट से उठकर आसन की ओर बढ़े।

## सुबह तीन बजे से ही वॉर रूम में डटे रहे सीएम योगी

### महाकुंभ अमृत स्नान : अधिकारियों के साथ लगातार अपडेट प्राप्त किए व आवश्यक निर्देश दिए

- महाकुम्भ का डिजिटल स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहा



**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वसंत पंचमी के पावन अवसर पर अमृत स्नान की व्यवस्था की निगरानी के लिए प्रातः साढ़े तीन बजे से अपने सरकारी आवास स्थित वॉर रूम में बैठक की। उन्होंने डीजीपी, प्रमुख सचिव गृह और मुख्यमंत्री कार्यालय के अधिकारियों के साथ लगातार अपडेट प्राप्त किए और आवश्यक निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री ने इस महत्वपूर्ण आयोजन की सुरक्षा और व्यवस्था के संदर्भ में पूरी स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने प्रशासनिक अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि स्नान के दौरान किसी भी प्रकार की कोई भी असुविधा न हो और सभी श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधा प्रदान की जाए। योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे स्नान स्थल पर पूरी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करें और श्रद्धालुओं के लिए सभी आवश्यक इंतजाम पूरे करें। साथ ही, उन्होंने आस्था के इस महान पर्व पर प्रशासन की तत्परता को बढ़ाने का आह्वान किया। मुख्यमंत्री ने विशेष रूप से सुरक्षा व्यवस्था और यातायात प्रबंधन पर ध्यान केंद्रित किया, ताकि हजारों श्रद्धालुओं को बिना किसी समस्या के संगम में स्नान का लाभ मिल सके। श्रद्धालुओं के साथ साधु-संत, महामंडलेश्वर और देश-विदेश से आए भक्त संगम में पवित्र डुबकी लगाते नजर आए। इसके साथ ही सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अमृत स्नान के लिए अद्भुत और दिव्य महाकुम्भ की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। यातायात पूरी तरह सुचारु रहा और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। स्नान के बाद श्रद्धालु दान-पुण्य करते दिखे। वसंत पंचमी पर अमृत स्नान के दौरान महाकुम्भ का डिजिटल स्वरूप भी आकर्षण का केंद्र रहा। जहां हर व्यक्ति इस दिव्य अनुभूति को अपने कैमरे में सुरक्षित करने के लिए उत्साहित नजर आया। संगम तट पर फूल-मालाओं से लदे संतों पर उत्साहित श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। जिससे पूरे महाकुम्भ का माहौल और भव्य बन गया। वसंत पंचमी के अमृत स्नान के लिए निकली अखाड़ों की शोभा यात्रा में कुछ नागा साधु घोड़ों पर सवार थे तो कुछ पैदल चलते हुए अपनी विशिष्ट वेशभूषा और आभूषणों से सजे हुए थे। जटाओं में फूल, फूलों की मालाएं और त्रिशूल हवा में लहराते हुए उन्होंने महाकुम्भ की पवित्रता को और भी बढ़ा दिया। स्व-अनुशासन में रहने वाले इन साधुओं को कोई रोक नहीं सकता था, लेकिन वो अपने अखाड़ों के शीर्ष पदाधिकारियों के आदेशों का पालन करते हुए आगे बढ़े।

## दिल्ली और मिल्कीपुर में थमा चुनावी प्रचार

- 70 सीटों पर 5 फरवरी को डाले जाएंगे वोट

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनाव को लेकर प्रचार अभियान खत्म हो गया। दिल्ली में मुख्य मुकाबला बीजेपी, आम आदमी पार्टी और कांग्रेस के बीच है। दिल्ली में 5 फरवरी को वोट डाले जाएंगे और नतीजे 8 फरवरी को आएंगे। बीजेपी पिछले 25 साल से दिल्ली की सत्ता से बाहर है। यही कारण है कि भगवा पार्टी ने अपनी पूरी ताकत लगा रखी है। हालांकि, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी को भरोसा है कि वे लगातार तीन वर्षों में फिर से सत्ता हासिल करेंगे। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने भी राष्ट्रीय राजधानी में सत्ता में आने के लिए कड़ी मेहनत की। 2013 तक 15 साल तक राजधानी पर राज करने वाली कांग्रेस ने दोबारा सत्ता हासिल करने के लिए कई शो किए। दिल्ली बीजेपी अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि चुनाव प्रचार भले ही बंद हो गया हो लेकिन दिल्ली की जनता ने जो फैसला लिया है उसकी झलक 5 फरवरी को दिखेगी।

### पांच को होगा मतदान

**लखनऊ।** मिल्कीपुर उपचुनाव के लिए प्रचार का शोर सोमवार को शाम पांच बजे थम गया। मंगलवार को राजकीय इंटर कॉलेज से पोलिंग पार्टियों की रवानगी होगी। पांच फरवरी को मतदान और आठ फरवरी को मतगणना होगी। 414 मतदेय स्थलों पर मतदान कराने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। 210 मतदेय स्थलों पर वेब कास्टिंग के साथ 25 मतदेय स्थलों पर वीडियोग्राफी कराई जाएगी।

## संगम तट पर उमड़ा आस्था का रेला




- संगम तट पर अखाड़ों ने किया अमृत स्नान
- अखाड़ों के दर्शन के लिए भक्त दिखे उत्साहित

**महाकुंभनगर।** बसंत पंचमी के पवित्र अवसर पर सोमवार को त्रिवेणी संगम में अमृत स्नान के लिए आस्था का जनसमुद्र उमड़ पड़ा। महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान पर करोड़ों श्रद्धालु देर रात से ही पुण्य की कामना के साथ संगम की रेत पर एकत्रित होने लगे।

सोमवार शाम 4 बजे तक लगभग 1.96 करोड़ स्नानार्थियों ने संगम सहित गंगा के अन्य तत्वों पर डुबकी लगाई इस दौरान हर-हर गंगे, बम बम भोले और जय श्री राम के गगनभेदी उद्घोष से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। श्रद्धालुओं के साथ साधु-संत, महामंडलेश्वर और देश-विदेश से आए भक्त संगम में पवित्र डुबकी लगाते नजर आए। इसके साथ ही सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अमृत स्नान के लिए अद्भुत और दिव्य महाकुंभ की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। यातायात पूरी तरह सुचारु रहा और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। स्नान के बाद श्रद्धालु दान-पुण्य करते दिखे। बसंत पंचमी पर अमृत स्नान के दौरान महाकुंभ का डिजिटल स्वरूप भी आकर्षण का केंद्र रहा। जहां हर व्यक्ति इस दिव्य अनुभूति को अपने कैमरे में सुरक्षित करने के लिए उत्साहित नजर आया। संगम तट पर फूल-मालाओं से लदे संतों पर उत्साहित श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। जिससे पूरे महाकुंभ का माहौल और भव्य बन गया।

### अंतिम अमृत स्नान पर श्रद्धालुओं पर हुई पुष्पवर्षा



महाकुम्भ 2025 के अंतिम अमृत स्नान बसंत पंचमी के दिन सोमवार को संगम तट पर डुबकी लगाने पहुंचे करोड़ों श्रद्धालुओं पर योगी सरकार ने हेलीकॉप्टर से पुष्प वर्षा कराई। हेलीकॉप्टर से सभी घाटों और अखाड़ों पर स्नान के दौरान श्रद्धालुओं पर फूलों की बारिश की गई। पुष्प वर्षा की शुरुआत सुबह 6.30 बजे से ही हो गई, जब अखाड़ों का अमृत स्नान जारी था। गुलाब की पंखुड़ियों की बारिश देख संगम तट पर मौजूद नागा संन्यासियों, संतों और श्रद्धालुओं ने अभिभूत होकर जय श्री राम और हर हर महादेव के नारे लगाए।

## राजस्थान में धर्मांतरण से जुड़ा विधेयक पेश




जबरन धर्म बदलवाने पर होगी 10 साल की सजा

**जयपुर।** राजस्थान की भजनलाल शर्मा सरकार ने विधानसभा के बजट सत्र में सोमवार को राजस्थान विधि विरुद्ध धर्म-संपरिवर्तन प्रतिषेध विधेयक 2025 पेश किया। इसमें लव जिहाद और जबरन या लालच देकर मतांतरण करवाने वालों के खिलाफ सख्त प्रविधान किए गए हैं। गृह विभाग से जुड़े मामलों को लेकर सरकार का पक्ष रखने के लिए अधिकृत चिकित्सा मंत्री गजेंद्र सिंह खींवसर ने विधेयक पेश किया। अब इसे बहस के बाद पारित किया जाएगा। इसके पहले वर्ष 2008 में भाजपा की वसुंधरा सरकार ऐसा ही विधेयक पेश कर चुकी है। हालांकि, यह कानून का रूप नहीं ले सका था। अब 16 साल बाद फिर यह विधेयक पेश किया गया है। इसे सदन से पारित कर भेजा गया, लेकिन राष्ट्रपति की मंजूरी नहीं मिल पाई। नए विधेयक में मतांतरण कराने पर तीन से 10 वर्ष तक की सजा और 50 हजार रुपये तक जुर्माना का प्रविधान किया गया है। यदि कोई मर्जी से मतांतरण करता है, तो उसे 60 दिन पहले जिला कलेक्टर को सूचना देनी होगी।

## केजरीवाल ने कोई वादा नहीं पूरा किया : अमित शाह

केजरीवाल स्वयं चुनाव हार रहे हैं



**नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने सोमवार को दिल्ली के जंगपुरा में विशाल जनसभा को संबोधित किया। जनसभा को संबोधित करते हुए अमित शाह ने आम आदमी पर जमकर निशाना साधा। केंद्रीय गृह मंत्री कहा अमित शाह ने कि 10 वर्षों तक केजरीवाल और उनके चट्टे-बट्टों ने दिल्ली को भ्रष्टाचार, कूड़ा-कचरा, जहरीला पानी, तुष्टिकरण और धोखा ही दिया है।

शाह ने कहा, कनेक्टिविटी के नाम पर ऐसी सड़कें दीं कि सड़क में गड्ढा है या गड्ढे में सड़क, ये पता ही नहीं चलता। पाइप के माध्यम से ये प्रदूषित पानी भेजने का काम कर रहे हैं। मोहल्ला क्लीनिक के नाम पर 65,000 फर्जी टेस्ट कराने का घोटाला इन्होंने किया। बारिश में बिजवासन तो छोड़िए, बल्कि आधी दिल्ली तालाब बन जाती है। केजरीवाल ने अपना कोई भी वादा पूरा नहीं किया, इसलिए आज आप के 50 प्रतिशत से ज्यादा विधायक इन्हें छोड़ चुके हैं। केजरीवाल जी, आपके यहां ये भगदड़ क्यों मची है? गृह मंत्री अमित शाह ने कहा, आज मैं नई दिल्ली वालों की ओर से आपको बताने आया हूं कि वहां केजरीवाल स्वयं चुनाव हार रहे हैं। दिल्ली की जनता इस झूठे व्यक्ति को जान गई है। अन्ना हजारे के आंदोलन के दौरान केजरीवाल कहा था कि हम राजनीतिक पार्टी नहीं बनाएंगे, लेकिन इन्होंने पार्टी बनाई। इन्होंने कहा था कि हम गाड़ी नहीं लेंगे, लेकिन गाड़ी ली, इन्होंने कहा था कि सिक्योरिटी नहीं लेंगे, लेकिन सिक्योरिटी ली, इन्होंने कहा था कि बंगला नहीं लेंगे, लेकिन इन्होंने अपने लिए 52 करोड़ रुपये का 50 हजार गज का शीश महल बना लिया।

# पाँवधोई व ढमोला नदी का होगा जीर्णोद्धार

## नदियों के जीर्णोद्धार एवं विकास के बारे में जिलाधिकारी ने किया टीम के साथ मंथन

### दोनों नदियों के जीर्णोद्धार एवं विकास हेतु टीम सर्वे कर करेगी प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार

*अवधनामा संवाददाता*



**सहारनपुर।** जिलाधिकारी मनीष बंसल ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की सहारनपुर पहुंची तीन सदस्यीय जांच टीम के साथ सहारनपुर नगर क्षेत्र में प्रवाहित पांवधोई व ढमोला नदी के जीर्णोद्धार एवं विकास कार्यों के सर्वे के संबंध में मंथन किया तथा टीम के साथ मौके पर पहुंचकर नदियों का भ्रमण भी किया।

स्थानीय कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार मे जिलाधिकारी मनीष बंसल ने राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की टीम व संबंधित अधिकारियों के साथ नदियों के पुनरूद्धार व विकास के संबंध में मंथन किया। जिलाधिकारी मनीष बंसल बताया कि यह टीम दोनों नदियों का सर्वे कर प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करेगी। उन्होंने कहा कि ढमोला और पांवधोई नदी सहारनपुर की लाइफ लाइन है, जो शहर के बीचों बीच से होकर गुजरती है। लेकिन वर्तमान में इसकी स्थिति बहुत अच्छी नहीं है। नालों का गन्दा पानी इसमें आता है और लोग इसमें कूड़ा भी डालते हैं। इसे साफ करने एवं जीर्णोद्धार के लिए नमामि गंगे के तहत एक प्रोजेक्ट लिया गया है। इसके तहत नालों का पानी टैप करके एसटीपी बनाया जा रहा है। जिससे इसके पानी को शुद्ध किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इसके अलावा नदियों में जमी सिल्ट, गार्बेज की सफाई, नदियों के सौंदर्यकरण और रिवर बैंक बनाने के टीम द्वारा सर्वे कर डीपीआर बनाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ये एक लॉन्ग टर्म प्रोजेक्ट है जिससे भविष्य में जनपद सहारनपुर को बहुत लाभ होगा।

मनीष बंसल ने बताया कि टीम जनपद में 04 फरवरी को सर्वे करने के साथ प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार करेगी। जिसके लिए अपर नगर आयुक्त मृत्युंजय, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई निर्माण खण्ड राम बाबू, महाप्रबन्धक जल-कल नगर पुरूषोत्तम, अधिशासी अभियन्ता निर्माण नगर निगम आलोक श्रीवास्तव, परियोजना प्रबन्धक यूनिट 9, कन्स्ट्रक्शन एण्ड डिजाइन सर्विसेज उत्तर प्रदेश जल निगम रवि प्रताप सिंह एवं परियोजना प्रबन्धक नमामि गंगे इकाई एसटीपी कैम्पस शाहवली मुजफ्फरनगर संजीत कटियार अधिकारी नामित किए गये है।

जिलाधिकारी ने संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि इन दोनों नदियों व सिटी ड्रेनेज प्लान संबंधी व क्षेत्र के मानचित्र व अन्य समस्त स्पष्ट व त्रुटिरहित सूचनाओं सहित सर्वे टीम के साथ सर्वे हेतु पूर्ण सहयोग प्रदान करें ताकि नदियों के जीर्णोद्धार हेतु अग्रेत्तर कार्यवाही की जा सकें।

## टैम्पो पर क्रेन पलटने से चालक समेत दो घायल



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** कोतवाली रामपुर मनिहारान के दिल्ली रोड स्थित निर्माणाधीन रेलवे ओवरब्रिज पर लोहे का भारी गार्डर उठाते समय क्रेन के अचानक टैम्पो पर पलटने से टैम्पो चालक व एक श्रमिक गंभीर रूप से घायल हो गये, जबकि टैम्पो में सवार लगभग आठ सवारियां बाल-बाल बच गयी। दोनों घायलों को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, जहां से उनकी गंभीर हालत देखते हुए उन्हें हॉयर सैंटर रैफर कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार कोतवाली रामपुर मनिहारान में निर्माणाधीन दिल्ली यमनोत्री राष्ट्रीय राज मार्ग पर स्थित रेलवे फाटक पर ओवरब्रिज का निर्माण कार्य चल रहा है। बताया जाता है कि आज सुबह कार्यदायी संस्था की लापरवाही के चलते लोहे का भारी गार्डर उठाते समय क्रेन अचानक उधर से गुजर रहे एक टैम्पो पर पलट गयी, जिसके चलते टैम्पो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया तथा टैम्पो चालक 55 वर्षीय राजेन्द्र कुमार पुत्र देवी शरण निवासी गुरूद्वारा रोड थाना कुतुबशेर व निर्माण कार्य में लगा एक श्रमिक मनोज चौधरी पुत्र जय कुमार निवासी रक्षा थाना रहला जिला पलामू झारखंड गंभीर रूप से घायल हो गये, जबकि टैम्पो में सवार लगभग आठ सवारी बाल-बाल बच गयी। क्रेन के टैम्पो पर पलटते ही सवारियों में चीख पुकार मच गयी। आसपास के राहगीरों ने बामुश्किल टैम्पो की सवारियों को बाहर निकाला तथा घायल टैम्पो चालक राजेन्द्र कुमार व श्रमिक मनोज चौधरी को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में भर्ती कराया, जहां चिकित्सकों ने उनकी गंभीर हालत देख उन्हें हॉयर सैंटर रैफर कर दिया।

## बिजनौर में पत्नी से अफेयर के शक में भाई को मार डाला 17 साल के युवक की हत्या का 3 महीने बाद खुलासा, आरोपी गिरफ्तार, चाचा-चचेरा भाई फरार




**धामपुर।** क्षेत्र में एक सनसनीखेज हत्याकांड का खुलासा हुआ है। पुलिस ने तीन महीने पहले हुई 17 वर्षीय अनमोल की हत्या के मामले में उसके तहेरा भाई अमित को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि अमित को अपनी पत्नी के साथ मृतक के अवैध संबंधों का शक था।घटना 1 नवंबर 2024 को धामपुर थाना क्षेत्र के गांव मटौरामान में हुई। हरगुलाल सिंह के बेटे अनमोल की बेरहमी से हत्या कर उसका शव गांगन नदी के पास फेंक दिया गया था। पुलिस ने मामले की जांच के दौरान कई युवकों से पूछताछ की, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद पुलिस ने मृतक के तहेरे भाई से कड़ी पूछताछ की तो आरोपी अमित ने स्वीकार किया कि अनमोल उसकी पत्नी के पास अक्सर आता-जाता था, जो उसे और उसके परिवार को पसंद नहीं था।घटना वाले दिन जब अमित ने अनमोल को अपनी पत्नी के साथ देखा, तो उसने अपने चाचा श्रवण और चचेरे भाई अंकित के साथ मिलकर अनमोल की पिटाई की। इसके बाद लोहे की फाली से सिर पर वार कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मास्टरमाइंड अमित को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि अन्य दो आरोपी श्रवण और अंकित फरार हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी कर रही है।

## नवनियुक्त जिला आबकारी अधिकारी महेन्द्र प्रताप सिंह का किया स्वागत



**सहारनपुर।** नवनियुक्त जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि उनकी पहली प्राथमिकता हरियाणा, पंजाब व चंडीगढ़ से आने वाली शराब की तस्करी को रोकना है। उन्होंने कहा कि कच्ची शराब के तस्करों के खिलाफ भी गांव व देहात में निरंतर चैकिंग अभियान चलाया जायेगा। नव नियुक्त जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह आज यहां अपना कार्यभार संभालने के पश्चात पत्रकारों के साथ वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि किसी भी नशीले पदार्थ पर आबकारी विभाग की नजरे रहेंगी। आबकारी निरीक्षकों को भी निर्देश दिये जायेंगे कि वह अपने सैक्टर में निरंतर चैकिंग अभियान जारी रखे और जिले में कहीं भी किसी भी कीमत पर ओवर रेटिंग बर्दाश्त नहीं की जायेगी। सहायक आबकारी आयुक्त मलकपुर से स्थानान्तरित होकर आये नव नियुक्त जिला आबकारी अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने सहारनपुर पहुंचकर उप आबकारी आयुक्त सेवालाल से मुलाकात की। महेन्द्र प्रताप सिंह इससे पूर्व बाराबंकी, कानपुर, लखनऊ समेत अन्य शहरों में तैनात भी रहे हैं। बाराबंकी में अपनी तैनाती के दौरान शराब की 12 दुकानों को निरस्त कर महेन्द्र प्रताप सिंह सुर्खियों में रहे है। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने नवनियुक्त जिला आबकारी अधिकारी को फूलों का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत भी किया।

## लुटेरे को दबोचकर किया लूट का मोबाइल बरामद

**सहारनपुर।** थाना सदर बाजार पुलिस ने एक शातिर लुटेरे को दबोचकर महिला से हुयी मोबाइल लूट की घटना का खुलासा करने में सफलता हासिल कर ली। पुलिस ने दबोचे गये आरोपी के कब्जे से लूटा गया मोबाइल व घटना में प्रयुक्त बाईक बरामद कर उसका चालान काटकर जेल भेज दिया।

कोतवाली सदर बाजार प्रभारी सूबे सिंह ने बताया कि विगत् 1 फरवरी को वादी पंकज शर्मा एडवोकेट की तहरीर पर अज्ञात बाईक सवार व्यक्तियों के खिलाफ वादी की बहन का मोबाइल छीनकर भाग जाने के मामले में थाना सदर बाजार पर मुकदमा पंजीकृत किया गया था। आज उनके व उपनिरीक्षक योगेन्द्र सिंह, सुशील कुमार तथा अंकित कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने रेलवे के नवनिर्मित रेलवे अंडर पास से एक शातिर लुटेरे गुलफ्शिान पुत्र जीसान अहमद निवासी घास का काटा राय वाला थाना कोतवाली मण्डी को गिरफ्तार कर लिया।

## बरेली पुलिस की बड़ी कार्रवाई: हाईवे लूट गैंग का भंडाफोड़, मुठभेड़ में 8 अपराधी गिरफ्तार



*अवधनामा संवाददाता*

**बरेली।** बरेली पुलिस ने लूट की योजना बना रहे अंतरराज्ययीय गिरोह के आठ बदमाशो को मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। खुद को घिरता देख बदमाशो ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। जवाबी फायरिंग में एक बदमाश घायल हो गया। पकड़े गए बदमाशो ने अलग अलग राज्यों में लूट की घटनाओं को अंजाम दिया है। मुठभेड़ के दौरान दो थानों की पुलिस की एसओजी की टीम शामिल रही।

आपको बता दें कि थाना सीबीगंज क्षेत्र के टीयूलिया में सोमवार तड़के बदमाश लूट की घटना को अंजाम देने की योजना बना रहे थे। मुखबिर ने बदमाशों की सूचना पुलिस को दी और सूचना मिलते ही सीबी गंज और फतेहगंज पश्चिमी थाना प्रभारी एसओजी की टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस को आता देख शातिर बदमाश मौके से भागने की कोशिश करने लगे। खुद को चारों तरफ से घिरता देख बदमाशों ने पुलिस पर फायरिंग कर दी। पुलिस द्वारा जवाबी कार्रवाई में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया। पुलिस ने मौके से घायल बदमाश सहित आठ बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस के द्वारा पकड़े गए बदमाशों में विवेक उर्फ राणा पुत्र जितेंद्र शर्मा बदायूं, खेलेश सिंह पुत्र सर्वेश सिंह हरदोई, सोनू कश्यप पुत्र मुन्नालाल पलवल हरियाणा, सर्वेश कश्यप पुत्र मिहीलाल फतेहगंज पश्चिमी, सागर सहरावत पुत्र नरेंद्र सेहरावत दिल्ली, आशु शर्मा पुत्र संतोष शर्मा रिठाला दिल्ली, श्याम सुंदर पुत्र तेजपाल बिल्सी बदायूं, विकास कश्यप पुत्र पप्पू कश्यप इस्लामनगर बदायूं शामिल रहे। पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उनके गिरोह के द्वारा दिल्ली से लेकर हरियाणा में चैन स्नेचिंग से लेकर लूट की कई घटनाएं की गई है। आज भी वो लूट की योजना बना रहे थे कि इससे पहले ही पुलिस ने आकर सभी को पकड़ किया। उन्होंने बताया कि बरेली में भी उन्होंने घटनाओं को अंजाम दिया है।

## सराहनीय काम करने वाले लोगों को किया गया सम्मानित



**नजीबाबाद।** नजीबाबाद की ग्राम मोटा ढांक में अखिल भारतीय उत्तराखंड महासभा रजिस्टर्ड ने विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय काम करने वाले लोगों को सम्मानित किया। जिसमे पत्रकारिता के क्षेत्र में नईम सिद्दीकी को शाल ओढ़कर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्वर्गीय दयाल सिंह जायसवाल लौट सूबेदार बलभद्र सिंह नेगी सम्मान समारोह के भव्य कार्यक्रम में वर्ष 2025 के लिए लाइव टीवी यूपी उत्तराखंड के संपादक, सिटी प्रेस क्लब अध्यक्ष नईम सिद्दीकी को पत्रकारिता के क्षेत्र में चुना गया। संस्थापक राष्ट्रीय महासचिव मनमोहन दुध पड़ी ने प्राचीन शिव शक्ति काली मंदिर परिसर में मुख्य अतिथि सहकारिता मंत्रालय भारत सरकार के वरिष्ठ अधिकारी डॉक्टर मनोज कुमार,नगर पालिका अध्यक्ष इंजीनियर मोअज्ज़म,आई. एच.म. स.कॉलेज के एम डी बी.स.नेगी भगवान सिंह रावत ने संयुक्त रूप से विभिन्न क्षेत्रों में सराहनीय कार्य करने वाले प्रतिभाओं को सम्मानित किया। इस मौके पर गढ़वाली लोकगीत एवं बलूनी विद्यालय एवं आर सी टी पब्लिक स्कूल के बच्चों ने अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए।कार्यक्रम की अध्यक्षता अनीता दुध पुड़ी ने की संचालन मनमोहन दुध पुड़ी ने किया।

## गौकशी के मामले में वांछित अभियुक्त को भेजा जेल

**सहारनपुर।** थाना नानौता पुलिस ने गौकशी की घटना में वांछित चल रहे एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी का चालान काटकर जेल भेज दिया। थाना नानौता प्रभारी सचिन पूनिया ने जानकारी देते हुए बताया कि आज वादी उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह की तहरीर पर रफी पुत्र रसीद निवासी मौ.हरबोवाला थाना भोजपुर जनपद मुरादाबाद, उस्मान पुत्र फैजान, शहनवाज उर्फ भूरा पुत्र फैजान निवासीगण मौ.शेखजादगान थाना नानौता के खिलाफपिकअप गाडी मृत पशुओं के अवशेष ले जाने, जिससे संक्रमण/महामारी फैलने का खतरा होने के संबन्ध में थाना नानौता पर मुकदमा पंजीकृत कराया था तथा मौके से मृत पशुओं के प्रयोगशाला में भेजे गए अवशेष की रिपोर्ट के आधार पर मुकदमें में धारा 3/5 (क) सीएस एक्ट की वृद्धि की गयी थी। उन्होंने बताया कि आज उनके व उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चैकिंग के दौरान सरकारी अस्पताल नानौता के सामने से एक वांछित आरोपी रफी पुत्र रसीद को गिरफ्तार कर लिया।

## तहसील क्षेत्र में पनपता अवैध मिट्टी खनन जोरों पर

### शहर के चारों ओर चोर बसे मिट्टी खनन माफिया

*अवधनामा संवाददाता*



**नजीबाबाद।** नगर में जोरों पर चारों ओर फैल रहा है अवैध मिट्टी खनन का जाल! संबंधित अधिकारी गुमसुम हो रहे हैं। पिछले 2 माह पूर्व धामपुर से एक खनन माफिया ने मिट्टी का खनन के लिए नजीबाबाद में अपना कब्जा किए हुए! जिसने मिट्टी उठाने की अनुमति की आड़ में जेसीबी मशीनों द्वारा डंपरों से नगर पंचायत जलालाबाद बाईपास, बिजनौर रोड और ग्राम भनेड़ा के निकट बड़े-बड़े प्लाटो का भरान करना शुरू कर रखा है। हद तो तब हो गई कि जब मिट्टी खनन माफिया ने मिट्टी उठाने की साधारण परमिशन ग्राम मुस्तफापुर गाटा संख्या 13 की कराई थी, लेकिन माफिया ने जेसीबी मशीनों को कई ग्रामों मोचीपुरा, जहांगीरवाला के पास किथोड़ा के अंदर लगा दिया जो लगातार हाइवे की आड़ लेकर रात तो रात, दिन में भी धड़ल्ले से मिट्टी उठाती रही! धड़ाधड़ ओवरलोड तेजगति से डंपर अवैध रूप से जलालाबाद पेट्रोल पंप के पास एक बड़े प्लॉट का भरान करते रहे। ग्रामवासियों ने बताया कि गांव के भीतर तेज रफ्तार से मट्ठी से भरे लदालद डंपर दौड़ रहे हैं जो कभी भी बड़ा हादसा के सबब बन सकते हैं! वहीं किसानो का कहना था कि पूरे दिन खनन चलने से चारों ओर धूल ही धूल उड़ रही है, जो स्वास्थ्य के लिए हानिकारक साबित हो रही है और जिससे लोग बीमार तो होंगे ही साथ ही उनकी फसलें भी खराब हो रही है। स्थानीय प्रशासन को सब बाखूबी मालूम है लेकिन जान बूझ कर भी आंख मूंदे हुए है। मीडियाकर्मी द्वारा इसकी शिकायत प्रभारी तहसीलदार नजीबाबाद और डीएम बिजनौर के सीयूजी नंबर पर की गई, जस जाकर स्थानीय प्रशासन ने हरकतें करी, लेकिन तहसील के एक कर्मचारी ने सूचना लीक करते हुए माफिया को नायब तहसीलदार के आने के सूचना दे दी। नायब तहसीलदार भूदेव प्रसाद मौके पर तो पहुंचे, लेकिन नायब तहसीलदार के पहुंचने से पूर्व ही काम बंद हो गया, जेसीबी मशीनें हटा दी गई डंपर भी गुम हो गए! नायब तहसीलदार ने एक दो डंपरो को रास्ते में रोक कर खड़ा भी किया तो बाद में तहसील से कोई आदेश ना मिलने के कारण उन्हें छोड़ दिया। नायब तहसीलदार ने मौके पर लेखपालों को बुलाकर जांच कर रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को देने की बात कही। सूत्रों की माने तो देर शाम में ही मिट्टी खनन माफिया तहसील पहुंचा और फिर से अधिकारियों से साठ- गांठ का प्रयास करने लगा! हालांकि एसडीएम ने तो माफिया से मिलने के लिए साफ मना कर दिया, माफिया ने पुनः रात्रि में ही अपने काम को अंजाम दिया! रात्रि में ही एसडीएम ने किरतपुर पुलिस को भेजकर काम बंद कराया। अब देखना यह है कि माफियाओं पर क्या कार्यवाही होगी और मिट्टी का अवैध खनन बंद होता है या मिट्टी माफिया गांठ गांठ करने में कामयाब होगा?

**इस संबंध में जब खनन इंस्पेक्टर से बात की गई तो खनन इंस्पेक्टर बिजनौर ने कहा कि परमिशन तो हुई है पर क्या यह लोग गलत कर रहे हैं तो ग़लत है और वर्ज़न देने के लिए तो डीएम मैडम है!**

## सिटी प्रेस क्लब का हुआ विस्तार

# किसी भी हाल में पत्रकारों को प्रेरणा नहीं किया जाएगा बर्दाश्तः नईम सिद्दीकी



*अवधनामा संवाददाता*

**नजीबाबाद।** नजीबाबाद के अदब सिटी के सामने सिटी प्रेस क्लब के राष्ट्रीय अध्यक्ष के आवास पर पत्रकारों की मीटिंग का आयोजन किया गया, जिसमें पत्रकारों के उत्पीड़न और पत्रकारिता के गिरते स्तर पर चिंता व्यक्त की गई। वक्ताओं ने संगठन को मजबूत करने और निष्पक्ष पत्रकारिता करने पर जोर दिया। वहीं संगठन में शामिल हुए नए सदस्यों का फूल मालाओं पहनाकर स्वागत किया गया। सभी नए सदस्यों ने संगठन को मजबूती देने का का आश्वासन देकर कंधे से कंधा मिलाकर चलने की बात की।

सिटी प्रेस क्लब के अध्यक्ष नईम सिद्दीकी ने कहा कि पत्रकारों का उत्प्रेरण किसी भी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, पत्रकारों के हित की लड़ाई जारी रहेगी।

संगठन के संस्थापक टी.एस मालिक ने कहा कि आज पत्रकारिता का स्तर दिन - प्रतिदिन गिर रहा है, खबर प्रकाशित करने पर पत्रकारों के साथ दुर्व्यवहार किया जाता है उन्हें धमकियां दी जाती है, कई प्रदेशों में तो पत्रकारों को अपनी जान भी गवानी पड़ी है! जितेंद्र जैन ने कहा कि पत्रकार अपनी लेखनी को मजबूत करे और एकजुट रहे, निष्पक्ष पत्रकारिता करे। महामंत्री अंकित शर्मा ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना है, पत्रकारों को समाज के दबे कुचले और पीड़ितों की आवाज़ उठानी चाहिए ताकि उन्हें आपकी लेखनी से न्याय मिल सके। बैठक में संगठन का विस्तार भी किया गया। संगठन से जुड़े नए सदस्यों में कुलदीप राजपूत, मुशर्रफ अली, सरफराज़ अहमद, डॉ.इकराम, मौ.दानिश, राजवीर सिंह, खिज़र अहमद आदि शामिल रहे। नईम सिद्दीकी की अध्यक्षता और महामंत्री अंकित शर्मा के संचालन में आयोजित बैठक में जितेन्द्र जैन, टी.एस मालिक, गुलज़ार अहमद, अभिनव अग्रवाल एडवोकेट, आदि मौजूद रहे।

## नजीर की नज्मों और गजलों के साथ शहरवासियों ने मनाया 'जश्न ए बसंत'



*अवधनामा संवाददाता*

**आगरा।** बसंत पंचमी के अवसर पर 'जश्ने ए बसंत' का ताजगंज स्थित शीरोज हैंग आऊट पर आयोजन कर ऋतुराज का स्वागत किया गया। यह प्रोग्राम अमृता विद्या एजुकेशन फॉर इम्मोर्टालिटी और छांव फाउंडेशन द्वारा आयोजित किया गया था। इस अवसर पर प्रख्यात गजल गायक सुधीर नारायन और उनके सहयोगी ग्रुप 'हॉरमनी' ने अपनी संगीत मयी प्रस्तुतियों जनजीवन में उल्लास और उमंग भरने के साथ ही लोगों में आपसी भाईचारा भाव की अभिवृद्धि की। सुधीर नारायन ने जनकवि नजीर को याद करते हुए कहा कि वह नज्मों के शहंशाह थे और उन्होंने मजहब की सीमा से परे रहते हुए हमेशा आम लोगों के लिये नज्में और गजलें लिखीं। सुधर नारायन और हारमनी ग्रुप - देशदीप शर्मा,खुशी सोनी, प्रीति कुमारी, सुरेश , तबले पर राज मेसी, ढोलक राजू पाण्डेय आदि ने 1. बंजारा नामा 2.क्या क्या कान्हू कृष्ण कन्हैया का बालपन 3.जय बोलो कृष्ण कन्हैया की 4.हज़रात सलीम चिस्ती 5.होली-जब फागुन रंग झमकते 6.सब की तो बसंत है, यारों का बसंता 7. दूर से आये सुनके-ग़ज़ल 8.उसके सहारे हुस्ने आदि संगीतमय प्रस्तुतियां दी,जबकि राजीव सक्सेना, आरिफ तैमूरी आदि ने नजीर एवं बसंत पर्व से जुड़ी बृज क्षेत्र की परंपराओं पर विस्तार से चर्चा की। अमृता विद्या एजुकेशन फॉर इम्मोर्टालिटी की ओर से कहा गया कि मौजूदा दौर में नजीर और भी ज्यादा प्रासंगिक हो गये हैं, किंतु चिंता का विषय है कि जिस आगरा में नजीर को जानने और समझने वाले अब गायक सुधीर नारायण- नज़ीर अकबराबादी-विजन के अकेले योद्धा और प्रचार या मशाल वाहक सक्रिय रह गये हैं। जबकि एक समय आगरा के तमाम बुद्धिजीवी और साहित्यकार स्वयं को उनसे जुड़ा हुआ मानत थे। अमृता विद्या एजुकेशन फॉर इम्मोर्टालिटी के सेक्रेटरी अनिल शर्मा की ओर से कहा गया कि हर शहर अपनी एक अलग संस्कृति होती है और उसके प्रति स्थानीय लोगों को जोडे रखने के लिये में एक वार्षिक कार्यक्रम या संस्कृति सप्ताह होता है। आगरा में भी इसी प्रकार की गतिविधि शुरू किये जाने की आवश्यकता है। उन्होंने आगरा मेट्रो संचालकों से मांग की है कि ÷पुरानी मंडी÷ मेट्रो स्टेशन की दीवारों पर स्टेशन के अंदर और बाहर लिखी गई नज़ीर की कविताएं होनी चाहिए। यह जनकवि-नजीर को श्रद्धांजलि होगी। प्रोग्राम में असलम सलीमी, डॉ मधु भारद्वाज , महेश धाकड़, सय्यद शाहीन हाश्मी ,अजय तोमर, दीपक प्रह्लाद अगरवाल , शिव दयाल शर्मा, मजाज़ उद्दीन कुरैशी , विजय शर्मा, फरमान फैजान ,अनुजा शुक्ला,संजीव शर्मा, योगेश त्यागी ,अमित जसावत, अभिषेक कटारा, अभिनव पराशर, अभिजीत सिंह, रमाकांत शर्मा, राम विनोद, बब्बू , शेरोज हैंग आउट की एसिड अटैक सर्वाइवर आदि उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी आगरा की अध्यक्षता में जनवरी माह की सैनिक बन्धु की बैठक आज

**आगरा।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन सुनील कुमार अ0प्रा0 ने अवगत कराया है कि तहसील बाह में दिनाँक 7 फरवरी 2025 को अपरान्ह 12.00 बजे तहसील बाह क्षेत्र के भूतपूर्व सैनिक/उनकी विधवाओं एवं शहीद सैनिको की विधवाओं और उनके अधिकृत आश्रित से जुड़ी हुई विभिन्न समस्याओं से सम्बन्धित निराकरण एवं केन्द्र/राज्य सरकार द्वारा संचालित भूतपूर्व सैनिकों से सम्बन्धित कल्याणाकारी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जायेगी। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि जिलाधिकारी अरविन्द मल्लप्पा की अध्यक्षता में दिनांक 4 फरवरी को अपरान्ह 1 बजे जनवरी माह की सैनिक बन्धु की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में प्रस्तावित है। जिसमें भूतपूर्व सैनिकों/उनकी विधवाओं एवं शहीद सैनिको की विधवाओं और उनके अधिकृत आश्रित से जुड़ी हुई विभिन्न समस्यायें यथा- भूमि विवाद सम्बन्धी समस्या, पुलिस सुरक्षा एवं बैंक से ऋण सम्बन्धी समस्याओं के निराकरण हेतु अपना प्रार्थना पत्र 2 फरवरी 2025 तक जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में अग्रिम सूचना हेतु प्रस्तुत कर सकते हैं।

## राजकीय आईटीआई बल्केश्वर परिसर में अप्रेन्टिशिप/रोजगार कैम्पस का आयोजन 5 फरवरी को

**आगरा।** प्रधानाचार्य, राज्य की औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिंह भारती ने अवगत कराया है कि राजकीय आईटीआई बल्केश्वर, आगरा परिसर में दिनांकः 05.02.2025 को अप्रेन्टिशिप/रोजगार कैम्पस का आयोजन प्रातः 10 बजे से किया जा रहा है। कैम्पस में अप्रेन्टिसशिपै/रोजगार के लिए ऐसे प्रशिक्षार्थी, जिन्होंने राजकीय/निजी आई0टी0आई0 से इलैक्ट्रीशियन, फिटर, इलैक्ट्रोनिक्स मैकेनिक, मैकेनिक कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, आर0ए0सी0, वायरमेन व्यवसाय में परीक्षा उत्तीर्ण की हो, अप्रैन्टिसशिप/रोजगार हेतु शिशिक्षु कैपस में सम्मिलित हो सकते हैं। उन्होंने आगे यह भी अवगत कराया है कि उक्त मेले में SamSung India Electronic Pvt Ltd (Noida) स्टाइपेन्ड- रु12000=00 प्रशिक्षार्थियों के चयन हेतु अप्रैन्टिसशिप कैंपस में आमंत्रित है।

## बन्द मकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले 2 चोर गिरफ्तार, नगदी और आभूषण बरामद

*अवधनामा संवाददाता*



**आगरा।** बन्द मकानों का ताला तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले 2 अभियुक्तों को थाना सदर बाजार पुलिस द्वारा गिरफ्तार कर चोरियों का खुलासा किया। यह चोर बंद मकानों का ताला तोड़ कर नगदी और आभूषणों को घरों से चुरा लेते थे। गिरफ्तार चोरों के पास से नगदी सहित चोरी के आभूषण भी बरामद हुए हैं।

पुलिस द्वारा दी गई जानकारी अनुसार बंद मकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देने वाले अभियुक्तो की गिरफ्तारी के लिए थाना सदर बाजार पर पुलिस टीमों का गठन किया गया था। सोमवार को थाना सदर बाजार पर गठित पुलिस टीम द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत चैकिंग/गश्त कर रही थी। इसी दौरान प्राप्त सूचना के आधार पर बंद घरों में चोरी की घटनओं में संलिप्त 2 अभियुक्तों पवन और सुमित उर्फ काटू को रोहता नहर से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से 16 टुकडे पीली धातु चूडी के, 3 अंगुठी पीली धातु, 2 टोप्स पीली धातु,1 झाली पीली धातु, 1 पैण्डल पीली धातु, 1 पाजेब सफेद धातु व रू0 31,500/-। बरामद हुए। वही पुलिस टीम द्वारा गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद सामान के सम्बन्ध में पूछताछ कि गई तो अभियुक्तों ने बताया कि उन लोगों ने अपने एक अन्य साथी अमित उर्फ डकैत के साथ मिलकर 18 जनवरी 2025 को नगला परसोती में एक बन्द मकान के अन्दर घुस कर चोरी किया था। चोरी में कुल रू0 40,000/- एवं कुछ सोने चाँदी के जेवरात मिले थे। जिनमें सोने व चांदी के आभूषणों को उन्होनें जयपुर में राह चलते अंजान लोगों को कम दामों में बेच दिया था और तीनों ने मिलकर नवम्बर 2024 में रात के समय बैंक पैलेस रौहता में एक बन्द मकान के अन्दर घुस कर चोरी की थी। जिसमें उन्हें आभूषण एवं रुपये मिले थे। जो कि पुराने मुकदमो की तारीख और कर्ज चुकता करने में खर्च हो गये। जो भी सामान व रूपये बरामद हुए है वह सब इन्हीं चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

अवधनामा

लखनऊ, मंगलवार, 04 फरवरी 2025



## डीएम ने अधिकारियों के साथ ग्राम बांस फतेली का स्थलीय निरीक्षण किया



**अलीगढ़ अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी संजीव रंजन द्वारा सोमवार को विकासखण्ड गोंडा के ग्राम बांस फतेली के न्यायालय में लंबित प्रकरण एवं गॉव में व्यास समस्याओं का संज्ञान लेते हुए स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। डीपीआरओ मो. राशिद ने बताया कि गॉव में दो पक्षों- नेत्रपाल व सियाराम के मध्य आपसी विवाद के चलते विकास कार्य अवरूद्ध हो रहे हैं। गाटा संख्या 402 व 403 को कब्जामुक्त कराते हुए प्राकृतिक ढ़लान की ओर 600 मीटर पक्की नाली का निर्माण करा दिया गया है, जिसे दोनों पक्षों ने अवरूद्ध कर जलनिकासी को रोक दिया गया है। इसके साथ ही गॉव में रामकुमार के घर से पूरन के घर तक इंटरलॉकिंग का कार्य कराया जा रहा है जिसे 10 दिनों में पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि निरीक्षण के संबंध में नेत्रपाल को पूर्व में ही सूचित कर दिया गया था, परन्तु वह मौके पर उपस्थित नहीं हुए। जिलाधिकारी ने अवरूद्ध नाली का मौका-मुआयना कर उसे खोलने के निर्देश देते हुए कहा कि जनहित गॉव में विकास कार्यो को रोकने वालों से सख्ती से निपटा जाए। उन्होंने ग्रामवासियों को जनहित में आपसी मतभेद भुलाकर गॉव के विकास के लिए समेकित रूप से कार्य करने का आव्हान किया। डीएम ने ग्राम पंचायत सचिव उदयवीर सिंह और सहायक विकास अधिकारी पंचायत लक्ष्मी नारायण को इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य गुणवत्ता एवं समयबद्धता से पूर्ण करने के निर्देश दिए बीडीओ को निर्माण कार्य का नियमित रूप से पर्यवेक्षण करने के निर्देश दिए।

# नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता पूर्ति को भारत की ओर देख रही दुनिया

**देश के उत्कृष्ट संस्थानों में से एक है महायोगी गोरखनाथ विवि का नर्सिंग कॉलेज : भावतोष**

अवधनामा संवाददाता



**गोरखपुर।** दी वेस्ट बंगाल विश्वविद्यालय ऑफ हेल्थ साइंसेज के पूर्व कुलपति और सिस्टर निवेदिता विश्वविद्यालय कोलकाता के एमेरिटस प्रोफेसर प्रो. भावतोष विश्वास ने कहा कि स्वास्थ सेवा दुनिया का सबसे बड़ा कार्यक्षेत्र है। इस स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में दुनिया में 45 लाख नर्सिंग स्टाफ की आवश्यकता है। पूरी दुनिया इस आवश्यकता की पूर्ति के लिए भारत की तरफ देख रही है।

डॉ. भावतोष विश्वास सोमवार को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय के फैकल्टी ऑफ नर्सिंग और पैरामेडिकल की तरफ से आयोजित दीप प्रज्वलन एवं सेवा शपथ ग्रहण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। नर्सेज को चिकित्सा में समर्पण, सेवा और कर्तव्य निष्ठा का संकल्प दिलाते हुए डॉ. भावतोष ने कहा कि भारत पूरे विश्व को नर्स की आवश्यकता को पूरा करता है। उन्होंने उत्तर प्रदेश में नर्सिंग सेवा क्षेत्र को मजबूत करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि सीएम के प्रयासों का सार्थक रूप आज इस विश्वविद्यालय में दिख रहा है। यहां का नर्सिंग कॉलेज देश के सर्वश्रेष्ठ नर्सिंग संस्थानों में से एक है। यहां नवाचारों पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्राचीन वैदिक चिकित्सा में महर्षि चरक ने विश्व को चिकित्सा सेवा का अनमोल ज्ञान दिया जिसका पूरा विश्व अनुकरण कर रहा है। नर्सिंग सेवा को समृद्ध प्रोफेशन बताते हुए डॉ. भावतोष ने कहा कि इसमें मरीज की सेवा प्यार और समर्पण के भाव से की जाएगी तो यह उत्कृष्टता के शिखर को छूता रहेगा। उन्होंने कहा कि नर्सिंग सेवा में बहुत तेजी से बदलाव और चुनौती आई है। नर्सिंग में संभावनाओं के असीम द्वार खुले हैं। यहां शोध की दृष्टि से भी अनंत संभावनाएं हैं। समारोह के विशिष्ट अतिथि भारत सरकार के पूर्व ड्रग कंट्रोलर और मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश के सलाहकार डॉ. जीएन सिंह ने कहा कि गुरु गोरखनाथ विश्वविद्यालय नई ऊर्जा और नए संकल्पों के साथ आगे बढ़ रहा है। यहां का नर्सिंग कॉलेज उत्तर प्रदेश में उत्तम सेवा के लिए प्रेरणादायक संस्थान बना है। उन्होंने कहा कि छात्र जीवन में साधना के साथ सामंजस्य, संतुलन बना कर चलना होगा। स्वास्थ के क्षेत्र में नए संकल्पों के लिए उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ प्रतिबद्ध हैं। उनके मार्गदर्शन में चिकित्सा और शिक्षा के उत्तरोत्तर विकास के लिए यूरोप, जापान और इजरायल के साथ समझौता पत्र के द्वारा यहां के प्रोफेशनल विद्यार्थियों को शत प्रतिशत रोजगार के लिए प्रयास किया।

## अल्ताफ जन सेवा केंद्र का इजहार खान व राबेज उर्फ बंटी खान ने फीता काटकर उद्घाटन किया



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के कस्बा शमशाबाद के मोहल्ला गढ़ी में अल्ताफ़ जनसेवा केंद्र उद्घाटन मुलायम सिंह यूथ ब्रिगेड फर्रुखाबाद जिलाध्यक्ष इज़हार खान व राबेज खान उर्फ बंटी ने किया इस मौके पर सरवर अंसारी शानू खां महताब खां नावेद जमा खा तफ़्सीर अहमद भोले भाई जफरुद्दीन अहमद आदि अरीब खान व रानू भाई मौजूद रहे।

## प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में सौम्या शुक्ला के साथ बच्चों ने मिलकर मनाया बसंत पंचमी का पर्व



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** फर्रुखाबाद के विकासखंड कायमगंज क्षेत्र के प्राथमिक विद्यालय मदारपुर में मनाया गया बसंत पंचमी पर्व - सौम्या शुक्ला के साथ मिलकर बच्चों ने बड़े ही उत्साह के साथ विद्या की देवी मां सरस्वती का पूजन कर विद्या का वरदान मांगा। बच्चों ने स्कूल में स्वच्छता अभियान चलाया ।परिसर को झालर,बल्ब, फूलों से सजाया गया। इस अवसर पर बच्चों को हलवा और पकौड़े वितरित किए गए। कार्यक्रम में आकाश पाल, उजैफ पठान, मो.सैफ, नुजहत सुल्ताना, युक्ता शुक्ला, मोना वर्मा, सूर्यांश, आयनस वर्मा, चांदनी, अंशी, अनामिका, जानवी, आशिकी, आरुष, शिवकुमार, आशा सहित दर्जनों बच्चे उपस्थित रहे।

# श्रीमती प्रतिमा सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट में सीआईडी टीम जीती

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सेठ आनंदराम जयपुरिया स्कूल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए प्रथम श्रीमती प्रतिमा सिंह मेमोरियल क्रिकेट टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले में सीआईडी टीम ने सुपरनोवा को 7 विकेट से हराकर खिताब अपने नाम किया। टॉस सीआईडी टीम ने जीता और पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। सुपरनोवा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट के नुकसान पर 125 रन बनाए।

जवाब में, सीआईडी ने 18 ओवरों में 3 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। सीआईडी के रामू यादव ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 50 रन बनाए, जबकि रत्नेश सिंह ने भी 33 रन की महत्वपूर्ण पारी खेली। गेंदबाजी में राजनिकांत चक्रवर्ती ने 4 ओवर में मात्र 10 रन देकर 3 विकेट झटके। सुपरनोवा की ओर से आयुष अग्रवाल (गोलू) ने 25 रन बनाए, जबकि गेंदबाजी में जस्मीत सिंह ने 4 ओवर में 20 रन देकर 1 विकेट लिया। इस टूर्नामेंट की सबसे खास बात यह रही कि सभी खिलाड़ियों ने अपनी जर्सी के पीछे अपनी मां का नाम लिखवाया था, जिससे यह आयोजन और भी भावनात्मक और प्रेरणादायक बन गया। खिलाड़ियों के परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में स्टेडियम में मौजूद रहे और उन्होंने अपने बेटों का हौसला बढ़ाया। मुख्य अतिथि के रूप में वरिष्ठ पत्रकार नरेंद्र भदौरिया और भारतीय जनता युवा मोर्चा के महामंत्री हर्षवर्धन सिंह उपस्थित रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में वरिष्ठ आईएएस अधिकारी अनिल कुमार ने कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। लखनऊ क्रिकेट के कई वरिष्ठ खिलाड़ी, जिनमें आदिल पाशा और एस.पी. सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। इस टूर्नामेंट का आयोजन अविशा स्पोर्टिंग, वेलनेस लखनऊ और डी.डब्ल्यू.एस. के सहयोग से किया गया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि ऐसे आयोजन हमेशा यादगार होते हैं और खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करते हैं।

# राष्ट्र निर्माण, रोजगार और आर्थिक विकास में सीमेंट उद्योग की अहम भूमिका

अवधनामा संवाददाता





**लखनऊ।** सीमेंट निर्माताओं के संघ ने केंद्रीय बजट 2025-26 का स्वागत किया है, जिसे माननीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण ने पेश किया। सीएमए की सदस्य कंपनियाँ देश के विकास में अहम योगदान दे रही हैं। वे बुनियादी ढांचे के निर्माण, रोजगार बढ़ाने और आर्थिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। सीएमए का मानना है कि यह बजट भारत को आगे बढ़ाने के लिए लोगों, अर्थव्यवस्था और नई तकनीकों में निवेश को बढ़ावा देता है।

बजट पर टिप्पणी करते हुए, श्री नीरज अखोरी, प्रेसिडेंट, सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) और मैनेजिंग डायरेक्टर, श्री सीमेंट लिमिटेड, ने कहा, ÷सीएमए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में प्रस्तुत केंद्रीय बजट की सराहना करता है, जो कि समग्र और समावेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करता है। बजट भारत के विकास लक्ष्यों को आगे बढ़ाने के लिए एक मजबूत और सुदृढ़ अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में एक परिवर्तनकारी यात्रा को और सशक्त बनाता है। सरकार द्वारा घोषित विभिन्न पहलों ने लोगों की आकांक्षाओं और देश की आर्थिक वृद्धि की भविष्य की जरूरतों के बीच सही संतुलन बनाए रखा है। राज्यों में इंफ्रास्ट्रक्चर में बढ़ी हुई निवेश प्राथमिकता सीमेंट क्षेत्र के विकास के लिए नए अवसर और रास्ते खोलती है। हम इंफ्रास्ट्रक्चर पर निरंतर ध्यान केंद्रित करने की सराहना करते हैं। साथ ही, हम राष्ट्र की प्रगति में साझेदार बनने की अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखेंगे। श्री पार्थ जिंदल, वाइस प्रेसिडेंट, सीमेंट मैन्युफैक्चरर्स एसोसिएशन (सीएमए) और मैनेजिंग डायरेक्टर, जेएसडब्ल्यू सीमेंट लिमिटेड, ने कहा, वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण द्वारा प्रस्तुत बजट एक दूरदर्शी रोडमैप है। यह वर्ष 2047 के विकसित भारत की हमारी दृष्टि के अनुरूप है और भारत के सीमेंट उद्योग के भविष्य को बेहतर बनाने में अहम् भूमिका निभाएगा। यह इंफ्रास्ट्रक्चर, मैन्युफैक्चरिंग और टेक्नोलॉजी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में वृद्धि को प्राथमिकता देता है।

## बरखेड़ा में जन पंचायत संपन्न हुई




**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** दिनांक 3 फरवरी 2025 को जन पंचायत पूर्व विधायक अजीत कठेरिया के नेतृत्व में कायमगंज क्षेत्र ग्राम बरखेड़ा मैं संपन्न हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बृजराज चक ने की आयोजन ओमकार कठेरिया, संचालन राकेश यादव पूर्व जिला पंचायत सदस्य ने किया। इस अवसर पर मौजूद रहे प्रभारी ओम प्रकाश यादव उर्फ बिहारी, रामेश्वर दयाल कठेरिया, मोरपाल कठेरिया, विनोद कठेरिया, राजेंद्र कठेरिया, प्रमोद कठेरिया, मौजी लाल पाल, मोहनलाल पाल, नरेश पाल, राहुल शाक्य, रतिराम शाक्य, राहुल वाल्मीकि, जितेंद्र बाल्मीकि, शिव प्रताप शाक्य, विश्वेश्वर दयाल प्रजापति, राकेश प्रजापति, मुन्नालाल जाटव, अशर्फीलाल जाटव आदि लोग मौजूद रहे।

## भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का आयोजन



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** नगर के एकमात्र सरस्वती मंदिर पर बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया। मंदिर में पहुंचकर भक्तों ने पूजा अर्चना की साथ ही भागवत कथा के समापन पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैंकड़ों की संख्या में भक्तों ने भंडारे को चखा। नगर के एकमात्र सरस्वती मंदिर पर बसंत पंचमी का पर्व आयोजित किया गया। सबसे पहले सुबह के समय मंदिर में पुजारी हृदेश नारायण मिश्रा ने पूजा अर्चना कराई। मंदिर में दिनभर दूर दराज से श्रद्धालु माथा टेकने पहुंचते रहे। पुजारी ने बताया कि बसंत पंचमी के बाद से लोगों को खान-पान का ख्याल रखना चाहिए। इसके अलावा पशु पक्षियों की सेवा में भी ध्यान लगाना चाहिए। मंदिर परिसर में साप्ताहिक भागवत कथा का आयोजन चल रहा था। बसंत पंचमी पर समापन के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भक्त मंदिर परिसर पहुंचे। जहां उन्होंने भंडारे का प्रसाद चखा। इसके अलावा स्कूलों में बसंत पंचमी के पर्व पर विद्या की देवी मां सरस्वती की आराधना की गई। भंडारे में अनिल तिवारी, शीतला तिवारी, पिंटू तिवारी, श्रवण कुमार तिवारी, शिवकुमारी, प्रदीप तिवारी, अशोक तिवारी, रिंकू गुप्ता आदि ने सहयोग किया।

# 16 जोड़ों ने एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें खाई



अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** सामूहिक विवाह को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। सामूहिक विवाह से धन और समय की बचत होती। साथ ही दोनों परिवारों को सहूलियत रहती है। यह बात आदर्श प्रजापति सभा के तत्वावधान में आयोजित 20वें प्रजापति कन्या सामूहिक विवाह के आयोजन में मुख्य अतिथि एसडीएम विनय मौर्य ने कही। इस दौरान 16 जोड़ों ने एक दूसरे के साथ जीने मरने की कसमें खाई। आदर्श प्रजापति सभा के तत्वावधान में प्रतापपुरा रोड स्थित एक कोल्ड स्टोर पर आयोजित 20वें प्रजापति कन्या सामूहिक विवाह में मुख्य अतिथि एसडीएम विनय मौर्य ने कहा कि सामूहिक विवाह मात्र एक आयोजन नहीं है इसका प्रभाव समाज हित में होता है। सामूहिक विवाह आयोजनों में ऐसे अच्छे पुनीत कार्यो से फिजूल खर्च जैसी कुरीतियों से मुक्ति मिल रही है। यही संदेश लेकर आगे भी सामाजिक संगठनों को जागरूक करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने सामूहिक विवाह में शामिल सभी वर वधुओं को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए आदर्श प्रजापति सभा के जिलाध्यक्ष छेदालाल प्रजापति ने कहा कि प्रजापति सभा द्वारा समय समय पर सामूहिक विवाह का आयोजन कराया जाता है।

## टप्पल के ग्राम भरतपुर को मिला स्वच्छ सुजल गाँव का दर्जा

**अलीगढ़।** विकासखण्ड टप्पल के ग्राम भरतपुर को ''स्वच्छ सुजल गाँव'' (स्वच्छ जल गाँव) का दर्जा दिया गया है। गांव ने हर घर में स्वच्छ पेयजल की पहुंच सुनिश्चित करके एक उल्लेखनीय उदाहरण स्थापित किया है और अब यह ''हर घर जल मिशन'' के लिए प्रेरणा का स्रोत बन गया है। इसके साथ ही भरतपुर एसबीएम ग्रामीण के तहत सोक पिट, डब्ल्यूएसपी और फिल्टर चैंबर द्वारा अपशिष्ट जल का 100 प्रतिशत प्रबंधन करता है। जिले में विकास के मुखिया सीडीओ प्रखर कुमार सिंह ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि भरतपुर ग्राम पंचायत की प्रधान श्रीमती नीलम देवी को वर्ष 2023 में भारत की माननीय राष्ट्रपति द्वारा स्वच्छ सुजल सम्मान से सम्मानित किया गया है। इसके साथ ही ग्राम पंचायत को दो बार मुख्यमंत्री पंचायत पुरस्कार से भी सम्मानित किया जा चुका है। सीडीओ ने बताया कि ग्राम पंचायत में 11 सदस्य हैं, जिनमें से 4 महिला हैं। गॉव की जनसंख्या लगभग 1500 है और साक्षरता दर 95 प्रतिशत है।

# बिजली कर्मचारियों ने कहा कि निजीकरण के खिलाफ विरोध लगातार रहेगा जारी

अवधनामा संवाददाता





**गोरखपुर।** विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति, उप्र के आह्वान पर बिजली कर्मचारियों ने समस्त जनपदों और परियोजना मुख्यालयों पर विरोध सभा का क्रम जारी रखा। संघर्ष समिति ने कहा कि निजीकरण के लिए संविदा कर्मियों को बड़े पैमाने पर मनमाने ढंग से हटाया जा रहा है जिससे पूरे प्रदेश में बिजली कर्मचारियों में भारी गुस्सा व्याप्त है।

संघर्ष समिति के पदाधिकारियों इस्माइल खान, जितेन्द्र कुमार गुप्त, अरुण कुमार सिंह, अभय सिंह, राजेश चौहान, प्रभुनाथ प्रसाद, संगमलाल मौर्य, अखिलेश गुप्ता, ब्रजेश त्रिपाठी, राकेश चौरसिया, संदीप श्रीवास्तव, दिलीप गौतम, ओम गुप्ता, रामश्रय पासवान, करुणेश त्रिपाठी, राजकुमार सागर, दयानंद एवं अजय सिंह ने कहा कि वर्ष 2019 के एक आदेश का हवाला देते हुए 55 वर्ष की आयु पूरी करने वाले संविदा कर्मियों को हटाया जा रहा है। यह पूरी तरह गलत है और निजीकरण के पहले भय का वातावरण बनाने के लिए किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि 55 वर्ष की आयु पूरी करने वाले संविदा कर्मी पिछले 6 वर्षो से कार्य कर ही रहे है ऐसे में अब अचानक उन्हें हटाया जाना पूरी तरह अमानवीय है। उन्होंने कहा कि बेहद कम वेतन पाने वाले कई संविदा कर्मी ऐसे हैं जो विभाग और उपभोक्ताओं की सेवा करते हुए विकलांग हो चुके हैं। अब उन्हें हटाकर पॉवर कारपोरेशन प्रबन्धन भीख मांगने के लिए मजबूर कर रहा है। यह अत्यन्त निन्दनीय कृत्य है। संघर्ष समिति गोरखपुर के संयोजक पुष्पेन्द्र सिंह ने कहा कि हटाये गये 1200 संविदा कर्मचारियों में सभी 55 वर्ष की आयु के नहीं है। यह पता चला है कि निजीकरण के बाद निजी घरानों की सुविधा के लिए 25 प्रतिशत संविदा कर्मी हटाये जा रहे हैं। इस प्रकार पूरे प्रदेश में लगभग 20000 संविदा कर्मियों पर नौकरी जाने की तलवार लटक रही है। प्रबन्धन छटनी के नाम पर भय का वातावरण बनाकर निजीकरण थोपना चाहता है। उन्होंने कहा कि बिजली कर्मी समझते हैं कि अभी संविदा कर्मी हटाये जा रहे हैं कुछ समय बाद नियमित कर्मचारी भी हटाये जायेंगे। यह सब निजी घरानों की सुविधा के लिए किया जा रहा है।

## संस्थापकों के सानिध्य में हुआ प्रेस क्लब के पुस्तकालय का पुनः शुभारंभ

**गोरखपुर अवधनामा संवाददाता।** गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब में पुस्तकालय का पुनः शुभारंभ सोमवार को बसंत पंचमी का पावन पर्व पर प्रेस क्लब के संस्थापकों और पूर्व पदाधिकारियों की गरिमामयी उपस्थिति में हुआ। इस अवसर पर उपस्थित संस्थापकों, पूर्व पदाधिकारियों और वरिष्ठ पत्रकारों ने पुस्तकालय के पुनः शुभारंभ होने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि रचनात्मक कार्यों का क्रम लगातार बने रहना चाहिए। संस्थापकों और कई वरिष्ठ पत्रकारों ने पुस्तकें भी दान कीं। प्रेस क्लब में पुस्तकालय पुनः शुभारंभ के अवसर पर संस्थापक अध्यक्ष डॉ. एसपी त्रिपाठी, संस्थापक सदस्य वीरेंद्र मिश्र दीपक, जयशंकर मिश्र, राकेश सारस्वत, कौशल त्रिपाठी, सुधीर श्रीवास्तव, गोरखपुर जर्नलिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष रत्नाकर सिंह, वरिष्ठ पत्रकार सुजीत पांडेय, गोरखपुर जर्नलिस्ट्स प्रेस क्लब के पूर्व अध्यक्ष अशोक चौधरी, डॉ. अरविंद कुमार राय, पूर्व उपाध्यक्ष विजेंद्र सिंह, पूर्व मंत्री विजय जायसवाल, नवनीत प्रकाश त्रिपाठी, धीरज श्रीवास्तव, ओंकार धर द्विवेदी, वरिष्ठ पत्रकार टीपी शाही, उपेंद्र पांडेय, विश्वमित्र भट्ट ने नई कार्यकारिणी की इस पहल को सराहनीय बताते हुए कहा कि हम सभी अच्छे कार्यों में साथ देने के लिए तैयार हैं।



# स्वास्थ्यकर्मी गायब, कुत्तों का आरामगाह बना सीएचसी नेबुआ नौरंगिया

## सीएचसी नेबुआ नौरंगिया में बेड पर बैठे कुत्ते का वीडियो वॉयरल

अवधनामा ब्यूरो



सीएचसी नेबुआ नौरंगिया में बैठ पर सोया कुत्ता

**कुशीनगर।** नेबुआ नौरंगिया सीएचसी में स्वास्थ्य विभाग की बड़ी लापरवाही सामने आई है। यहां अस्पताल के बेड पर आवारा कुत्ते सोते हुए नजर आ रहे हैं, जिससे संक्रमण और संक्रामक बीमारियों के फैलने का खतरा बढ़ गया है, लेकिन जिम्मेदारों को पता नहीं।

स्थानीय लोगों के मुताबिक, रात के समय स्वास्थ्य केंद्र में कोई स्वास्थ्यकर्मी मौजूद नहीं रहता। अस्पताल परिसर खाली रहने के कारण आवारा कुत्तों ने इसे अपना ठिकाना बना लिया है। मरीजों के बेड पर कुत्तों के सोने की घटना ने स्वास्थ्य व्यवस्थाओं की पोल खोल दी है। राज्य सरकार ने सरकारी अस्पतालों में डॉक्टरों और स्वास्थ्यकर्मियों के रात्रि विश्राम को अनिवार्य किया था, लेकिन सीएचसी प्रभारी और अन्य स्टाफ इस नियम का पालन नहीं कर रहे। नेबुआ नौरंगिया सीएचसी केंद्र पर लगातार लापरवाही के मामले सामने आ रहे हैं, लेकिन प्रशासन इस पर मौन बना हुआ है। यह पहली बार नहीं है जब कुशीनगर जिले में अस्पतालों में लापरवाही के ऐसे मामले सामने आए हैं। इससे पहले भी आवारा कुत्तों के नवजात मृत शिशु को खाने की घटना के बाद सरकार ने सख्त कार्रवाई की थी। अब एक बार फिर जिले में ऐसी घटनाएं बढ़ने लगी हैं, लेकिन उच्च अधिकारी चुप्पी साधे हुए हैं।

# भारती कृषक एसोसिएशन की पंचायत कायमगंज के जवाहरगंज में संपन्न हुई

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** फर्रुखाबाद के कस्बा कायमगंज के जवाहरगंज में आज दिनांक 3 फरवरी 2025 को भारतीय कृषक एसोसिएशन की पंचायत मोहल्ला जवाहरगंज कायमगंज कार्यालय पर प्रताप सिंह गंगवार की अध्यक्षता में हुई। संचालन रामवीर जाटव द्वारा किया गया।

आज कि पंचायत में सर्वसम्मति से निर्णय किया गया कि जनपद फर्रुखाबाद में किसान आधार कार्ड बनवाने, संशोधन कराने के लिए डाकखाने व बैंकों में भटक रहा है। बैंक और डाकखाने वाले यह कहकर चलता कर देते हैं कि अभी सर्वर डाउन है फिर आना। किसान मुश्किल में है कि वह अपना और बच्चों के आधार के लिए कहा जाए। बड़ा डाकखाना,नीवकरोरी व फर्रुखाबाद बस अड्डा के सामने लाल दरवाजा पर बड़ा डाकखाना का भी वही हाल है। जहां डाक अधीक्षक खुद बैठते हैं।डाक कर्मचारियों द्वारा दो सौ रुपए से लेकर एक हजार रुपए तक सुविधा शुल्क की मांग होती है।कर्मचारियों को सुविधा शुल्क दे दो तो सब सम्भव है।वहीं फॉर्मर रजिस्ट्री के लिए भी किसान भटक रहा है। कस्बा कायमगंज में आधी अधूरी सड़क बनवाकर नगर पालिका द्वारा भारी घोटाला किया गया है।जांच उच्च स्तर से कराई जाए। वहीं पूरे नगर कायमगंज में भारी अतिक्रमण की समस्या है। आवागमन में काफी परेशानी होती है। घंटों जाम में फंसना पड़ता है ।बड़ी बात यह कि नगर पालिका के सामने सड़क के दोनों ओर कब्जा है।नगर पालिका लिखित में कहती है कि अस्थाई अतिक्रमण दिन में होता है। रात में सड़के खाली रहती हैं। यहां का अधिशासी अधिकारी (ईओ) काफी विद्वान है।जो समस्या का निदान न कर बेवकूफों जैसी बात करता है। उपरोक्त वर्णित समस्याओं के लिए जिलाधिकारी से मांग है की तत्काल समस्या का समाधान करें नहीं तो हम जिला मुख्यालय पर बड़ा आंदोलन अनिश्चितकाल के लिए चलाएंगे।

**सूचना**

न्यायापीठ सहारनपुर में शासकीय वाहन सं.1 यूपी 11 सी 8996 अम्बेसडर कार 2 यूपी 11 सी 9090 अम्बेसडर कार 3 यूपी11 जी 5700 अम्बेसडर कार को निष्प्रयोज्य घोषित होने पर उक्त वाहनो की नीलामी दि.5.2.2025 को 11बजे दिन नवीन सभागार कलेक्ट्रेट, सहारनपुर में होगी बोलीदाता नीलामी से पूर्व धरोहर जमानत राशि रु. 20 हज़ार नकद जमा कर नीलामी में भाग ले सकते है।

**आज्ञा से प्रभारी अधिकारी नज़ारत / अपर ज़िला जज कक्ष सं. 3 सहारनपुर**

**सूचना**

मुझ सैय्यारा पत्नी कादिर नि.मदीना मस्जिद ,जैन कालौनी खाता खेडी, पीएस मंडी सहारनपुर ने अपने दोनों पुत्रों गुलबहार व दिलबहार पुत्रगण कादिर नि. मदीना मस्जिद, खाता खेडी, स.पुर से उनकी गलत संगत/आचरण के कारण कुल संबंध विच्छेद कर उनको अपनी चल अचल संपत्ति से भी बेदखल कर दिया हैं अपने किसी भी कार्य हेतु वोह खुद ज़िम्मेदार होगें।

# मिल्कीपुर का चुनाव नहीं, चुनौतीः अखिलेश



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** मिल्कीपुर उपचुनाव नहीं चुनौती है। जनता बनाम शासन का चुनाव है। जनता व प्रशासन के बीच चुनाव होगा। यह चुनाव आगे की राजनीति की दिशा और दशा तय करेगा। वस्त्र से योगी नहीं विचार से योगी होते हैं। सत्य को छिपाने वाला कभी भी योगी नहीं हो सकता। मृत्यु सबसे बड़ा सच है। किंतु मृत्यु पर भी झूठ बोल रहे हैं। सतयुग से लेकर कलयुग तक सनातन परंपरा कभी टूटी नहीं है किंतु वर्तमान सरकार में कुंभ के हादसे को छिपाया है। सच न बोल पाने वाले जनता के हित में कोई फैसला नहीं ले पाते। यह बातें समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र के हैरिंग्टनगंज ब्लॉक क्षेत्र स्थित कल्याणपुर इंटर कॉलेज के पास मैदान में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए कही। मिल्कीपुर चुनाव में सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद के समर्थन में सोमवार को चुनावी जनसभा आयोजित की गई। मुख्य अतिथि सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सबसे पहले कल्याणपुर इंटर कॉलेज परिसर में स्वर्गीय मित्र सेन यादव के समाधि पर पुष्पांजलि अर्पित की। तदुपरांत चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनने पर अयोध्या को वर्ल्ड क्लास की सिटी बनाऊंगा। उन्होंने भाजपा सरकार पर जमकर हमला बोला और कहा कि बीजेपी ने जानबूझकर मिल्कीपुर का उपचुनाव टाल दिया था लेकिन जनता इसका हिसाब लेकर रहेगी। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर के परिणाम को लेकर लखनऊ वालों को नींद नहीं आ रही है जब से लोकसभा चुनाव हारे हैं तब से उन्हें हैरानी बढ़ गई है। यह सम्मान यदि किसी ने बढ़ाया है तो वह अयोध्या की जनता का सबसे बड़ा श्रेय है। पूरे देश में महाकुंभ की चर्चा है। लेकिन दूसरा कुंभ मिल्कीपुर में समाजवादियों का है। जो की मिलन का कुंभ है और सांप्रदायिक राजनीति को खत्म करेगा। अयोध्या की सम्मानित जनता ने अवधेश प्रसाद को लोकसभा चुनाव जिताकर सांप्रदायिक राजनीति को समाप्त किया है। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ की घटनाओं की कल्पना नहीं किए जाने की बात कही तथा इस्लाम के शुरू होने के बाद स्नान करने वालों की गिनती तो बता रहे हैं किंतु भगदड़ में मरने वालों की संख्या और लापता लोगों की संख्या अभी तक नहीं बता पाए हैं। घटना के समय ही यदि सरकार सही फैसले ले लेती तो आज लोगों की जान न जाती बहुत से लोग अभी भी लापता हैं। 100 घंटे से ज्यादा हो गए हैं करोड़ों लोगों की व्यवस्था का ऐलान करने वाले लोग स्नान नहीं कर सके हैं। और स्नान करने पहुंचे लोगों को वापस खदेड़ दिया गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग कुंभ की शुरुआत करने का झूठा दावा कर रहे हैं। जबकि कुंभ का शुभारंभ कन्नौज के राजा रहे हर्षवर्धन के जमाने से हुआ था। उन्होंने अयोध्या कोतवाली क्षेत्र की घटना पर गहरा दुःख प्रकट करते हुए कहां कि फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद का दिल द्रवित हो गया और वह रो उठे थे, उसे प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी ने नाटक और ढोंग बताया है। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय मित्र सेन यादव हमेशा गरीबों पीड़ितों और शोषितों की लड़ाई लड़ते आए हैं और वह हमेशा अन्याय के खिलाफ खड़े रहते थे। उन्होंने सपा सरकार में चलाई गई एंबुलेंस और 100 नंबर व्यवस्था का जिक्र करते हुए कहा कि उसे भी प्रदेश सरकार ने पूरी तरह से बर्बाद कर रखा है।

## पुलिस को मिली बड़ी सफलता, युवती की हत्या का खुलासा

**अयोध्या।** पुलिस लाइन सभागार में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए एसएसपी राजकरण नैय्यर ने एक ब्लाइंड केस का सफलतापूर्वक खुलासा किया है, जिसमें एक युवती की हत्या की गुत्थी सुलझाई गई। अयोध्या के एसएसपी राज करण नैय्यर ने बताया कि तीन मुख्य आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है, जिन्होंने युवती की हत्या शराब के नशे में की थी। गिरफ्तार आरोपियों में हरी राम कोरी, विजय साहू और दिग्विजय सिंह शामिल हैं। घटना कोतवाली क्षेत्र के एक गांव स्थित स्कूल में हुई थी, जहां आरोपियों ने युवती की हत्या कर शव को नाले के पास फेंक दिया था। पुलिस ने हत्या के बाद शव की तलाश शुरू की और कई दिनों की जांच के बाद मामले का खुलासा किया। पुलिस की चार टीमों ने इस हत्या की गुत्थी को सुलझाने में अहम भूमिका निभाई।एसएसपी राज करण नैय्यर ने बताया कि आरोपियों ने हत्या के दौरान शराब का सेवन किया।

## नगरवासियों को महापौर ने किया कल्याण मंडपम समर्पित

*अवधनामा संवाददाता*



**अयोध्या।** नगर वासियों की बहु प्रतीक्षित साध उस वक्त पूरी हुई, जब महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने चार करोड़ 70 लाख 64 हजार रुपये की लागत से रायबरेली मार्ग पर निर्मित कल्याण मंडपम नगर वासियों को समर्पित किया। उन्होंने उपस्थित लोगों की सहमति से कल्याण मंडपम का नामकरण %मिथिला% के नाम पर करने की घोषणा की। इसके पूर्व उन्होंने नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा एवं क्षेत्रीय पार्षद मनीषा यादव के साथ पूजन अर्चन तथा फीता काटकर कल्याण मंडपम का उद्घाटन किया। कल्याण मंडपम में हाल के अलावा पांच सुसज्जित कक्ष भी हैं, जो लोगों को न्यूनतम दर पर समारोह के आयोजन के लिए सुलभ होगा।इस मौके पर आयोजित समारोह में महापौर ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का अयोध्या को चमकता नगर बनाने का संकल्प है। नगर निगम की टीम निरंतर प्रयास कर नगर को ऊंचाइयों की ओर ले जा रही है। उन्होंने कहा कि इसी कड़ी में डेढ़ साल में निर्मित कल्याण मंडपम नगर वासियों को समर्पित किया गया है, जहां न्यूनतम खर्च में जरूरतमंद आयोजन कर सकेंगे। उन्होंने नगर वासियों से अयोध्या की स्वच्छता को बनाए रखने में सहयोग की अपेक्षा की। महापौर ने बताया कि कैंट क्षेत्र में सीवरलाइन बिछाई जा रही है। अंडरग्राउंड विद्युतीकरण की योजना विचाराधीन है।उन्होंने अयोध्या को आदर्श नगर बनाने का संकल्प दोहराया। महापौर ने जल निकासी व्यवस्था को चुनौती के रूप में स्वीकार किया और कहा कि बड़ी सड़कों के लिए नगर निगम को सरकार की ओर रुख करना पड़ रहा है। यह अयोध्या का सौभाग्य है कि मुख्यमंत्री से जो भी मांग यहां के विकास के लिए की जाती है, वह पूरी होती है।इस मौके अपर नगर आयुक्त अनिल सिंह, सहायक नगर आयुक्त गुरु प्रसाद पांडेय, पार्षद अनुज दास, चंदन सिंह, बिजेंद्र सिंह, सूर्या तिवारी, अभिनव पांडेय , जयनारायण सिंह रिंकू, शिव कुमार रमाशंकर निषाद, संतोष सिंह , पार्षद प्रतिनिधि रिशु पांडेय , निखिल श्रीवास्तव, अनूप श्रीवास्तव , सौरभ सिंह सूर्यवंशी, हरिश्चंद्र गुप्ता, राज करण , विश्वजीत यादव, किशन मौर्य , हरीश श्रीवास्तव, महेश श्रीवास्तव, आलोक द्विवेदी , शशि प्रताप सिंह, सुनील दुबे, महंत श्रीपाल दास , विष्णु नारायण दुबे, महेश गुप्त आदि मौजूद थे।

## टिपलर के नीचे दबा किसान का पैर, गंभीर घायल

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के गड़ौरा चीनी मिल परिसर में एक किसान टिपलर के नीचे आ गया। जिससे किसान का पैर बुरी तरह जख्मी हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक पैर करीब आधे घंटे तक टिपलर के नीचे दबा रहने के बावजूद मिल प्रबंधन से कोई सहायता न मिलने पर गुस्साए किसानों मिल कर्मियों को बुरी तरह पीटा। जिससे अफरा तफरी का माहौल पैदा हो गया। कुछ देर बाद मिल के एक स्टाफ के निजी वाहन से घायल को सीएचसी निचलौल पहुंचाया गया। जहां मरीज की हालत नाजुक देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहीं परिजन उसका इलाज जिले के एक निजी अस्पताल में करवा रहे है।घायल किसान का नाम महबूब निवासी ग्राम झूलनीपुर बताया गया।किसान आजाद, रहीम व तुलसी ने बताया कि शुगर मिल का ब्वॉयलर फटा होने सारे किसान अपनी वाहनों पर थे। सबको मिल चलने का इंतजार रहा। उस दौरान ट्रॉली को ट्रिपलर से उठाकर गन्ने को एक किसान महबूब के द्वारा डोंगी में गिराया जा रहा था। अचानक ट्रिपलर किसान के पैर पर गिर गया। जिससे वह बुरी तरह चीखने चिल्लाने लगा। आवाज सुनकर परिसर में किसानों की भारी भीड़ इकट्ठा हो गया। आधे घंटे मजदूर के चीखता देख किसानों का गुस्सा फूट गया और वहां मौजूदमिल कर्मियों की पिटाई शुरू कर दी। जिससे हंगामा खड़ा हो गया।

### महिला ने लगाया पति पर आरोप

**निचलौल (महराजगंज)।** ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र की एक विवाहित महिला ने पति पर प्रताड़ित करने व गैर महिला के साथ अनैतिक सम्बंध का आरोप लगाया है। मामले में पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कोतवाली पुलिस ने संबंधित धारा में केस दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। पीड़िता कुसुम पत्नी अमरजीत कसौधन निवासी ग्रामसभा किशुनपुर के टोला सोबड़ा ने दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि विगत दो महिने से मेरे पति अमरजीत एक गैर महिला के साथ रह रहे हैं और हमेशा मुझे प्रताड़ित करते है। पीड़ित ने कहा कि घर की गृहस्थी तंग होने से बच्चों को भरपेट भोजन के साथ है पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। इस बाबत प्रभारी कोतवाल योगेन्द्र कुमार ने बताया कि मामले में संबंधित धारा में केस दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

## मुझ जैसा तुझ जैसे की बैअत नही कर सकता, इमाम हुसैन ने बैयत ठुकरा दीः मौलाना रिज़वान



*अवधनामा संवाददाता*

**जैदपुर बाराबंकी।** जैदपुर कस्बे मे अंजुमन हुसैनिया रजि.द्वारा रसूले खुदा स.व.स. के नवासे हजरत इमाम हुसैन अ. की मदीने से कर्बला सफर करने की याद मे आज 4 शाबान को सफरे इमामे हुसैन अ. का जुलूस पूरी अकीदत और एहतराम के साथ निकाला गया।जुलूस की शुरूआत सुबह 9 बजे शिया जामा मस्जिद मे मजलिसे अजा से हुई।मजलिस को मौलाना अली रिजवान साहब ने खिताब किया।उन्होने इमाम हुसैन के मदीने से हिजरत करने को बयान करते हुए कहाकि जब यजीद तख्त पर बैठा तब उसने इमाम हुसैन से बैअत लेने का हुक्म दिया।जिसे इमाम हुसैन ने यह कहते हुए ठुकरा दिया कि मुझ जैसा उस जैसे की बैअत नही कर सकता। इमाम हुसैन ने यह बात इसलिए कही थी कि यजीत हर वह गलत काम करता था जिसे इस्लाम मे करने को मना किया गया था।इसलिए सन् 60 हिजरी को इमाम हुसैन अ. ने अपने नाना के दीन को बचाने और उम्मत व इंसानियत की इस्लाह के लिए मदीने को छोड़ा और कर्बला के मैदान मे अपने जानिसारो की कुर्बानी पेश की।अन्त मे उन्होने कर्बला के मसाएब बयान किये जिसे सुनकर अजादार रो पड़े।मजलिस की समाप्ति पर अंजुमन हुसैनिया के तत्वावधान मे जुलूस बरामद हुआ।जिसमे अजादार काले कपड़े धारण किये कर या हुसैन या हुसैन की सदा लगाते हुए साथ साथ चल रहे थे।जुलूस मे शबीहे जुलजनाह, अमारी,झूला हजरत अली असगर,अलम मुबारक आदि प्रतीक चिन्ह मौजूद थे।जुलूस के दौरान अंजुमन हुसैनिया के नौहाख्वान द्वारा नौहाख्वानी और नौजवान दस्ते द्वारा सीनाजनी के साथ ही जंजीर का मातम कर नजराने अकीदत पेश की गयी। यह कदीमी जुलूस गढ़ी कदीम, मुख्खिन, बांध चौराहा, पीरपांजू, पचदरी, छोटा इमामबाड़ा, बड़ी सरकार, बड़ी बाजार होते हुए थाना चौराहा स्थित शबीहे कर्बला पहुंचकर समाप्त हुआ।जहां जुलूस की अलविदाई को खिताब करते हुए मौलाना सैय्यद मोहम्मद इब्ने अब्बास ने मसाएब बयान किये।जुलूस की समाप्ति पर अंजुमन हुसैनिया के ओहदेदारो और सभी सदस्यो ने आये हुए अजादारो का शुक्रिया अदा किया। साथ ही इस मौके पर सुरक्षा के दृष्टिगत भारी पुलिस बल मौजूद रहा।

## दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद श्रद्धालुओं ने शोभायात्रा निकाली



*अवधनामा संवाददाता*

**मसौली बाराबंकी।** कस्बा सफदरगंज के मोहल्ला रानीगंज स्थित जीर्णोद्धार बाबा गंगाराम श्री राधाकृष्ण मंदिर मे चल रहे दो दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे सोमवार को सैकड़ो महिलाओ एव पुरुषों की शोभायात्रा के पश्चात किया गया तथा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। बताते चले कि कस्बा सफदरगंज के मोहल्ला रानीगंज मे वर्षो पुराने बाबा गंगाराम श्री राधा कृष्ण मंदिर मे बाबा गंगाराम सेवा समिति के तत्वाधान मे मंदिर का जीर्णोद्धार कराकर नया रूप दिया है मंदिर मे माँ दुर्गा, माँ लक्ष्मी, सहित बाबा गंगाराम भक्त शिरोमणि देवकी नंदन माता गायत्री शिव परिवार की प्रतिमाओ के प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व मंदिर से डीजे की धुन एव रथ पर सवार शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गो से गुजरती हुई कल्याणी नदी घाट पर पहुंची जहां पर आचार्य पंडित राम बहादुर मिश्रा, पंडित अयोध्या प्रसाद, पंडित नंद किशोर मिश्रा के वैदिक मंत्रो व विधि विधान देव प्रतिमाओ की पूजा अर्चना के पश्चात पुनः शोभायात्रा मंदिर पहुंची जहां आचार्यों के द्वारा देव प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा करायीं गई सभी देव प्रतिमाओं को भोग लगा कर आरती उतारी गई उसके उपरांत विशाल भण्डारे का आयोजन किया गया। जिसमें कस्बा सफदरगंज सहित चिलौकी, चन्दवारा, बघौरा, मुशकीनगर, रहरामाऊ, आदि दर्जनों गांवों के ग्रामीणो ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। साधु संतो को भोजन करा कर बाबा गंगाराम सेवा समिति के कार्यकर्ता विवेक अग्रवाल ने संतो को अंगवस्त्र भेंट कर दक्षिणा दी। इस मौके पर ब्रजगोपाल अग्रवाल प्रेम अग्रवाल, अमित गुप्ता, विवेक अग्रवाल, सविता अग्रवाल सहित भक्तगण मौजूद रहे।

# भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा के सफल विद्यार्थियों को मिला पुरस्कार



*अवधनामा संवा*

**जलालाबाद।** अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा आयोजित भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा का पुरस्कार वितरण समारोह काकोरी शहीद इंटर कालेज में आयोजन किया गया। जिसमें तहसील जलालाबाद से चयनित बच्चों को पुरस्कार दिए गए।परीक्षा जूनियर वर्ग तथा प्राइमरी वर्ग के बच्चों के लिए गयी थी। इस परीक्षा में पूरे देश से बच्चे भाग लेते है।जनपद से 23 हजार बच्चों ने प्रतिभाग किया था जिसमें 10 बच्चों ने परीक्षा में स्थान प्राप्त किए।जिसमें से जलालाबाद तहसील के बच्चों को पुरस्कार दिया गया तथा सम्मानित किया गया।आयोजन के मुख्य अतिथि जिला संयोजक एच पी गुप्ता का गायत्री परिवार के लोगों ने स्वागत किया।मुख्य अतिथि ने बताया कि इस परीक्षा का आयोजन अखिल विश्व गायत्री परिवार करता है. इस परीक्षा का मकसद स्कूली बच्चों को भारतीय संस्कृति के तथ्यों से अवगत कराना है।इस दौरान जूनियर वर्ग से जीवन लाल हाईस्कूल जलालाबाद के कक्षा 5 के छात्र प्रज्वल राजपूत ने प्रथम स्थान,ठाकुर अभिलाख सिंह इंटर कालेज की छात्रा स्वाति ने प्रथम स्थान तथा दीपाक्षमी यादव ने द्वितीय,रामवीर सिंह इंटर कालेज की छात्रा अर्शी ने तृतीय स्थान वहीं सीनियर वर्ग से सुशीला देवी इंटर कालेज अल्हागंज की छात्रा निशि ने प्रथम स्थान,सेठ सियाराम इंटर कालेज की छात्रा भूमि ने द्वितीय स्थान,रोजी पब्लिक स्कूल की छात्रा इशिका सक्सेना और विजय विक्रम सिंह इंटर कालेज की छात्र शिवम वर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।चयनित बच्चों को नगद पुरस्कार सहित सद वाक्य का पोस्टर ,पटका देकर सम्मानित किया। इस दौरान आयोजक सतीश चंद्र मिश्रा ने बताया कि इस परीक्षा के माध्यम से बच्चों में भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षण के माध्यम से भारतीय संस्कृति का ज्ञान कराना है।

इस दौरान प्रधानाचार्य संदीप त्रिवेदी, डी पी सिंह,महेंद्र यादव,अनिलेश मिश्रा,संजीव सक्सेना,आलोक यादव,हरिओम शर्मा,चावेंद्र पाल सिंह सहित विद्यालयों के प्रधानाचार्य तथा अध्यापक मौजूद रहे।

## कुर्मी स्वाभिमान महासंघ को मजबूत बनाने के लिये कुर्मी एकजूट हो



**मसौली बाराबंकी।** कुर्मी स्वाभिमान महासंघ द्वारा संगठन विस्तार के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम मे ग्राम पंचायत सेमरी एव चिलौकी मे संगठन की बैठक कर समाज को एकजुट होने की अपील की गयी। ग्राम पंचायत सेमरी मे ग्राम प्रधान सुरेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता मे कुर्मी महासंघ की बैठक सम्पन हुई जिसमे संगठन के विस्तार पर चर्चा करते हुए राष्ट्रीय अध्यक्ष इंजीनियर एसपी वर्मा ने कहा कि जहां एक ओर असंगठित समाज बिखरते हुए पतन के कगार पर है। वहीं दूसरी ओर संगठित समाज विकसित होकर विकास पथ पर है इसलिए आप सभी लोग जब तक एक बैनर तले मजबूती के साथ नही खड़े होंगे तब तक समाज की उन्नति सम्भव नही है। जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश वर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष सत्यवान सिंह रामप्रसाद वर्मा कमलेश कुमार वर्मा ने कुर्मी स्वाभिमान महासंघ के उद्देश्य लक्ष्य और भविष्य पर प्रकाश डालते हुए समाज के विकास हेतु सजातीय बंधुओं को सम्बोधित किया तथा विचार गोष्ठी में 22 ग्राम प्रतिनिधियों को सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सत्य प्रकाश वर्मा को ग्राम अध्यक्ष, सत्य नाम वर्मा उपाध्यक्ष शुभम वर्मा सचिव सुमित वर्मा संगठन सचिव राकेश वर्मा प्रचार सचिव नामित किया गया। इसी क्रम मे ग्राम पंचायत चिलौकी में शिवनाथ वर्मा की अध्यक्षता मे आयोजित विचार गौष्ठी मे 21ग्राम प्रतिनिधियों ने भाग लिया जिसमे अभय राज वर्मा को ग्राम अध्यक्ष राम देव वर्मा को उपाध्यक्ष केशव राम वर्मा को सचिव प्रदीप कुमार वर्मा को संगठन सचिव व शुभम वर्मा को प्रचार सचिव की जिम्मेदारी दी गयी है।

## नकाबपोश बदमाशों ने अधिवक्ता पर किया हमला



**महराजगंज।** जनपद के पनियरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत अंतपुर मोथई निवासी अधिवक्ता को रास्ते में नकाबपोश चार बदमाशों ने गंभीररुप से पीट कर घायल कर दिया। अधिवक्ता का इलाज निजी अस्पताल में चल रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक ने अस्पताल में जाकर घायल अधिवक्ता से जानकारी किया और जल्द ही कारवाही करने का भरोसा दिलाया। घटना के अनुसार अधिवक्ता शैलेन्द्र कुमार मौर्य रोजाना की तरह सोमवार को भी जिला मुख्यालय न्यायालय आ रहे थे। अभी वह चेहरी फार्म तक पहुँचे ही थे कि चार नकाब पोश बदमाशों ने उनके ऊपर हमला बोल दिया। उन्होंने ने बताया कि बदमाशों ने उनको खेत में उठा ले गए और गंभीर रुप से मारपीट कर घायल कर दिया। घायला अधिवक्ता का इलाज नगर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। मौक पर पहुचें अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने घायल अधिवक्ता का हालचाल जाना और जल्द ही घटना का अनावरण कर दोषियों पर कार्यवाही कि बात कही।

## स्कूली बस व आल्टो कार में ज़ोरदार टक्कर दो घायल, एक गंभीर



*अवधनामा संवाददाता*

**निचलौल (महराजगंज)।** निचलौल थानाक्षेत्र अंतर्गत दिन सोमवार को सुबह ओड़वलिया के निकट स्कूली बस व आल्टो कार की टक्कर ज़ोरदार टक्कर हो गई जिसमें आल्टो कार में सवार दो लोग घायल हो गये वहीं एक युवक की स्थिति गंभीर बताई जा रही हैं,मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनो घायलों को एम्बुलेंस की सहायता से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र निचलौल भर्ती कराया गया जहाँ गंभीर रूप से घायल एक युवक को डॉक्टर ने प्राथमिकी उपचार के बाद जिला अस्पताल महाराजगंज रेफर कर दिया। दिन सोमवार की सुबह स्कूली बस बच्चो को लेने ठूठीबारी की तरफ जा रहा था कि उसी दौरान ठूठीबारी की तरफ से तेज रफ़्तार से आ रहे आल्टो कार ने ओड़वलिया चौराहे के निकट ज़ोरदार टक्कर मार दिया। उक्त घटना में आल्टो कार के पचखड़े उड़ गए वही स्कूली बस का अगला सिरा पूरी तरह से छतिग्रस्त हो गया। गनीमत यह रही कि हादसे के समय बस में बच्चे नहीं थे नहीं तो बड़ी दुर्घटना हो सकती थी।आल्टो सवार युवक के नाम सनी पाल पुत्र अनिरुद्ध पाल 30 वर्ष निवासी सटकार थाना बखिरा संत कबीर नगर एवं दूसरे युवक का नाम सत्यपाल सिंह पुत्र केशव सिंह 26 वर्ष निवासी गुलरिया बाजार गोरखपुर बताया जा रहा है। सनी पाल की स्थिति गंभीर बताई जा रही है, प्राथमिक इलाज के बाद डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

# देश की आर्थिक राजधानी में बजा डां इन्दु अजनबी की कविता का डंका



*अवधनामा संवाददाता*

**शाहजहाँपुर।** जनपद के चर्चित कवि, संचालक व नगर निगम शाहजहांपुर के ब्राण्ड एम्बेसडर कवि डॉ इन्दु अजनबी को मुम्बई में 'श्रेष्ठ रचनाकार सम्मान' से अलंकृत किया गया है। यह सम्मान उन्हें नेहरू युवा केन्द्र व पूर्वांचल मानस मण्डल मुम्बई के तत्वावधान में मुम्बई विश्वविद्यालय, मुम्बई के कविवर्य कुसुमाग्रज सभागृह, सांताक्रुज़ में हुए बसन्तोत्सव- 2025 के अन्तर्गत विराट कवि सम्मेलन में प्रधानमन्त्री आत्मनिर्भर भारत अभियान के कार्यकारी अध्यक्ष राजकुमार पाल व देवेन्द्र तिवारी, महामन्त्री उत्तर भारत संघ व अन्य अतिथियों के द्वारा प्रदान किया गया।इस मौक़े पर काव्यपाठ में डॉ इन्दु अजनबी का चर्चित गीत ' मेरे नाम कोई पाती पिया लिख दे' श्रोताओं के सर चढ़कर बोला। उनके शृंगारिक मुक्तकों को भी खूब सराहना मिली।

कवि अल्हड़ असरदार के संयोजन में हुए आयोजन में प्रमुख रूप अंतर्राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवयित्री डॉ कीर्ति काले, पंकज अंगार, कमल कान्त तिवारी, बिट्टू जैन, अन्नपूर्णा गुप्ता, अंजलि शुक्ला, शीतल देवयानी समेत अनेक गणमान्य जन उपस्थित रहे। डॉ अजनबी की इस उपलब्धि पर कवि रामबाबू शुक्ल, अरविन्द पण्डित, प्रदीप बैरागी, विजय तन्हा, सरिता बाजपेयी, पीयूष शर्मा, राशिद जुगनू, डॉ अवधेश मणि त्रिपाठी, डॉ मयंक भूषण पांडेय, डॉ स्वप्निल यादव, पवन कुमार सिंह, अमित त्यागी, नीतेश गुप्ता व शिवा सक्सेना आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

## खोया मोबाईल पाकर पुलिस को बोले थैंक्यू

### लगभग 27 लाख के 151 मोबाइल को पुलिस ने किया बरामद




*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** जनपद में आम लोगों के खोए हुए 151 मोबाइल फोन को पुलिस ने बरामद कर लिया हैं। इन फोन की कीमत लगभग सत्ताईस लाख ग्यारह हजार सात सौ इकहत्तर रुपये बताया जा रहा हैं। तथागत सभागार में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने पत्रकार वार्ता में बताया कि जनपद के थानो से प्राप्त प्रार्थना पत्रों के आधार पर सर्विलांस सेल जनपद महराजगंज को गुमशुदा मोबाइल फोन की बरामदगी हेतु निर्देशित किया गया। जिसके क्रम में सर्विलांस सेल के अथक प्रयास से 151 अदद विभिन्न कम्पनियों के मल्टी मीडिया एन्ड्राएड मोबाइल हैन्डसेटों को बरामद करने में महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त की गई । बरामद किए गए मोबाइल सेटों की कुल क़ीमत लगभग 27,11,771 रुपये है। बरामद मोबाइल सेटों को उनके स्वामियों को सुपुर्द किया गया। खोये हुए मोबाइल को वापस पाकर मोबाइल स्वामियों ने खुशी जाहिर की। इस टीम में अजीत प्रताप सिंह प्रभारी सर्विलांस सेल, उनि आशीष सिंह, उनि महेंद्र मिश्रा, कंप्यूटर ऑपरेटर शिवानंद पासवान, हेड कांस्टेबल अभिनव सिंह, हेड कांस्टेबल चंद्रशेखर यादव, हेड कॉन्स्टेबल राजकुमार राजभर, कांस्टेबल सुधीर कुमार यादव कांस्टेबल सूरज गुप्ता सम्मिलित रहे।

### अंजुमन फरोग मातम के ज़ेरे निगरानी में हुआ महफ़िल ए नूर का आयोजन

# इमाम हुसैन किसी एक धर्म विशेष के लिए आइडियल नही है बल्कि पूरे समाज और पूरी इंसानियत के लिए आइडियल है : मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी

अवधनामा संवाददाता



**डुमरियागंज सिद्धार्थनगर।** इमाम हुसैन अस किसी एक धर्म विशेष के लिए आइडियल नही है बल्कि पूरे समाज और पूरी इंसानियत के लिए आइडियल है और दुनिया के बड़े बड़े रहबरों ने और नेताओं ने उनको इमाम हुसैन को अपना आइडियल बनाया है चाहे वो गांधी जी रहे हो और चाहे नेलसल मंडेला रहे हों अल्लामा इक़बाल जैसे फलसफी और आक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में पढ़ने वाले छात्रों ने भी इमाम हुसैन को लेकर अपनी अकीदत का इजहार किया है अपने शेर में इस दौर की ज़रूरतों को बयान करते हुए अल्लामा इक़बाल ने ये कहा कि अगर इस दुनिया के नौजवानो को और इस दुनियां के लोगों को ज़ुल्म के खिलाफ खड़े होना है और ज़ुल्म के खिलाफ आवाज़ उठानी है और अपने इंकलाब का कामयाब करना है तो उन्हें इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को अपना आइडियल बनाना पड़ेगा। उक्त उदगार रविवार शाम तहसील क्षेत्र के हल्लौर स्थित वक्फ शाह आलमगीर सानी में अंजुमन फरोग मातम की ज़ेरे निगरानी में महफ़िल ए नूर में सदारती तकरीर के दौरान इमाम ए जुमा व जमात हल्लौर मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने कही। उन्होंने कहा कि इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम के अंदर वो बात पाई जाती है जो दुनिया के और किसी लीडर के अंदर नही पाई जाती है। ज़ुल्म के खिलाफ आवाज़ उठाने के लिए जो किरदार इमाम हुसैन अस अदा कर सकते हैं और उनकी कुर्बानी अदा कर सकती है और किसी की कुर्बानी अदा नही कर सकती है और चाहे पुराना ज़माना रहा हो चाहे नया ज़माना रहा हो हर दौर की ज़रूरत को हर दौर का रहबर हर दौर का इंकलाबी मिजाज़ रखने वाला इंसान इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम को अपने लिए आइडियल मानता है। महफ़िल की शुरुआत कारी शकील अहमद के तिलावते कलाम पाक से हुआ इसके बाद नातेपाक पेश किया गया। महफ़िल का संचालन अफसर हल्लौरी ने किया। भोर तक चली महफ़िल में आखिर तक श्रोताओं का जमावड़ा रहा। इसके बाद बाकायदा तौर पर महफ़िल शुरू हुई जिसमें बैरूनी शायर मौलाना मीर हिलाल रिज़्वी, अख्तर लखनवी, सागर बनारसी, जफर नसीराबादी, मुन्तज़िर जौनपुरी, मीसम काज़मी, मुबारक जलालपुरी ने मिसरे तरह हुसैनियत को अभी और हुर बनाने है पर अपने अपने अंदाज में एक से बढ़कर एक कलाम पेशकर खूब वाहवाही बटोरी। मौलाना शाहकार हुसैन ज़ैदी ने अपने कलाम के ज़रिए कहा कि मैं घर को छोड़कर जाता हूँ जब भी मजलिस में- मुझे यकीन है कि मेरा घर हुसैन देखते है। महफ़िल के दौरान मौलाना मोहम्मद अब्बास शारिब, मौलाना अली अब्बास ज़ैनबी, मौलाना तफ़सीर हसन रिज़्वी, ज़ाकिरे अहलेबैत जमाल हैदर करबलाई, अज़ीम हैदर, राहिब रिज़्वी, खुशतर, मंज़र इमाम, शम्स हैदर, गुड्डे, शबीह मास्टर, हैदरे कर्रार, नफीस एडवोकेट, अब्बास हैदर, अमानत अब्बास, तशबीब हसन, जानशीन, वज़ीर हैदर, पप्पू, मंज़र इमाम, कसीम हैदर, काज़िम रज़ा, आरज़ू, फहीम हैदर, शमशाद अली सहित तमाम लोग मौजूद रहे। अंत मे सदर इं मोहम्मद मेंहदी व सिकरेट्री तसकीन हैदर ने आये हुए शायरों व अकीदतमंदों का आभार व्यक्त किया।

> भोर तक चली महफ़िल में आखिर तक रहा श्रोताओं का जमावड़ा

# विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने किया लक्ष्मी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का शुभारम्भ

### शिक्षा के क्षेत्र अग्रणी संस्थान के रूप मे कार्य करेगा संस्थान : आनन्द अग्रहरि

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** जिले के उस्का ब्लॉक क्षेत्र अन्तर्गत पकड़ी चौराहा के बगल स्थित दुमदुमवा में सोमवार को लक्ष्मी मेमोरियल पब्लिक स्कूल का शानदार शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप मे शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने फीता काटकर किया। ततपश्चात मुख्य अतिथि सहित गणमान्य लोगो ने माँ सरस्वती जी व भगवान गणेश जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्ज्वलित किया।

इस दौरान शिक्षक विधायक ध्रुव त्रिपाठी ने कहा कि हमारे देश का यह जनपद आकांक्षी जनपद की श्रेणी मे है। इसका मतलब है कि यहाँ शिक्षा के क्षेत्र मे बहुत काम करने की आवश्यकता है। ऐसे मे ग्रामीण क्षेत्र मे स्थापित किया गया यह विद्यालय शिक्षा के क्षेत्र बेहतर शिक्षा प्रदान करेगा, ऐसा मेरा विश्वास है।

विद्यालय के संस्थापक आनन्द कुमार अग्रहरी ने बताया कि आज शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने फीता काटकर विद्यालय का शुभारम्भ किया है. मेरा प्रयास रहेगा कि यह संस्थान शिक्षा के क्षेत्र अग्रणी संस्थान के रूप मे शिक्षा के क्षेत्र मे काम करेगा। विद्यालय के संयोजक प्रदीप ठकुराई ने बताया इस क्षेत्र में शिक्षा के नाम पर हो रहे बाजारीकरण से बचाना मुख्य लक्ष्य है।

इस दौरान पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रभात शुक्ल, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जमील सिद्दीकी, हेमंत जायसवाल, पूर्व प्रधानाचार्य चन्द्र प्रकाश श्रीवास्तव, वरिष्ठ पत्रकार नजीर मलिक, कैलाश द्विवेदी, संजय अग्रहरि, नवनीत पांडे, ओम पांडे समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आठ मार्च को

**बस्ती।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन आगामी 08 मार्च 2025 को जनपद न्यायाधीश विनय कुमार द्विवेदी के निर्देशन में जनपद न्यायालय परिसर, कलेक्ट्रेट मुख्यालय एवं समस्त तहसील मुख्यालयों में किया जायेंगा। उक्त जानकारी देते हुए अपर जिलाधिकारी ने बताया है कि अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर सुलह-समझौते के आधार पर निस्तारण करायें। उन्होने बताया कि उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में आपराधिक शमनीय वाद, परकाम्य लिखत अधिनियम की धारा-138 से संबंधित मामलें, बैंक वसूली से संबंधित मामलें, मोटर दुर्घटनाओं से संबंधित प्रतिकर याचिकाएं, श्रम वादों, पारिवारिक वादों, भूमि अधिग्रहण से संबंधित वादों, विद्युत एवं जलकर विवाद (चोरी से संबंधित विवादों सहित), सर्विस में वेतन संबंधी विवाद एवं सेवानिवृत्तिक लाभों से संबंधित विवाद, राजस्व संबंधी वाद, अन्य सिविल वाद (किराया, सुखाधिकार, व्ययादेश, विशिष्ट अनुतोष वाद, आर्बिटेशन (हायर पर्चेज एग्रीमेन्ट से उत्पन्न विवाद) एवं उक्त के अतिरिक्त ऐसे अन्य प्रकार के जिन वादों का निस्तारण सुलह-समझौते के आधार पर हो सकता है, को अधिक से अधिक संख्या में नीयत कर निस्तारित किया जायेंगा।

# ख़त्म हो रहा कुएँ का अस्तित्व जगत विहीन कुएँ मौत के कुओं में तब्दील

अवधनामा संवाददाता



**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** आज से करीब दो दशक पूर्व एक समय था, जब किसी के घर के सामने कुआं हुआ करता था तो लोग उस व्यक्ति का काफी सम्मान करते थे और उसे नंबरदार भैया की उपाधि देने से नहीं चूकते थे। लेकिन वर्तमान समय में कूओं का अस्तित्व ही धीरे-धीरे समाप्त होता जा रहा है। यहां तक कि शादी ब्याह के मौके पर भी लोगों को कुआं ढूंढने पर भी जल्दी नहीं मिलता।

कुआं न मिलने से लोगों को हैंडपंप अथवा छोटा गड्ढा खोदकर उसमें रस्म अदायगी करनी पड़ती है। हालांकि, अधिकांश कूंए तो पाट दिए गए हैं। लेकिन जो बचे भी हैं वे देखरेख के अभाव में खंडहर में तब्दील हो गए। किसी की जगत टूटी हुई है, तो किसी की अंदर लगी ईंटें भी सही सलामत नहीं है। देखरेख के अभाव में जीर्ण हो चुके कूंए जंगल झाड़ियों से घिरे हैं, जिसमें पक्षियों ने अपना रैन बसेरा बना रखा है। झाड़ियां से घिरा होने के कारण सामने दिखाई ही नहीं पड़ता कि वहां कोई कुआं भी है। जलालपुर तहसील क्षेत्र के हजपुरा निवासी शिवमूरत विश्वकर्मा, राम मूरत विश्वकर्मा, कैलाश नाथ मिश्र, दयाराम मिश्र, जियालाल कनौजिया, गंगाराम गुप्ता आदि बताते हैं कि अब से करीब दो दशक पूर्व गांव के लोग खेतों की सिंचाई करने के लिए कुएं में रहट का प्रयोग करते थे, और उसी से अपने क्यारियों आदि की सिंचाई भी करते थे। भयंकर गर्मी में भी लोग कुएं का ठंडा व मीठा पानी पीते थे और निरोगित रहते थे, लेकिन अब कुआं किसी खास काम से काफी ढूंढने के बाद ही मिलता है।

शिव मूरत विश्वकर्मा बताते हैं कि उनके घर के सामने स्थित कूंए की जगत चारों तरफ से टूट गई हैं, और रास्ता अत्यंत व्यस्त होने के कारण व उसी के बगल झाड़ियों से घिरा हुआ जगत विहीन कुआं की स्थित काफी खराब होने से हमेशा खतरा बना रहता है, जो कभी भी, किसी भी समय, किसी के लिए ÷मौत का कुआं साबित हो सकता है। इस संबंध में ग्रामीणों ने उक्त कुएं के जीर्णोधार के लिए जिम्मेदार लोगों से कई बार कहा, लेकिन आज तक इस जगत विहीन कूंए की तरफ किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। कहा कि ऐसा लगता है कि रास्ते के किनारे जगत विहीन कुएं से कोई बड़ा हादसा हो जाने पर ही अधिकारी इसे संज्ञान में लेंगे। कूंए की जगत क्षतिग्रस्त हो जाने से वह गांव के अंदर से जाने वाले संपर्क मार्ग में मिल चुकी है। ऐसे में कभी भी किसी बड़े हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता। लोगों ने यह भी बताया कि इसी कुएं के जीर्णोद्धार के लिए पूर्व प्रधान रामसरन राजभर ने बिना कोई काम कराए ही 86 हजार रुपए अवमुक्त भी करा लिया है। विनायक मिश्र व मारुत्वान आदि ने बताया कि कूएं के बगल बच्चे खेलते हैं जिससे बच्चों के गिरने का खतरा तो बना ही रहता है, साथ ही राहगीरों व ग्रामीणों के भी गिरने का खतरा बना हुआ है। लोगों ने बताया कि उक्त कुएं के जीर्णोद्धार के लिए उन्होंने कई बार ग्राम प्रधान, क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि व संबंधित अधिकारियों को अवगत कराया, परंतु कहीं से कोई सुनवाई नहीं हुई। लोगों ने बताया कि इसी तरह अन्य जगहों पर भी कुछ जगत विभिन्न कूंए पड़े हुए हैं, जिनमें पानी कम सांप और बिच्छू ज्यादा निवास करते हैं। पड़ोसियों की मदद से खतरे की स्थिति को देखते हुए फिर से बस का बेड़ा लोगों ने लगा रखा है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से कूओं का अस्तित्व बचाने के लिए अतिशीघ्र जर्जर हो चुके कूओं के जीर्णोद्धार कराए जाने की मांग की है। जिससे राहगीरों, ग्रामीणों व बच्चों को उक्त जगत विहीन कूंए के भय से निजात मिल सके। इस संबंध में एडीओ पंचायत जलालपुर बृजेश तिवारी ने बताया कि अति शीघ्र कुएं का जीर्णोद्धार कराया जाएगा।

# 47 सड़कों की विशेष मरम्मत कार्य के लिये 21 करोड़ रूपये की स्वीकृति

**अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिले की अत्यंत जर्जर पीडब्ल्यूडी की सड़कों की दशा सुधारने के लिए शासन की तरफ से सड़कों की वित्तीय और प्रशासकीय स्वीकृति का सिलसिला जारी है। शुक्रवार की देर रात भी जिले की 47 ग्रामीण सड़कों की मरम्मत और नवीनीकरण कार्य के लिए 21 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की गई है। सड़कों की विशेष मरम्मत और नवीनीकरण कार्य के लिए सदस्य विधान परिषद हरिओम पांडे द्वारा प्रस्ताव दिया गया था। जिसके क्रम में पीडब्ल्यूडी ने एस्टीमेट बनाकर पत्रावली स्वीकृति हेतु शासन को भेजी थी। शुक्रवार की रात्रि में शासन ने जिले के प्रांतीय एवं निर्माण खंड में शामिल महेशपुर संपर्क मार्ग, कैथापुर संपर्क मार्ग, भिटौरा नार्थ संपर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य, पटेलनगर चौराहे से हाथपाकड़ मार्ग से दरबन संपर्क मार्ग, पिपरी चन्दौली नारायणपुर संपर्क मार्ग के किलोमीटर 2(450), खरगूपुर संपर्क मार्ग के किलोमीटर एक के विशेष मरम्मत का कार्य, रुस्तमपुर कौड़ाही, मगनपुर महिमा संपर्क मार्ग के विशेष मरम्मत का कार्य, दयालपुर संपर्क मार्ग का मरम्मत कार्य, राजेसुल्तानपुर साबितपुर से भदया की संपर्क मार्ग, भरतपुर से सिंघलपट्टी संपर्क मार्ग का विशेष मरम्मत कार्य समेत अन्य सड़कों की मरम्मत एवं नवीनीकरण की स्वीकृति प्रदान की है। पीडब्ल्यूडी प्रांतीय खंड के अधिशासी अभियंता सौरभ सिंह ने बताया कि प्रांतीय खंड की 19 और निर्माण खंड की 28 सड़कों की सामान्य और विशेष मरम्मत तथा नवीनीकरण का कार्य होना है। दोनों ही डिविजनों की 47 सड़कों की लंबाई लगभग 111 किलोमीटर है। उन्होंने बताया कि जल्दी टेंडर कर कर सड़कों की मरम्मत और नवीनीकरण का कार्य शुरू कराया जाएगा।

# एसडीएम व सीओ ने माघ मेला का किया निरीक्षण



**बांसी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** कस्बे में राप्ती नदी तट पर चल रहे माघ मेला बांसी का सोमवार को एस डी एम शशांक शेखर राय व सी ओ मयंक द्विवेदी ने निरीक्षण किया। इस दौरान बिना परमिशन के झूला के संचालक पर और मेले के अंदर वाहनों के आवागमन पर नाराजगी व्यक्त किया साथ ही हिदायत दिया कि कोई भी घटना होने पर जिम्मेदारों के खिलाफ सख्त कार्यवाही किया जाएगा। दोनो अधिकारी दोपहर में मेला का जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान देखा कि बिना अनुमति पत्र प्राप्त किए झूलो का संचालन किया जा रहा। तत्काल झूलो के संचालन पर रोक लगाया गया और निर्देश दिया गया कि जब तक अनुमति पत्र न मिल जाए झूलो का संचालन न करे। मेले के अंदर, भीड़ भाड़ में ऑटो रिक्शा, टेंपो, ई रिक्शा व बाइक देखकर अधिकारियों ने नाराजगी व्यक्त करते हुए मेले की सीमा पर बैरियर लगाने का निर्देश दिया। इस दौरान कोतवाल रामकृपाल शुक्ल, मेला इंचार्ज एस आई आनंद कुमार,ई ओ नगर पालिका मुकेश कुमार, नपा लिपिक जमील अहमद, मेला प्रभारी श्यामबाबू, अशफाक अहमद, ध्रुवचंद व शकील खान आदि मौजूद रहे।

## डीएम ने शोहरतगढ़ ब्लाक कार्यालय का किया निरीक्षण



**शोहरतगढ़ सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी डा राजा गणपति आर द्वारा विकास खण्ड कार्यालय, शोहरतगढ़ का निरीक्षण किया गया। एडीओ पंचायत कार्यालय को देखा गया। निरीक्षण के दौरान एक माह पहले ग्राम पंचायत पकड़ी के ग्राम पंचायत अधिकारी का क्लस्टरवाइज स्थानान्तरण हुआ था। अभी तक कार्यभार ग्रहण न करने पर कड़ी नाराजगी व्यक्त की। ग्राम पंचायत अधिकारी सुमन पटेल का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। इसके साथ वित्तीय मास्टर रजिस्टर पूर्ण न होने पर एडीओ पंचायत मोहन लाल का स्पष्टीकरण प्राप्त करने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान कर्मचारी सेवा पुस्तिका एवं मनरेगा सेल को देखा गया। इसके साथ एनआरएलएम कार्यालय को भी देखा गया। निरीक्षण के दौरान उपरोक्त के अतिरिक्त खण्ड विकास अधिकारी शोहरतगढ़ सुरेश कुमार मौर्य, व अन्य सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित थे।

# सिकंदरपुर बाज़ार कूड़ा व गंदगी की चपेट में शिकायतों के बावजूद नहीं हो रही कोई सुनवाई

अवधनामा संवाददाता




**हजपुरा, अम्बेडकरनगर।** स्वच्छ भारत, सुंदर भारत का लिए केंद्र सरकार ने स्वच्छता अभियान की शुरुआत की थी। अभियान की शुरुआत इतनी अच्छी रही कि चाहे गांव हो या शहर। हर जगह युद्ध स्तर पर सफाई होने लगी थी, लेकिन अब गांव की गलियों व बाजारों में गंदगी के ढेर दिखाई देते हैं, जिससे सरकार की मुहिम को पलीता लग रहा है। अकबरपुर विकासखंड के सिकंदरपुर बाजार में साफ सफाई की व्यवस्था में पटरी हो गई है। इस बाजार की करीब 8000 की आबादी को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। दुर्गंध के साथ ही बाजार वासियों को संक्रामक बीमारियों का खतरा भी सता रहा है।

बाजार वासी अनिल कुमार, पंचम गुप्ता, डॉक्टर राम तीरथ द्विवेदी, राम सूरत अग्रहरि, रमेश जायसवाल, मोहम्मद यूनुस, हरिश्चंद्र आदि के मुताबिक अकबरपुर- जलालपुर मुख्य मार्ग से सिकंदरपुर आते समय बाजार मे प्रवेश करते ही राहगीरों, छात्र-छात्राओं व बाजार वासियों को दोनों तरफ कूड़े के ढेर लगे हुए हैं, सबसे पहले उनका सामना करना पड़ता है किसी तरह नाक बंद कर बाजार के अंदर घुसते हैं तब राहत मिलती है। कई बार की शिकायत के बावजूद न तो कूड़े के निस्तारण की कोई व्यवस्था की जा रही है और न ही नियमित साफ-सफाई पर ही ध्यान दिया जा रहा है। इसे लेकर बाजार वासी, राहगीरों तथा छात्र-छात्राओं को काफी परेशानियां उठानी पड़ रही है। प्रतिदिन लोगों को कूड़े के देर से होकर गुजरना मुश्किल हो गया है। इस मार्ग पर सड़क के दोनों किनारे कूड़े व गंदगी के ढेर लगभग सालों से लगे हुए हैं, जिससे उठने वाली बदबू से बाजार वासी और राहगीर तथा छात्र छात्राएं काफी परेशान हैं। कूड़े के ढेर से उठने वाली बदबू से लोगों का बुरा हाल हो जाता है। बाजार वासियों का कहना है कि ग्राम प्रधान व सफाईकर्मी की घोर लापरवाही के चलते इस तरह की गंदगी से तमाम प्रकार की संक्रामक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी हुई है। वहीं गांव में भी खुली नालियां सरकार के आदेश की धज्जियां उड़ा रही हैं। सरकार के आदेश के बाद भी यहां के जनप्रतिनिधियों पर कोई भी असर नहीं है। बाजार वासी और ग्रामीणों तथा राहगीरों ने जिला प्रशासन से सिकंदरपुर बाजार से कूड़े व गंदगी को अविलंब साफ कराए जाने की मांग की है।

## सद्भावना दिवस के रूप मे मना शहनशाहे कर्बला हज़रत इमाम हुसैन अस का जन्मदिन

**जलालपुर अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** हज़रत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम का जन्मदिवस नगर एवं आस पास के क्षेत्रों में विभिन्न अंजुमनों एवं संगठनों ने सद्भावना दिवस के रूप में मनाया। जन्मदिवस की पूर्व संध्या पर नगर के जाफराबाद मोहल्ला स्थित बड़े इमामबाड़ा में अंजुमन अब्बासिया के बैनर तले जश्न शहंशाह-ए-कर्बला का आयोजन किया गया।देर रात्रि तक चले तरही महफिल-ए-मकासिदा में फिदवी लखनवी,वहदत जौनपुरी,नकी बनारसी, क़ायम आज़मी, यावर उन्नावी, अबुल हसन नक़वी,आजाद परिंदा,मौलाना रमजान अली,रहबर सुल्तानी,अंसर जलालपुरी, अज़हर कायमी समेत अन्य शायरों ने अपने कलाम से हज़रत इमाम हुसैन के व्यक्तित्व पर कसीदा पढ़ा। संचालन कुमैल अब्बास ने किया।इसी कड़ी में हुसैनी मिशन कमेटी के तत्वावधान में आयोजित जश्न-ए-आफताब-ए-इंसानियत में भारी संख्या में लोगों ने आपसी सहयोग व भाई चारा बनाये रखने का संकल्प लिया। दिल्ली से पधारे मौलाना गजनफर अब्बास तूसी ने कहा कि हज़रत इमाम हुसैन का मानवता का संदेश पूरे विश्व में फैलाने की आवश्यकता है। जिससे समाज में फैल रही कटुता का विनाश किया जा सके। मौलाना कमर सुल्तान दिल्ली ने हज़रत इमाम हुसैन का भारत के प्रति लगाव को उकेरा। उन्होंने कहा इमाम हुसैन ने कर्बला जाते समय यजीदी लश्कर द्वारा रास्ता रोके जाने पर भारत जाने की तमन्ना की थी,क्योंकि अपने देश में शांति प्रिय लोग निवास करते हैं। सायं के जलसे को मौलाना शाहिद हसन रिजवी ने खिताब किया।

## डीएम ने किया पार्क का निरीक्षण, दिया निर्देश



**अंबेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** जिलाधिकारी अविनाश सिंह द्वारा डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के पास जनपद न्यायालय अंबेडकरनगर के समीप विकसित किए गए चिल्ड्रन पार्क का निरीक्षण किया गया। चिल्ड्रन पार्क में बच्चों के खेलने हेतु हाथी स्थापित किया जा रहा है। जिसका भौतिक निरीक्षण जिलाधिकारी द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा संबंधित को निर्देशित किया गया कि जो कार्य पूर्ण नहीं हुए हैं उसे पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया। पार्क में बच्चों के खेलने हेतु स्पाइरल स्लाइड, फाइबर स्लाइड, स्टैंडिंग प्लेटफार्म झूला, जाइंट स्विंग आदि सहित विभिन्न बहुउद्देशीय एवम् आकर्षक खेल उपकरणों को लगाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने चिल्ड्रेन पार्क के बचे कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ तीव्र गति से कराने के निर्देश दिए।

# धूमधाम से मनाया गया वाणी, विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पूजनोत्सव

अवधनामा संवाददाता




**सिद्धार्थनगर।** जनपद मुख्यालय स्थित रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज तेतरी बाजार में वाणी, विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती का पूजनोत्सव धूमधाम से मनाया गया। वैदिक मंत्रोच्चार से वाग्देवी की आराधना करते हुए नन्हे मुन्ने छात्रों का विद्यारंभ संस्कार कर ज्ञान और विद्या की कामना की। यजमान की भूमिका में विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव व बालिका परिसर की प्रभारी प्रधानाचार्या श्रीमती प्रतिमा सिंह जी द्वारा पुरोहित की भूमिका में विद्यालय के ही आचार्य सुनील त्रिपाठी व कृष्णनाथ पाण्डेय के साथ विधि विधान से पूजन कराया गया।

इस दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य डॉ राजेश कुमार श्रीवास्तव ने कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बसंत प्रकृति और मानव के संयुक्त उमंग का महापर्व है। ऋतुराज वसंत के आगमन के साथ ही प्रकृति जीवंत और चैतन्यमय हो उठती है ।बसंत की मादक तरंग मनुष्य के रग-रग में आह्लाद और उल्लास की स्फूर्ति भर देती है। छात्रों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम की मुख्य अतिति श्रीमती सीमा मिश्रा ने कहा आज का दिन माँ सरस्वती के पूजन का है, जो हमें ज्ञान, विद्या और बुद्धि का आशीर्वाद प्रदान करती हैं। यह केवल एक पूजन नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार और संस्कृति के प्रति हमारी आस्था का प्रतीक है। शिक्षा केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि एक ऐसा प्रकाश है जो अंधकार को दूर कर समाज को प्रगति के मार्ग पर ले जाता है। प्राइमरी वर्ग की श्रीमती संध्या मणि त्रिपाठी व अंशुमान त्रिपाठी द्वारा भी कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला गया। कार्यक्रम के अंत में बालिका वर्ग की प्रभारी प्रधानाचार्या श्रीमती प्रतिमा सिंह जी द्वारा अतिथियों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित की गई। उक्त अवसर पर कार्यक्रम की अध्यक्षता व राजकीय कन्या इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या श्रीमती कल्पना पांडेय, वरिष्ठ आचार्य निमिष शुक्ल, कार्यक्रम संचालक दिलीप श्रीवास्तव समेत समस्त आचार्य बंधुओं के साथ कार्यालय के बंधुओं, कर्मचारी बंधुओं, अभिभावक गण व भैया बहनों की उपस्थिति रही।

> वैदिक मंत्रोच्चार से पूजी गई वाग्देवी

## बकाया वाहन स्वामियों को अपने टैक्स के साथ-साथ पेनाल्टी भी करनी पड़ेगी जमा

अवधनामा संवाददाता

**बस्ती।** संभाग के जनपदों में कर बकाया वाहन काफी संख्या में संचालित हो रहे हैं। उक्त जानकारी देते हुए संभागीय परिवहन अधिकारी रवि कान्त शुक्ल ने बताया हैं कि शासन के द्वारा ऐसी कर बकाया वाहनों को पेनाल्टी में शत-प्रतिशत छूट प्रदान की गई है। उन्होने बताया कि छूट की अवधि शासन के द्वारा 05 फरवरी, 2025 तक निर्धारित है, उसके बाद कर बकाया वाहन स्वामियों को अपने टैक्स के साथ-साथ पेनाल्टी भी जमा करनी पड़ेगी। संभाग के जनपदों में प्रवर्तन अधिकारियों द्वारा शीघ्र ही ऐसे कर बकाया वाहनों की धरपकड़ करते हुए थानों में बंद किया जायेगा।

उन्होने सभी कर बकाया वाहन स्वामियों से अनुरोध किया है कि वे पेनाल्टी में दी जा रही शत-प्रतिशत छूट का फायदा उठाते हुए, अपना टैक्स अपने जिले के सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय में जमा करायें। इसके साथ ही बहुत से वाहन स्वामियों द्वारा अपने व्यावसायिक वाहन की फिटनेस नहीं कराई जा रही है, जिसपर प्रथम बार चालान होने पर रू0 5000/-जुर्माना एवं द्वितीय बार चालान होने पर रू0 10000/-जुर्माना देना पड़ता है, जबकि वाहन की फिटनेस न कराने पर वाहन का बीमा भी प्रभावी नहीं रह जाता है। अतः सभी समस्त व्यावसायिक वाहन स्वामियों से अनुरोध है कि वे अपने वाहन की फिटनेस यथाशीघ्र करा लें।

उन्होने यह भी बताया है कि बहुत से निजी वाहन स्वामी जिनके वाहन की पंजीयन अवधि 15 वर्ष पूर्ण हो चुकी है, वाहन का पुनर्पंजीयन नहीं कराया गया है और ऐसे वाहन बिना पंजीयन के संचालित हो रहे हैं, ऐसे वाहन चेकिंग के दौरान पकड़े जाने पर रू0 5000/- का जुर्माना भरेंगे और उन्हें थानों में बंद भी किया जा सकता है। अतः असुविधा से बचने के लिए ऐसे सभी निजी वाहन स्वामी अपने दोपहिया और चार पहिया वाहन का पुनर्पंजीयन अपने जिले के सहायक सम्भागीय परिवहन कार्यालय में अपने वाहन को ले जाकर अवश्य करा लें।

## सम्राट सुहेलदेव की धूमधाम के साथ मनी जयंती

**हजपुरा, अम्बेडकरनगर अवधनामा संवाददाता।** विकासखंड अकबरपुर के



ग्राम पंचायत सलेमपुर में सम्राट सुहेलदेव की 1016वीं जयंती काफी हर्षोल्लास व धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन ग्राम प्रधान अशोक प्रजापति एवं सालिकराम राजभर के नेतृत्व में किया गया ।सम्राट सुहेलदेव के चित्र पर माल्यार्पण करने के बाद जुलूस के रूप में ग्राम पंचायत के अतिरिक्त आस पास के गांवों कहरा, हरपुर, भौसिमपुर, परसकटुई आदि में भी जुलूस ले जाया गया ।लोगों ने उत्साह पूर्वक जुलूस का स्वागत किया और चित्र पर पुष्प चढ़ा कर सम्राट सुहेलदेव के प्रति अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किया। बच्चे, बुजुर्ग एवं महिलाएं भी इसमें शामिल रही ।इस आयोजन में मुख्य रूप से संतोष त्रिपाठी, कपिलदेव राजभर, राम गोपाल, राम नवल राजभर, राम रहीस, ऋषभ सिंह, आकाश, रामपूजन आदि लोग शामिल रहे।

## केंद्र से आर्थिक मुराद

कहीं तालियां, कहीं बाहुपाश, हर बजट की समझ में खुद को ढूंढना अब इल्तिजा है। यूं तो केंद्रीय बजट का श्रृंगार मध्यम वर्ग की संवेदना पर मरहम लगाता प्रतीत हो रहा है, लेकिन छोटे मंसूबों में बड़े उपकार के मुहावरे समझना कठिन है। अब सीधा गणित है भी नहीं कि हम अपने राज्य के आसपास बजट को सीधा खड़ा कर दें, फिर भी तलाश यह है कि हिमाचल इसके भीतर अपनी आर्थिक मुराद पूरी करे। केंद्र से सीधे संबोधन की सुर्खियां लालायित करती हैं, तो हिमाचल का मध्यम वर्ग आयकर के बारह लाख क्लब का लाभान्वित सदस्य तो हो ही गया। जो कर्मचारी कल तक ओपीएस के बाहुपाश में हिमाचल सरकार के बाहुपाश में थे, उनके लिए आयकर का नवीन मुहावरा, बड़े काम का हो गया। देश के मध्यम वर्ग के मार्फत अब राष्ट्रीय खुशहाली के ख्वाब अगर बाजार में पल्लवित होते हैं, तो हिमाचल में सियासत इसी बुनियाद को पुख्ता करेगी। हम कई बार लिख चुके हैं कि हिमाचल में चुनाव के विषय और वर्ग को समझना है, तो मध्यम वर्ग-मध्यम वर्ग जपना ही होगा। यहां कर्मचारी वर्ग की ताजपोशी में मिशन रिपीट का सबब अगर पूरा नहीं होता, तो इसलिए कि गैर सरकारी क्षेत्र का मध्यम वर्ग ही राष्ट्रीय औसत से दोगुना है। यानी देश में 31 प्रतिशत मध्यम वर्ग के मुकाबले हिमाचल में साठ से सत्तर प्रतिशत जनसंख्या इसी दायरे में चिन्हित हो रही है। खैर एक वर्ग केंद्र ने अपने नजदीक कर लिया, तो इसके मायने हिमाचल के बजट में भी देखे जाएंगे। जिसने जान लीं बारीकियां अपने हुस्न कीं, वह मुंह दिखाने के काबिल बनता गया। ऐसे में उन प्रतिक्रियाओं के अक्स में हिमाचल प्रदेश की आशाओं को देखना होगा, जिन्हें साधने की कला में कांग्रेस और भाजपा के जनप्रतिनिधि आमने-सामने हैं। सांसदों के गलियारे में हमारे हिस्से के अल्फाज अगर प्रशंसा कर रहे हैं, तो अब सुरेश कश्यप, राजीव भारद्वाज, अनुराग ठाकुर, कंगना रनौत, इंदु गोस्वामी, प्रो. सिकंदर कुमार से लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा से गुजारिश है कि बजट के बीच हिमाचल के मौन को तोड़ें। यह दीगर है कि केंद्र की हर योजना की झलक में प्रदेश के लाभ सुनिश्चित हैं, लेकिन मात्रात्मक दृष्टि से अब कांग्रेस शासित प्रदेश होने की गुरबत है।

जीएसटी की साधना में प्रदेश का कर ढांचा अगर मन्नत पूरी नहीं कर पा रहा है, तो हिसाब की ईमानदारी में गफलत तो है। इसलिए जब बिहार पर बजट का झुकाव देखा गया, तो हिमाचल पर सूखे की मार डराती है। कहां तो हमारे सांसद बड़ी परियोजनाओं के सपने दिखाते हैं और कहां हकीकत में बजट आंखें बंद कर लेता है। हम राजनीतिक दुर्ग लांघते आर्थिक कांटों की पीड़ा का एहसास कर सकते हैं, क्योंकि हम पहाड़ी राज्य अपने ही संसाधनों को मौन कर बैठे हैं। हम हिमाचल के पड़ोसी जम्मू-कश्मीर में दौड़ती वंदे भारत के नक्शे पर अंब-अंदौरा को निकली ट्रेन का इंजन ज्वालामुखी-कांगड़ा तक लाना चाहते हैं, लेकिन बजट खामोश है। केंद्रीय बजट की खामोश पलकों को अपनी उम्मीदों से खोलना चाहते हैं, इसलिए इसकी हर खूबी की प्रतीक्षा है, इसके भीतर बहते हर प्रोत्साहन की मंजिल में खुद को रखना चाहते हैं। हम चाहते हैं कि केंद्रीय परियोजनाओं में पर्वतीय राज्य का विशेष वित्तीय दर्जा घायल न हो। पिछड़े सौ जिलों के उद्धार में हिमाचल की भौगोलिक दुरुहता कम हो जाए। इंडिया पोस्ट से निकलती ग्रामीण आर्थिकी में हिमाचल के पिछड़े गांव शरीक हो जाएं। मत्स्य उद्योग से जल स्रोत और बांध परियोजनाओं के मुहाने जुड़ जाएं। होगा यह बजट गेम चेंजर, मगर राजनीतिक खेल में फंसी हमारी मुराद कैसे पूरी होगी, यह जवाब तमाम सांसदों को देना होगा। हिमाचल न तो ऊंट है और न ही सवाल इसके मुंह में जीरे का है, बल्कि यहां पर्वतीय अधिकारों के मानदंड अनिश्चित हैं। बेशक केंद्रीय बजट पर्यटन की आंखों से देखते हुए 50 स्थलों का विकास करना चाहता है। ऐसे में हम पहाड़ की आर्थिकी को पर्यटन से तभी रूबरू कर पाएंगे, अगर प्रस्तावित स्थलों में हिमाचल का ट्राइबल टूरिज्म डेस्टिनेशन विकसित हो जाए या ग्रामीण पर्यटन में निखार आ जाए। सुक्खू सरकार कांगड़ा को पर्यटन राजधानी घोषित करके गगल एयरपोर्ट विस्तार की पैमाइश कर चुकी है, तो क्या केंद्र की बजटीय उदारता इस परियोजना के ऊपर मेहरबान होगी। सांसद राजीव भारद्वाज ने बजटीय प्रतिक्रिया में बौद्ध पर्यटन के किवाड़ खोले हैं, तो उम्मीद यह करनी चाहिए कि हिमाचल में भी एक बौद्ध सर्किट विकसित होगा। महामहिम दलाई लामा की उपस्थिति और बौद्ध संस्कृति की विशालता में मकलोडगंज से मनाली, लाहौल-स्पीति और किन्नौर तक की पृष्ठभूमि में अंतरराष्ट्रीय पर्यटन की गतिविधियां शुरू हो सकती हैं। बहरहाल केंद्रीय बजट किस स्तर तथा किस तरह हिमाचल में रूपांतरित होता है, इसे आने वाले दिनों या प्रदेश के बजट में देखा जा सकता है।

## देश की संस्कृति, संस्कार के अनुरूप ही भाषा साहित्य की उत्पत्ति

साहित्य सत्य की साधना है शिवत्व की कामना और सौंदर्य की अभिव्यंजना हैद्य शुद्ध, जीवंत एवं उत्कृष्ट साहित्य मानव एवं समाज की संवेदना और उसकी सहज वृत्तियों को युगों युगों तक जनमानस मैं संचारित करता रहता है। और यही कारण है कि कालिदास, सूरदास, कबीर, प्रेमचंद, शेक्सपियर की कृतियाँ आज भी लोगों के मध्य अपनी रस सुधा से हृदय को भिगोती रहती हैद्य राजनैतिक और भौगोलिक दृष्टि से विश्व कितने ही भागों में बट जाए, मतभेद और विवादों की खाई कितनी भी गहरी हो जाए, पर साहित्य धरातल पर सब सामान्य और एक हैं। दुनिया में मानव एक है। उनकी रचनाएं सभी जगह एक और समान हैद्य यह भी सत्य है कि किसी भी देश की भाषा और साहित्य के अध्ययन के आधार पर वहां की सभ्यता संस्कृति के विकास का सहज विधि का अनुमान लगाया जा सकता है। साहित्य में मानवीय समाज के सुख-दुख, आशा निराशा, उत्थान पतन का स्पष्ट चित्रण होता है। साहित्य की इन्हीं विशेषताओं के कारण साहित्य कालजई और सास्वत होता है। मुंशी प्रेमचंद जी ने साहित्य को ÷जीवन की आलोचना÷ भी कहा है।


संजीव ठाकुर

साहित्य एक स्वायत्त आत्मा है, और उसकी सृष्टि करने वाला भी ठीक से नहीं घोषणा कर सकता है कि उसके द्वारा रचे गये साहित्य की अनुगूंज कब और कहां तक जाएगी। इस तरह साहित्य का सत्य समाज की नैतिक चिंता है। समाज की विसंगतियों को दूर करने वाला एक बड़ा रक्षक भी है। प्राचीन मनीषियों द्वारा लिखा गया साहित्य अत्यंत आकर्षक एवं प्रिय इसलिए भी लगता है कि मनुष्यता का एक संपूर्ण चरित्र चित्रण होता है। साहित्य और संस्कृति एक दूसरे से गहरे जुड़े हुए हैं। मानवी जीवन की तरह साहित्य मैं भी संघर्ष और निरंतरता की निरंतरता समाहित होती है। समय और परिस्थिति की संस्कृति का प्रभाव साहित्य पर निरंतर परिलक्षित होता रहता है। यह साहित्य ही है जो वर्तमान को सामने रख भविष्य की रूपरेखा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। समाज की सुषुप्त विवेक शक्ति को जागृत कर समाज का दिशा दर्शन भी करता है। अपने समय की विसंगतियों को दूर करने के साथ ही गुणात्मक साहित्य सदैव प्रासंगिक बना रहता है। समाज और जनमानस को आलोक स्तंभ की तरह पल्लवित एवं प्रकाशित करता है। वर्तमान के भौतिक समय में जब मानवता और संवेदना की पीड़ा की गूंज सभी जगह फैली हुई है, ऐसे में सत साहिब से और अर्वाचीन संस्कृति दिशा दर्शन और माननीय संवेदनाओं को संबल देने में अत्यंत प्रासंगिक भी है। यह कतई कहने की आवश्यकता नहीं है कि श्रेष्ठ साहित्य वही है जो मनुष्य के भीतर और बाहर प्रासंगिक मूल्यों,संदेश और उद्देश्यों को समाए रखता है। कबीर दास रविंद्र नाथ टैगोर, शरद चंद, जयशंकर प्रसाद, रेणु, प्रेमचंद, शेक्सपियर, होमर, मिल्टन आदि का साहित्य जनमानस के मन में और जीवन में रच बस गया है। इन्होंने प्रतिभा सापेक्ष श्रेष्ठ रचनाएं समाज को दी हैं। और यही कारण है इनकी रचनाओं से संस्कृति की झलक स्पष्ट रूप से दिखाई देती है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**
**स्थानीय संपादक**
**मोहम्मद आलम रिज़वी**
**RNI No UPHIN/2010/31173**
**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**
**avadhnamahindi@gmail.com,**

**स्कूली खेल और उसके बाद के युवा खेल अब युवा एथलीटों के लिए प्रमुख प्रतियोगिता और भारत के भावी ओलंपियनों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिभा-खोज कार्यक्रम बन चुके हैं। इस विस्तार ने प्रतिस्पर्धा के विभिन्न स्तरों पर एथलीटों के लिए एक सहज प्रोत्साहन मार्ग सुनिश्चित किया है, जिससे भारत की खेल श्रृंखला मजबूत हुई है। खेलो इंडिया सिर्फ़ एथलीट पहचान कार्यक्रम से कहीं आगे बढ़ चुका है। अब इसमें कॉर्पोरेट, राज्य सरकारें, निजी अकादमियां और जमीनी स्तर के संगठन समेत कई हितधारक शामिल हैं।**

# खेलो इंडिया अब हर एथलीट की यात्रा का एक बड़ा हिस्सा क्यों है?

सात वर्ष पूर्व, हमने 2018 में खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) के शुभारंभ के साथ एक आंदोलन की ज्योति प्रज्वलित की थी। आज जब मैं देखता हूं कि हम इस मामले में कितना आगे निकल चुके हैं, तो मुझे बेहत गर्व होता है, न केवल उन पदकों के लिए जो हमने जीते हैं, बल्कि जिस तरह से खेलो इंडिया ने हमारे देश में खेलों के मूल स्वरूप में बदलाव किया है, उसको देखते हुए भी यह अनुभूति होती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में संकल्पित, खेलो इंडिया कभी भी केवल पदक जीतने के संदर्भ से जुड़ा नहीं था, सही मायने में यह खेलों के लिए एक राष्ट्रव्यापी आंदोलन को प्रज्वलित करने के साथ-साथ एक ऐसी संस्कृति को बढ़ावा देने की परिकल्पना थी, जहां हर बच्चे को खेलने और समग्र रूप से विकसित होने का अवसर मिले। आज, यह आंदोलन खेलो इंडिया गेम्स के 16 संस्करणों में विस्तारित एक बहुआयामी राष्ट्रीय कार्यक्रम के रूप में विकसित हो चुका है, यह एक ऐसी पारिस्थितिकी व्यवस्था बना रहा है जो युवा प्रतिभाओं का पोषण करती है, विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचा तैयार करती है और खेलों में समावेशिता को बढ़ावा देने के साथ-साथ भारत के एक प्रमुख वैश्विक खेल राष्ट्र बनने के महत्वाकांक्षी लक्ष्य की आधारशिला भी रखती है। खेलो इंडिया स्कूल गेम्स (केआईएसजी) के उद्घाटन ने भारत में जमीनी स्तर की खेल क्रांति की दिशा तय की है। विद्यालय स्तर की प्रतियोगिताओं में अपार संभावनाओं को पहचानते हुए, केआईएसजी ने युवा एथलीटों के लिए अंतर-स्कूल प्रतियोगिताओं से राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय खेल आयोजनों में शामिल होने के लिए एक व्यवस्थित मार्ग बनाया। पिछले कुछ वर्षों में, इस पहल ने हजारों एथलीटों की पहचान की है और उनका पोषण किया है, जिनमें से कुछ ओलंपिक और एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। इस व्यवस्था का सबसे बड़ा उदाहरण खेल रत्न पुरस्कार विजेता मनु भाकर हैं, जिन्होंने स्कूल गेम्स से यूनिवर्सिटी गेम्स में पदार्पण किया और वह पेरिस ओलंपिक में दोहरी कांस्य पदक विजेता बनीं। खेलो इंडिया गेम्स के व्यापक ढांचे में केआईएसजी के विस्तार के साथ, जमीनी स्तर पर प्रतिभाओं की पहचान अधिक मजबूत हो चुकी है। विद्यालय, छोटी आयु की प्रतिभाओं के केंद्र बने हुए हैं और खेलो इंडिया ने यह सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है कि इन युवा एथलीटों को विश्व स्तरीय प्रशिक्षण के साथ-साथ बुनियादी सुविधाएं और प्रदर्शन करने के अवसर मिलें। आज, खेलो इंडिया के विद्यालय और विश्वविद्यालय स्तर के चैंपियन उच्चतम स्तर पर पदक जीत रहे हैं और यह कार्यक्रम की प्रभावशीलता का प्रमाण है। अपनी स्थापना के बाद से, खेलो इंडिया ने अपने खेलों के 16 संस्करण आयोजित किए हैं, जिनमें छह युवा खेल, चार विश्वविद्यालय खेल, पांच शीतकालीन खेल और एक पैरा-खेल शामिल हैं। प्रत्येक संस्करण ने भारत के खेल परिदृश्य में नए आयाम पेश किए हैं।


डॉ. मनसुख मांडविया



स्कूली खेल और उसके बाद के युवा खेल अब युवा एथलीटों के लिए प्रमुख प्रतियोगिता और भारत के भावी ओलंपियनों के लिए एक महत्वपूर्ण प्रतिभा-खोज कार्यक्रम बन चुके हैं। इस विस्तार ने प्रतिस्पर्धा के विभिन्न स्तरों पर एथलीटों के लिए एक सहज प्रोत्साहन मार्ग सुनिश्चित किया है, जिससे भारत की खेल श्रृंखला मजबूत हुई है। खेलो इंडिया सिर्फ़ एथलीट पहचान कार्यक्रम से कहीं आगे बढ़ चुका है। अब इसमें कॉर्पोरेट, राज्य सरकारें, निजी अकादमियां और जमीनी स्तर के संगठन समेत कई हितधारक शामिल हैं। निजी क्षेत्र की भूमिका काफ़ी बढ़ गई है, जिसमें निगम प्रायोजन, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं और एथलीट मेंटरशिप कार्यक्रमों के माध्यम से खेल विकास में निवेश कर रहे हैं। सरकार, राष्ट्रीय खेल महासंघों (एनएसएफ) और कॉर्पोरेट संस्थाओं के साथ भागीदारी के ज़रिए लक्षित समर्थन सुनिश्चित करके खेलों में कॉर्पोरेट जुड़ाव को और बढ़ाने के लिए एक कॉर्पोरेट, एक खेल पहल शुंभारभ कर रही है। राज्य सरकारों ने भी पहल की है, क्षेत्रीय खेल प्राथमिकताओं के आधार पर खेलो इंडिया केंद्र (केआईसी) का प्रस्ताव दिया है, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि खेल विकास स्थानीय ज़रूरतों के अनुरूप हो। इसके अलावा, देश के विभिन्न क्षेत्रों में ओलंपिक प्रशिक्षण केंद्र (ओटीसी) स्थापित करने की योजनाएं हैं। ये विश्व स्तरीय उच्च प्रदर्शन केंद्र पैरा-स्पोर्ट्स और स्वदेशी खेलों सहित शीर्ष एथलीट प्रशिक्षण प्रदान करेंगे और अत्याधुनिक खेल बुनियादी ढांचे, खेल विज्ञान और खेल चिकित्सा सुविधाओं से लैस होंगे। इसके अलावा, उच्च गुणवत्ता वाले प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रदान करने के लिए राज्य उत्कृष्टता केंद्र (एससीओई) स्थापित किए जाएंगे, जो प्राथमिकता वाले खेलों में एथलीटों का समर्थन करेंगे।

समावेशिता खेलो इंडिया की आधारशिला रही है, और 'अचीविंग स्पोर्ट्स माइलस्टोन बाय इंस्पायरिंग वीमेन थ्रू एक्शन' (एएसएमआईटीए) लीग जैसी पहलों ने खेलों में महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। 2021 में अपनी शुरुआत के बाद से, एएसएमआईटीए ने 880 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया है जिससे मीराबाई चानू जैसी ओलंपिक पदक विजेता सहित 1,00,000 से अधिक महिला एथलीटों को लाभ मिला है। प्रधानमंत्री मोदी ने हमेशा ग्रामीण भारत और छोटे शहरों के एथलीटों का समर्थन करने के महत्व पर बल दिया है, जिन्हें अक्सर अतिरिक्त समर्थन की आवश्यकता होती है। खेलो इंडिया के माध्यम से, हमने सुनिश्चित किया है कि वित्तीय बाधाओं के कारण प्रतिभा पीछे न छूट जाए। खेलो इंडिया के अंतर्गत महिला फुटबॉल लीग अरुणाचल प्रदेश के मोनिगोंग जैसे दूरदराज के इलाकों तक भी पहुंच गई है, इससे संगठित खेल गतिविधियों से अछूते क्षेत्रों में खेल भागीदारी को बढ़ावा मिला है। पैरा-एथलीटों के लिए, खेलो इंडिया पैरा गेम्स ने एक समावेशी मंच प्रदान किया है, जिसके तहत अब कई एथलीट पैरालिंपिक जैसे वैश्विक आयोजनों के लिए क्वालिफाई कर रहे हैं। इसके अतिरिक्त, इस पहल ने योगासन, मल्लखंब, कलारीपयट्टू, थांग-ता और गतका जैसे स्वदेशी खेलों को सक्रिय रूप से बढ़ावा दिया है तथा उन्हें खेलो इंडिया यूथ एंड यूनिवर्सिटी गेम्स में एकीकृत करके उनके संरक्षण और विकास को सुनिश्चित किया है। स्वदेशी खेलों को और बढ़ावा देने के लिए कबड्डी और खो-खो जैसे पारंपरिक खेलों के लिए भारत-आधारित अंतर्राष्ट्रीय महासंघों की स्थापना करने का प्रयास किया जाएगा, जिसका उद्देश्य विश्व चैंपियनशिप का आयोजन करना और अंतर्राष्ट्रीय बहु-खेल आयोजनों में उनके समावेशन की दिशा में कार्य करना है।

# कैंसर जोखिमों को परास्त करने में योग सहायक

**दुनिया में हर छठी मौत कैंसर के कारण होती है। मेडिकल क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रयोग और तकनीक विकास के चलते कैंसर अब लाइलाज बीमारी तो नहीं रही है, पर अब भी आम लोगों के लिए इसका इलाज काफी कठिन बना हुआ है। कैंसर से लड़ने के लिए सबसे जरूरी है कि हमें इस बीमारी के बारे में सब कुछ पता हो, इसे कैसे रोका जाए और इसको कैसे डायग्नोस किया जाए। अगर जिजीविषा, मनोबल एवं हौसला हो तो कैंसर को भी पस्त किया जा सकता है।**

कैंसर एक ऐसा रोग है जिसके बारे में सुनकर ही लोग डर जाते हैं। कैंसर, वैश्विक स्तर पर तेजी से बढ़ती गंभीर और जानलेवा स्वास्थ्य समस्याओं एवं बीमारियों में से एक है, जिसके कारण हर साल लाखों लोगों की मौत हो जाती है। विश्व कैंसर दिवस दुनिया के हर कोने में कैंसर की रोकथाम, कैंसर के लक्षणों की पहचान और इलाज के प्रति जागरूकता लाने एक महत्वपूर्ण दिन है, इस दिवस को मनाने की शुरुआत साल 2000 में पेरिस में हुई थी। 4 फरवरी 2000 को पेरिस में 'वर्ल्ड समिट अगेंस्ट कैंसर' कार्यक्रम का आयोजन कर इस दिवस को मनाने की शुरुआत हुई। अंतर्राष्ट्रीय कैंसर नियंत्रण संघ हर साल एक खास थीम पर वर्ल्ड कैंसर डे मनाता है। यह खास थीम लोगों को जागरूक करने और कैंसर के खिलाफ वैश्विक कार्रवाई को प्रेरित करने के लिए बनाई जाती है। साल 2025 में वर्ल्ड कैंसर डे की थीम 'यूनाइटेड बाय यूनीक' रखी गई है। इस थीम को रखने का उद्देश्य लोगों को यह बताना है कि कैंसर न सिर्फ इलाज से बल्कि लोगों के आत्मविश्वास एवं मनोबल से जीतने वाली एक लड़ाई है, जिसे हमें जड़ से खत्म करना है। 'मैं हूँ और मैं करूँगा' जो व्यक्तियों से कैंसर के खिलाफ लड़ाई के लिए व्यक्तिगत प्रतिबद्धता बनाने का आह्वान करता है।


ललित गर्ग

मानव शरीर कई कोशिकाओं से मिलकर बना होता है। इनका समय-समय पर रिप्लेसमेंट होता है। जैसे-जैसे कोशिकाएं मरती जाती हैं उनकी जगह पर नई कोशिकाओं का निर्माण होता है। इन रिप्लेसमेंट के दौरान जो सेल मल्टिप्लीकेशन होता है उसके अंदर कोई एक विकृत कोशिका भी पैदा हो जाती है और यह असामान्य कोशिका ऐसी होती है जिस पर शरीर के सिस्टम्स का कोई नियंत्रण नहीं होता और यह सेल इस तरह मल्टीप्लाई करता है कि अंततोगत्वा यह ट्यूमर अथवा कैंसर का रूप अख्तियार कर लेता है। कैंसर कई प्रकार के हो सकते हैं, सभी उम्र के व्यक्तियों में इसका जोखिम देखा जा रहा है। लक्षणों की समय पर पहचान और इलाज प्राप्त करके कैंसर से मृत्यु के जोखिमों को कम करने में मदद मिल सकती है। हर साल लाखों लोग कैंसर से मरते हैं, जो विश्व स्तर पर मृत्यु का प्रमुख कारण है। साल 2022 में दुनिया भर में कैंसर से करीब 9.7 मिलियन लोगों की मौत हुई थी, साल 2040 तक, कैंसर से होने वाली मौतों की संख्या बढ़कर 15.3 मिलियन होने का अनुमान है।

दुनिया में हर छठी मौत कैंसर के कारण होती है। मेडिकल क्षेत्र में क्रांतिकारी प्रयोग और तकनीक विकास के चलते कैंसर अब लाइलाज बीमारी तो नहीं रही है, पर अब भी आम लोगों के लिए इसका इलाज काफी कठिन बना हुआ है। कैंसर से लड़ने के लिए सबसे जरूरी है कि हमें इस बीमारी के बारे में सब कुछ पता हो, इसे कैसे रोका जाए और इसको कैसे डायग्नोस किया जाए। दुनियाभर में विभिन्न आय, आयु, लिंग, जातीयता आदि के समूहों की आबादी द्वारा सामना की जाने वाली कैंसर देखभाल सेवाओं तक पहुंच में अंतर को खत्म करना अपेक्षित है। असाध्य बीमारी होने के बावजूद इस बीमारी को परास्त किया जा सकता है, अगर जिजीविषा, मनोबल एवं हौसला हो तो कैंसर को भी पस्त किया जा सकता है और ऐसा होते हुए देखा भी जा रहा है। हम जानते हैं कि हममें से हर एक में बदलाव लाने की क्षमता है, चाहे बड़ा हो या छोटा, और साथ मिलकर हम कैंसर के वैश्विक प्रभाव को कम करने में प्रगति कर सकते हैं। अक्सर वही लोग खतरे में पड़ते हैं, जो खुद को खतरे में महफूज समझते हैं या खतरे को गंभीरता से नहीं लेते हैं।

**विश्व कैंसर दिवस**



हाल के वर्षों में हासिल किए गए महत्वपूर्ण कैंसर अनुसंधान मील के पत्थर को साबित हुए हैं और क्षितिज पर आशाजनक नैदानिक विकास का पता लगाया है। पिछले कुछ सालों में विज्ञान ने कैंसर के प्रकारों, कारणों और उपचारों में काफी विकास किया है एवं इस बीमारी से लड़ने एवं इसे परास्त करने में सफलता पाई है। ऐसे तमाम आम और सेलिब्रेटी हैं, जिन्होंने कैंसर का सही समय पर जांच और इलाज करवाकर जीवन का सुख प्राप्त कर रहे हैं। इस दिशा में और भी जागरूकता और सतर्कता बढ़ाने की जरूरत है। कैंसर लाइलाज नहीं है, लेकिन इसका इलाज स्टेज 1 या स्टेज 2 में पता लग जाने और तुरन्त ऑपरेशन करके निकाल देने से संभव है। इन वर्षों में अनेक प्रभावी दवाइयों एवं इलाज प्रक्रियाएं भी सामने आयी है जैसे-टार्गेटेड थेरेपी है, इम्यूनो थेरेपी है। उससे लोगों को काफी आराम मिलता है। उससे अनेक लोगों का खतरा पूरी तरह या कुछ मात्रा में कम हुआ एवं जीवन में कुछ वर्ष बढ़े हैं।

कैंसर ठीक होने के सवाल में एक और बात बताना जरूरी हो जाता है कि कैंसर एक लाइफस्टाइल बीमारी भी है। इसलिये जीवन को संतुलित एवं संयममय बनाकर इस बीमारी को कम किया जा सकता है। आप कैसे रहते हैं, क्या खाते हैं, क्या आपकी आदतें हैं, क्या आपकी बुरी आदतें है, उसपर भी निर्भर करता है। लाइफस्टाइल और आहार को पौष्टिक रखने के साथ शराब-धूम्रपान को छोड़कर योग, ध्यान एवं साधना के माध्यम से कैंसर के खतरे से बचाव किया जा सकता है। कैंसर विश्वभर में मृत्यु का दूसरा प्रमुख कारण है। शरीर के किसी हिस्से में असामान्य कोशिकाओं की वृद्धि और इसका अनियंत्रित रूप से विभाजन कैंसर का कारक होती है। आनुवांशिकता, पर्यावरणीय, लाइफस्टाइल में गड़बड़ी, रसायनों के अधिक संपर्क के कारण कैंसर होने का जोखिम बढ़ जाता है। महिलाओं में सर्वाइकल और ब्रेस्ट कैंसर और पुरुषों में फेफड़े-प्रोस्टेट और कोलन कैंसर का खतरा सबसे अधिक देखा जाता रहा है।

कैंसर को नियंत्रित करने में भारतीय योग, आयुर्वेद एवं अध्यात्म की महत्वपूर्ण भूमिका है। क्योंकि अध्यात्म से व्यक्ति को आत्मविश्वास व मानसिक बल मिलता है। अध्यात्म के सहारे से जीवन की यात्रा को सुगम व सरल किया जा सकता है। इसे एक पारंपरिक उपचार प्रणाली के रूप में जाना जाता है, जो पूरे शरीर, मन और आत्मा में ऊर्जा के संतुलन और प्रवाह को पुनर्स्थापित करती है। जिस प्रकार दवाई हमारे शरीर के अंदर जाकर बीमारी को ठीक करती है, ठीक उसी प्रकार आध्यात्मिक इलाज हमारे मन को मजबूत बना कर किसी भी बीमारी से लड़ने की हिम्मत देता है। अध्यात्म में वो शक्ति है, जो हारे हुए व्यक्ति के जीवन में नई ऊर्जा भर देता है। अध्यात्म के बहुत सारे अंग हैं जैसे- योग, प्राणायाम, मंत्र साधना, ध्यान, आदि।

# जनप्रतिनिधियों के लिए सेवानिवृत्ति संबंधी नियम क्यों नहीं

**नेताओं के लिए सेवानिवृत्ति की कोई आयु सीमा क्यों नहीं? इस प्रश्न का उत्तर खोजने के लिए हमें राजनीति की उस वास्तविकता को समझना होगा जो इसे अन्य सेवाओं से अलग बनाती है। राजनीति को एक सेवा की बजाय एक व्यवसाय बना दिया गया है, जहाँ आने के बाद व्यक्ति आजीवन उसी में बना रहना चाहता है। अधिकांश नेता राजनीति को एक ऐसी कुर्सी समझते हैं, जिस पर बैठने के बाद वे कभी उठना नहीं चाहते।**

हम सभी इस तथ्य से भली-भांति परिचित हैं कि किसी भी व्यक्ति की कार्यक्षमता को प्रभावित करने में उसकी आयु एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। शारीरिक और मानसिक ऊर्जा, कार्य करने की क्षमता, निर्णय लेने की शक्ति, और जटिल परिस्थितियों में संतुलन बनाए रखने की योग्यता उम्र के साथ बदलती रहती है। आयु का आरोह व्यक्ति को ऊर्जावान, अनुभवी और आत्मविश्वासी बनाता है, जिससे वह जीवन के विभिन्न पहलुओं में न केवल कुशलता से कार्य करता है बल्कि प्रभावशाली निर्णय भी ले पाता है। दूसरी ओर, उम्र का अवरोह कार्यक्षमता को प्रभावित करता है, शरीर को थकान का अनुभव होने लगता है, निर्णय लेने की गति धीमी हो जाती है और व्यक्ति का प्रदर्शन धीरे-धीरे घटने लगता है।


बलदेव राज भारतीय

यही कारण है कि अधिकांश व्यवसायों में कार्य करने की अधिकतम आयु निर्धारित की गई है। सरकारी नौकरियों में, चाहे वह प्रशासनिक सेवाएं हों, सुरक्षा बल हों, शिक्षण संस्थान हों या अन्य कोई सेवा, सेवानिवृत्ति की आयु आमतौर पर 58 से 62 वर्ष के बीच निर्धारित होती है। इसका मुख्य उद्देश्य यही है कि व्यक्ति की घटती शारीरिक एवं मानसिक कार्यक्षमता को ध्यान में रखते हुए उसे विश्राम और नए योग्य व्यक्तियों को अवसर दिया जाए। लेकिन जब बात हमारे देश के जनप्रतिनिधियों की आती है, तो यह नियम पूरी तरह अप्रासंगिक हो जाता है। यह अत्यंत आश्चर्यजनक और विडंबनापूर्ण है कि जो लोग जनता के सेवक कहलाते हैं, जो लोकतंत्र के कर्णधार माने जाते हैं, वे स्वयं को कार्यक्षमता के इस मापदंड से पूरी तरह मुक्त कर लेते हैं। हमारे देश में अधिकांश नेता 60 वर्ष की उम्र पार कर लेने के बाद भी सक्रिय राजनीति में बने रहते हैं। यहाँ तक कि कई शीर्ष पदों पर आसीन राजनेता 70, 80 या 90 वर्ष की अवस्था में भी कुर्सी कुर्सी की रट लगाए रहते हैं। यह विचारणीय प्रश्न है कि यदि 60 वर्ष के बाद एक सरकारी कर्मचारी को सेवानिवृत्त कर दिया जाता है क्योंकि उसकी कार्यक्षमता में गिरावट आ जाती है, तो वही नियम हमारे नेताओं पर क्यों लागू नहीं होता? क्या वे किसी विशेष मिट्टी के बने होते हैं जिन पर उम्र का कोई असर नहीं पड़ता? क्या उनकी कार्यक्षमता बढ़ती उम्र के साथ बढ़ती ही जाती है? नेताओं के लिए सेवानिवृत्ति की कोई आयु सीमा क्यों नहीं? इस प्रश्न का उत्तर खोजने के लिए हमें राजनीति की उस वास्तविकता को समझना होगा जो इसे अन्य सेवाओं से अलग बनाती है। राजनीति को एक सेवा की बजाय एक व्यवसाय बना दिया गया है, जहाँ आने के बाद व्यक्ति आजीवन उसी में बना रहना चाहता है। अधिकांश नेता राजनीति को एक ऐसी कुर्सी समझते हैं, जिस पर बैठने के बाद वे कभी उठना नहीं चाहते। उनके लिए यह एक निरंतर चलने वाली यात्रा होती है, जो तब तक जारी रहती है जब तक प्रकृति उन्हें स्वयं सेवानिवृत्त नहीं कर देती।



इसके पीछे कुछ मुख्य कारण हैं। पहला कारण इन्हें मिलने वाली असीमित शक्तियां और विशेषाधिकार है। जनप्रतिनिधियों को जो अधिकार और विशेषाधिकार प्राप्त होते हैं, वे किसी अन्य व्यवसाय में उपलब्ध नहीं होते। उनकी निर्णय लेने की शक्ति, सरकारी संसाधनों पर नियंत्रण और उनकी सामाजिक एवं राजनीतिक स्थिति उन्हें पद से चिपके रहने के लिए प्रेरित करती है। यह एक कटु सत्य है कि हमारे सांसद और विधायक जब चाहें, बिना किसी विरोध के, अपने वेतन और भत्ते बढ़वा सकते हैं। इसके लिए उन्हें किसी बाहरी मंजूरी की आवश्यकता नहीं होती। जहाँ सरकारी कर्मचारी अपनी तनख्वाह और भत्तों के लिए सरकार की कृपा पर निर्भर होते हैं, वहीं नेता स्वयं ही अपने वेतन-भत्ते तय करने के लिए स्वतंत्र होते हैं। यही वह दूसरा कारण है, जिसके लिए वे कभी अपनी मर्जी से राजनीति छोड़ना नहीं चाहते।

तीसरे, भारतीय राजनीति में वंशवाद एक बड़ा मुद्दा रहा है। अधिकांश वरिष्ठ नेता अपने परिवार के सदस्यों को राजनीति में स्थापित करने के लिए लंबे समय तक सक्रिय रहते हैं। वे तब तक पद नहीं छोड़ते जब तक उनका उत्तराधिकारी तैयार नहीं हो जाता। चौथा कारण यह है कि राजनीति में आम धारणा यह है कि यहां अनुभव सबसे बड़ी योग्यता है। हालांकि यह सच है कि अनुभव महत्वपूर्ण होता है, लेकिन इसका यह अर्थ नहीं कि केवल उम्रदराज नेताओं को ही राजनीति में रहने दिया जाए। युवा नेताओं के लिए मार्ग प्रशस्त करने के बजाय, अनुभवी नेता राजनीति को अपनी निजी संपत्ति बना लेते हैं। राजनीति का सबसे बड़ा दुर्भाग्य यह है कि इसमें किसी भी प्रकार की सेवानिवृत्ति आयु निर्धारित नहीं की गई है। कोई भी व्यक्ति किसी भी उम्र तक चुनाव लड़ सकता है और जीत सकता है। यदि अन्य व्यवसायों में अधिकतम आयु सीमा निर्धारित की जा सकती है, तो राजनीति में क्यों नहीं?

हम अक्सर देखते हैं कि बड़े-बड़े नेता अत्यधिक उम्र होने के बावजूद महत्वपूर्ण पदों पर बने रहते हैं। वे कानून बनाते हैं, देश की नीतियों को तय करते हैं और जनता के भविष्य का निर्णय लेते हैं, लेकिन क्या वे स्वयं शारीरिक और मानसिक रूप से इतने सक्षम होते हैं कि वे यह कार्य प्रभावी रूप से कर सकें? अक्सर ऐसे नेताओं की कार्यशैली सुस्त हो जाती है, वे जनता से संवाद स्थापित करने में असमर्थ हो जाते हैं और कई बार तो उन्हें सार्वजनिक कार्यक्रमों में भी ठीक से बोलने में कठिनाई होती है। क्या ऐसे नेता देश को सही दिशा में ले जा सकते हैं? यदि एक सरकारी कर्मचारी 60 वर्ष की उम्र के बाद कार्य करने में अक्षम माना जाता है, तो एक 80 वर्षीय नेता कैसे पूर्ण ऊर्जा और क्षमता के साथ राष्ट्र का नेतृत्व कर सकता है? क्या नेताओं के लिए देश महत्त्वपूर्ण नहीं होता? अब समय आ गया है कि राजनीति में भी अधिकतम आयु सीमा निर्धारित करने पर गंभीरता से विचार किया जाए। यदि सरकारी नौकरियों में सेवानिवृत्ति की उम्र होती है, तो राजनीति में भी यह नियम लागू होना चाहिए। अधिकतम आयु सीमा होने से युवा और योग्य नेताओं को आगे आने का अवसर मिलेगा, जिससे नई सोच और ऊर्जा राजनीति में आएगी। जब राजनीतिक पदों पर अधिक ऊर्जावान और सक्षम लोग होंगे, तो निर्णय लेने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी होगी। वरिष्ठ नेता जब तक राजनीति में बने रहते हैं, तब तक वे अपने परिवार के सदस्यों के लिए रास्ता तैयार करते रहते हैं। यदि सेवानिवृत्ति की आयु निर्धारित होगी, तो वंशवाद पर कुछ हद तक नियंत्रण लग सकता है। जब अनुभवी लेकिन अति वृद्ध नेताओं की जगह युवा, जोश से भरे और कुशल नेता आएंगे।

# फरवरी में अप्रैल सा अहसास करा रहा मौसम, आज से होगा बदलाव

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में चल रही पुरवाई और तीखी धूप मिलकर फरवरी में अप्रैल की गर्मी का अहसास करा रहे हैं। धूप इतनी तल्ख होने लगी है कि अभी से लोग दिन में गर्मियों के कपड़ों में आ गए हैं और पंखों की जरूरत महसूस होने लगी है।

बदले हुए मौसम के बीच प्रदेश में सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से पश्चिमी यूपी के विभिन्न जिलों में सोमवार की देर रात से हल्की से मध्यम बारिश के संकेत हैं। पश्चिम में बूंदाबांदी का सिलसिला बुधवार को भी जारी रहने का पूर्वानुमान है। इसके बाद दिन व रात के पारे में हल्की गिरावट देखने को मिल सकती है।

मौसम विभाग ने मंगलवार के लिए प्रदेश के 14 जिलों में गरज चमक संग वज्रपात की चेतावनी जारी किया है। आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह का कहना है कि नए सक्रिय हुए पश्चिमी विक्षोभ के असर से पूर्वा हवाएं अरब सागर और बंगाल की खाड़ी से नमी लेकर पश्चिम में बारिश कराएंगी। इस दौरान राजधानी लखनऊ में भी बादलों की आवाजाही देखने को मिल सकती है। बुधवार से दिन व रात के पारे में हल्की गिरावट के आसार हैं।

**■ मौसम विभाग ने जारी की चेतावनी**

**यहां है वज्रपात होने की संभावना**

सहारनपुर, शामली, मुजफ्फरनगर, बागपत, मेरठ, गाजियाबाद, हापुड, गौतम बुद्ध नगर, बुलन्दशहर, बिजनौर, अमरोहा, मुरादाबाद, रामपुर, संभल व आसपास के इलाकों में।

# वेटलैंड्स संरक्षण से ही सुरक्षित होगा मानव सभ्यता का भविष्य

अवधनामा संवाददाता

**■ मथुरा के जोधपुर झाल वेटलैंड पर पहली बार मनाया गया विश्व वेटलैंड दिवस**

**मथुरा।** बृजतीर्थ विकास परिषद द्वारा विकसित किया जा रहे जोधपुर झाल वेटलैंड पर पहली बार विश्व वेटलैंड दिवस मनाया गया। इस उपलक्ष में वन विभाग द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। आयोजित कार्यक्रम के अंतर्गत नेचर वॉक, बर्ड वाचिंग और चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतिभागी विजेता विद्यार्थियों को मुख्य अतिथि विधायक पूरन प्रकाश पुरस्कार प्रदान किए गए। कार्यक्रम का संचालन वन क्षेत्राधिकारी मथुरा रेंज अतुल तिवारी ने किया। विशेषज्ञ ने समझाया वेटलैंड का महत्व बायोडायवर्सिटी रिसर्च एंड डवलपमेंट सोसाइटी के पक्षी विशेषज्ञ डॉ के पी सिंह ने वेटलैंड के महत्व, संरक्षण और प्रवासी पक्षियों के बारे में जानकरी देते हुए बताया कि वेटलैंड्स पृथ्वी की किडनी का कार्य करते हैं। वेटलैंड्स पर पक्षीवर्ग सहित वन्यजीवों की 40 प्रतिशत प्रजातिया निर्भर रहती हैं। वेटलैंड्स की भूमिका प्रदूषण के नियंत्रण मे अति महत्वपूर्ण होती है। प्रवासी पक्षियों को देखकर रोमांचित हुए छात्र बर्ड वॉचिंग के दौरान उपस्थित छात्र वेटलैंड पर रूडी शेल्डक, कॉमन टील, नोर्दन पिनटेल, नोर्दन शोवलर, पाइड एवोसेट, बार-हेडेड गूज, गेडवाल, ब्लैक-हेडेड आईबिश, कॉमन सेन्डपाइपर, बूली-नेक्ड स्टॉर्क, स्पॉट-बिल्ड डक, स्पून-बिल, ग्रेटर कोर्मोरेन्ट आदि प्रवासी पक्षियों को देखकर रोमांचित हो गये। वेटलैंड संरक्षण की भावनाएं चित्रकारी में की अभिव्यक्त कार्यक्रम में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने वेटलैंड और मानव भविष्य बिषय पर चित्रकारी की। कार्यक्रम में वेटलैंड दिवस के मनाने की दी गई जानकारी डीएफओ रजनीकांत मित्तल ने विश्व वेटलैंड दिवस के बारे मे छात्रों को जानकारी प्रदान कर जागरूक किया।

# यूपी के स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए एआरपी का चयन

अवधनामा संवाददाता

**■ 5 मार्च तक पूरी होगी प्रक्रिया, एआरपी का कार्यकाल तीन साल का होगा**



**लखनऊ।** परिषदीय प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्कूलों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार के लिए कार्य करने वाले एकेडमिक रिसोर्स पर्सन (एआरपी) का चयन 15 मार्च तक पूरा किया जाएगा।

प्रत्येक ब्लॉक में पांच एआरपी का चयन किया जाएगा। कुल 4,425 एआरपी चयनित किए जाएंगे। स्कूली शिक्षा महानिदेशालय की ओर से सभी जिलों को निर्देश दिए गए हैं कि पारदर्शी चयन प्रक्रिया अपना कर निर्धारित समय सीमा में यह कार्य पूरा किया जाए। अभी तक एआरपी का कार्यकाल निर्धारित नहीं था। अब उनका कार्यकाल अधिकतम तीन वर्ष होगा और हर साल प्रदर्शन का मूल्यांकन होगा। अभी जो एआरपी कार्यरत हैं, उनका कार्यकाल 31 मार्च को खत्म हो जाएगा। ऐसे में मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) की अध्यक्षता में कमेटी का गठन कर इन्हें चयनित किए जाने के आदेश दिए गए हैं। जिलों से चयन प्रक्रिया के संबंध में जानकारी मांगी गई है। ऐसे शिक्षक जो तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा कर चुके हैं, उन्हें इस पद के लिए दोबारा चयनित नहीं किया जाएगा। प्रत्येक एआरपी को 10 विद्यालयों को निपुण बनाने के लक्ष्य को पूरा करना होगा। इसके अलावा हर महीने 30 विद्यालयों का भ्रमण कर शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के लिए मदद भी करनी होगी। एआरपी पद पर कार्यरत शिक्षकों को शैक्षिक भ्रमण के लिए हर महीने 2,500 रुपये अलग से भत्ता दिया जाता है।

बता दें कि शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) के तहत निजी स्कूलों में मुफ्त दाखिले के लिए तीसरे चरण की प्रक्रिया 1 फरवरी से शुरू हो चुकी है। कुल 6,03,065 सीटों में से दो चरणों में 1,22,019 सीटें भरी हैं। ऐसे में अभी भी 4,81,046 सीटें खाली हैं। तीसरे चरण में 19 फरवरी तक प्री-प्राइमरी व कक्षा एक में प्रवेश के लिए आनलाइन आवेदन किए जा सकेंगे।

उप शिक्षा निदेशक (समग्र शिक्षा) डॉ. मुकेश कुमार सिंह ने बीते दिनों बताया था कि 23 फरवरी तक सभी जिलों में बेसिक शिक्षा अधिकारी आवेदन फार्मों का सत्यापन करेंगे। 24 फरवरी को लाटरी निकाली जाएगी और 27 फरवरी को स्कूल आवंटित किए जाएंगे।

# खाद्य सुरक्षा एवं पोषण में सीएमएस अलीगंज कैम्पस सर्वश्रेष्ठ

अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज प्रथम कैम्पस ने खाद्य सुरक्षा, पोषण एवं स्वच्छता के क्षेत्र में अपनी सर्वश्रेष्ठता साबित करते हुए पहला ऐसा स्कूल होने का गौरव हासिल किया है जिसे भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने 'ईट राइट स्कूल' के खिताब से नवाजा है। इसी के साथ, खाद्य सुरक्षा, पोषण एवं स्वच्छता के बारे में छात्रों एवं युवा पीढ़ी को जागरूक करने के उल्लेखनीय योगदान हेतु सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस की वरिष्ठ शिक्षिकाओं श्रीमती अपर्णा पाण्डेय एवं श्रीमती श्वेता सक्सेना को 'हेल्थ वेलनेस अम्बेसडर' के खिताब से नवाजा गया है। श्रीमती अपर्णा पाण्डेय एवं श्रीमती श्वेता सक्सेना के मार्गदर्शन में सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस के छात्रों ने विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों, सभा-सम्मेलनों व कार्यशालाओं आदि के माध्यम से पौष्टिक खान-पान की संस्कृति को बढ़ावा देने एवं स्वस्थ समाज की अवधारणा को साकार करने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि हेतु विद्यालय की प्रधानाचार्या व शिक्षकों को हार्दिक बधाई दी है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है।

श्री खन्ना ने बताया कि सी.एम.एस. अलीगंज प्रथम कैम्पस ने भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण (एफएस.एस.ए.आई.) के मानकों के अनुरूप खाद्य सुरक्षा, पोषण और स्वच्छता हेतु जन-जागरण की एक अभिनव पहल की है, साथ ही इस सकारात्मक बदलाव हेतु छात्रों एवं युवा पीढ़ी को जागरूक करने में महती भूमिका निभाई है। सी.एम.एस. का मानना है कि भावी पीढ़ी में आहार संबंधी आदतें कम उम्र में ही बन जाती हैं, ऐसे में भावी पीढ़ी को पौष्टिक खान-पान के प्रति जागरूक करना अत्यन्त आवश्यक है।

# दलित युवती की हत्या, सरकार इधर डुबकी लगाने में मगन : भाकपा

**लखनऊ।** भाकपा (माले) ने कहा है कि पूरी प्रदेश सरकार संगम में डुबकी लगाने में तल्लीन है, उधर कानून व्यवस्था के परखचे उड़ रहे हैं। पार्टी ने अयोध्या में तीन दिन से गायब दलित युवती की क्षत विक्षत लाश मिलने पर सरकार को कटघरे में खड़ा किया है और पूरे प्रकरण की उच्च स्तरीय जांच कर न्याय दिलाने की मांग की है।

राज्य सचिव सुधाकर यादव ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि अयोध्या कोतवाली क्षेत्र की रोंगटे खड़ी कर देने वाली घटना ने दिल्ली के निर्भया कांड की याद दिला दी। गांव के भंडारे में शामिल होने गई दलित युवती के साथ हत्यारों ने बहुत ही अमानवीय व्यवहार किया। परिजनों द्वारा गुमशुदगी की रिपोर्ट कोतवाली में दर्ज कराने के बावजूद पुलिस हाथ पर हाथ धरे बैठी रही। मामला दलित महिला का होने के कारण प्रशासन सुस्त रहा। तीसरे दिन गांव के पास की सूखे नाले में नंगी पड़ी लाश की बरामदगी पुलिस ने नहीं, परिजनों ने कराई।

# धूमधाम से मनाई गई बसंत पंचमी

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** फैजुल्लागंज स्थित द ओफ पब्लिक इंटर कॉलेज में सोमवार को वसंत पंचमी धूमधाम से मनाई गई।

इस मौके पर बच्चों द्वारा कई सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए गए कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विधायक डॉ नीरज बोरा मौजूद रहे। विद्या लय के प्रबंधक रामजनम सिंह व प्रधानाचार्या विजय लक्ष्मी सिंह एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को बसंत पंचमी पर्व की उपयोगिता के बारे में बताते हुए पीले रंग के महत्व के बारे में बताया। इस दौरान विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं।

कार्यक्रम की शुरुआत रिया,प्रिया, अंजली, वेदिका, रेनु, सरिका, साक्षी सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। उसके बाद स्वागत गीत नैन्सी,श्वेता ने की तथा संस्कृति कार्यकर्मो की प्रस्तुति अन्य छात्रों ने की। इस मौके पर विधायक डॉ नीरज बोराने छात्रों के लिए वाटर कूलर और एक एक्वागार्ड प्रदान किया। स्कूल प्रबंधक कमेटी व छात्रों ने विधायक जी का आभार व्यक्त किया।

## बसंत पंचमी पर्व पर हुआ 51 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार



**लखनऊ।** बसंत पंचमी के पर्व पर आज यहां श्री सद्गुरु कबीर साहेब वेद वेदांग गुरूकुलम के तत्वावधान में 51 बटुकों का सामूहिक यज्ञोपवीत संस्कार किया गया। श्री सद्गुरु कबीर जागू आश्रम, दसौली बसहा, निकट इंटीग्रल यूनिवर्सिटी, कुर्सी रोड पर हुये इस संस्कार समारोह में आश्रम के महन्त योगेन्द्र दास साहेब, अखण्ड आर्यावर्त आर्य त्रिदंडी महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ऋषि त्रिवेदी, भाजपा पूर्व विधायक बीकेटी अविनाश त्रिवेदी राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संजय श्रीवास्तव, उत्तर प्रदेश के कार्यकारी अध्यक्ष चन्द्रमौलि शुक्ला, राम तिवारी, जनविकास महासभा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज तिवारी, दिव्या शुक्ला सहित विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने उपस्थित होकर यज्ञोपवीत संस्कार कराने वाले बटुकों को आशीर्वाद प्रदान किया।

# कराटे चैम्पियनशिप में सीएमएस छात्र ने जीते दो गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज द्वितीय कैम्पस के कक्षा-7 के प्रतिभाशाली छात्र अर्णव पाण्डेय ने द्वितीय इण्टर-स्कूल वाडो काई कराटे चैम्पियनशिप में 2 गोल्ड मेडल जीतकर विद्यालय का गौरव बढ़ाया है। इस चैम्पियनशिप के अन्तर्गत अर्णव ने 70 किग्रा से अधिक भार वर्ग में इण्डिविजुअल काटा एवं इण्डिविजुअल क्यूमिटे प्रतियोगिताओं में गोल्ड मेडल अर्जित किया है। चैम्पियनशिप का आयोजन वाडो काई कराटे एसोसिएशन, उ.प्र. के तत्वावधान में सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेण्डरी स्कूल, अलीगंज, लखनऊ में किया गया। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि इस चैम्पियनशिप में विभिन्न प्रतिष्ठित विद्यालयों के चुने हुए छात्र खिलाड़ियों ने प्रतिभाग कर कराटे में अपनी प्रतिभा का जोरदार प्रदर्शन किया तथापि कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपनी खेल प्रतिभा, चुस्ती-फूर्ती, कौशल तथा दमखम के बलबूते दो गोल्ड मेडल अर्जित कर राष्ट्रीय व अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाने के संकेत दिये है। सी.एम.एस. प्रबन्धक प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस होनहार बाल खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# टीएमयू फिजियो स्टुडेंट्स ने एनजीओ के छोटे-छोटे बच्चों में बांटी खुशियां



**■ बच्चों के संग विभिन्न खेल और मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित**

अवधनामा संवाददाता

**मुरादाबाद।** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद अपने सामाजिक दायित्वों का भी जिम्मेदारी से निर्वाहन करता है। ओल्ड ऐज होम से लेकर एनजीओ, स्पेशल चाइल्ड केन्द्रों के अलावा गोद लिए हुए गांवों में शिक्षा, स्वच्छता, पर्यावरण, सेहत सरीखे विषयों पर जागरूकता कैंपेन करते हैं। यूनिवर्सिटी के विभिन्न कॉलेज समय-समय पर इन गांवों और केन्द्रों का भ्रमण करते हैं। ऐसे ही डिपार्टमेंट ऑफ फिजियोथैरेपी के स्टुडेंट्स और फैकल्टीज़ ने मिलकर लाजपत नगर के एनजीओ ग्रुप- सेवा द सर्विंग में छात्रों को खाद्य सामग्री और स्टेशनरी का सामान वितरित किया। साथ ही दैनिका उपयोग की आवश्यक और पढ़ाई में सहायक वस्तुएं भी भेंट की। फिजियो स्टुडेंट्स ने एनजीओ के बच्चों के संग विभिन्न खेल और मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की। इन खेल गतिविधियों में विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर उनका उत्साह और बढ़ाया।

इस कार्यक्रम में फैकल्टीज़ मिस हिमानी, मिस नीलम चौहान के संग-संग सेवा एनजीओ की संस्थापक श्रीमती मानुषी रस्तोगी, बीपीटी फाइनल ईयर के स्टुडेंट्स- अमन, लायबा, प्रांजल, मो. अनस, अनिमेष, सनी, तस्मिया, हुमा, तान्या, अभिनंदन आदि शामिल रहे।

# तीन दिवसीय भजन एंव पारम्परिक लोक गीत महोत्सव का शुभारम्भ



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार, नई दिल्ली के सहयोग से माँ दुर्गा सेवा संस्थान द्वारा आयोजित तीन दिवस के प्रथम दिन भजन एंव पारम्परिक लोक गीत महोत्सव का आयोजन आज दिन 03 फ़रवरी 2025 को लखनऊ के अवध एकेडमी इंटर कालेज लखनऊ अयोध्या रोड पर आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती का पूजन, वंदन एंव मंगलाचरण तथा मुख्य अतिथि इंटर कालेज की प्रधानाचार्या रूचि यादव, माँ दुर्गा सेवा संस्था के अध्यक्षा गीता मिश्रा, उपाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, सचिव मगन मिश्र, के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। मंच से कलाकारों ने सरस्वती भजन गाया..हे शारदे माँ, हे शारदे माँ - अज्ञानता से हमें तार दे माँ.. की भावपूर्ण प्रस्तुति दी। कार्यक्रम अगली कड़ी में प्रसिद्ध गायक श्याम मिश्र ने अपनी सुरीली आवाज में कभी राम बनके-कभी श्याम बनके, चले आना, प्रभु जी चले आना...गाकर श्रोताओं को मन्त्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम में लोक कलाकार आरुषि, आराध्या, अंशिका, वैष्णनवी, खुशी ने पारम्परिक लोक नृत्य प्रस्तुत कर उपस्थित दर्शकों का मन मोह लिया।

# 'जीवन में धैर्य व दृढ़ता का है महत्व'

अवधनामा संवाददाता



**■ दुवासु मथुरा का 14वां दीक्षांत समारोह संपन्न उत्तर प्रदेश की राज्यपाल ने की अध्यक्षता**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल की अध्यक्षता में विश्वविद्यालय का 14वां दीक्षांत समारोह 3 फरवरी को संपन्न हुआ। इस अवसर पर नीति आयोग, भारत सरकार के सदस्य प्रो. रमेश चंद मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कुलाधिपति ने राष्ट्गान एवं पर्यावरण गीत के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल कुमार श्रीवास्तव ने स्वागत भाषण एवं विश्वविद्यालय की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। मुख्य अतिथि प्रो. रमेश चंद ने पं. दीनदयाल उपाध्याय जी को स्मरण करते हुए उनके समाज के प्रति योगदान पर प्रकाश डाला। अपने संबोधन में प्रो. रमेश चंद ने भारतीय कृषि क्षेत्र विशेषकर पशुपालन क्षेत्र की वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा की एवं पशुपालन क्षेत्र के सतत भविष्य तथा पशु चिकित्सा शिक्षा के महत्व को रेखांकित किया। इसके अतिरिक्त, एंटी-माइक्रोबियल रेजिस्टेंस जैसी गंभीर समस्याओं एवं उसके समाधान की रणनीतियों पर भी मुख्य अतिथि ने प्रकाश डाला। इस समारोह में 64 पशु चिकित्सा स्नातकों, 19 जैव प्रौद्योगिकी स्नातकों, 42 स्नातकोत्तर छात्रों एवं 04 पीएचडी धारकों को उपाधियाँ प्रदान की गई। छात्रों को संबोधित करते हुए, उन्होंने जीवन में धैर्य और दृढ़ता के महत्व को बताया। माननीय राज्यपाल ने छात्राओ को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के लिए सराहा और इसे महिला सशक्तिकरण का उदाहरण बताया। उन्होंने अधिक महिला भागीदारी के लिए विश्वविद्यालय की सराहना की। अपने भाषण में, उन्होंने कुपोषण जैसी कुछ गंभीर समस्याओं पर चर्चा की और छात्रों को इसके उन्मूलन की दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बकरी के दूध के सेवन के महत्व पर भी प्रकाश डाला और गोद लिए गए गांवों के पांच स्कूलों के बच्चों को बकरी का दूध उपलब्ध कराने के लिए विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना की। माननीय राज्यपाल ने विश्वविद्यालय की महिला अध्ययन केंद्र इकाई के प्रयासों की भी सराहना की, जो ग्रामीण महिलाओं के विकास के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

# ग्रामीण क्षेत्रों में सड़कों पर बढा यातायात का भार

अवधनामा संवाददाता

**■ हालत सुधारने को मुख्यमंत्री को भेजा जा रहा है पत्र**

**मथुरा।** चार दशक पहले की बनी सड़क का हाल कहीं चौड़ी हुई,तो कहीं अतिक्रमण से सिकुड़ भी गयीं। कई नई सड़कें भी बनी,लेकिन इन सड़कों का हाल लगभग पूरे क्षेत्र में एक जैसा ही है। क्षतिग्रस्त्र सड़कें कई वर्षो से मरम्मत की बाट जोह रही है। सरकार आयी, गयी और बदल भी गयी, पर ये सड़कें बदहाल ही रहीं। कभी-कभी सरकार की नजरें इनायत हुई, तो मरम्मत भी कर दी गयीं। परन्तु आज क्षेत्र की मुख्य कराहरी से गोरई सड़क पर तीन से चार चार फुट गहरे गड्ढो पर सड़कों का नामोनिशान ही मिट गया है जिसका खामियाजा आम जनता को ही भुगतना पड़ रहा है बैसे लोगो मे योगी सरकार से उम्मीद की जा रही है सरकार की नजर भी खुलेगी और नियत बदलेगी।

कस्बा कराहरी के निवासी मुरारीलाल गुप्ता का कहना है कि कराहरी से गोरई जाने वाला मार्ग पूरी तरह से बदहाल ही नहीं बेहाल हैं। यहां की खस्ताहाल सड़कों की वजह से व्यापारियों के कारोबार पर असर पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ यहां के आम नागरिक सकड़ों पर जलभराव की वजह से कई बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। कस्बा टैटीगांव के यतेन्द्र गुप्ता का कहना है कि टैटीगॉव कराहरी मार्ग पर रोजाना सैकड़ों वाहनो की आवाजाही बनी है परन्तु सड़क चौड़ी नही हुई सड़क के दोनो तरफ बबूलो के अतिक्रमण से सिकुड़ गई वाहन चालकों को परेशानी होती है स्थानीय निवासी कुन्दनलाल सोनी,शिवलाल शास्त्री ने कहा कि वजह साफ है आबादी बढ़ी, आवागमन बढ़ा, पर सड़कें नहीं बढ़ीं। कस्बा के वीरपाल सिहं, हसंराज सिहं, लोकेन्द्र पाल सिह, भूपेन्द्र सिह राजपूत, मोहनमुरारी आदि लोगो ने बताया कि मुख्यमत्रीं को क्षेत्र की सड़को की दयनीय हालत सुधारने को पत्र भेजा जा रहा है।

# 'हो जाओ तैयार, ब्रज में आया होली का त्योहार'

**बसंत पंचमी से ब्रज में शुरू हुआ होली का आगाज, विश्व प्रसिद्ध ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में जमकर उड़ा अबीर गुलाल**



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** विश्व प्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में बसंत पंचमी से अबीर गुलाल उडने लगा है। ब्रज में बसंत पंचमी से होली का आगाज हो गया। ब्रज में होली का उत्सव 40 दिन चलता है। फागुन का पूरा महीना होली की मस्ती के नाम रहता है। बृज में अभी से ही होली की शुरुआत हो चुकी है। काफी संख्या में श्रद्धालु अपने आराध्य से होली खेलने के लिए मथुरा वृंदावन पहुंच रहे हैं। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार ब्रज में बसंत ऋतु के आगमन के साथ ही बसंत पंचमी के दिन से होली की शुरुआत हो जाती है। ब्रजभूमि में इस त्योहार का अपना अलग ही महत्त्व है। ब्रज के इस 40 दिनी महोत्सव का बंसत पंचमी से शुभारंम्भ हो गया। प्रमुख मंदिरों में जमकर गुलाल उड़ा। वृन्दावन के विश्वप्रसिद्ध बांके बिहारी मंदिर में होली का नजारा बेहद मनभावन था। मंदिर में श्रृंगार आरती के बाद सबसे पहले मंदिर के सेवायत पुजारी ने भगवान बांके बिहारी को गुलाल का टीका लगाया, इसी के साथ होली के इस पर्व की विधिवत शुरुआत हो गई। इसके बाद मंदिर प्रांगण में मौजूद श्रद्धालुओं पर सेवायत पुजारियों द्वारा जमकर बसंती गुलाल उड़ाया गया। मंदिर में होली की विधिवत शुरुआत होने के कुछ देर बाद ही प्रांगण में माहौल बेहद खुशनुमा हो गया।

## नगर निगम: नए भवन में ग्राउंड फ्लोर पर महापौर, पहली मंजिल पर नगर आयुक्त बैठेंगे

**मथुरा।** नगर निगम मथुरा वृंदावन का विशाल नया भवन जलकल कंपाउंड भूतेश्वर पर बन कर तैयार है। यहां ग्राउण्ड फ्लोर पर महापौर जबकि पहली मंजिल पर नगर आयुक्त बैठेंगे। नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने बसंत पंचमी पर विधवत पूजा अर्चना के बाद अपने कार्यालय में काम शुरू कर दिया। कार्यालय में उनसे मिलने बड़ी संख्या में पार्षद पहुचें। इस दौरान पार्षदों ने नगर आयुक्त को बुके देकर उम्मीद जताई कि नए ऑफिस में अधिक से अधिक जनता की समस्याओं का निराकरण हो सकेगा। नगर आयुक्त शशांक चौधरी ने कहा कि अब प्रतिदिन जन सुनवाई आदि कार्यक्रम इसी बिल्डिंग से संपादित किए जाएंगे। इस नवीन कार्यालय में सबसे बड़ा ऑफिस महापौर का है वह ग्राउंड फ्लोर पर बैठेंगे। प्रथम मंजिल पर नगर आयुक्त सहित सभी उच्च अधिकारियों के अलग अलग कक्ष बने हुए हैं। नए कार्यालय में नगर आयुक्त ने नगर निगम के सभी उच्च अधिकारियों के साथ बैठक भी की। जनरल गंज स्थित कार्यालय सिटी जोन कार्यालय के तौर पर काम करेगा। यहां के प्रभारी अधिकारी राम जी लाल प्रतिदिन जन समस्याओं आदि की कार्यवाही करेंगे।

# बसंत पंचमी : सरस्वती की पूजा कर गरीब बच्चों को कराया भोजन



अवधनामा संवाददाता

**मथुरा।** स्ट्रेंजर फ्रेंड्स हैल्पिंग हैंड्स सोसाइटी द्वारा संचालित ट्रांसपोर्ट नगर एवं श्यामकुंज के एस एफ स्ट्रीट स्कूल में बच्चों के साथ बसंत पंचमी का पावन पर्व मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संस्था की अध्यक्ष शिखा अग्रवाल जी ने माँ सरस्वती के विधिवत पूजन के साथ की। संस्था द्वारा बच्चों को प्रसाद के रूप में भोजन कराया गया। प्रसाद को ग्रहण कर बच्चों को मन आनंद से प्रफुल्लित हो गया। संस्था के वरिष्ठ सदस्य तुषार बंसल ने बताया की वसंत पंचमी देवी सरस्वती की जयंती है, इस दिन लोग देवी सरस्वती से ज्ञान और बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त करते हैं। हिंदू मान्यता के अनुसार विद्यारंभ संस्कार इसी शुभ दिन पर किया जाता है। और छोटे बच्चे देवी सरस्वती की कृपा से अपना पहला अक्षर लिखते हैं और बताया बसंत पंचमी पर खाने का दान भी अत्यधिक शुभ माना जाता है। साथ ही साथ संस्था के वरिष्ठ पियूष बंसल जी ने बताया की एस एफ स्ट्रीट स्कूल बिना किसी समझौते के गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करता है।

# कार से लौट रहे लेखपालों पर जानलेवा हमला

- पत्थरों से किया बदमाशों ने हमला, कार के कांच टूटे
- तीन हमलावरों की ग्रामीणों ने की पहचान, एफआईआर दर्ज

अवधनामा संवाददाता



**ललितपुर।** फार्मर रजिस्ट्री का कार्य करके तहसील मुख्यालय जा रहे कार सवार लेखपाल व उनके साथ मौजूद प्रशिक्षु लेखपालों पर जानलेवा हमला करने की नीयत से पत्थराव किया गया। लेखपाल किसी प्रकार मौके से जान बचाकर भागे और कोतवाली पुलिस को लिखित सूचना दी है। प्रकरण में पुलिस ने तीन नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। गोविन्द सागर बांध की तलहटी में स्थित डेम कालोनी में रहने वाले लेखपाल अरूण कुमार पुत्र बांकेलाल ने कोतवाली पुलिस को बताया कि वह बीते रविवार 2 फरवरी को लेखपाल मोहनलाल, प्रशिक्षु लेखपाल दीपक गौतम, प्रशिक्षु लेखपाल दीपेन्द्र राजपूत, सीएससी कार्यकर्ता महरौनी के ग्राम सेमरा निवासी राघवेन्द्र पुत्र मुकुन्दी के साथ रात करीब 9.30 बजे ग्राम धिसौली से अपनी मारूति ब्रेजा कार संख्या यू.पी.94 ए.जे. 5793 से सरकारी कार्य (फार्मर रजिस्ट्री) के उपरान्त तहसील मुख्यालय वापस जा रहे थे। बताया कि ग्राम मैलार में बजाज पम्प हाऊस के सामने तीन व्यक्ति जिनमें से दो व्यक्ति अपने हाथों में बड़े-बड़े पत्थर लिये हुये थे व तीसरा व्यक्ति बाइक स्टार्ट करके खड़ा हुआ था। उक्त व्यक्तियों से दुर्घटना से बचने के लिए कार को रोक दिया। आरोप है कि कार रूकते ही दोनों व्यक्तियों ने कार के पास आकर जान से मारने की नीयत से भारी पत्थर फेंक कर मार दिया, जिससे कार का सीसा टूट गया, तभी तीसरे व्यक्ति ने भी गाड़ी की ओर आते हुये पत्थर फेंका, जो कि गाड़ी में नहीं लगा। बताया कि हमले से बचने के लिए वह गाड़ी से बाहर निकले तो एक बदमाश ने लेखपाल मोहनलाल के ऊपर पत्थर से प्राणघातक हमला कर दिया, जिसके बचाव में लेखपाल घायल हो गये। बताया कि तीनों हमलावरों ने आवाज देकर कुछ और लोगों को बुला लिया, जिससे हमलावरों की संख्या आधा दर्जन से अधिक हो गयी। बताया कि उक्त लोगों ने आपस में कहा कि रामेश्वर व गोलू लेखपालों को मारपीट कर जो कुछ भी उसे लूट लो। कार में सवार प्रशिक्षु लेखपाल ने पूरे घटनाक्रम का वीडियो भी मोबाइल से बना लिया और सीएससी कार्यकर्ता राघवेन्द्र ने पूरे घटनाक्रम की जानकारी डायल 112 पर पुलिस को दी। इसी बीच कुछ और लोग लेखपालों की मदद के लिए आ गये, जिन्हें देखकर हमलावर भाग गये। उक्त लोगों से मोबाइल में कैद वीडियो फोटो दिखाने पर तीन व्यक्तियों की पहचान लोगों द्वारा की गयी, जिनमें ग्राम सांकरवार खुर्द निवासी रामेश्वर यादव पुत्र भागीरथ, गोलू पुत्र कल्याण व ग्राम मैलार निवासी इन्द्रल पुत्र त्रिलोक यादव बताये गये हैं। पुलिस ने लेखपाल की तहरीर पर उक्त लोगों के खिलाफ बीएनएस की धारा 109, 191 (2), 352, 324 (4) व 351 (3) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## शिक्षक विधायक के दो वर्ष का कार्यकाल पूरा

**ललितपुर।** झांसी प्रयागराज क्षेत्र के शिक्षक विधायक डा.बाबूलाल तिवारी के दो वर्ष के कार्यकाल पूर्ण होने पर एक सम्मान कार्यक्रम का आयोजन डीआईओएस कार्यालय में किया गया। शिक्षक विधायक ने कहा की बुंदेलखंड क्षेत्र के शिक्षकों की समस्याओं का निस्तारण उनकी प्राथमिकता में है। यह क्षेत्र आजादी के बाद से निरंतर उपेक्षा का शिकार रहा है, यहां ना तो शिक्षा की संस्थाओं का समुचित विकास हुआ है और नई उद्योग पदों का जिससे यहां की आबादी रोजगार की आस में पलायन करने को विवश है। इसी का कारण है कि बुंदेलखंड क्षेत्र से आबादी के काम होने के कारण विधान परिषद विधानसभा की दो सीटें कम कर दी गई है। बुंदेलखंड के युवाओं को उनके घर के नजदीकी रोजगार के अवसर मिल सकें, इसके लिए भी उन्होंने बताया कि विधान परिषद में सर्विस प्रोवाइडर को स्थानीय स्तर का रखे जाने की मांग उनके द्वारा रखी गई है। डीआईओएस ओ.पी.सिंह ने कहा कि वास्तव में विधायकजी के प्रयास से माध्यमिक शिक्षकों की लगभग सभी समस्याओं का निस्तारण अति शीघ्र कर दिया जाता है।

# विष्णुपुरा में पेयजल आपूर्ति कराये जाने की मांग



- धानुक/बरार समाज सेवा समिति ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

अवधनामा संवाददाता

**ललितपुर।** मलिन बस्ती वष्णुपुरा में पेयजल को लेकर मची त्राहि-त्राहि एवं पेयजल के लिए नई पाइप लाइन डलवाने की मांग को लेकर धानुक/बरार समाज सेवा समिति के बैनर तले मोहल्लेवासियों ने विधायक रामरतन कुशवाहा को एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि शहर के वार्ड संख्या 02 मोहल्ला विष्णुपुरा की मलिन बस्ती में कई वर्षों से पीने योग्य पानी की समस्या बनी हुयी है, यहां के लोगों को कई बार प्रभारी मंत्रियों, जिला प्रशासन व जल संस्थान-निगम में समस्या से अवगत कराया गया, लेकिन कार्यवाही न होने से लोगों की इस विकराल होती समस्या का निस्तारण नहीं हो पा रहा है। बताया कि पानी न आने के कारण यहां के लोग बाहर खुले में शौच करने के लिए विवश हैं। इसके अलावा संक्रामक बीमारियों के फैलने की भी संभावना बनी हुयी है। आगे बताया कि मंदिर के पास नगर पालिका द्वारा लगाया गया सोलर पम्प भी कई महीनों से खराब पड़ा हुआ है, जिसकी मरम्मत भी करायी जाये। मोहल्लेवासियों ने विधायक से विष्णुपुरा में पेयजल आपूर्ति सुचारू कराये जाने एवं नई पाइप लाइन बिछाये जाने की मांग उठायी है। ज्ञापन देते समय खुशाल बरार, सचिन बड़कुल, मनोज कुमार, राहुल, अमोल, निवेद, कंचनलाल, अजय, नीरज, मयंक, राजेश कुमार, बृजेश, सुरेन्द्र, आनंद, रानू राजा, नरेश, संजय, प्रमोद, अमित, दीपक रजक, सुधीर, आशाराम, शिवकुमार, पूरन, नरेन्द्र कुमार, शिवप्रसाद, भागचंद्र, अशोक कुमार, अनुराग, शंकर, दीपक, महेश कुमार के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

# लोन दिलाने के नाम पर साइबर क्राइम करने वाला बदमाश गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

- साइबर अपराधियों को बेच देता था खाते, लोगों को करता था गुमराह
- साइबर क्राइम व सर्विलांस पुलिस टीम को मिली महत्वपूर्ण सफलता



**ललितपुर।** लोन दिलाने के नाम पर लोगों को गुमराह कर अलग सिम दिलाकर खाता खुलवाने और उक्त खातों को साइबर अपराधियों को बेच देने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस प्रकरण में बिहार राज्य के शातिर बदमाश को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में पकड़े गये युवक ने पूरा एक गिरोह होने की बात कहते हुये साइबर अपराधियों को कई खाते बेचने की भी जानकारी दी है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। पकड़े गये शातिर बदमाश के जरिए पुलिस बड़े गिरोह को पकड़ने में जुट गयी है।

साइबर क्राइम थाना पुलिस ने बिहार राज्य के जिला किशनगंज के वार्ड संख्या 01 उत्तर पाली दुर्गा मंदिर के पास रहने वाले नीरज मण्डल पुत्र विनोद मण्डल को हिरासत में लिया है। पूछताछ में नीरज मण्डल ने पुलिस को बताया कि वह एक गिरोह का सदस्य हैं। बताया कि उसका गिरोह सीधे-साधे लोगों को गुमराह कर लोन दिलवाने तथा अन्य प्रकार के प्रलोभन देकर उनका खाता खुलवा देते हैं और उनके नाम की नई सिम कार्ड निकलवा लेते है, जो खाते में रजिस्टर करते थे और उनके खाता में धोखाधड़ी करके उसमें अपना कम्युनिकेशन पता डाल देते हैं जिससे उसमे आने जाने वाले रूपये की जानकारी हम लोगो को हो जाती है और खाता धारक को कुछ भी पता नही चलता है। फिर इन्ही खातों को गिरोह के लोग साइबर अपराधियों को बेच देते हैं तथा आनलाइन धोखाधड़ी में प्रयोग करते हैं, जिसके बदले में हमे उचित दाम मिलता है जिसे हम अपने ऐश और आराम में खर्च करते है। इधर प्रकरण के प्रकाश में आने के बाद एसपी ललितपुर मो.मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी अनिल कुमार व सीओ तालबेहट अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में साइबर क्राइम व सर्विलांस पुलिस टीम को मामले के खुलासे को लेकर लगाया गया था। पुलिस ने प्रकरण में जांच के दौरान प्रकाश में आये नीरज मण्डल को हिरासत में ले लिया है। पुलिस ने पकड़े गये नीरज मण्डल के पास से दो मोबाइल फोन्स व तीन सिम कार्ड बरामद किये हैं। नवीन गल्ला मण्डी विवेकनगर निवासी महेन्द्र कुमार दीक्षित पुत्र राजेन्द्र प्रसाद दीक्षित ने साइबर क्राइम थाना पुलिस को 7 अक्टूबर 2024 को तहरीर दी थी। बताया था कि उसके खाते से 5 अक्टूबर 2024 को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा धोखाधड़ी कर 99 हजार 999 रुपये एवं 7 अक्टूबर 2024 को 55 हजार 400 रुपये निकाल लिये हैं। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 318 (4) व आईटी एक्ट की धारा 66 डी के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी थी। इसी मामले की जांच करते हुये पुलिस ने बिहार राज्य के किशन गंज निवासी नीरज मण्डल को गिरफ्तार करने में सफलता हांसिल की है। इस पुलिस टीम को मिली सफलता साइबर अपराध में शातिर बदमाश को पकड़ने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल प्रभुनाथ, साइबर क्राइम के उ.नि.राहुल सिंह, उ.नि. गौतम पूनिया, हे.का. मनमोहन सिंह, का. कुंवर देवेन्द्र सिंह शामिल रहे।

## वसंत पंचमी ज्ञान- विद्या की देवी माँ सरस्वती की पूजन दिवस है

**ललितपुर।** मोहल्ला चौकाबाग स्थित स्थानीय एक विद्यालय में बसंत पंचमी को लेकर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यालय में माँ सरस्वती की पूजा कर माल्यार्पण किया गया। इस दौरान प्रबंधक राजेश साहू के साथ मुख्य अतिथि भूषण सूर्यवंशी, आदर्श श्रीवास्तव एवं विद्यालय की प्रधानाचार्या शमीम बेगम, उप प्रधानाचार्या जागृति नामदेव, हरिशंकर झा, प्रदीप गोस्वामी, हेमा सैनी, पार्वती साहू, रजनी साहू, कमला झा, नीलम सिंह, रामदेवी राजपूत, कोमल, राजकुमारी, वर्षा, सुधा, प्रियंका राजपूत, वसुंधरा नायक, साहिबा, रिंकी झा, धर्मेन्द्र सिंह राजपूत, संदीप विश्वकर्मा, सत्यम पटेल, मनोहर निरंजन, साहिल, पार्वती, सरोज, रामदेवी, राखी और विद्यालय के बच्चों सहित अन्य अतिथि उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### सीडीओ की अध्यक्षता में हुई सीएम डैशबोर्ड की बैठक



**हरदोई।** विवेकानंद सभागार में मुख्य विकास अधिकारी की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में सुधार के लिए विशेष प्रयास किया जाये। विभागीय योजनाओं की प्रगति बढ़ाई जाये। सूचनाओं की फीडिंग ससमय पोर्टल पर की जाये। निर्माण कार्यों में समय व गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाये। यूपीसीएल के परियोजना प्रबंधक को निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर लेकर उन्होंने कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। आईजीआरएस के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का ससमय गुणवत्ता के साथ निस्तारण कराया जाये। सभी शिकायतों का समय सीमा के अंदर निस्तारण कराया जाये। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी रोहतास कुमार, जिला विकास अधिकारी कमलेश कुमार व सभी सम्बंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### हुसैन डे की महफ़िल का आयोजन किया गया



**संभल।** हजरत इमाम हुसैन का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया गया नूरियो सराय मे हुसैन डे मनाया गया इमाम बाड़ा फरमान हुसैन मे महफिल का आयोजन किया गया जिसमें शायरो ने इमाम हुसैन की शान में कलाम पेश किये महफिल की शुरुआत असगर साहब ने हदीसे किस्स से की जिया संभली ने नाते रसूल पाक पेश की जाने माने वरिष्ठ शायर डॉ नसीम साहब ने महफिल की सदारत की इन्होंने कलाम पेश करते हुए कहा कि क्या है कीमत ए शबे हिजरत शबे आशुर की वो अली की नींद थी जागना अब्बास का प्यासा पलट आये ये यकीं आता नही अलकम देखती रहगी रास्ता अब्बास का शायर सलाम संभली ने कलाम पेश किया ये अलम ये ताजिए प्याम देते है हर तरफ यजीद मिटना था मिट गया मगर अब भी जिन्दा हुसैन है शायर नौशाद ने कहा दुश्मने आले मोहम्मद तुम्हें क्या मालूम तुम लगा दोगे कही का कही पत्थर पैकर संभली के कुशल संचालन मे शहजाद संभली रहबर हुसैन शाहिद सुहैल कम्बर अब्बास अता अब्बास आदि शायरो ने कलाम पेश किये।

### हज यात्रियों को 18 फरवरी तक जमा करना होगा पासपोर्ट

**संभल।** हज कमेटी ऑफ इण्डिया के सर्कुलर अनुसार हज-2025 के सभी चयनित हज यात्रियों को अपना मूल अर्न्तराष्ट्रीय पासपोर्ट उ0प्र0 प्रदेश राज्य हज समिति, लखनऊ में अन्तिम तिथि दिनांक 18.02.2025 तक जमा करना है। हज 2025 हेतु जनपद सम्भल से 512 हज यात्री चयनित किये गये है। हज 2025 हेतु चयनित यात्रियों के अर्न्तराष्ट्रीय पासपोर्ट की वैधता, पासपोर्ट की दशा सही हो, पासपोर्ट किसी प्रकार से फटा/कटा या पृष्ठ ढीले न हों, किसी प्रकार के पानी व अन्य धब्बे न हों, कम से कम एक साथ दो पृष्ठ खाली हों। यदि ऐसा नहीं है तो उ0प्र0 प्रदेश राज्य हज समिति, लखनऊ मे पासपोर्ट रिकार्ड हेतु जमा कर सूचित करें व नये पासपोर्ट हेतु तत्काल आवेदन कर 18 फरवरी, 2025 तक नया पासपोर्ट उ0प्र0 प्रदेश राज्य हज समिति, लखनऊ में जमा करें। यदि किसी का पासपोर्ट उपरोक्तानुसार सही नहीं पाया गया गया तो इसे हज यात्री को वापस कर दिया जाएगा और पुनः नया पासपोर्ट बनवाकर 15 दिवस के भीतर उ0प्र0 प्रदेश राज्य हज समिति, लखनऊ मे जमा करना आवश्यक होगा।

## सिक्स-आर न कटने से मूंगफली का रूका भुगतान कराने की मांग

**ललितपुर।** किसानों की मूंगफली फसल की तौल पूर्ण होने के बाद आज तक सिक्स-आर नहीं काटे जाने से भुगतान नहीं हो पा रहा है। इस समस्या को लेकर किसानों ने विगत दिनों जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा था। ज्ञापन के जरिए किसानों ने जिला प्रशासन से मूंगफली तौल के बाद सिक्स-आर काटे जाने और जल्द भुगतान कराये जाने की मांग उठायी थी। अन्यथा की स्थिति में धरना व विरोध प्रदर्शन करने की चेतावनी दी गयी थी। मामले को लेकर आज भारतीय किसान संघ ने जिलाधिकारी को एक पत्र भेजा है। तो वहीं किसानों ने कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार पर धरना व विरोध प्रदर्शन भी किया। किसानों ने डीएम को भेजे पत्र में बताया कि जल्द ही किसानों की मूंगफली तौल के बाद सिक्स आर काटे जाने के लिए सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किया जाये, जिससे कि किसानों का समय से भुगतान हो सके। इस दौरान हरपाल सिंह प्रजापति, रामपाल सिंह, खुमान सिंह, बद्री नारायण कौशिक, सोहन लाल विश्वकर्मा के अलावा अनेकों किसान मौजूद रहे।

# सरस्वती पूजन एवं बसांतोत्सव और निराला जंयती का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**संभल।** अंतर्राष्ट्रीय साहित्य कला संगम [पंजी] के स्थापना दिवस पर सरस्वती पूजन, वसंतोत्सव एवं निराला जयंती का समारोह भव्यता पूर्वक आर्य समाज मंदिर मोहल्ला ठेर में आयोजित हुआ। समारोह का प्रारंभ अतिथियों द्वारा सामूहिक सरस्वती पूजन दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण से हुआ। संस्था अध्यक्ष डॉ विजय लक्ष्मी शर्मा ने अपने मधुर कंठ से सर्वप्रथम महाकवि निराला द्वारा रचित सरस्वती वंदना वर दे वीणा वादिनी वर दे तथा जयतु जयतु जयतु मां भारती भारत वंदना प्रस्तुत की। मंत्री श्रीमती प्रतिज्ञा गर्ग ने गौ सेवा की प्रक्रिया पूर्ण की। स्थापना दिवस के प्रभारी प्रायोजक निर्देशक श्री संजय कुमार गुप्ता ने सभी का हार्दिक स्वागत किया तथा संस्था के प्रकल्पों से जुड़ने का आवाहन किया। महामंत्री श्रीमती पूनम शुक्ला ने संस्था का परिचय देते हुए बताया कि संस्था गौ सेवा, बालिका शिक्षा सहायता और हिंदी प्रतिभा सम्मान तथा शिक्षक शिरोमणि सम्मान जैसे कार्यक्रम आयोजित कर मातृभाषा की उन्नति में संलग्न है। इस अवसर पर अपना वक्तव्य देते हुए संस्थापक डॉक्टर डी एन शर्मा ने कहा की बसंत पंचमी के दिन माता सरस्वती का धरती पर अवतरण हुआ था, इसी कारण देश के विभिन्न भागों में इस अवसर पर सरस्वती पूजा के विशाल आयोजन होते हैं मां सरस्वती ज्ञान की देवी हैं जो प्रत्येक व्यक्ति के अंदर ज्ञान का विस्तार करती हैं। समारोह अध्यक्ष प्राचार्य डॉक्टर विवेक कुमार शर्मा जी ने कहा कि गीता में भगवान कृष्ण ने ऋतुओं में स्वयं को वसंत ऋतु कहा है ,यही कारण है कि छह ऋतुओं में वसंत का स्थान सर्वोपरि है , वसंत हमें आगे बढ़ने और पराक्रम करने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य श्री मनीष पवार ने कहा कि वसंत में सरस्वती पूजन हमारी प्राचीन प्रथा का अंग है। समारोह के विशिष्ट अतिथि श्री सुशील कुमार भगत जी ने छायावाद के प्रमुख स्तंभ महाकवि निराला की प्रसिद्ध कविता वह तोड़ती पत्थर सुना कर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दियाइस अवसर पर आयोजित कवि गोष्ठी का प्रारंभ करते हुए मंच संचालक श्रीमती पूनम रेनू तिवारी ने निराला जी की प्रसिद्ध कविता वह आता दो टूक कलेजे के करता पछताता पथ पर आता भिक्षुक नामक कविता सुनकर सभी का ध्यान आकर्षित किया श्रीमती शालिनी रस्तोगी ने देखो वसंत ऋतु है आई बागों में कलियां मुस्काई कविता सुनाकर सभी को आनंदित किया डॉक्टर विजयलक्ष्मी शर्मा ने निराला जी की प्रसिद्ध कविता सखी वसंत आया ,भरा हर्ष वन के मन, नवोत्कर्ष छाया, सखी बसंत आया। सुना कर श्रोताओं को भाव विभोर कर दिया।प्रख्यात युवा कवि श्री अतुल कुमार शर्मा ने गायब इस संसार में मन के सच्चे मीत इसलिए, मिलते नहीं आज बसंती गीत कविता सुनाकर वसंत का स्वागत किया। श्रीमती पूनम शुक्ला ने पतझड़ का मतलब है फिर बसंत आना कविता सुनाकर सबको मोहित कर लिया।

इस अवसर पर सरस्वती वंदना गायन प्रतियोगिता में . सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल .ने प्रथम तथा . बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल.ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सरस्वती वंदना नृत्य प्रतियोगिता में सरस्वती विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल.ने प्रथम तथा . बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल.ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। दोनों टीमों को प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

संस्था के स्थापना दिवस पर आयोजित रंगोली प्रतियोगिता में बी इंटर कॉलेज सराय तरीन संभल इंटर ने प्रथम, बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल संभल द्वितीय, अल कदीर इंटर कॉलेज मंडी किशन दास सराय संभल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। रंगोली प्रतियोगिता में प्रथम द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

समारोह अध्यक्ष डॉ विवेक कुमार शर्मा एवं मुख्य अतिथि श्री मनीष पंवार को भी संस्था का अंग वस्त्र एवं माला और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता प्राचार्य डॉक्टर विवेक कुमार शर्मा ने की समारोह के प्रायोजक संजय कुमार गुप्ता रहे तथा संचालन श्रीमती पूनम रेनू तिवारी ने किया। सभी उपस्थितजनों का धन्यवाद ज्ञापन संरक्षक श्री कमलकांत तिवारी जी ने किया।

# एआईपीएमएम ने संगठन के विस्तार हेतु की बैठक

# संगठन की विचारधारा को घर-घर तक पहुंचाने की जरूरतः डॉ. फैयाज़

अवधनामा संवाददाता

- लोकतंत्र में जो सक्रिय होता है उसको उसके हक अधिकार मिलते हैंः शारिक
- पसमांदा महिलाओं को उनकी आबादी के अनुपात में मिले भागीदारीः शाइस्ता






**लखनऊ।** यूपी प्रेस क्लब लखनऊ आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज उ.प्र. की ओर से प्रदेश/जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रदेश संयोजक हाजी नेहाल अंसारी की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें प्रदेश भर से पदाधिकारीगण एवं कार्यकर्तागण उपस्थित हुए। बैठक में संगठन को गांव-गांव तक पहुंचाने पर वक्ताओं ने अपने-अपने विचार एवं सुझावों को रखा। कार्यक्रम में मौजूद वरिष्ठ पसमांदा विचारक फैयाज अहमद फैजी ने कहा कि संगठन के विस्तार एवं संगठन की विचारधारा को घर घर तक पहुंचाने के लिये हमें अपने दिनचर्या के कार्यों के साथ प्रत्येक दिन कम से कम एक आदमी जोड़ने के लक्ष्य के साथ में काम करने की जरूरत है और सप्ताह में एक बैठक की जानी चाहिए। राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष शारिक अदीब अंसारी ने कहा ने कहा कि हमें उत्तर प्रदेश के हर जिले में स्तर पर बनी कमेटियों की समीक्षा सक्रिय कार्यकर्ताओं को आगे लाना चाहिए ताकि संगठन के कार्यों में तेजी आ सके। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में जो सक्रिय होता है उसको उसके हक अधिकार मिलते है। इसलिये हमें जल्द ही लखनऊ में एक बड़ी जनसभा करने की आवश्यकता है। यह तभी मुमकिन है, जब हमारे जिला स्तर से लेकर प्रदेश स्तर तक संगठन मजबूत हो।राष्ट्रीय प्रधान महासचिव मारूफ अली अंसारी ने कहा आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज पसमांदा समाज के हित, हक, हिस्सेदारी के लिये लगातार संघर्षरत रहा है। चाहे पत्राचार के माध्यम से मीडिया/सोशल मीडिया के माध्यम से या बैठक/मीटिंग के आयोजन कर शासन-प्रशासन में बैठे हुए लोगों को पसमांदा समाज की समस्याओं से अवगत कराने एवं उनके निस्तारण हेतु हमेशा प्रयास करता रहा है। समय-समय पर मीटिंग गोष्ठी के माध्यम से संगठन की राष्ट्र निर्माण की विचाधारा के साथ पसमांदा समाज को जागरूक करने का काम करता आ रहा है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शाइस्ता सलमानी ने पसमांदा समाज की महिलाओं की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा पसमांदा महिलाओं की स्थिति बहुत खराब है और उनकी भागीदारी भी कहीं नहीं दिखती है। चूंकि पसमांदा की कुल आबादी की आधी आबादी महिलाएं है इसलिये संगठन में महिलाओं की भागीदारी पर जोर दिया जाना बहुत जरूरी है। मध्य उत्तर प्रदेश के अध्यक्ष अफजल अंसारी ने कहा पसमांदा मुसलमान अपने पिछड़ेपन का जिम्मेदार खुद है। उसने कभी भी राजनीतिक हिस्सेदारी की मांग नहीं की। वह हमेशा से एक वर्ग विशेष के पीछे ही रहा है। आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज पसमांदा मुसलमानों की हक हिस्सेदारी की लड़ाई लड़ रहा है। हम सबको एक जुट होकर संगठन के साथ में खड़ा होना चाहिए। और आने वाले दिनों में जब भी हम कभी बड़ी जनसभा का आयोजन होगा। तो मैं खुद बड़ी संख्या मध्य उत्तर प्रदेश से पसमांदा समाज के लोगों को लाने का कार्य करूंगा। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष व प्रदेश संयोजक हाजी नेहाल अंसारी एवं लखनऊ के जिला अध्यक्ष फैज मोहम्मद के कुशल नेतृत्व में हुआ। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय संगठन मंत्री हाशिम पसमांदा ने किया। इस अवसर पर अयोध्या मंडल अध्यक्ष जलील अहमद, आजाद सलमानी, सुल्तानपुर जिला उपाध्यक्ष खालिद मंसूरी, जिला अध्यक्ष गफ्फार घोसी, असद उल्ला अंसारी, महताब आलम, प्रदेश उपाध्यक्ष महमूद अहमद, प्रदेश सचिव आरिफ सलमानी, विधि सलाहकार जावेद अहमद, रईस अहमद, जफर आलम, साबिर अली, कमाल अहमद, नसीब अली, हसरत हुसैन, जावेद, हसीब, सईम कुरैशी, आसिफ इकबाल अयोध्या, सुफियान, जुनैद अली, लखनऊ उपाध्यक्ष हबीब उररहमान, नूरुल हसन, मोहम्मद अजीम, सादिक, जावेद, नौशा इदरीसी, अरशद, अदील जमाल, रिजवान, फैज वाहिद, मोहम्मद रईस, अनीस रहमान, नेहाल रहमान, ताकिश रहमान, शकील अशरफ, इरफान, मुस्ताक, यूनुस रजा, इरशाद हुसैन, साबिर अली, कमाल अहमद अंसारी, जावेद, हसीब अन्सारी, आसिफ इकबाल आदि लोग भारी संख्या में उपस्थित रहे।

## जनपद में ज्ञानधारा पशु आहार के वितरण व बिक्री पर रोक

**हरदोई।** जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से पशुओं की मौत के मामले में ज्ञान धारा पशु आहार का नाम आने पर जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह के निर्देश पर पशुपालन विभाग विभाग के पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा पशु आहार का सैम्पल लेकर भारतीय पशु अनुसन्धान संस्थान इज्जत नगर, बरेली को जाँच के लिए भेजा गया। संस्थान द्वारा सैम्पल की जाँच रिपोर्ट के अनुसार पशु आहार में इनसेक्टीसाइड पाया गया है। मामले को गंभीरता से लेते हुए ज्ञानधारा पशु आहार के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करा दी गयी है तथा अग्रिम आदेशों तक जनपद में पशुआहार के वितरण व बिक्री पर रोक लगा दी गयी है। जिलाधिकारी के निर्देशों पर पशु आहार खाने वाले बीमार पशुओं का पशु चिकित्सा अधिकारियों द्वारा इलाज किया जा रहा है। जिलाधिकारी ने पशु पालन विभाग को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए हैं कि पशुपालन विभाग की टीमें लगातार सतर्क रहें और बीमार पशुओं का तत्काल इलाज कराया जाये। इसी सम्बन्ध में आज पशु पालन विभाग के अपर निदेशक गोपेश श्रीवास्तव ने जिलाधिकारी से मुलाकात की तथा दोनों अधिकारियों ने पशु आहार खाकर बीमार पड़ने वाले पशुओं के बेहतर इलाज व प्रभावित पशु पालकों की नियमानुसार यथा संभव सहायता करने पर चर्चा की।

## एनपीसीआई एवं आधार प्रमाणीकरण कराने हेतु समस्त विकास खण्डों में होगा शिविर का आयोजन



**हरदोई।** मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी ने बताया है कि निराश्रित महिला पेंशन, वृद्धा पेंशन, दिव्यांगजन पेंशन योजनान्तर्गत पेंशन में एनपीसीआई कराने हेतु जागरुक करने एवं पेंशनरों में जिन दिव्यांगजनों के आधार नहीं लगे है उनके आधार प्रमाणीकरण कराये जाने के संबंध मे सभी विकास खण्डों मे 04 फरवरी से 28 फरवरी 2025 तक स्वावलम्बन शिविर का आयोजन किया जायेगा। उन्होंने बताया कि 04 फरवरी को विकास खण्ड अहिरोरी मे शिविर का आयोजन किया जायेगा। इसी तरह 05 फरवरी को विकास खण्ड बावन, 06 फरवरी बेहन्दर, 07 फरवरी भरावन, 10 फरवरी भरखनी, 11 फरवरी बिलग्राम, 12 फरवरी हरियावां, 13 फरवरी हरपालपुर, 14 फरवरी कछौना, 15 फरवरी कोथावां, 17 फरवरी माधौगंज, 18 फरवरी मल्लावां, 19 फरवरी पिहानी, 20 फरवरी साण्डी, 21 फरवरी सण्डीला, 24 फरवरी शाहाबाद, 25 फरवरी सुरसा, 27 फरवरी टड़ियावां तथा 28 फरवरी को टोडरपुर मे शिविर का आयोजन 11 बजे से सायं 04 बजे तक किया जायेगा। उन्होंने शिविर कार्यो मे लगे समस्त कर्मचारियों को निर्देशित किया है कि उक्त शिविर का आयोजन निर्धारित तिथियों मे सम्पन्न कराना सुनिश्चित करें।

## विद्या की देवी का तेरा में हुआ पूजन

**ललितपुर।** ब्लॉक बिरधा अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय तेरा में विद्या की देवी माँ सरस्वती जी का विधि विधान से पूजन किया। विद्यालय की बालिकाओं द्वारा हे हंस वाहिनी ज्ञान दायनी अम्ब विमल मति दे, सरस्वती वन्दना प्रस्तुत की। इस अवसर भगवत सिंह बैस ने कहा कि विद्या की देवी माँ सरस्वतीजी का सभी बच्चे ध्यान करके शिक्षण प्राप्त करें। माँ सरस्वती सभी बच्चो में ज्ञान वर्धन करती है।

# बीएसएफ के एडीजी रवि गांधी पहुंचे गुवाहाटी फ्रंटियर



**गुवाहाटी।** कूचबिहार स्थित सेक्टर मुख्यालय में दौरे के पहले दिन, रवि गांधी को गुवाहाटी फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी) संजय गौड़ और वरिष्ठ स्टाफ अधिकारियों द्वारा ब्रीफ किया गया।पड़ोसी देश बांग्लादेश में उथल-पुथल के बाद से भारत-बांग्लादेश अंतराष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा को और चाक-चौबंद किया गया है। बीएसएफ पूर्वी कमान, कोलकाता के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) रवि गांधी ने गुवाहाटी फ्रंटियर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ सुरक्षा उपायों की समीक्षा की। उल्लेखनीय है कि अतिरिक्त महानिदेशक रवि गांधी तीन दौरे पर हैं। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि एडीजी ने अपनी यात्रा करे दौरान पश्चिम बंगाल के कूचबिहार जिले में भारत-बांग्लादेश अंतराष्ट्रीय सीमा के साथ संचालनात्मक तैयारियों और मौजूदा सुरक्षा स्थिति की समीक्षा की।

कूचबिहार स्थित सेक्टर मुख्यालय में दौरे के पहले दिन, रवि गांधी को गुवाहाटी फ्रंटियर के महानिरीक्षक (आईजी) संजय गौड़ और वरिष्ठ स्टाफ अधिकारियों द्वारा ब्रीफ किया गया। बीएसएफ के एडीजी ने कूचबिहार सेक्टर मुख्यालय के अधिकार क्षेत्र में भारत-बांग्लादेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा के साथ सीमा चौकियों (बीओपी) का भी दौरा किया। उन्होंने क्षेत्रीय कमांडरों के साथ बातचीत की, सीमा प्रभुत्व योजना की पूरी तरह से समीक्षा की और किसी भी प्रकार के खतरे से निपटने के लिए ऑपरेशनल तैयारियों का मूल्यांकन किया। अधिकारी ने बताया कि ब्रीफिंग में बांग्लादेश में चल रहे अशांति के कारण उत्पन्न हो रही सुरक्षा चुनौतियों पर ध्यान केंद्रित किया गया।

# नक्सल इलाके में सीआरपीएफ डीजी ने FOB पर जवानों संग बिताई रात जांबाजों की सुनी तो कुछ अपनी सुनाई

**प्रभावित**

**सीआरपीएफ के नए डीजी जीपी सिंह, जिन्होंने पिछले सप्ताह ही बल के महानिदेशक का कार्यभार संभाला है, अब वे नक्सल प्रभावित इलाके में पहुंच गए हैं।**



**नई दिल्ली।** सीआरपीएफ के नए डीजी जीपी सिंह, जिन्होंने पिछले सप्ताह ही बल के महानिदेशक का कार्यभार संभाला है, अब वे नक्सल प्रभावित इलाके में पहुंच गए हैं। उन्होंने बीजापुर, सुकमा और दन्तेवाड़ा के नक्सल प्रभावित इलाकों का दौरा किया। देश का सबसे बड़ा केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ, नक्सल प्रभावित इलाकों में लोगों के दिलों पर राज कर रहा है। जोखिम भरे इलाकों में इस बल के जांबाज दोहरी भूमिका रहे हैं। एक तरफ वे नक्सलियों का खात्मा कर रहे हैं, उन्हें सरेंडर के लिए मजबूर कर रहे हैं तो दूसरी ओर वहां के सामान्य लोगों के लिए मददगार भी बन रहे हैं। वहां रहने वाले लोगों की शिक्षा और स्वास्थ्य से लेकर हर संभव सहायता की जा रही है। सीआरपीएफ के नए डीजी जीपी सिंह, जिन्होंने पिछले सप्ताह ही बल के महानिदेशक का कार्यभार संभाला है, अब वे नक्सल प्रभावित इलाके में पहुंच गए हैं। उन्होंने बीजापुर, सुकमा और दन्तेवाड़ा के नक्सल प्रभावित इलाकों का दौरा किया। बल ने टेकलगुडियम एफओबी पर जवानों के साथ रात बिताई। डीजी ने जनता के साथ संवाद स्थापित किया। बल के महानिदेशक ने कुछ जांबाजों की सुनी तो कुछ अपनी सुनाई। उन्होंने नक्सल प्रभावित क्षेत्र में ग्रामीणों को 2000 साइकिलें वितरित करने की मुहिम की शुरुआत की। देश की आंतरिक सुरक्षा और नागरिक कल्याण को मजबूत करने के मकसद से सीआरपीएफ महानिदेशक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह ने टेकलगुडियम के घोर नक्सल प्रभावित क्षेत्र में जवानों के साथ रात बिताई है। उन्होंने आम जनता के लिए सिविक एक्शन प्रोग्राम की औपचारिक शुरुआत की। यह कार्यक्रम स्थानीय समुदायों को आत्मनिर्भर बनाने, नागरिक सुरक्षा को बढ़ावा देने और सुरक्षा बलों तथा आम जनता के बीच विश्वास बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। महानिदेशक ने कहा, सीआरपीएफ न केवल देश की सुरक्षा में योगदान देता है, बल्कि समाज के विकास में भी अहम भूमिका निभाता है। यह पहल स्थानीय समुदायों को सशक्त बनाने और उन्हें एक बेहतर भविष्य देने की दिशा में हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है। सिविक एक्शन कार्यक्रम के अन्तर्गत स्थानीय विद्यालयों में 100 से अधिक छात्रों को शिक्षा सामग्री, स्कूल बैग और स्टेशनरी किट वितरित की गई।

भविष्य में भी सीआरपीएफ के तैनाती स्थलों पर जरूरतमंद छात्रों को शिक्षा सामग्री प्रदान की जाती रहेगी। स्वास्थ्य सेवाओं को बढ़ावा देने के लिए निःशुल्क मेडिकल कैम्प आयोजित किए गए। इनमें 100 से अधिक ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की गई। उन्हें आवश्यक दवाईयां भी वितरित की गईं। युवाओं को स्वरोजगार के लिए विशेष प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिसमें टेलरिंग, बांस-कला, सिलाई, कंप्यूटर स्किल्स, कृषि कला, बढ़ई कला, ड्राइविंग जैसी सुविधाएं शामिल होंगी।

# चुनाव से पहले धनंजय मुंडे-वाल्मिक कराड ने मुझसे मुलाकात की



**मुंबई।** सरपंच हत्या मामले के मुख्य आरोपी कृष्णा अंधाले के अभी तक फरार होने पर जरांगे ने प्रतिक्रिया दी। उन्होंने आरोप लगाया कि वह राजनीतिक समर्थन के कारण छिप रहा है। मराठा कार्यकर्ता मनोज जरांगे ने सोमवार को बताया कि महाराष्ट्र के मंत्री धनंजय मुंडे ने अपने सहयोगी वाल्मिक कराड के साथ पिछले साल हुए राज्य विधानसभा चुनाव से पहले उनसे मुलाकात की थी। वाल्मिक कराड को जबरन वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है। पिछले साल दिसंबर में बीड में सरपंच की हत्या से जुड़े मामले में वाल्मिक कराड का नाम सामने आने के बाद से राज्य मंत्री धनंजय मुंडे को आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। विपक्ष इस मामले की निष्पक्ष जांच के लिए मुंडे को मंत्रिपरिषद से बीड के मासाजोग के सरपंच संतोष देशमुख को 9 दिसंबर को अपहरण कर प्रताड़ित किया और फिर उनकी हत्या कर दी गई, क्योंकि वे बीड जिले में एक पवनचक्की परियोजना का संचालन करने वाली एक ऊर्जा कंपनी पर जबरन वसूली की कोशिश को रोकने का प्रयास कर रहे थे। इस मामले में अबतक पुलिस सात लोगों को गिरफ्तार कर चुकी है। हालांकि, आरोपी कृष्णा अंधाले अभी भी फरार है। वाल्मिक कराड को जबरन वसूली मामले में गिरफ्तार किया गया है और वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में है।

# मणिपुर में सेना ने संयुक्त ऑपरेशन चला कर भारी मात्रा में हथियार, गोला-बारूद बरामद किया



**इंफाला।** सूत्रों के मुताबिक खुफिया जानकारी के आधार पर असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस के साथ मिलकर कांगपोकपी जिले के जनरल एरिया नेपाली बस्ती, वेइटम खुलेन - खोकेन गांव रोड पर संयुक्त अभियान चलाया। भारतीय सेना, असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस और अन्य सुरक्षा बलों ने मणिपुर में संयुक्त ऑपरेशन चलाए। पिछले करीब एक सप्ताह में मणिपुर के ककचिंग, कांगपोकपी, चुराचांदपुर और थौबल जिलों के पहाड़ी और घाटी क्षेत्रों से 10 हथियार, गोला-बारूद और युद्ध सामग्री बरामद करने में सफल मिली। इस दौरान कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी का एक सदस्य हथियारों के साथ गिरफ्तार किया गया। सूत्रों के मुताबिक खुफिया जानकारी के आधार पर असम राइफल्स ने मणिपुर पुलिस के साथ मिलकर कांगपोकपी जिले के जनरल एरिया नेपाली बस्ती, वेइटम खुलेन - खोकेन गांव रोड पर संयुक्त अभियान चलाया। इसमें एक 5.56 मिमी राइफल, एक 7.62 मिमी राइफल, एक .303 स्नाइपर राइफल (संशोधित), एक .22 पिस्तौल, एक सिंगल बैरल राइफल, दो इम्प्रोवाइज्ड मोर्टार, ग्रेनेड, गोला-बारूद और युद्ध सामग्री बरामद की। इसी तरह से असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस की संयुक्त टीम ने थौबल जिले के जनरल एरिया वाइथौ में कांगलेईपाक कम्युनिस्ट पार्टी (तैबंगांबा) के एक सदस्य को गिरफ्तार किया और गोला-बारूद बरामद किया। चुराचांदपुर जिले में भी भारतीय सेना ने सीआरपीएफ और मणिपुर पुलिस के साथ मिलकर लोइलमकोट और नालोन गांवों के बीच नालोन से 4 किमी दक्षिण-पूर्व एक संयुक्त अभियान चलाया। इसमें छह लंबे रॉकेट (5-6 फीट लंबे) के साथ एक लॉन्चर स्टैंड, एक देशी मोर्टार पॉम्पेई, गोला-बारूद और युद्ध सामग्री बरामद की। एक अन्य अभियान में असम राइफल्स और मणिपुर पुलिस ने ककचिंग जिले के जनरल एरिया चैरल खुनौ में एक ऑपरेशन चलाया और एक 9 मिमी राइफल, एक 9 मिमी पिस्तौल, दो ग्रेनेड, गोला-बारूद और युद्ध सामग्री बरामद की। गिरफ्तार किए गए व्यक्ति, बरामद हथियार और अन्य सामान मणिपुर पुलिस को सौंप दिए गए हैं। उल्लेखनीय है कि भारतीय सेना, असम राइफल्स, सीआरपीएफ और मणिपुर पुलिस सहित अन्य सुरक्षा एजेंसियां लगातार संयुक्त ऑपरेशन चला रहे हैं और हथियार बरामद कर रहे हैं।

# इस खास ट्रेन की गुजारिश लेकर रेल मंत्रालय पहुंच रहे नेता, क्यों मंत्री नहीं कर पा रहे डिमांड पूरी?

**डिमांड**

**विपक्षी दलों में एनसीपी, डीएमके, सपा, आप और जद (यू) के सांसदों के अलावा कांग्रेस सांसद भी इन ट्रेनों की डिमांड करते हुए नजर आ रहे है।**



**मुंबई** इन दिनों सेमी हाईस्पीड ट्रेन यानी वंदे भारत ट्रेन सबसे पसंदीदा ट्रेन बन चुकी है। अभी इस अधिकांश राज्यों के 136 रूटों पर इस ट्रेन का सफल संचालन हो रही है। इन दिनों रेलवे मंत्रालय में कई नेता एक खास ट्रेन को लेकर चक्कर लगाते हुए देखे जा रहे है। ये नेता सीधे रेल मंत्री से मिलकर इस ट्रेन को शुरू करने के लिए गुजारिश लगाते हुए दिख रहे हैं। इन नेताओं की मांग भी ऐसी है कि रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी इसे पूरा नहीं कर रहे है। दरअसल, इन दिनों सेमी हाईस्पीड ट्रेन यानी वंदे भारत ट्रेन सबसे पसंदीदा ट्रेन बन चुकी है। अभी इस अधिकांश राज्यों के 136 रूटों पर इस ट्रेन का सफल संचालन हो रही है। यहीं वह तमाम रूटों पर चलने वाली इस ट्रेन की आक्यूपेंसी रेट 100 फीसदी से ज्यादा है। अगले कुछ माह में इस ट्रेन का स्लीपर वर्जन भी शुरू होने जा रहा है। इसे लेकर तैयारियां भी अंतिम दौर में पहुंच चुकी है। रेलवे मंत्रालय से मिली जानकारी के अनुसार,पहले ज्यादातर नेता अपने-अपने क्षेत्र में ट्रेनों के स्टॉपेज के लिए रेलवे मंत्रालय आते थे, लेकिन अब इनकी डिमांड बदल गई है। सांसदों के अलावा राज्यों से आने वाले तमाम मंत्री और बड़े नेता वंदे भारत ट्रेन की डिमांड लेकर रेल मंत्री के पास पहुंच रहे है। हर कोई अपने क्षेत्र से इस ट्रेन को शुरू करवाना चाहता है। इसमें सबसे खास बात यह है कि नेताओं की डिमांड एक एक ट्रेन की नहीं बल्कि चार से पांच ट्रेनों की होती है। चूंकि वंदे भारत ट्रेनों का प्रोडक्शन सीमित है, इसलिए उनकी चार से पांच ट्रेनों की डिमांड पूरी नहीं हो पाती है। सूत्रों का कहना है कि, ऐसा नहीं है कि वंदे भारत ट्रेन की डिमांड केवल सत्ता पक्ष के सांसदों में हैं। विपक्षी दलों में एनसीपी, डीएमके, सपा, आप और जद (यू) के सांसदों के अलावा कांग्रेस सांसद भी इन ट्रेनों की डिमांड करते हुए नजर आ रहे है।

लगातार वंदे भारत ट्रेनों की आ रही डिमांड को देखते हु रेलवे मंत्रालय वंदे भारत ट्रेन का प्रोडक्शन बढ़ाने में लगा हुआ है। बजट 2025 में भी चार श्रेणियों की 350 वंदे भारत के प्रोडक्शन के लिए बजट की स्वीकृति मिल गई है। इसमें चार श्रेणियों की वंदे भारत स्लीपर-चेयर कार,अमृत भारत और नमो भारत शामिल हैं। इनका निर्माण जल्द शुरू कर दिया जाएगा। बजट में स्वीकृति 350 वंदे भारत को निर्माण अगले तीन सालों में पूरा कर लिया जाएगा। इनमें अमृत भारत की 100 ट्रेनें, नमो भारत की 50 ट्रेनें और 200 वंदे भारत (स्लीपर और चेयरकार) शामिल हैं। मौजूदा समय 70 के करीब वंदे भारत दौड़ रही हैं।

## एक बार फिर चर्चा में आरजी कर अस्पताल

**बैरकपुर।** छात्रा आइवी प्रसाद कमारहाटी ईएसआई अस्पताल के एक क्वार्टर में अपनी मां के साथ रहती थी। उसकी मां भी डॉक्टर हैं। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को जब मां ने छात्रा को फोन किया तो उसका फोन नहीं उठा। इसके बाद जब मां क्वार्टर पहुंची तो यहां एक कमरे में उसका शव लटका मिला। जूनियर डॉक्टर की दुष्कर्म के बाद हत्या मामले के बाद कोलकाता का आरजी कर मेडिकल कॉलेज एक बार फिर चर्चा में है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल की द्वितीय वर्ष की छात्रा का शव अस्पताल में उसके क्वार्टर के एक कमरे लटका मिला है। पुलिस ने अप्राकृतिक मौत का मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस ने बताया कि छात्रा आइवी प्रसाद कमारहाटी ईएसआई अस्पताल के एक क्वार्टर में अपनी मां के साथ रहती थी। उसकी मां भी डॉक्टर हैं। पुलिस ने बताया कि गुरुवार को जब मां ने छात्रा को फोन किया तो उसका फोन नहीं उठा।

# ट्रंप के फैसले ने बढ़ाई डब्ल्यूएचओ की चिंता



**जेनेवा।** डब्ल्यूएचओ के प्रमुख ने सदस्य देशों से कहा है कि वे संयुक्त राष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी से हटने के अमेरिका के फैसले को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात करें। वे फैसले को पलटने के लिए राष्ट्रपति पर दबाव डालें। राजनयिकों के साथ हुई बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख ने इस पर जोर दिया। डोनाल्ड ट्रंप ने राष्ट्रपति बनते ही अमेरिका को विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ ) से अलग कर लिया था। ट्रंप के इस फैसले ने डब्ल्यूएचओ की चिंता बढ़ा दी है। अब डब्ल्यूएचओ के प्रमुख ने सदस्य देशों से कहा है कि वे संयुक्त राष्ट्र की सार्वजनिक स्वास्थ्य एजेंसी से हटने के अमेरिका के फैसले को लेकर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से बात करें। वे फैसले को पलटने के लिए राष्ट्रपति पर दबाव डालें। राजनयिकों के साथ हुई बैठक में विश्व स्वास्थ्य संगठन के प्रमुख ने इस पर जोर दिया कि संगठन से हटने के बाद अमेरिका वैश्विक बीमारी के प्रकोप के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी से वंचित रह जाएगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन के महानिदेशक टेड्रोस एडनॉम घेब्रेयसस ने कहा कि अमेरिकी रोग नियंत्रण और रोकथाम केंद्र के अधिकारियों को डब्ल्यूएचओ के साथ काम करना बंद करने के लिए कहा गया है। लेकिन संगठन अभी भी कुछ अमेरिकी वैज्ञानिकों को डाटा उपलब्ध करा रहा है। उन्होंने संगठन के सदस्य देशों से कहा कि हम अमेरिका को जानकारी इसलिए दे रहे हैं, क्योंकि उनको इसकी जरूरत है। अगर सदस्य देश अमेरिका पर अपने फैसले को लेकर दबाव डालते हैं या फैसले पर दोबारा विचार करने के लिए ट्रंप से बात करते हैं तो हमें बहुत खुशी होगी।

ट्रेडोस ने ट्रंप की ओर से विश्व स्वास्थ्य संगठन छोड़ने के बताए गए कारणों का खंडन किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप कहते हैं कि डब्ल्यूएचओ ने कोरोना को ठीक से संभाला नहीं। जबकि हमने जनवरी 2020 में ही दुनिया भर को कोरोना के संभावित खतरों के बारे में सचेत किया था। इसके बाद हमने कई सुधार किए हैं। उन्होंने कहा कि ट्रंप मानते हैं कि अमेरिका बजट को लेकर नहीं बल्कि बीमारियों के प्रकोप विवरण और स्वास्थ्य सूचनाओं में शून्यता को लेकर संगठन से बाहर हुआ है। मगर इसका सामना अमेरिका को भविष्य में करना पड़ेगा। ट्रेडोस ने कहा कि अमेरिका को विश्व स्वास्थ्य संगठन में वापस लाना जरूरी है। इसमें सदस्य देश बड़ी भूमिका निभा सकते हैं। अमेरिका के बाहर निकलने पर डब्ल्यूएचओ की चिंता बढ़ी हुई है।

## उत्तरी सीरिया में भीषण कार बम विस्फोट, 15 लोगों की मौत

**उत्तरी सीरिया।** मनबीज शहर के बाहरी इलाके में कार में विस्फोट हुआ। धमाका तब हुआ, जब कार के बगल से एक वाहन कृषि श्रमिकों को ले जाते हुए गुजर रहा था। इसमें 14 महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई। सीरिया में भीषण बम धमाका हुआ है। इस दौरान कम से कम 15 लोगों के मारे जाने की खबर है। जानकारी के मुताबिक, सोमवार को उत्तरी सीरियाई शहर के बाहरी इलाके में एक कार बम विस्फोट में कम से कम 15 लोग मारे गए और दर्जनों घायल हो गए। मनबीज शहर के बाहरी इलाके में कार में विस्फोट हुआ। धमाका तब हुआ, जब कार के बगल से एक वाहन कृषि श्रमिकों को ले जाते हुए गुजर रहा था। इसमें 14 महिलाओं और एक पुरुष की मौत हो गई। अन्य 15 महिलाएं घायल हो गईं, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर है। हालांकि, तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी ली।

# अपने ही जाल में फंसा पाकिस्तान: नए साल में भी बढ़े आतंकी हमले

**इस्लामाबाद।** रिपोर्ट में सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान पर प्रकाश डाला गया, जिसके कारण जनवरी में कम से कम 185 आतंकवादियों का सफाया हो गया। साल 2016 के बाद से एक महीने में मारे गए आतंकवादियों की सबसे अधिक संख्या दिसंबर 2024 में दर्ज की गई थी। पाकिस्तान में इस साल जनवरी में आतंकवादी हमलों में तेजी से वृद्धि हुई है, जो कि पिछले महीने की तुलना में 42 फीसदी अधिक है। पाकिस्तान इंस्टीट्यूट फॉर कॉन्फ्लिक्ट एंड सेक्यूरिटी स्टडीज (पीआईसीएसएस) के डाटा के अनुसार, देशभर में 74 आतंकवादी हमले दर्ज किए गए हैं, जिसमें 91 लोगों की मौत हो गई। मरने वालों में 35 सुरक्षाकर्मी, 20 नागरिक और 36 आतंकी भी शामिल हैं। वहीं 117 लोग घायल भी हुए हैं, जिसमें 53 सुरक्षाकर्मी, 54 नागरिक और 10 आतंकी शामिल हैं। रिपोर्ट में

**वृद्धि**

**पाकिस्तान में इस साल जनवरी में आतंकवादी हमलों में तेजी से वृद्धि हुई है, जो कि पिछले महीने की तुलना में 42 फीसदी अधिक है।**

सुरक्षा बलों द्वारा आतंकवाद विरोधी अभियान पर प्रकाश डाला गया, जिसके कारण जनवरी में कम से कम 185 आतंकवादियों का सफाया हो गया। साल 2016 के बाद से एक महीने में मारे गए आतंकवादियों की सबसे अधिक संख्या दिसंबर 2024 में दर्ज की गई थी, जहां 190 आतंकियों को मार गिराया गया था। जनवरी में आतंकी हमलों और सुरक्षा अभियानों में 245 मौतें हुईं, जिसमें 185 आतंकी, 40 सुरक्षाकर्मी और 20 नागरिक हैं। आतंकी हमलों में खैबर पख्तूनख्वा सबसे अधिक प्रभावित



प्रांत रहा। इसके बाद बलूचिस्तान का नंबर है। खैबर पख्तूनख्वा में 27 हमले हुए, जिसमें 11 सुरक्षाकर्मियों, छह नागरिक और दो आतंकवादियों समेत 19 की मौतें हुईं। खैबर पख्तूनख्वा के आदिवासी क्षेत्रों में 19 हमले किए गए, जिसमें 13 सुरक्षा कर्मियों, आठ नागरिक और 25 आतंकवादियों समेत 46 मौतें हुईं। बलूचिस्तान में भी 24 हमले हुए। इन हमलों में 20 की जान चली गई। पंजाब में दो आतंकी हमले हुए, जिसमें एक सुरक्षाकर्मी का जवान घायल हो गया। सिंध और इस्लामाबाद में एक-एक हमले हुए। इस महीने दो आत्मघाती बम विस्फोट भी हुए। प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान ने इस विस्फोट की जिम्मेदारी ली। इस साल अपहरण की घटनाओं में भी तेजी से वृद्धि हुई है। सुरक्षा बलों ने खैबर पख्तूनख्वा और बलूचिस्तान में अभियान तेज कर आदिवासी जिलों में 67 और इसके पास के इलाकों में 71 और बलूचिस्तान में 47 आतंकवादियों को मार गिराया। पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में सोमवार को पोलियो रोधी टीम की सुरक्षा के लिए तैनात एक पुलिस कॉन्स्टेबल की आतंकवादियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना देश भर में जारी पोलिया रोधी अभियान के पहले दिन घटी। कॉन्स्टेबल अब्दुर रजिक अफगानिस्तान की सीमा से लगे खैबर जिले के जमरूद तहसील में पोलियो टीका लगाने वालों की एक टीम में शामिल होने जा रहे थे, तभी आतंकवादियों ने उन पर गोलियां चला दीं। बता दें कि पाकिस्तान और अफगानिस्तान ही ऐसे देश हैं जहां पोलियो का प्रकोप अभी भी बरकरार है।

# यूरोप से अफ्रीका तक ट्रंप के निशाने पर कई देश

**खिलाफ**

**आलम यह है कि ट्रंप अब तक आधा दर्जन देशों के खिलाफ आयात शुल्क लगाने का एलान कर चुके हैं।**



डोनाल्ड ट्रंप ने अब तक किन-किन देशों के खिलाफ आयात शुल्क लगाने का एलान कर दिया है? किन देशों ने ट्रंप के कदमों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की बात कही है? इसके अलावा और कौन-कौन से देश अभी अमेरिकी सरकार की तरफ से कार्रवाइयों की जद में आ सकते हैं? आइये जानते हैं... अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप सत्ता में आने के बाद से ही अपनी मेक अमेरिका ग्रेट अगेन योजना को आगे बढ़ाने में जुटे हैं। इसके तहत वे व्यापार में अमेरिका के प्रतिद्वंद्वी देशों के साथ-साथ मित्र देशों को भी टैरिफ युद्ध में शामिल कर रहे हैं। आलम यह है कि ट्रंप अब तक आधा दर्जन देशों के खिलाफ आयात शुल्क लगाने का एलान कर चुके हैं। इसके अलावा वे कई और देशों को आने वाले समय में कार्रवाई की धमकी भी दे चुके हैं। अमेरिका के हितों का हवाला देते हुए अलग-अलग देशों से व्यापार युद्ध शुरू करने के ट्रंप के इरादे कितने बुलंद हैं, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हाल ही में ट्रंप ने अमेरिकी जनता से कहा है कि उन्हें इसका कुछ दर्द उठाना पड़ सकता है। हालांकि, लंबे समय के लिए यह अमेरिका के फायदे के लिए ही होगा। ट्रंप ने यहां तक कह दिया कि अमेरिका के खिलाफ व्यापार में बढ़त न होने के बाद कनाडा का अस्तित्व ही मुश्किल हो जाएगा। ऐसे में यह जानना अहम है कि डोनाल्ड ट्रंप ने अब तक किन-किन देशों के खिलाफ आयात शुल्क लगाने का एलान कर दिया है? किन देशों ने ट्रंप के कदमों के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की बात कही है? इसके अलावा और कौन-कौन से देश अभी अमेरिकी सरकार की तरफ से कार्रवाइयों की जद में आ सकते हैं? आइये जानते हैं... डोनाल्ड ट्रंप ने अब तक करीब आधा दर्जन देशों पर टैरिफ लगाने की धमकी दी है। वहीं, तीन देशों पर 4 फरवरी से आयात शुल्क लगाने का एलान भी कर चुके हैं। इन देशों में चीन, कनाडा और मैक्सिको शामिल हैं। चौंकाने वाली बात यह है कि चीन, मैक्सिको और कनाडा अब तक अमेरिका के सबसे बड़े व्यापारिक साझेदार हैं। अमेरिका ने 2024 में दुनियाभर से करीब 3 ट्रिलियन डॉलर के उत्पाद आयात किए थे। इनमें से 42 फीसदी आयात उसने इन्हीं तीन देशों से किए। ट्रंप ने इन तीन देशों पर आयात शुल्क लगाने के लिए अंतरराष्ट्रीय आपातकाल आर्थिक शक्ति कानून IEEPA का इस्तेमाल करते हुए कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर किए हैं। इसके मुताबिक, 4 फरवरी से कनाडा, मैक्सिको और चीन पर यह आयात शुल्क लागू हो जाएंगे।


## कनाडा, मैक्सिको और चीन पर टैरिफ के बाद अब पनामा नहर की बारी?



**पनामा सिटी।** मार्को रुबियो ने पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो से एक बैठक में कहा कि पनामा नहर क्षेत्र पर चीन के बढ़ते प्रभाव को कम करना चाहिए। उन्होंने पनामा को चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो ट्रंप प्रशासन आवश्यक कदम उठाने को तैयार होगा।नहर की मौजूदा स्थिति को स्वीकार नहीं किया जाएगा। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप लगातार नए फैसले ले रहे हैं। कनाडा, मैक्सिको और चीन पर टैरिफ लगा दिया गया है। ट्रंप के वादे के मुताबिक अमेरिका की नजरें पनामा नहर पर लगी हुईं हैं। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने इसके संकेत भी दे दिए हैं। रविवार को रुबियो ने पनामा का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने पनामा नहर को अमेरिका को सौंपने की मांग की। मार्को रुबियो ने रविवार को पनामा के राष्ट्रपति जोस राउल मुलिनो से एक बैठक में कहा कि पनामा को पनामा नहर क्षेत्र पर चीन के बढ़ते प्रभाव को कम करना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि अगर ऐसा नहीं हुआ तो ट्रंप प्रशासन आवश्यक कदम उठाने को तैयार होगा। रुबियो ने मुलिनो को बताया कि ट्रंप कहते हैं कि नहर क्षेत्र में चीन की उपस्थिति अमेरिका के साथ 1999 में की गई संधि का उल्लंघन कर सकती है।

# अमेरिका विमान दुर्घटना के 67 पीड़ितों में से 55 के अवशेष मिले

**आर्लिंगटन।** वाशिंगटन, डीसी के अग्निशमन और आपातकालीन चिकित्सा सेवा (ईएमएस) प्रमुख जॉन डोनेली ने कहा कि गोताखोर अब भी इस दुर्घटना में मारे गए 12 पीड़ितों के शवों की तलाश कर रहे हैं। बचावकर्मी जल्द ही पोटोमैक नदी से मलबा उठाने की तैयारी में हैं। अमेरिका में अब तक के सबसे घातक विमान दुर्घटना में मारे गए 67 लोगों में से अब तक 55 मृतकों के अवशेष बरामद कर लिए गए हैं। दरअसल, वॉशिंगटन डीसी के करीब रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास पोटोमैक नदी के पास बुधवार को बड़ा हादसा हुआ था। अमेरिका में 2001 के बाद हुए अब तक के सबसे घातक हवाई दुर्घटना में यह हादसा भी शामिल है।वाशिंगटन, डीसी के अग्निशमन और आपातकालीन चिकित्सा सेवा (ईएमएस) प्रमुख जॉन डोनेली ने कहा कि गोताखोर अब भी इस दुर्घटना में मारे गए 12 पीड़ितों के शवों की तलाश कर रहे हैं। बचावकर्मी जल्द ही पोटोमैक नदी से मलबा उठाने की तैयारी में हैं। विमान के कुछ बचे हिस्से को ट्रक में भरकर जांच के लिए 'हैंगर'




(विमानों को रखने की जगह) ले जाया जाएगा। पीड़ितों के परिजन रीगन राष्ट्रीय हवाई अड्डे के पास पोटोमैक नदी के किनारे घटनास्थल पर पहुंचे थे। उन्होंने अपने प्रियजनों को श्रद्धांजलि दी। कई लोग बसों के जरिए उस स्थान पर पहुंचे, जहां बुधवार को अमेरिकन एयरलाइंस के विमान और सेना के ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर की टक्कर हो जाने से दोनों विमानों में सवार सभी 67 लोगों की मौत हो गई थी। इस दौरान पुलिस भी लोगों के साथ थी। संघीय जांच अधिकारी दुर्घटना के कारणों की जांच कर रहे हैं, जबकि बचाव दल मलबा निकालने में जुटा है। घटना को लेकर परिवहन सचिव सीन डफी ने कई सवाल उठाए। उन्होंने पूछा, टावर के अंदर क्या हो रहा था? क्या वहां कर्मचारियों का अभाव था? ब्लैक हॉक की स्थिति, ब्लैक हॉक की ऊंचाई सवालों के दायरे में है, क्या ब्लैक हॉक के पायलट ने 'नाइट विजन गॉगल्स' पहने हुए थे? विचिटा, कंसास से 64 लोगों को लेकर आ रहा अमेरिकन एयरलाइंस का विमान सेना के उस ब्लैक हॉक हेलीकॉप्टर से टकरा गया जो प्रशिक्षण मिशन पर था और उसमें तीन सैनिक सवार थे।

टक्कर के कारण दोनों विमान पोटोमैक नदी में गिर गए थे। हादसे में लिलबर्न, जॉर्जिया के सेना स्टाफ सार्जेंट रेयान ऑस्टिन ओहारा (28), ग्रेट मिल्स, मेरीलैंड के चीफ वारंट ऑफिसर 2 एंड्रयू लोयड ईव्स (39) और डरहम, उत्तरी कैरोलिना के कैप्टन रेबेका एम. लोबाच की मृत्यु हो गई।

अवधनामा



# बजट विकसित भारत के संकल्प सिद्धि में साबित होगा मील का पत्थर: कृपा शंकर



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** भारतीय जनता पार्टी की वरिष्ठ नेता जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से पार्टी के पूर्व प्रत्याशी एवं महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री कृपा शंकर सिंह ने केंद्रीय बजट की सराहना करते हुए कहा कि यह बजट विकसित भारत के संकल्प की सिद्धि में मील का पत्थर साबित होगा। महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्य मंत्री एवं जौनपुर लोकसभा क्षेत्र से भाजपा के पूर्व प्रत्याशी कृपा शंकर सिंह रविवार को जौनपुर में पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इस बजट में भारतीय अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाने और आम नागरिकों की जिंदगी को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। सरकार ने हर वर्ग खास तौर पर गरीब, युवा, किसान और महिलाओं के लिए कई योजनाओं की घोषणा की गई है। उन्होंने कहा कि इस बजट में कृषि, स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सामाजिक कल्याण पर विशेष ध्यान दिया गया है। उन्होंने कहा कि आमतौर पर बजट का फोकस इस बात पर रहता है कि सरकारी खजाना कैसे भरेगा लेकिन इस बजट उसके बिल्कुल विपरीत है, यह बजट देश के नागरिकों की जेब कैसे भरेगा, देश के नागरिकों की बचत कैसे बढ़ेगी, को यह बजट इसकी एक बहुत मजबूत नीव रखता है। उन्होंने कहा कि बजट में सरकार ने आयकर की सीमा को 7 लाख से बढ़कर 12 लख रुपए कर दिया है इसे मध्यम वर्ग के अधिकारियों और कर्मचारियों सहित सभी लोगों को बहुत लाभ होगा। उन्होंने कहा कि कल पेश किये गए बजट में सरकार ने बिजली की उपलब्धता बढ़ाने के लिए वर्ष 2047 तक कम से कम 100 गीगावॉट परमाणु बिजली पैदा करने का लक्ष्य रखा है, यह देश के विकास के लिए एक शुभ संकेत है। उन्होंने कहा कि यह बजट न सिर्फ वर्तमान आवश्यकताओं को ध्यान में रखता है, बल्कि देश के भविष्य की तैयारी करने में भी मदद करने वाला है। उन्होंने कहा कि बजट में रोजगार के सभी क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। श्री सिंह ने अच्छा बजट पेश करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री निर्मला सीतारमण को बधाई दी है। इस अवसर पर पूर्व विधायक हरेंद्र प्रसाद सिंह, भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता ओम प्रकाश सिंह, भाजपा के जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, महामंत्री सुशील मिश्रा व भाजपा नेता प्रबुद्ध दुबे सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## सकारात्मक ऊर्जा का प्रतीक है बसंत पंचमी: प्रो. वंदना

**जौनपुर।** वीर बहादुर सिंह पूर्वांचल विश्वविद्यालय में बसंत पंचमी के अवसर पर बसंतोत्सव का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के प्रशासनिक भवन में स्थापित मां सरस्वती की प्रतिमा का पूजन कुलपति प्रोफेसर वंदना सिंह ने विधिवत रूप से किया गया। इस दौरान विश्वविद्यालय की शिक्षिकाओं और छात्राओं ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ बसंत पंचमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया।इस अवसर पर कुलपति प्रो. वंदना सिंह ने बसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्व ज्ञान, विद्या और बुद्धि की देवी मां सरस्वती को समर्पित है। उन्होंने सभी के उज्ज्वल भविष्य और विद्या में वृद्धि की कामना की। उन्होंने कहा कि यह त्योहार नई ऊर्जा, सकारात्मकता और समृद्धि का प्रतीक है, जिसे हमें पूरे मनोयोग से मनाना चाहिए।बसंतोत्सव के दौरान उपस्थित शिक्षिकाओं और छात्राओं ने भजन-कीर्तन कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। समारोह में डॉ. झांसी मिश्रा, डॉ. जया शुक्ला, पूनम त्रिपाठी, कामायिनी शर्मा, अंकिता, प्रिया पाल, प्रतिभा शुक्ला, चांदनी, पूजा, खुशी, नेहा पांडे समेत अनेक लोग उपस्थित रहे।

# बांदा प्रेस क्लब द्वारा वसंत पंचमी के अवसर पर तहरी-खिचड़ी वितरण कार्यक्रम सम्पन्न

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** बसंत पंचमी के पावन अवसर पर बांदा प्रेस क्लब द्वारा आज अपने कैंप कार्यालय में एक विशेष तहरी-खिचड़ी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रेस क्लब के वरिष्ठ एवं युवा पत्रकारों सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ क्लब के पदाधिकारियों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। तत्पश्चात बांदा प्रेस क्लब के अध्यक्ष दिनेश निगम ने वसंत पंचमी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए इस पर्व को ज्ञान, साहित्य एवं पत्रकारिता के लिए प्रेरणास्रोत बताया। उन्होंने कहा, ÷तहरी वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य न केवल पर्व की खुशियाँ बाँटना था, बल्कि सद्भावना एवं आपसी एकता को बढ़ावा देना भी था। कार्यक्रम में उपस्थित सभी पत्रकारों एवं आम नागरिकों ने मिलकर भोजन ग्रहण किया और एकजुटता के इस पर्व को आत्मीयता के साथ मनाया।

**पूर्व में भी किए गए कई सामाजिक कार्यक्रम:** बांदा प्रेस क्लब ने हमेशा सामाजिक सरोकारों को प्राथमिकता दी है। इससे पहले भी क्लब के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने मकर संक्रांति के अवसर पर आम जनमानस के साथ खिचड़ी भोज का आयोजन किया था, जिसमें समाज के सभी वर्गों को एकसाथ जोड़ने का प्रयास किया गया था। इसके अलावा, क्लब के सदस्यों ने उन निराश्रित एवं गरीब कन्याओं के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया था, जिनके भाई नहीं थे या जिन्होंने किसी दुर्घटना में अपने भाइयों को खो दिया था। यह पहल समाज में सकारात्मक बदलाव लाने और संवेदनशीलता को बढ़ावा देने का एक प्रयास थी। इतना ही नहीं, समाज में उपेक्षित किन्नर बहनों के साथ भी बांदा प्रेस क्लब के सदस्यों ने रक्षाबंधन का पर्व मनाया था और समाज में उनके सम्मान को बढ़ावा देने का संदेश दिया था। इस कार्यक्रम ने समाज में समानता और सौहार्द की भावना को और मजबूत किया था।

**बाँदा प्रेस क्लब बाँदा की योजनाएँ-** बांदा प्रेस क्लब के पदाधिकारी रोहित धुरिया एवं सुनील सक्सेना ने घोषणा की कि आने वाले समय में पत्रकारों के कल्याण एवं समाजसेवा से जुड़े अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा। प्रेस क्लब के सदस्यों ने जिलाधिकारी से भेंट के दौरान पत्रकारों की सुरक्षा एवं जनपद की समस्याओं पर चर्चा करने की बात भी दोहराई। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए बांदा प्रेस क्लब के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने एक-दूसरे को बधाई दी और वसंत पंचमी पर्व की शुभकामनाएँ प्रेषित कीं।

## सद्भावना किकेट मैच जजेज एकादश बनाम कर्मचारी एकादश के मध्य आयोजित

**बांदा।** बाँदा स्टेडियम मे एक सद्भावना किकेट मैच जजेज एकादश बनाम कर्मचारी एकादश के मध्य आयोजित किया गया जिसकी अध्यक्षता मुख्य अतिथि के रूप मे डा0 बब्बू सारंग, माननीय जनपद न्यायाधीश, बादा द्वारा फीता काटकर की गयी। जजेज एकादश की ओर से माननीय जनपद न्यायाधीश डा0 बब्बू सारंग द्वारा धुंआधार बल्लेबाजी करते हुये 15 रनों यादगार पारी खेली गयी। जजेज एकादश की ओर से गुनेन्द्र प्रकाश अपर जिला जज व अभिनव द्वारा एतिहासिक पारी खेली गयी। डा0 विकास श्रीवास्तव, विशेष न्यायाधीश एस0सी0/ एस0टी0 एक्ट के घायल हो जाने के कारण उनके सुपुत्र रूद्र श्रीवास्तव द्वारा जजेज एकादश की ओर से खेलते हुये दो चौके लगाकर महत्वपूर्ण पारी खेली गयी। इस अवसर पर न्यायिक अधिकारीगण चन्द्रपाल, प्रथम अपर जिला जज, डा0 विकास श्रीवास्तव, अपर जिला जज, निरंजन चौरसिया अपर जिला जज, छोटेलाल अपर जिला जज, गुणेन्द्र प्रकाश / नोडल अधिकारी/ अपर जिला जज, बीडी गुप्ता, मुख्य न्यायिक मजि, गरिमा सिंह सिविल जज सीडि व अन्य न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# बांदा पुलिस द्वारा चार अभियुक्त गिरफ्तार

अवधनामा संवाददाता

**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा अंकुर अग्रवाल के कुशल निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना कोतवाली देहात क्षेत्र में 18.01.2025 को बरामद व्यक्ति के शव की घटना का थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा सफल अनावरण करते हुए आज 02.02.2025 को घटना में शामिल 04 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गौरतलब हो कि 15.01.2025 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के ग्राम चकचटगन की रहने वाली महिला जानकी पत्नी राजू निषाद ने थाना कोतवाली देहात पर अपने ससुर पुन्ना के गुम होने की सूचना दी थी जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात पर गुमशुदगी दर्ज की गई थी। इसी दौरान 18.01.2025 को ग्राम चकचटगन में केन नदी के पास व्यक्ति का शव बरामद हुआ। इसी क्रम में आज 02.02.2025 को थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा मुखबिर की सूचना पर घटना में 04 अभियुक्तों 1-फूलचन्द्र पुत्र महाबीर निषाद, 2- कैलाश निषाद पुत्र शिवराम निषाद, 3-सविता पत्नी सुशील निषाद, व 4-रानीबाई पत्नी बाबूराम उर्फ बाउवा निषाद निवासीगण चकचटगन थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा को ग्राम दरदा एक्सप्रेस वे चौराहा से गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में मुख्य अभियुक्त फूलचन्द्र द्वारा बताया गया कि मृतक पुन्ना का उसके भतीजे सुशील की पत्नी सविता से अवैध सम्बन्ध था जिसके जानकारी मुझे होने पर उसने अपने साथी कैलाश, सविता व रानीबाई के साथ पुन्ना के हत्या की योजना बनाई और 13.01.2025 को पार्टी के बहाने से बुलाया और मारपीट कर अधमरा कर उसके हाथ पैर बांधकर सरसो के खेत में फेक दिया था दो दिन तक पुन्ना खेत में ही पड़ा रहा।

## अंतरराज्यीय पहलवान बाबी ने वीरेंद्र टेढ़ा को पटका

**भरुआ सुमेरपुर।** कस्बे के ऐतिहासिक दो दिवसीय दंगल के प्रथम दिन नामीगिरामी पहलवानों के मध्य रोमांचक कुश्तियां हुई। दंगल का शुभारंभ इटरा आश्रम के महंत स्वामी वेदानंद सरस्वती उर्फ बलराम दास महाराज ने पहलवानों का हाथ मिलवाकर किया। दंगल देखने के लिए हजारों की भीड़ उमड़ी रही। कस्बे के जमीनदार स्वर्गीय झूरी मिश्र की स्मृति में बसंत पंचमी पर होने वाले इस ऐतिहासिक दंगल में प्रथम दिन नामीगिरामी पहलवानो ने कुश्ती के दांवपेंच दिखाए। रोमांचक कुश्तियों में कालपी के रिशु को कानपुर के डैनी ने हराया। मथुरा के रोहित ने कानपुर के अंशु को जोरदार पटकनी दी। उन्नाव के लवकुश ने रोमांचक मुकाबले में टेढ़ा के वीरेंद्र को पटक दिया। टेढ़ा के पवन ने छानी के सत्यम को पराजित किया। लखनऊ के अंतरराज्यीय पहलवान बाबी मिश्रा का मुकाबला टेढ़ा के वीरेंद्र पहलवान से हुआ।

# फुटबॉल मैच का युवा चेयरमैन प्रत्याशी सैफअली ने फीता काटकर किया उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**मुबारकपुर,आजमगढ़।** मुबारकपुर के सपोर्टिंग ग्राउंड पर रविवारअ को पूर्व चेयरमैन मुख्तार अहमद के पौत्र नौजवान चेयरमैन प्रत्याशी सैफ अली द्वारा फित्ता काटकर क्रिया गया उद्घाटन। मेमोरियल आठ दिवसीय आल इंडिया फुटबाल टूर्नामेंट मैच का मुख्य अतिथि सैफ अली ने फीता काटकर व कबूतर उड़ाकर उद्घाटन किया।

यह उदघाटन मैच यूनाइटेड क्लब भारत देश के बिहार प्रान्त के सिवान व पड़ोसी देश नेपाल क्लब फुटबाल के बीच खेला गया।दोनों टीमों के बीच कांटे का मुकाबला रहा।मैच के अन्त तक कोई भी टीम गोल न कर सकी। मुख्तार अहमद व शाहनवाज आलम मेम्बर आठ दिवसीय आल इंडिया फुटबाल टूर्नामेंट के पहले दिन रविवार को पड़ोसी देश नेपाल और भारत देश के बिहार के सिवान टीम के बीच शानदार फुटबाल मैच खेला गया। पहले हाफ टाइम में दोनों टीमों ने एक दूसरे के खिलाफ रोमांचक खेल में कोई भी टीम एक दूसरे के खिलाफ कोई गोल नहीं कर सकी। वहीं दूसरे हाफमैच में भी काफी टक्कर देखने को मिली। लेकिन अंत तक कोई भी गोल न हो सकी। इस प्रकार दोनों टीम में शानदार खेल का प्रर्दशन करते हुए बराबरी का स्कोर अंत तक रहा। पेनाल्टी कार्नर से नेपाल की टीम ने एक गोल दाग कर विजय दर्ज करने सफल रही इस अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक निहारनन्दन कुमार,काजी इद्रीस,हाजी अबु बकर,विद्या सागर जायसवाल, अली असगर, अरशद जमाल, सहित भारी संख्या में लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### बीडिसी समेत अन्य पर हमला करने वाले आरोपी गिरफ्तार



**जौनपुर।** जफराबाद पुलिस द्वारा धारा 191(2)/191(3)/109 (1)/ 115 (2) /352 बीएनएस व 3(2)5 एससी/एसटी एक्ट से सम्बन्धित 03 अभियुक्तों को किया गया गिरफ्तार। पुलिस अधीक्षक जौनपुर के निर्देशन मे अपराध की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम मे अपर पुलिस अधीक्षक नगर, अरविन्द कुमार वर्मा के दिशा निर्देशन व सहायक पुलिस अधीक्षक क्षेत्राधिकारी नगर, आयुष श्रीवास्तव के पर्यवेक्षण मे प्र0नि0 जयप्रकाश यादव थाना जफराबाद जौनपुर मय टीम के द्वारा मु0अ0सं0-13/2025 धारा 191(2)/191(3)/109(1)/115(2)/352 बीएनएस व 3 (2)5 एससी/ एसटी एक्ट थाना जफराबाद जौनपुर से सम्बन्धित 03 नामजद अभियुक्तगण को गिरफ्तार कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय जौनपुर पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

### डीएम ने नवनिर्मित मॉ सरस्वती की मूर्ति का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया अनावरण



**जौनपुर।** जिलाधिकारी डा0 दिनेश चंद्र द्वारा प्राथमिक विद्यालय ताहिरपुर में नवनिर्मित मॉ सरस्वती की मूर्ति का वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनावरण किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में स्थित प्राथमिक विद्यालयों में जब तक प्राथमिक शिक्षा अच्छी नहीं होगी तब तक आप आगे नहीं बढ़ सकेंगे। उन्होंने कहा कि बच्चे ही कल के भविष्य है जिनमे अपार सम्भावनाये है इन्हें सही ढंग से तराशने की जरूरत है। अच्छी शिक्षा पाकर ही बच्चे भविष्य में अपनी प्रतिभा से देश और समाज को आलोकित करेंगे। जिलाधिकारी द्वारा कक्षाओं में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया गया। विद्यालय में बने डिस्कवरी लैब में जाकर वहां रखे गए उपकरणों के बारे में भी जानकारी लिया। बच्चों द्वारा बेबाकी से दिए गए जवाब से प्रसन्न जिलाधिकारी ने स्वयं अपने हाथों से मिठाई व बिस्कुट बच्चों में वितरित किया। बेसिक शिक्षा अधिकारी डा0 गोरखनाथ पटेल ने कहा कि कामयाबी के लिए हमेशा संघर्षरत रहना जरूरी है। परिषदीय स्कूलों के छात्रों को शिक्षित कर विकसित भारत के संकल्प को साकार कर रहे है। प्रधानाध्यापक अमित सिंह व अन्य शिक्षकों ने अतिथियों को स्मृति चिन्ह व शाल भेंट किया। इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी अजीत सिंह व विद्यालय के प्रधानाध्यापक सहित अन्य शिक्षकगण, छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

### बसन्त पंचमी धूमधाम के साथ मनाया गया



**आजमगढ़।** शहर के हरिवंशपुर स्थित गायत्री शक्ति पीठ पर सद्बुद्धि और सतप्रेरणा का महान पर्व बसन्त पंचमी बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया है। साथ ही गायत्री परिवार के प्रणेता आचार्य पं0 श्रीराम शर्मा का बोध दिवस मनाते हुए यज्ञ सत्संग भी आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में पहुंचकर श्रद्धालुओं ने हवन सत्संग करने के साथ महाप्रसाद ग्रहण कर आशीर्वाद प्राप्त किया है। कार्यक्रम व्यवस्थापक शक्तिपीठ के मुख्य आचार्य कैलाश नाथ तिवारी ने कहा कि श्रद्धालुओं के जीवन में बासंतिक उल्लास व देवत्व का उदय धरती पर स्वर्ग की परिकल्पना है।

### बाँदा रोटी बैंक टीम द्वारा गरम कपड़े, जूते चप्पलों का हुआ वितरण

**बांदा।** बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के संरक्षक शेख़ सादी जमा और बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के सहसंरक्षक चन्द्र मौली भारद्वाज के संरक्षण में बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के अध्यक्ष रिजवान अली की अध्यक्षता में बांदा रोटी बैंक सोसाइटी के शाखा प्रमुख छिसटहरी मोहम्मद आफ़ताब के नेतृत्व में ग्राम प्रधान कहला ओमप्रकाश ब्लॉक बड़ोखर तहसील बांदा में शहर के जिम्मेदार जागरूक लोगों द्वारा दिए गए गर्म कपड़े,गर्मी के कपड़े, जूते चप्पल आदि का वितरण जरूरतमंदों ग्रामीणों को किया गया तथा साथ ही ग्रामीणों को नशामुक्ति तथा उनके कानूनी अधिकार के प्रति बाँदा रोटी बैंक सोसाइटी की टीम के द्वारा जागरूक किया गया उक्त गर्म कपड़े, जूते चप्पल आदि इस सर्दी के मौसम में पाकर ग्राम वासियों में अपार खुशी दिखाई दी सभी लोगों को दुआएं आशीर्वाद से नवाजा उक्त कार्यक्रम में मुख्य रूप में डॉ0 पंचा ग्राम बगहाडेरा, सुनील सक्सेना संगठन मंत्री बाँदा रोटी बैंक सोसायटी, महिला महामंत्री, मो0शमीम कार्यालय प्रभारी, मोहम्मद सलीम उपाध्यक्ष,मोहम्मद अज़हर महामंत्री, मोहम्मद अतहर शाखा प्रमुख छिसटहरी,अलीम अहमद खान शाखा प्रमुख मर्दन नाका,अब्दुल शफ़ीक़ कल्लू, अलीमुद्दीन,मोहम्मद सादान अली, राबिया खान, सबीहा नूरानी आदि पदाधिकारी , सदस्यों एवं समाजसेवियों ने अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया और कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग किया।

## भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में फिट इंडिया मूवमेंट का भव्य शुभारंभ

अवधनामा संवाददाता

**बाँदा।** फिट इंडिया मूवमेंट, जिसे खेल एवं युवा मामलों के मंत्रालय और भारतीय खेल प्राधिकरण (SAI) के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है, बांदा के भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी में 03 फरवरी 2025 से 07 फरवरी 2025 तक संचालित किया जाएगा। इस अभियान का उद्देश्य शारीरिक फिटनेस और स्वास्थ्य के प्रति लोगों को जागरूक करना है।

कार्यक्रम का शुभारंभ योग गुरु सजल कुमार रांदर, प्रधानाचार्य श्री शिवेंद्र कुमार और चेयरमैन श्री शिव शरण कुशवाहा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर पर योग गुरु ने योग के महत्व पर चर्चा करते हुए कहा, ÷योग केवल शारीरिक व्यायाम नहीं, बल्कि यह मन, शरीर और आत्मा का संतुलन है, जो व्यक्ति के समग्र विकास के लिए आवश्यक है।÷

कार्यक्रम में उपस्थित श्री शिव शरण कुशवाहा ने फिटनेस के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा, ÷स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। नियमित व्यायाम और फिटनेस हमारी दिनचर्या का हिस्सा होना चाहिए ताकि हम शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत बन सकें।÷

पहले दिन का मुख्य आकर्षण योग सत्र रहा, जिसमें भागवत प्रसाद मेमोरियल अकादमी और इंटर कॉलेज के छात्रों व शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी ने विभिन्न योगासनों का अभ्यास किया और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाने का संकल्प लिया।

अगले कुछ दिनों में कार्यक्रम के तहत खेल प्रतियोगिताएं, फिटनेस वर्कशॉप, स्वास्थ्य परीक्षण और प्रेरणादायक सत्र आयोजित किए जाएंगे। इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों में फिटनेस के प्रति जागरूकता बढ़ाना और स्वस्थ एवं सक्रिय जीवनशैली को प्रोत्साहित करना है।

# बसंतोत्सव पर कवियों ने जमाए रंग लोक कवि का हुआ सारस्वत का हुआ सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जनपद में बसंत पंचमी के पावन अवसर पर आजमगढ़ की वृहद साहित्यिक संस्था तमसा काव्य मंच द्वारा मारवाड़ी धर्मशाला में बसंत उत्सव व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता वरिष्ठ साहित्यकार हरिहर पाठक, मुख्यअतिथि डॉ प्रवेश कुमार सिंह जी तथा कार्यक्रम संचालन शायर आदित्य आजमी ने किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में रुद्रनाथ चौबे रुद्र व दिनेश दानिश जी उपस्थित रहे। वाग्देवी के पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। सर्वप्रथम कवयित्री सरोज यादव ने वाणी वंदना प्रस्तुत किया। तदुपरांत तमसा काव्य मंच के संस्थापक व प्रबंधक युवा गीतकार राकेश पाण्डेय सागर, डॉ प्रवेश सिंह, डॉ मनीषा मिश्रा, गीतकार विजयेंद्र श्रीवास्तव करुण, दिनेश श्रीवास्तव दानिश, रुद्रनाथ चौबे रुद्र तथा संस्था के सभी पदाधिकारीयों द्वारा इस वर्ष का शतमसा काव्य सम्मान 2025 प्रतिष्ठित लोक कवि व साहित्यकार लालबहादुर चौरसिया लाल को दिया गया। इसके बाद एक सरस काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ। जिसमें जनपद के अनेक हिस्सों से पधारे कवियों ने अपनी अपनी कविताएं प्रस्तुत की। जिसमें वरिष्ठ गीतकार राजकुमार आशीर्वाद, कवि रत्नेश राय, कवि कौशल कुमार राय, गीतकार विजयेंद्र श्रीवास्तव करुण, साहित्यकार घनश्याम यादव, गीतकार व कवि रुद्रनाथ चौबे रुद्र, कवयित्री शालिनी राय, कवयित्री सरोज यादव, कवि अनुपम पांडे अनहद, गजलकार दिनेश श्रीवास्तव दानिश,युवा गीतकार राकेश पाण्डेय सागर, शायर आदित्य आजमी, लोक कवि लालबहादुर चौरसिया लाल, कवि जयहिंद सिंह हिंद, कवि राकेश चौरसिया युवराज, शायर ताज आजमी, कवि देवेंद्र तिवारी देव, कवि विपिन चौबे निराला, कवि श्रीनाथ शर्मा मुंबई व कवि गुलशन फिरोजाबादी सहित अनेक कवियों ने अपनी अपनी कविताएं प्रस्तुत करके बसंत आगमन का अभिनन्दन किया। मुख्य अतिथि डॉ प्रवेश कुमार सिंह जी ने अपने उद्बोधन में कविता की महत्ता को स्वीकारते हुए प्रस्तुत कविताओं की बारीकियों को उजागर किया तथा प्रतिभागी कवियों की कविताओं को सराहा।

# सदर तहसील के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**आजमगढ़।** जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल एवं पुलिस अधीक्षक हेमराज मीना की अध्यक्षता में आज तहसील सदर के सभागार में सम्पूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को जन समस्याओं के त्वरित एवं गुणवत्तायुक्त निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होने कहा कि इसमे किसी भी स्तर पर लापरवाही क्षम्य नही होगी, जन समस्याओं का गुणवत्तायुक्त एवं समयबद्ध निस्तारण शासन की प्राथमिकता है। इस अवसर पर कुल 37 मामले आये, जिसमे से 04 मामलों का मौके पर निस्तारण किया गया तथा शेष 33 मामलों का निस्तारण निर्धारित समय सीमा के अन्तर्गत करने के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये। प्राप्त मामलों में राजस्व विभाग के 26, पुलिस के 05, विकास के 04 एवं अन्य के 02 मामले शामिल हैं। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जिन-जिन विभागों से संबंधित आवेदन पत्र प्राप्त हुए हैं, उसे जल्द से जल्द शत प्रतिशत गुणवत्तायुक्त निस्तारित करना सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि समस्याओं का निस्तारण प्रारम्भिक स्तर पर ही कर दिया जाए तो जनता को मुख्यालय तक नही जाना पड़ेगा। इसलिए अधिकारीगण प्राथमिकता के आधार पर प्रारम्भिक स्तर पर ही जन समस्याओं का वास्तविक निस्तारण कर दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी श्री परीक्षित खटाना, सीएमओ डॉ अशोक कुमार, ज्वाइन्ट मजिस्ट्रेटध्उप जिलाधिकारी सदर श्री सुनील कुमार धनवंता एवं अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

# केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसियेशन की बैठक संपन्न

## नवीनीकरण की समस्या का हल निकालने के लिए जिले स्तर पर शिविर लगाने की मांग

अवधनामा संवाददाता



**बहराइच।** जनपद में केमिस्ट एंड ड्रगिस्ट एसोसियेशन की एक बैठक छावनी बाजार में बंसल ड्रग एजेंसी पर संरक्षक शीतल प्रसाद अग्रवाल की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई इस बैठक का संचालन नितिन कुमार तुलस्यान ने किया। इस बैठक में दवा व्यवसायियों की समस्याओं पर चर्चा करते हुए दवा व्यवसायों को किसी तरह की कोई समस्या न उत्पन्न हो इस पर विचार विमर्श किया गया।

इस बैठक को संबोधित करते हुए अध्यक्ष उमेश गोयल ने कहा कि दवा व्यवसायियों की समस्याओं को लेकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट फेडरेशन उत्तर प्रदेश के महासचिव सुरेश गुप्ता ने बताया है कि उत्तर प्रदेश खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन द्वारा औषधि पोर्टल का दुरुपयोग किए जाने तथा लाइसेंस नवीनीकरण में गंभीर समस्या देखने को मिल रही है जिसको गंभीरता से लेते हुए से निवारण किए जाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सीडीएफ यूपी से जुड़े प्रदेश के एक लाख से अधिक दवा व्यवसायियों की समस्याओं का हल निकाले जाने की आवश्यकता है जिले स्तर पर लाइसेंस नवीनीकरण हेतु कैंप लगाए जाने की भी जरूरत है जिससे दवा व्यवसाई आसानी के साथ अपने लाइसेंस का नवीनीकरण करा सके उन्होंने बताया कि इस संबंध में मुख्यमंत्री को मांग पत्र प्रेषित करते हुए सीडीएफ के महासचिव श्री गुप्ता ने कहा कि सीडीएफ यूपी प्रदेश के एक लाख पच्चीस हजार दवा व्यवसायियों का प्रतिनिधित्व कर रहा

**केमिस्ट ड्रजिस्ट फेडरेशन यूपी के महासचिव ने मुख्यमंत्री को सौंपा है पत्र**

है दवा व्यवसायियों के उत्थान एवं उनकी सुचारु व्यवस्था हेतु हर समय तैयार रहता है केंद्र सरकार और राज्य सरकार के बीच यह संगठन सेतु के रूप में कार्य करते हुए लगातार सभी समस्याओं का निराकरण कर रहा है वर्ष 2019 में औषधि लाइसेंस धारकों को लाइसेंस रिटेंशन संबंधी समस्या संज्ञान में लाई जा चुकी है जिसका रिटेंशन 24 में किया जाना था किंतु औषधि पोर्टल में तकनीकी समस्या के कारण संपन्न नहीं हो सकी या अनावश्यक रूप से विलंबित हो रही है जो दवा व्यवसायियों के सामने लाइसेंस नवीनीकरण के लिए गंभीर समस्या बनी हुई है जबकि प्रदेश सरकार द्वारा इस समस्या का हल निकालने के लिए नए पोर्टल पर स्थानांतरण करने का निर्णय लिया गया था लेकिन अभी तक इस समस्या का हल नहीं निकल पाया है सीडीएफ यूपी के महासचिव ने कहा कि चालान शुल्क जमा करने के लिए औषधि निरीक्षक या डीएलए से अनुमोदन लेने की कोई कानूनी बाध्यता नहीं है डीएफ यूपी के प्रदेश महासचिव ने नवीनीकरण की समस्या का हल निकालने के लिए जिले स्तर पर शिविर लगाने की मांग की है।इस अवसर पर केमिस्ट एंड ड्रजिस्ट संगठन बहराइच के कोषाध्यक्ष अनुज कुमार रस्तोगी राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल राजेंद्र प्रसाद रस्तोगी राजेश कुमार गोयल अरुण कुमार अग्रवाल दिनेश कुमार पीयूष गोयल संजय भालोठिया धीरज रस्तोगी दानिश अजीज ओंकार नाथ राजेश दोचानिया अमन रस्तोगी सुनील गर्ग सिद्धार्थ गोयल सुधीर रस्तोगी मोहम्मद अशरफ हुसैन तथा रोशन अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

## बीएएसएफ का वाह रे किसान अभियान धरती पर सबसे बड़ा काम करने वाले असाधारण किसानों की सराहना करते हुए उन्हें समर्पित किया जा रहा

**मुंबई।** बीएएसएफ ने अपने 'वाह रे किसान अभियान का शुभारंभ किया है (यह सैल्यूट टू फार्मर्स का हिन्दी रूपांतरण है)। यह अभियान बीएएसएफ के धरती पर किए जाने वाले सबसे बड़े काम के संबंध में चलाए जा रहे अभियान का एक हिस्सा है और इसके अंतर्गत अपने समुदायों और भारत के कृषि परिदृश्य में बदलाव ला रहे 5 किसानों की खासियत बताकर भारत के किसानों का पक्ष-समर्थन किया जा रहा है। बीएएसएफ ने श्री अन्नू कपूर को यह अभियान होस्ट करने की जिम्मेदारी सौंपी है, और इन एपिसोड्स को विशेष रूप से बीएएसएफ के यूट्यूब और फेसबुक चैनल पर प्रसारित किया जाएगा। इस श्रृंखला को शुरू करने से पहले एक महीने तक सोशल मीडिया अभियान चलाकर किसानों को अपनी कहानियाँ प्रस्तुत करने के लिए आमंत्रित किया गया था और इसे वाह रे किसान अभियान के लिए सबसे प्रेरणादायक कहानियाँ प्रस्तुत करने वाले 5 किसानों के चयन के साथ समाप्त किया गया था।



एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस बीएएसएफ एसई के अध्यक्ष लिवियो टेडेस्की ने कहा कि ''धरती पर सबसे बड़ा काम बीएएसएफ एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस का वैश्विक अभियान है और इसके अनुसार ऐसे किसानों की कहानी सबके सामने आनी चाहिए और उनकी सराहना की जानी चाहिए। भारत की भौगोलिक परिस्थितियाँ और कृषि पद्धतियाँ अत्यंत विविधतापूर्ण हैं और इसके साथ मैं 'वाह रे किसान' में दिखाए गए इन 5 नवाचारी किसानों से मिलकर बहुत खुश हूँ और मुझे उम्मीद है कि कृषि में सभी के लिए एक संवहनीय भविष्य की तलाश करने के लिए उनके साथ हमारे काम करने पर कई और किसान आगे आने के लिए प्रेरित होंगे।''

एपिसोड एकः ऊर्जा दक्ष और कम खर्च में सोलर ड्रायर का आविष्कार, जिससे किसानों की फसल कटाई बाद होने वाले नुकसान कम करने में सहायता मिली है। [महाराष्ट्र से श्री तुषार गवारे]

एपिसोड दोः नवाचारी पद्धतियों के साथ एकीकृत खेती का सूत्रपात कर न केवल अपने खेत, बल्कि अपने पूरे गाँव को बदल देने वाले एक किसान की कहानी। [कर्नाटक से श्री मंजन्ना टी.के.]

एपिसोड तीनः भारत की देशी चावल की किस्मों का संरक्षण करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली एक राइस लाइब्रेरी। [असम से श्री महान चंद्र बोरा]

एपिसोड चारः पारंपरिक फसल पद्धतियों के सामने आने वाली पानी की कमी की चुनौती से निपटने में विविधतापूर्ण खेती से सहायता मिलना। [पंजाब से श्री सरवन सिंह चंडी]

एपिसोड पाँचः कम ठंड वाली सेब की अभिनव किस्म के साथ पारंपरिक सेब की खेती को पुनर्परिभाषित करना। [हिमाचल प्रदेश से श्री हरिमन शरमन]

बीएएसएफ एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस, इंडिया के बिजनेस डायरेक्टर गिरिधर रानुवा ने कहा कि ''हम वाह रे किसान का शुभारंभ करते हुए और पूरे भारत में किसानों की उल्लेखनीय उपलब्धियों की सराहना करते हुए अत्यंत उत्साहित हैं। वाह रे किसान वर्तमान में सोशल मीडिया पर 35 करोड़ तक पहुँच गया है और मेरा मानना है कि किसानों के सामने आने वाली चुनौतियों पर ध्यान देना ज़रूरी है। इन इंफो-टेनमेंट एपिसोड्स के माध्यम से हम उम्मीद करते हैं कि इससे हमारे किसानों के अत्यधिक रचनात्मक प्रयासों के बारे में उन लोगों के बीच चर्चा होगी, जो संभवतः शहरों में रहते हैं और उन्हें बड़ी ही आसानी से अनदेखा कर देते हैं, क्योंकि वे उस प्रक्रिया का हिस्सा नहीं हैं, जिससे उनका भोजन उत्पादित होता है।

## आशीर्वाद ने यूपी वॉरियर्स के साथ साझेदारी में युवतियों के लिए 'चार कदम आगे क्रिकेट कैंप' किया लॉन्च

**लखनऊ।** भारत के प्रमुख पैकेज्ड आटा ब्रांड आशीर्वाद ने युवा और उभरती हुई महिला क्रिकेटरों को सशक्त बनाने के लिए यूपी वॉरियर्स के साथ साझेदारी में रोमांचक 'चार कदम आगे क्रिकेट कैंप' की शुरुआत की है। यह क्रिकेट कैंप जनवरी 2025 से उत्तर प्रदेश के विभिन्न शहरों - लखनऊ, कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, वाराणसी, नोएडा, मेरठ, बरेली, फिरोजाबाद, गोरखपुर, झांसी और सहारनपुर में आयोजित किए जाएंगे। कैंप के अंत में, दो सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ियों को सीनियर यूपी वॉरियर्स खिलाड़ियों के साथ प्रशिक्षण का अवसर मिलेगा। यह विशेष मेंटरशिप अनुभव उनकी प्रतिभा को निखारने और उन्हें अपने क्रिकेट के सपनों को और अधिक जोश के साथ पूरा करने के लिए प्रेरित करेगा। कैंप का आयोजन लखनऊ पब्लिक स्कूल एंड कॉलेज,गोमती नगर, लखनऊ में किया जाएगा। भारत में महिला क्रिकेट ने जबरदस्त उछाल देखा है, जिसने लोगों के दिलों को जीता है और अनगिनत युवतियों को इस खेल को एक गंभीर



करियर विकल्प के रूप में अपनाने के लिए प्रेरित किया है। महिला क्रिकेटरों द्वारा वैश्विक मंच पर ऐतिहासिक प्रदर्शन, दर्शकों की बढ़ती संख्या और जमीनी स्तर पर बढ़ते समर्थन के साथ, युवा महिला क्रिकेटरों के लिए भविष्य पहले से कहीं अधिक उज्ज्वल नजर आ रहा है। यह अनूठी पहल आशीर्वाद के सशक्तिकरण और कौशल विकास के प्रति प्रतिबद्धता का प्रमाण है, जो उसके मिशन रहो चार कदम आगे के अनुरूप है। इस सहयोग पर बात करते हुए, आईटीसी लिमिटेड के फूड्स डिवीजन में स्टेपल्स और एडेसेन्सीज के सीओओ, श्री अनुज रुस्तगी ने कहा, आशीर्वाद हमेशा से महिलाओं को सशक्त बनाने और प्रतिभा को निखारने के लिए प्रतिबद्ध रहा है। यूपी वॉरियर्स के साथ इस साझेदारी के माध्यम से, हमारा उद्देश्य युवतियों को बड़े सपने देखने और अपने सफर में साहसिक कदम उठाने के लिए प्रेरित करना है। हम महिलाओं के क्रिकेट के विकास में योगदान देने और भविष्य की चैंपियन तैयार करने में मदद करने को लेकर बेहद उत्साहित हैं।

इस साझेदारी के तहत, यूपी वॉरियर्स टीम रणनीतिक रूप से डिज़ाइन किए गए क्रिकेट कैंपों का आयोजन करेगी, जिनका उद्देश्य 10 से 16 वर्ष की लड़कियों को प्रेरित करना, उनमें आत्मविश्वास बढ़ाना और उन्हें पेशेवर प्रशिक्षण तकनीकों का बहुमूल्य अनुभव प्रदान करना है।

## मैग्नाइट ने ग्लोबल स्टेज पर रखा कदम

## निसान मोटर इंडिया ने नई निसान मैग्नाइट की 10,000 से ज्यादा लेफ्ट-हैंड ड्राइव (एलएचडी) यूनिट्स का निर्यात शुरू किया

**चेन्नई।** रोड पर जबर्दस्त मौजूदगी एवं प्रीमियम फीचर्स के साथ अक्टूबर, 2024 में निसान मोटर इंडिया द्वारा लॉन्च की गई नई निसान मैग्नाइट अब वैश्विक स्तर पर लेफ्ट-हैंड ड्राइव (एलएचडी) बाजारों में अपने कदम बढ़ा रही है। निसान मोटर इंडिया ने एलएटीएएम क्षेत्र के चुनिंदा बाजारों के लिए जनवरी, 2025 के आखिर में नई निसान मैग्नाइट की करीब 2,900 यूनिट्स की पहली शिपमेंट को हरी झंडी दिखाई। इस शिपमेंट को चेन्नई के कामराजर पोर्ट से रवाना किया गया। यह कदम निसान की 'वन कार, वन वर्ल्ड' की रणनीति को रेखांकित करता है। इससे वैश्विक स्तर पर उपस्थिति को विस्तार देने और भारत को निर्यात के लिए एक ग्लोबल हब के रूप में स्थापित करने की दिशा में निसान मोटर इंडिया की प्रतिबद्धता भी दिखाई देती है।

फरवरी, 2025 में निसान मोटर




इंडिया पश्चिम एशिया, उत्तरी अफ्रीकाके बाजारों और एलएटीएएम व एशिया प्रशांत क्षेत्र के चुनिंदा बाजारों में नई निसान मैग्नाइट की 7,100 से ज्यादा यूनिट्स का निर्यात करेगी। फरवरी के अंत तक कंपनी नई निसान मैग्नाइट के एलएचडी वर्जन की 10,000 से ज्यादा यूनिट्स का निर्यात कर देगी।

इस उपलब्धि को लेकर निसान इंडिया ऑपरेशंस के प्रेसिडेंट एवं एएमआईईओ रीजन बिजनेस ट्रांसफॉर्मेशन के डिवीजनल वाइस प्रेसिडेंट फ्रैंक टोरेस ने कहा, 'निसान मोटर इंडिया न केवल घरेलू बाजार में अपना परिचालन एवं अपनी पहुंच बढ़ाने की दिशा में काम कर रही है, बल्कि निर्यात बाजार पर भी फोकस कर रही है। पिछले साल घोषित की गई अपनी निर्यात योजनाओं के अनुरूप बढ़ते हुए हमें लेफ्ट-हैंड ड्राइव (एलएचडी) बाजारों में नई निसान मैग्नाइट का निर्यात शुरू करने की खुशी है। यह उल्लेखनीय उपलब्धि है औरहम इन क्षेत्रों में नए ग्राहकों को सेवा देने के लिए तत्पर हैं। नई निसान मैग्नाइट भारत एवं वैश्विक बाजार, दोनों जगहों पर हमारी सफलता में अहम भागीदार रही है और हमें भरोसा है कि भारत में निर्मित यह कार निर्यात बाजार में हमारे विकास को और गति देगी।'

निसान मोटर इंडिया के मैनेजिंग डायरेक्टर सौरभ वत्स ने अपना उत्साह साझा करते हुए कहा, 'नई निसान मैग्नाइट के लेफ्ट-हैंड ड्राइव वर्जन के निर्यात की शुरुआत हमारे लिए गर्व का क्षण है, क्योंकि यह हमारी 'वन कार, वन वर्ल्ड' की रणनीति के अनुरूप है।

## आत्मन 2025: वाराणसी में एक शानदार सफलता, आध्यात्मिक साधकों पर एक स्थायी प्रभाव छोड़ते हुए

**कानपुर।** भारत के आध्यात्मिक हृदय वाराणसी ने हाल ही में 1 और 2 फरवरी को नमो घाट पर आयोजित आत्मन 2025 महोत्सव के उद्घाटन के दौरान ज्ञान, उपचार और प्राचीन परंपराओं का जश्न मनाने के लिए एक कार्यक्रम की मेजबानी की। इस दो दिवसीय कार्यक्रम में देश भर के आध्यात्मिक गुरु शामिल हुए जिन्होंने मन, शरीर और आत्मा के उपचार पर अपनी गहरी अंतर्दृष्टि साझा की।



महोत्सव के उद्घाटन सत्र में चिन्मय मिशन के स्वामी अव्ययानंद ने संतुष्टि और सफलता के लिए भारतीय जीवन हैक पर बात की, जिसमें उपस्थित लोगों को सफलता और खुशी के वास्तविक अर्थ पर विचार करने की चुनौती दी। सत्संग फाउंडेशन के संस्थापक श्री एम ने ÷आज उपनिषदों की प्रासंगिकता÷ पर एक सम्मोहक व्याख्यान दिया, जिसमें लोगों को अपने सच्चे स्व को खोजने में मदद करने में उनके कालातीत मूल्य पर जोर दिया गया। उत्सव का दूसरा दिन भी उतना ही प्रेरणादायक रहा, जिसमें मूडबिद्री के जैन मठ के जगद्गुरु डॉ. चारुकीर्ति भट्टारकपंडिताचार्य पट्टाचार्य वरियास्वामीजी ने अनेकांतवाद की गहन अवधारणा पर चर्चा की । हाथी का वर्णन करने वाले सात अंधे पुरुषों के उनके ज्ञानवर्धक उदाहरण ने इस विचार को रेखांकित किया कि एक सार्वभौमिक वास्तविकता के भीतर कई सत्य सह-अस्तित्व में हैं।

जया रो ने कर्म, गीता और भाग्य पर एक प्रभावशाली सत्र दिया, जिसमें उन्होंने जोर देकर कहा कि कर्म का नियम हमारे जीवन को आकार देता है, और सच्चा सुख निस्वार्थ कार्यों से आता है। तिब्बती बौद्ध गुरु, एक यहूदी पुजारी और ब्रह्मा कुमारियों और आनंद संघ के विशेषज्ञों की उपस्थिति से विविध दृष्टिकोण और समृद्ध हुए। यह उत्सव न केवल आध्यात्मिक शिक्षा बल्कि सांस्कृतिक अभिव्यक्ति का भी स्थान था।

पहले दिन का समापन विदुषी गीता चंद्रन द्वारा भरतनाट्यम की मनमोहक प्रस्तुति के साथ हुआ, जिसमें काशी के मूल तत्व, शिव तत्व को श्रद्धांजलि दी गई। आत्मन 2025 का समापन इस्कॉन के एच.जी. ऋषि कुमार प्रभु के जीवंत प्रदर्शन के साथ हुआ, जिन्होंने कृष्ण को चंचलता के प्रतीक के रूप में विषय पर बात की।

## लोक नृत्य संग बॉलीवुड गीतों का तड़का लगा

**लखनऊ।** सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम तथा निर्यात प्रोत्साहन विभाग, उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में अवध शिल्प ग्राम सेक्टर- 9, अमर शहीद पथ, अवध विहार, लखनऊ में चल रहे ओडीओपी प्रदर्शनी की तेरहवीं सांस्कृतिक संध्या में लोक नृत्य संग बॉलीवुड गीतों का तड़का लगा। संगीत से सजे कार्यक्रम का श्री गणेश नृत्यांचल डांस अकादमी के कलाकारों रिया मोदी, आयुषी सिंह और खुशी सिंह ने आंचल सिंह के नृत्य निर्देशन में लोक नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीता। मन को मोह लेने वाली इस पेशकश के बाद मुसाफिर अंशुमान मौर्य ने अपनी खनकती हुई आवाज में वादा कर ले साजना, यशी सोनी ने सोलह बरस की, अनुष्का शुक्ला ने अलबेला साजन, मानस शर्मा ने बम लहरी गीत सुनाकर श्रोताओं को मंत्र मुग्ध कर दिया। कार्यक्रम के अगले सोपान में सृष्टि सिंह और पवन कुमार ने कथक भरतनाट्यम शैली का फ्यूजन प्रस्तुत कर दर्शकों का दिल जीत लिया।

## विक्रम गुलाटी ने टोयोटा किर्लोस्कर मोटर की ओर से आधिकारिक बजट प्रतिक्रिया दी

टोयोटा किर्लोस्कर मोटर केंद्रीय बजट 2025-26 की सराहना करती है। इसमें सुधारों, बुनियादी ढांचे के विकास, राजकोषीय अनुशासन को सुदृढ़ करने, कराधान को युक्तिसंगत बनाने और घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने पर फोकस है। इन सबका मकसद समग्र विकास को बढ़ावा देना है। पूंजीगत व्यय के लिए बढ़ा हुआ आवंटन बुनियादी ढांचे के आधुनिकीकरण के प्रति सरकार की निरंतर प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह उद्योगों में विकास को गति देने और ऑटोमोटिव क्षेत्र सहित उनकी प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार करने में एक महत्वपूर्ण कारक है। आयकर उपायों के माध्यम से कराधान को कम करना और कृषक समुदाय के लिए पीएम धन धान्यकृषि योजना से आम आदमी को काफी लाभ होगा, खपत बढ़ेगी और मांग पैदा होगी जिससे आर्थिक विकास में तेजी आएगी। श्रम-गहन क्षेत्रों और पहली बार के उद्यमियों पर विशेष ध्यान देने के साथ एमएसएमई को मजबूत समर्थन जारी रहने से नवाचार और विकास को बढ़ावा मिलेगा, जो विनिर्माण प्रमुख बनने की भारत की महत्वाकांक्षा के साथ अच्छी तरह तालमेल में होगा। इसके अलावा, ईवी बैटरी निर्माण के लिए 35 अतिरिक्त पूंजीगत वस्तुओं को शामिल करना लिथियम-आयन बैटरी उत्पादन को स्थानीय बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे आयात निर्भरता को कम करने और भारत के ऊर्जा सुरक्षा लक्ष्यों को और मजबूत करने में मदद मिलेगी। इससे न केवल स्वच्छ प्रौद्योगिकी अपनाने में तेजी आएगी, बल्कि 2070 के लिए भारत के कार्बन तटस्थता लक्ष्यों का समर्थन करने वाली एक मजबूत आपूर्ति श्रृंखला भी तैयार होगी। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर में, हम आत्मनिर्भर, निरंतर जारी रहन वाले और वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धी ऑटोमोटिव उद्योग के सरकार के दृष्टिकोण के साथ मजबूती से खड़े हैं। बेहतर होती स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकियों, स्थानीय विनिर्माण में निवेश को गहरा करने, कौशल प्रदान करने और भारत के विकसित भारत दृष्टिकोण में योगदान देने के लिए हमारी अटूट प्रतिबद्धता पर्यावरणीय जिम्मेदारी को बनाए रखते हुए आर्थिक विकास को आगे बढ़ाने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## इंडियन बैंक ने महाकुंभ के लिए मोबाइल ट्रैफिक बैरियर प्रायोजित किए

इंडियन बैंक ने सड़क सुरक्षा को बढ़ाने, यातायात को प्रबंधित करने और कुंभ में भीड़ प्रबंधन में प्रशासन




की मदद करने के लिए 1000 मोबाइल ट्रैफिक बैरियर्स को प्रायोजित किया। जो कि सड़क सुरक्षा और जनसंचार प्रबंधन में सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम है। ये बैरियर कुम्भ के दौरान प्रशासन की सहायता करेंगे और लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करेंगे।

यह ट्रैफिक बैरियर इंडियन बैंक के कार्यपालक निदेशक महेश कुमार बजाज द्वारा आईजी, ट्रैफिक और रोड सेफ्टी उत्तर प्रदेश सुभाष चंद्र दुबे को सौंपे गए। इस अवसर पर मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ सुधीर कुमार गुप्ता, क्षेत्र महाप्रबंधक इलाहाबाद नवीन कुमार श्रीवास्तव, अंचल प्रबंधक इलाहाबाद पीएन उपाध्याय एवं अन्य वरिष्ठ बैंक अधिकारी भी उपस्थित रहे।


बजाज ने उत्तर प्रदेश ट्रैफिक विभाग के साथ इंडियन बैंक के इस पहल का उल्लेख करते हुए कहा कि, यह हम सभी के लिए गर्व की बात है कि कुंभ के श्रद्धालुओं की यात्रा को सुरक्षित बनाने के लिए इंडियन बैंक एक अहम योगदान दे रहा है, जो दूर-दराज से संगम में पवित्र स्नान के लिए आते हैं।

आईजी ट्रैफिक उ. प्र. श्री दुबे ने बैंक के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि ट्रैफिक बैरियर उच्च जोखिम वाले क्षेत्रों में लगाए जाएंगे, ताकि यातायात का प्रवाह सुचारु रूप से हो सके, दुर्घटनाओं से लोगों को बचाया जा सके और महाकुंभ मेला और प्रयागराज शहर क्षेत्र में सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित की जा सके।

## मैग्नम ओपस प्ले हमारे राम के नाट्य मंचन की प्रस्तुति लखनऊ में की जाएगी

भारत की अग्रणी थिएटर कंपनी, फेलिसिटी थिएटर द्वारा इस महाकाव्यात्मक हमारे राम की नाट्य प्रस्तुति सगर्व आपके समक्ष प्रस्तुत की जा रही है। गौरव भारद्वाज द्वारा निर्देशित इस महान कृति में रामायण के कुछ ऐसे अभूतपूर्व दृश्य दिखाए गए हैं, जिन्हें इससे पहले कभी किसी मंच पर नहीं दिखाया गया। बॉलीवुड के प्रमुख दिग्गज आशुतोष राणा ने रावण की प्रतिष्ठित भूमिका निभाई है, भगवान राम की भूमिका में दिखाई देंगे प्रशंसित अभिनेता राहुल आर भूचर, भगवान हनुमान की भूमिका में दानिश अख्तर, तरूण खन्ना भगवान शिव की भूमिका में, हरलीन कौर रेखी ने माता सीता की, और करण शर्मा सूर्य देव की भूमिका में दिखाई देंगे। इस समूह में थिएटर की दुनिया के अन्य अनुभवी कलाकार भी शामिल हैं।अब लखनऊ में होगा बॉलीवुड और रंगमंच की दुनिया के प्रसिद्ध सितारों की इस शानदार कृति का प्रीमियर! यह नाट्य नाटक हमारे राम का प्रीमियर 9 फरवरी को ज्यूपिटर ऑडिटोरियम, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, लखनऊ में किया जाएगा।

पार्श्व गायक कैलाश खेर, शंकर महादेवन और सोनू निगम ने विशेष रूप से ''हमारे राम'' के लिए बनाई गई मूल रचनाओं में अपनी आवाज दी है,जो




श्रवण अनुभव को बढ़ाता है। यह शानदार नाटकीय अनुभव असाधारण प्रदर्शन, शक्तिशाली संवाद, आत्मा-उत्तेजक संगीत, जीवंत कोरियोग्राफी, उत्कृष्ट वेशभूषा और अत्याधुनिक प्रकाश व्यवस्था और विशेष प्रभाव प्रदान करता है।

''हमारे राम'' की विशिष्ट विशेषताएं पहले से न कही गई रामायण कहानियों की अंतर्दृष्टि में निहित हैं। लव और कुश से शुरू होने वाला यह नाटक भगवान राम से उनकी माता सीता के बारे में पूछे गए सवालों पर आधारित है। ''हमारे राम'' दर्शकों को भगवान राम और सीता की अमर कहानी और भगवान सूर्य के माध्यम से उनके शाश्वत प्रेम, कठिनाइयों, परीक्षणों और विजय की यात्रा पर ले जाता है। इस विशाल प्रोडक्शन में मंच पर रामायण के अनकहे अध्यायों को उजागर करने के लिए रोशनी, बैकग्राउंड स्कोर, LED बैकड्रॉप, लुभावने हवाई अभिनय और उच्च तकनीक VFX जादू शामिल है। ''हमारे राम'' मनोरंजन से कहीं बढ़कर है; यह एक सांस्कृतिक कार्यक्रम है जो एक अविस्मरणीय अनुभव बनाने के लिए इतिहास और संस्कृति को सहजता से जोड़ता है।

Felicity Theatre के निर्माता और स्रष्ठ, राहुल भुचर का कहना है, ''हमारे राम'' को रामायण कहानी में एक नया रूप लाने के लिए सावधानीपूर्वक डिजाइन किया गया है जो युवा पीढ़ी को पसंद आएगा। आशुतोष राणा का रावण का संवेदनशील चित्रण, प्रसिद्ध पार्श्व गायकों की संगीत प्रतिभा के साथ मिलकर, एक सांस्कृतिक तीर्थयात्रा प्रदान करता है जो भगवान राम के प्रति भक्ति को फिर से जागृत करेगा। गौरव भारद्वाज, एक विज्ञापन फिल्म निर्माता, इस प्रयास में एक गतिशील दृष्टिकोण लाते हैं, और दर्शक इस दृश्य शो से रोमांचित होने की उम्मीद कर सकते हैं।

## द सीक्रेट ऑफ शिलेदार्स' में ऐक्शन सीन्स पर राजीव खंडेलवाल का खुलासा - 'मुझे ट्रेनिंग की जरूरत नहीं, ऐक्शन तो मुझे पसंद है!

डिज़्नी+ हॉटस्टार लेकर आ रहा है पहली बार ट्रेज़र हंट आधारित सीरीज़ द सीक्रेट ऑफ द शिलेदार्स, जो



वीरता, निष्ठा और कर्तव्य के प्रति अडिग समर्पण की कहानी पर आधारित है। इस सीरीज़ में शिलेदारों की वह दिलचस्प कहानी दिखाई गई है, जिनकी निष्ठा ने एक युग की दिशा तय की। ये वीर रक्षक और विश्वासपात्र संरक्षक हुआ करते थे। प्रसिद्ध निर्देशक आदित्य सरपोतदार द्वारा निर्देशित इस सीरीज़ में राजीव खंडेलवाल, साई तम्हानकर, गौरव अमलानी और आशीष विद्यार्थी प्रमुख किरदारों में दिखाई देंगे। यह सीरीज़ 31 जनवरी से सिर्फ डिज़्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज हो रही है।

इस ऐक्शन से भरपूर सीरीज़ में राजीव खंडेलवाल महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं, जो रहस्यमयी शिलेदारों की गुत्थियों को सुलझाने में मदद करते हैं। राजीव खंडेलवाल, जो हमेशा अपने किरदारों में जान डालने के लिए जाने जाते हैं, ने इस प्रोजेक्ट के लिए अपनी शारीरिक और मानसिक तैयारी के बारे में बात की। उन्होंने कहा, ÷हमने शूटिंग से पहले सभी ऐक्शन सीन की अच्छी तरह से रिहर्सल की। आदित्य सरपोतदार ने रिहर्सल के दौरान ऐसा माहौल बनाया, जिसमें हम वही ऐक्शन दोहराते थे, जो सेट पर करना था। इसके अलावा, मुझे किसी खास ट्रेनिंग की जरूरत नहीं पड़ी, क्योंकि मैं खुद फिटनेस का शौकीन हूं और निजी जिंदगी में भी ऐक्शन करना पसंद करता हूं। मुझे बस यह समझना था कि हमें किस तरह का ऐक्शन करना है। दौड़ना और खुद को शारीरिक रूप से चुनौती देना मुझे हमेशा से पसंद रहा है, इसलिए यह हिस्सा मेरे लिए मुश्किल नहीं था। असली चुनौती कोरियोग्राफी को परफेक्ट बनाना था, लेकिन अंततः हम इसे बखूबी निभाने में सफल रहे। 'द सीक्रेट ऑफ द शिलेदार्स' कहानी कहने के एक नए तरीके को पेश करता है, जिसमें रोमांचक खजाने की खोज को मराठाओं की गौरवशाली विरासत से जोड़कर दर्शाया गया है। इस प्रोजेक्ट में महाराष्ट्रीयन फिल्ममेकर आदित्य सरपोतदार ने अपनी पूरी मेहनत और जुनून लगाकर शिलेदारों की विरासत के बारे में जागरूकता फैलाने की कोशिश की है।

## पीडब्लूएनसैट ने विद्यार्थियों की सफलता के सम्मान में 2.2 करोड़ रुपये से अधिक के कैश पुरस्कार वितरित किए



एजुकेशन प्लेटफॉर्म, फिज़िक्सवाला (पीडब्लू) ने पूरे देश में आयोजित नेशनल स्कॉलरशिप एडमिशन टेस्ट (पीडब्लूएनसैट) 2024 में सबसे अच्छे अंक प्राप्त करने वाले 1,581 विद्यार्थियों को सम्मानित किया है। अकेले लखनऊ में पीडब्लू ने 34 विद्यार्थियों को सम्मानित किया है। शिक्षा प्राप्त करना आसान बनाने के लिए पीडब्लू ने इस पुरस्कार समारोह में विद्यार्थियों को 2.2 करोड़ रुपये के नकद पुरस्कार वितरित करके उनकी शैक्षणिक उपलब्धियों को सम्मानित किया। देश में स्कॉलरशिप के लिए एक महत्वपूर्ण टेस्ट, पीडब्लूएनसैट में पूरे देश से 15.5 लाख विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया था 250 करोड़ रुपये के पीडब्लूएनसैट 2024 स्कॉलरशिप फंड द्वारा पीडब्लू का उद्देश्य विद्यार्थियों को ट्यूशन फीस की फिक्र किए बगैर कोचिंग प्राप्त करने में समर्थ बनाना है। पीडब्लूएनसैट 2024 का उद्देश्य जेईई और नीट प्रत्याशियों को फैकल्टी, संसाधन और अध्ययन का वातावरण प्रदान करना है। यह स्कॉलरशिप प्रोग्राम वित्तीय सहायता के अलावा, रहने की व्यवस्था में सहयोग और मेंटरशिप भी उपलब्ध कराएगा ताकि प्रतिभाशाली विद्यार्थी अपने शैक्षणिक उद्देश्य प्राप्त कर सकें। इस साल, 5 लाख से अधिक विद्यार्थियों को कम से कम 50 प्रतिशत की स्कॉलरशिप मिली।पीडब्लू के फाउंडर एवं सीईओ, अलख पांडे ने कहा, ''हमने शिक्षा को किफायती बनाने और सभी तक पहुँचाने के सरल से लक्ष्य के साथ इसकी शुरुआत की थी।

## घटते लिंगानुपात पर बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ एक नई पहलः नम्रता शुक्ला

**लखनऊ।** बेटियां केवल परिवार का हिस्सा नहीं, बल्कमाज और राष्ट्र के विकास का आधार हैं। फिर भी लंबे समय से बेटियों के साथ भेदभाव और असमानता की समस्याएं हमारे समाज में व्याप्त रहीं। लेखिका नम्रता शुक्ला ने अपनी रिपोर्ट में बताया कि इनको समाप्त करने और बेटियों के अधिकारों को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 22 जनवरी,2015 को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा हरियाणा के पानीपत से **बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ** अभियान की शुरुआत की गई। आज इस पहल को एक दशक पूरा हो गया है। भारत में घटते लिंगानुपात कन्या भ्रूण हत्या और बालिकाओं की शिक्षा

पर ध्यान न देने जैसी समस्याओं ने सरकार को इस तरह के अभियान को शुरू करने की प्रेरणा दी। इसके मुख्य उद्देश्य बाल लिंगानुपात में सुधार करना, बालिकाओं की शिक्षा को बढ़ावा देना, महिलाओं के प्रति समाज में सकारात्मक सोच को प्रोत्साहित करना, भ्रूण हत्या पर रोक लगाना है। एक सशक्त समाज का निर्माण करने के लिए बालिकाओं को

आर्थिक, शैक्षिक और सामाजिक रूप से मजबूत बनाना भी इसका लक्ष्य है। आज कई जिलों में बाल लिंगानुपात में सुधार देखा गया है। हरियाणा, जो पहले बेटियों के लिए सबसे खराब स्थिति वाले राज्यों में था, वहां अब सुधार हो रहा है। लड़कियों के स्कूल नामांकन में वृद्धि हुई है। खासकर ग्रामीण और पिछड़े

इलाकों में जहां लड़कियों को स्कूल भेजने की प्रवृत्ति कम थी। इस अभियान के तहत समाज में बेटियों के महत्व को लेकर जागरूकता बढ़ी है। **बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ** नारा हर गांव, शहर और राज्य तक पहुंचा है। भ्रूण लिंग जांच और कन्या भ्रूण हत्या को रोकने के लिए कड़े कानून बनाए गए हैं। **बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ** अभियान ने महिलाओं को सशक्त बनाकर समाज में उनकी भागीदारी को बढ़ावा दिया

है। चाहे वह खेल हो, विज्ञान, प्रशासन, या राजनीति हो, हर क्षेत्र में बेटियां आगे आ रही हैं। उनकी उपस्थिति निरंतर बढ़ी है। **बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ** अभियान ने कई सकारात्मक बदलाव किए हैं, पर इसे पूरी तरह सफल बनाने के लिए और

प्रयास की आवश्यकता है। जैसे जमीनी स्तर पर बदलाव की गति धीमी है, क्योंकि कई क्षेत्रों में आज भी पुरानी रूढ़ियां और पितृसत्तात्मक सोच हावी है। अभी भी शिक्षा में असमानता देखने को मिल रही है। हालांकि बेटियों का स्कूल नामांकन बढ़ा है, लेकिन ग्रामीण इलाकों में अभी भी शिक्षा के लिए पर्याप्त संसाधन उपलब्ध नहीं हैं। समाज में मानसिकता के परिवर्तन की बहुत आवश्यकता है। इसलिए सामाजिक जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से लड़कियों को बोझ मानने की मानसिकता को पूरी तरह खत्म करना होगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार करना जरूरी है। बेटियों की सुरक्षा और उनके अधिकारों की गारंटी के लिए एक मजबूत प्रणाली विकसित करनी होगी। जब बेटियां सशक्त होंगी, तभी समाज और देश का वास्तविक विकास संभव होगा।

# अमेरिका की थूई का कुशीनगर के किशन पर आया दिल, लिए सात फेरे

अवधनामा ब्यूरो



- बठिंडा में रहकर बीकॉम करता है किशन, छह वर्ष से एक दूसरे के संपर्क में थे
- हिंदू रीति-रिवाज से हुई शादी, विदेशी दुल्हन को देखने जुटे गांव के लोग

**कुशीनगर।** प्रेम देशों के बीच की सरहद को नहीं मानता। जब दो लोग एक-दूसरे को अपना मान बैठते हैं तो सात समंदर की दूरी भी मायने नहीं रखती। ऐसा ही वाकया रविवार को कुशीनगर के सुकरौली विकासखंड के पिड़रा घूर दास गांव में देखने को मिला। अमेरिका के कैलिफोर्निया की 26 वर्षीय थूई वो ने 21 वर्षीय किशन संग सात फेरे लिए। हिंदू रीति रिवाज से संपन्न हुई शादी में दुल्हन को देखने के लिए गांव-जवार के लोग भी एकत्रित हो गए। किशन पंजाब के बठिंडा में रहकर बीकाम की पढ़ाई करता है। वहीं, थूई ब्यूटी डिजाइनर हैं। दूल्हे की बुआ शांति ने थूई का कन्यादान किया। इससे पहले शाम को चार बजे धूमधाम से बरात निकली। बैंड बाजा व गीत-संगीत के बीच परछावन, द्वारपूजा व जयमाल का कार्यक्रम संपन्न हुआ। स्वजन के अनुसार एक दिन पहले हल्दी की रस्में पूरी की गई थीं।

### सोशल मीडिया से हुई थी दोस्ती

किशन और थूई की दोस्ती सोशल मीडिया के माध्यम से 2019 में हुई थी। दोनों के बीच शुरू हुई बातचीत जल्द ही प्रेम में बदल गया। कोरोना काल के बाद स्थिति सामान्य होने के बाद दोनों ने मिलने का मन बनाया। 2021 में थूई दिल्ली आई। वहां से किशन उसे लेकर बठिंडा गया। वहां माता-पिता व बहनों से मिल वह काफी खुश हुई। एक सप्ताह रह कर वापस अमेरिका लौट गई।

**किशन को पिता से मिलवाने वियतनाम ले गई थीं थूई-** थूई के पिता वियतनाम तो मां कैलिफोर्निया में रहती हैं। दो वर्ष पूर्व दीवाली पर भारत आई थूई पिता तन ताहन वो से मिलवाने के लिए किशन को वियतनाम ले गई थी। दोनों एक सप्ताह तक वहां रहे। वहां से किशन स्वदेश लौट आया।

## निर्माणाधीन विद्युत उपकेंद्र का अधीक्षण अभियंता ने किया निरीक्षण

**फाजिलनगर, कुशीनगर।** लगभग साढ़े तीन करोड़ की लागत विकास खण्ड के सुमही बुजुर्ग में निर्माण हो रहे विद्युत उपकेंद्र का अधीक्षण अभियंता प्रदीप वर्मा तथा अधिशासी अभियन्ता आरके सिंह ने स्थली निरीक्षण कर निर्धारित समय के अन्दर निर्माण कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। सोमवार को बारह बजे पहुंचे दोनों अधिकारियों ने सबसे पहले निर्माण कार्य के गुणवत्ता का जांच किया तथा निर्माण कार्य से संतुष्टि जताते हुए ठेकेदार को हिदायत दिया कि गुणवत्ता में कहीं से कोई कमी मिलने या शिकायत मिलने पर बारीकी से जांच किया जायेगा और कमी मिलने पर कार्रवाई किया जायेगा। इसके बाद कार्यदाई संस्था को निर्देश दिया गया कि हर हाल में नियत समय से पूर्व इसका निर्माण कार्य पूरा कर लिया जाय जिससे कि इसे उपकेन्द्र को जल्द से जल्द चलाए कराते हुए इस क्षेत्र के लोगों को बिजली आपूर्ति की समस्या से निजात दिलाया जा सके। इस दौरान एसडीओ फाजिलनगर राहुल द्विवेदी, अवर अभियंता संदीप कुमार मिश्र आदि उपस्थित रहे।

# बसंत पंचमी पर शिक्षण संस्थानों में पूजी गई विद्या की देवी मां सरस्वती

अवधनामा संवाददाता



श्रीमती राधिका देवी इंटर कालेज मथौली में सरस्वती पूजन कराते प्रबंधन नरेंद्र श्रीवास्तव

**मथौली बाजार, कुशीनगर।** बसंत पंचमी के अवसर पर सोमवार को शिक्षण संस्थानों में कलम की देवी मां सरस्वती का पूजन अर्चन के साथ ही वसंत ऋतु का आगाज हो गया। ज्ञान एवं विद्या की देवी मां सरस्वती की विधि विधान से पूजा अर्चना की गई तथा एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर बसंत के आगमन को उल्लास के साथ व्यक्त किया गया।

वसंत पंचमी के अवसर पर नगर पंचायत मथौली स्थित श्री मुरलीधर भागवत लाल पीजी कालेज में प्राचार्य डॉ अरुण कुमार श्रीवास्तव, राधिका देवी इंटर कालेज में प्रबंधक नरेंद्र कुमार श्रीवास्तव, किसान इंटर कालेज में प्रधानाचार्य रामप्रीत यादव, कप्तानगंज स्थित जेपी इंटर कालेज में प्रधानाचार्य श्री राम प्रसाद, पीजी स्कूल में प्रधानाचार्य संगीता सिंह, झांगा बाजार स्थित केदार नाथ ओझा इंटर कालेज में प्रबंधक प्रमोद ओझा, एम के पब्लिक स्कूल लक्ष्मीपुर में प्रबंधक मेहदी हसन, केडी इंटर कालेज विशुनपुरा में प्रबंधक फुलेना सिंह, एसडीडी पब्लिक स्कूल मथौली में प्रबंधक कृष्ण मणि त्रिपाठी उर्फ बबलू सहित क्षेत्र के समस्त शिक्षण संस्थानों में विद्यालय परिवार एवं सीमित संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थिति में विधि विधान से पूजन हवन संपन्न हुआ। तत्पश्चात मिष्ठान तथा प्रसाद वितरण किया गया। साथ ही अबीर, गुलाल लगाकर सभी ने एक दूसरे को ऋतुराज बसंत के आगमन की बधाई भी दिया। इस मौके पर विद्यालय के शिक्षक व छात्र उपस्थित रहे।

# अधूरे नाला का न.पा. कुशीनगर ने करा दिया लोकार्पण, जांच की मांग

अवधनामा ब्यूरो

- 32 लाख की लागत से 600 मीटर नाली निर्माण मात्र 300 मीटर में सिमटा

**कुशीनगर।** नगर पालिका परिषद कुशीनगर इन दिनों सुर्खियों में है। यहां के जिम्मेदारों ने आधा अधूरे नाला का लोकार्पण करा दिया। जो चर्चा का विषय बना हुआ है। आनन फानन में लोकार्पण कर देना कहीं न कहीं भ्रष्टाचार की ओर इशारा कर रहा है। मामला आम होने पर नगर प्रशासन की खूब किरकिरी हो रही है। नगर के लोगों ने जिलाधिकारी से जांच की मांग किया है। वित्तीय वर्ष 2023-24 में नगर पालिका परिषद कुशीनगर द्वारा वीर अब्दुल नगर वार्ड में 32 लाख रुपए की लागत से प्रमोद तिवारी के घर से विक्की श्रीवास्तव के घर तक कुल 600 मीटर की नाली निर्माण की स्वीकृति नगर पालिका द्वारा की गई है। मजे की बात यह है कि बीते दिनो ठेकेदार और नगर पालिका प्रशासन ने नाली निर्माण कार्य पूरा कराए बिना ही महज ढाई सौ मीटर नाली निर्माण को पूर्ण दिखाकर कुशीनगर विधायक पीएन पाठक से लोकार्पण करा दिया, जबकि तीन सौ मीटर से अधिक निर्माण कार्य अभी भी बाकी है और भुगतान 600 मीटर का हो गया है। नाली निर्माण का कार्य पूर्ण कराए बिना किए गए सम्पूर्ण भुगतान में कितनी सच्चाई है यह तो उच्च अधिकारियों द्वारा निष्पक्ष जांच के बाद ही स्पष्ट होगा। वार्ड लोगों का कहना है कि विधायक पीएन पाठक ने बीते दिनो नगर पालिका द्वारा प्रस्तावित छह सौ मीटर नाली निर्माण का लोकार्पण किया गया था जबकि ठेकेदार ने निर्माण कार्य सिर्फ ढाई सौ मीटर कराया है। शिकायत के बावजूद अभी तक नगर पालिका प्रशासन का कोई भी जिम्मेदार न तो मौके पर आकर स्थलीय निरीक्षण किया है और न ही ठेकेदार ने अधूरा नाली निर्माण को पूर्ण कराया है जबकि पांच माह से अधिक समय बीत गया है।

### बोर्ड में किया गया है खेला

लोकार्पण बोर्ड पर धनराशि के आगे कही भी 32 लाख रुपए का उल्लेख नही किया गया है और न ही प्रमोद तिवारी के घर से विक्की श्रीवास्तव के घर तक कि 600 मीटर दूरी दर्शाई गई है। जानकार बताते है कि लोकार्पण बोर्ड पर स्वीकृत धनराशि और दूरी न दर्शाना ही भ्रष्टाचार का सबसे खेल है।

# गन्ना तौल केंद्र बदले जाने पर भड़के किसान, किया प्रदर्शन



**खड्डा कुशीनगर अवधनामा संवाददाता।** नेबुआ नौरंगिया क्षेत्र में तौल केंद्र बदले जाने की सूचना पर रामकोला चीनी मिल के गन्ना तौल केंद्र नौरंगिया पर सोमवार दोपहर बाद दर्जनों की संख्या में किसानो ने गन्ना क्रय केन्द्र पहुंचकर हंगामा करते हुए विरोध प्रर्दशन किया तथा केंद्र नही बदलवाने की मांग जिला प्रशासन से किया है। त्रिवेणी चीनी मिल रामकोला के गन्ना तौल केंद्र नौरंगिया क्षेत्र के लक्ष्मीपुर, पांडेय छपरा, सबया और बरगहा आदि गांवो का सही समय पर गन्ना तौल होता चला आ रहा है। सोमवार को छितौनी समिति से जानकारी मिली कि इस तौल केंद्र से आधा गांव कटकर गड़ौरा मील मे जुडने जा रहा है। जिससे किसानो को काफी असुविधा उत्पन्न होगी। कारण यह है कि वहां पर समय से गन्ना मूल्य भुगतान नही होगा और खाद बीज तथा सब्सिडी सहित अन्य सुविधाओं से वंचित रखा जाएगा, जिससे किसान नाराज हैं। किसानो ने जिला प्रशासन से मांग किया है कि केंद्र से जो गांव जुड़े हैं उनको न हटाया जाए। विरोध प्रर्दशन के दौरान केन यूनियन छितौनी के डायरेक्टर अखिलेश कुमार, वरिष्ठ संभव मिश्रा के नेतृत्व मे राम अवध, राम छबीला पांडेय, नन्हूं गुप्ता, अमर पासवान, बिहारी प्रसाद, श्रीनिवास शुक्ला, मुकेश गुप्ता, कन्हैया यादव, आयुष शुक्ला, महंथ प्रसाद, योगेंद्र, प्रमोद, नत्थू, यादव और धन्नजय गुप्ता आदि किसान मौजूद रहे।

# खनन माफिया मामले में कार्रवाई पर बवाल

अवधनामा संवाददाता



- ग्राम प्रधान का आरोप घर में घुसकर की पिटाई
- पुलिस बोली- भागते समय लगी चोट

**देवरिया।** जिले में खनन माफिया से जुड़े एक मामले में पुलिस और स्थानीय लोगों के बीच विवाद गहरा गया है। बरियारपुर थाना क्षेत्र में पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई को लेकर दो अलग-अलग कहानियां सामने आ रही हैं। घटना बुधवार की है, जब पुलिस ने खनन माफिया पंकज गुप्ता को गिरफ्तार किया था। इसके बाद माफिया के समर्थकों ने पुलिस पर हमला कर गुप्ता को छुड़ा लिया, जिसमें एक सब इंस्पेक्टर वरुण सिंह और एक सिपाही गंभीर रूप से घायल हो गए। इस मामले में पुलिस ने 11 नामजद समेत 30 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया।

जांच में देवरिया मीर के ग्राम प्रधान के परिवार के सदस्य अर्जुन मल्ल की भी संलिप्तता पाई गई। रविवार की रात, बरियारपुर थानाध्यक्ष कंचन राय पुलिस बल के साथ अर्जुन मल्ल की तलाश में देवरिया मीर गांव पहुंची। **मेडिकल कॉलेज में चल रहा इलाज-** ग्राम प्रधान के परिवार का आरोप है कि पुलिस ने घर की बिजली काटकर परिवार के सदस्यों के साथ मारपीट की, जिसमें प्रधान पति आनंद मल्ल और श्याम विहारी मल्ल गंभीर रूप से घायल हो गए। दोनों का इलाज मेडिकल कॉलेज में चल रहा है। **वांछित आरोपी की थी तलाश-** ग्राम देवरिया मीर के थाना बरियारपुर की महिला प्रधान द्वारा वांछित अभियुक्त की तलाश के दौरान बरियारपुर पुलिस टीम पर आरोप लगाए गए हैं। जिसके जांच के क्रम में पाया गया कि थाना बरियारपुर में 30 जनवरी को पंजीकृत मुकदमे में वांछित अभियुक्त के तलाश में दो फरवरी को थाना बरियारपुर पुलिस टीम ने अर्जुन मल्ल के घर पर दबिश दिया। पुलिस अधिकारी ने गलत बताए आरोप नामजद वांछित अभियुक्त अर्जुन मल्ल देवरिया मीर गांव की महिला प्रधान का देवर है। अर्जुन मल्ल घर पर मौजूद नहीं मिला। पुलिस टीम को देखकर अनावश्यक रूप से अर्जुन मल्ल के पिता व भाई ने भागने का प्रयास किया व दूसरे की छत पर कूद गए। जिनको सकुशल पुलिस टीम द्वारा लाकर उनके परिजनों को सुपुर्द किया गया । पुलिस टीम द्वारा इस पूरी कार्यवाही के दौरान किसी से भी किसी प्रकार की कोई अभद्रता नहीं की गई है। महिला प्रधान द्वारा बरियारपुर पुलिस टीम पर लगाए गए सभी आरोप असत्य व निराधार हैं।

## कुशीनगर एयरपोर्ट से जल्द शुरू होंगी नियमित उड़ान सेवाएं



**कुशीनगर अवधनामा ब्यूरो।** राज्यसभा में सांसद आरपीएन सिंह ने कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट से नियमित उड़ान को लेकर नागरिक उड्डयन मंत्री से सवाल किया। उन्होंने सरकार का ध्यान इस ओर दिलाया कि एयरपोर्ट पर सभी तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध हैं, और इंडिगो एयरलाइंस उड़ान योजना के तहत फरवरी से संचालन शुरू करने के लिए तैयार है। उन्होंने मंत्री से अनुरोध किया कि इस हवाई अड्डे से उड़ान योजना और अंतरराष्ट्रीय उड़ानें जल्द शुरू की जाएं, जिससे उत्तर प्रदेश और बिहार सहित पूरे देश को लाभ मिलेगा। इस पर नागरिक उड्डयन मंत्री ने आश्वासन दिया कि कुशीनगर एयरपोर्ट के सभी तकनीकी और नेविगेशनल सिस्टम स्थापित किए जा चुके हैं और जल्द ही नियमित उड़ाने शुरू होगा। उन्होंने बताया कि सरकार एयरलाइंस से बातचीत कर रही है और उन्हें उड़ानें शुरू करने के लिए प्रोत्साहित कर रही है।

## केके पब्लिक एकेडमी सीनियर सेकेंडरी भटनी के प्रांगण में मनाया गया धूमधाम से सरस्वती पूजन



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** देशभर में बसंत पंचमी का उत्सव अत्यंत धूमधाम से मनाया जा रहा है। इस मौके पर विद्यालय के कार्यकारी निदेशक अजय वर्मा ने बताया कि इस दिन विशेष रूप से मां सरस्वती की पूजा की जाती है। धार्मिक परंपराओं के अनुसार, बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती की विधिपूर्वक पूजा करने से ज्ञान और समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त होता है। बसंत पंचमी का पर्व माता सरस्वती को समर्पित है, जो ज्ञान की देवी मानी जाती हैं। इस दिन शिक्षा से संबंधित वस्तुओं का दान करना अत्यंत लाभकारी माना जाता है। इस मौके पर विद्यालय के सभी छात्र छात्राओं के साथ सभी अध्यापक- गण मुख्य रूप उपस्थिति रहे।

## पं. दीन दयाल उपाध्याय स्मारक अंतर प्रांतिय क्रिकेट प्रतियोगिता आगामी 11 फरवरी को

**रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक अंतर प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता 11 फरवरी को मैदान गन्ना कांटा ग्राउंड (सताव) गुरुबक्शीगंज क्षेत्र में आयोजित किया जाएगा। जिसमें मैन ऑफ द सीरीज में मोटरसाइकिल व विजेता को 2 लाख इक्कावन हजार रुपए, उप विजेता को 1 लाख इक्कावन हजार रुपए, एंट्री फीस 71 सौ रुपए की व्यवस्था की जाएगी है। जिसमें आयोजन उमेश प्रताप सिंह नि. ब्लॉक प्रमुख सताव द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मारक अंतर प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता मैदान गाना कांटा ग्राउंड सताव गुरुबक्शगंज,रायबरेली में आगामी 11 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।जिसमें हमारे ब्लाक प्रमुख उमेश प्रताप सिंह ने अपनी मेहनत और खून पसीने का पैसा इन प्रतियोगिताओं में लगाते हैं। जिससे क्षेत्र का बच्चा - बच्चा हमारे देश का नाम रोशन करें और देश की सेवा का जज्बा एक पूर्व फौजी उमेश प्रताप सिंह भली भांति जानते हैं, फौज में रहकर भी देश की सेवा की और अब जनता के बीच भी रहकर देश की सेवा कर रहे हैं।

## बछरावां विधायक श्याम सुंदर ने की पीडए पर चर्चा

**महराजगंज, रायबरेली अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के आवाहन पर पार्टी पदाधिकारियों द्वारा ग्राम पंचायतों में पीडीए चर्चा जन पंचायत अभियान के माध्यम से सामाजिक एवं राजनीतिक मुद्दों पर प्रकाश डाला जा रहा है। उसी क्रम में बछरावां विधायक श्याम सुंदर भारती द्वारा ब्लॉक क्षेत्र गांव सलेथू और ओई में आयोजित पीडीए, यानी पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक चर्चा जन पंचायत को संबोधित किया गया। इस दौरान सपा विधायक श्याम सुंदर भारती ने कहा कि भाजपा सरकार संविधान को खत्म करना चाहती है, एवं धार्मिक उन्माद फैलाकर महंगाई बेरोजगारी, भ्रष्टाचार, से लोगों का ध्यान हटाना चाहती है। भाजपा सरकार पिछड़े दलित अल्पसंख्यकों का आरक्षण खत्म कर रही और ज्यादातर सरकारी नौकरियों में आऊट सोर्सिंग की व्यवस्था लागू की जा रही है।

# छह गांवों में पूरी हुई चकबंदी 50 गांवो में चल रहा है काम

अवधनामा संवाददाता



**अमेठी।** सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी निशा अनंत ने चकबंदी विभाग के अधिकारियों के साथ जनपद में चल रहे चकबंदी कार्यों की समीक्षा बैठक किया। बैठक में जिलाधिकारी ने जनपद में चल रही चकबंदी प्रक्रिया के संबंध में बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी से जानकारी ली जिस पर बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह ने बताया कि इस वित्तीय वर्ष में जनपद में चकबंदी की प्रक्रिया में 52 गांव शामिल थे जिसमें से अब तक 6 गांव की चकबंदी प्रक्रिया पूर्ण की जा चुकी है 4 गांव अभी नए चकबंदी की प्रक्रिया में शामिल हुए हैं इस प्रकार वर्तमान समय में जनपद में 50 गांव में चकबंदी की प्रक्रिया चल रही है। जिनमें से 3 गांव में धारा 52 का कार्य 20 फरवरी तक पूर्ण कराते हुए शासन को प्रस्ताव भेज दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि धारा 27 में 2 गांव पूर्ण कर लिए गए हैं इसके साथ ही धारा 8 में 3 गांव, धारा 9 में 2 गांव, धारा 10 में 11 गांव तथा धारा 20 में 2 गांवों में कार्य चल रहा है जिन्हें शीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सभी कार्य निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार करें साथ ही पुराने गांव जो चकबंदी में चल रहे हैं उनको शीघ्र कब्जा परिवर्तन कर चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं, किसी भी गांव में चकबंदी प्रक्रिया को रोका न जाए सभी गांवों में चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण किया जाए। बैठक में उन्होंने चकबंदी के तहत लंबित मुकदमों के निस्तारण की स्थिति की भी समीक्षा किया एवं संबंधित अधिकारियों को लंबित वादों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित करने की निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्धारित टाइमलाइन के अनुसार कार्य करते हुए चकबंदी की प्रक्रिया को पूर्ण कराएं इसमें किसी भी स्तर पर लापरवाही ना बरती जाए। बैठक में अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, बंदोबस्त अधिकारी चकबंदी केलकर सिंह सहित समस्त चकबंदी अधिकारी, सहायक संबंधी अधिकारी उपस्थित रहे।

## कार अनियंत्रित होकर सामने जा रहे टैंकर से टकराई, चालक सहित 8 घायल

**अमेठी/शुकुल बाजार।** थाना क्षेत्र के पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर एक बड़ा सड़क हादसा हुआ है। किलोमीटर संख्या 67.5 पर एक तेज रफ्तार ईको वैन भारत पेट्रोलियम के टैंकर से टकरा गई। हादसे में कार में सवार 7 महिलाओं समेत 8 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। कार के परखच्चे उड़ गए। घटना की सूचना मिलते ही बाजार शुकुल पुलिस मौके पर पहुंची और पीआरवी की मदद से सभी घायलों को बाजार शुकुल सीएचसी पहुंचाया। गंभीर स्थिति को देखते हुए कार चालक इरशाद अली और एक महिला को ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। सोमवार को दोपहर के समय पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर लखनऊ से कुशीनगर जा रही एक कार सामने जा रहे एक टैंकर से टकरा गई। सड़क दुघर्टना में कार सवार हर्षिता तिवारी (30), गुड़िया विश्वकर्मा (34), पूजा (30), खुशी रॉय, शिखा कुमारी (24), स्नेहा (20) और सौम्या तिवारी (23) गंभीर रूप से घायल हो गए। ये सभी घायल महिलाएं लखनऊ के विभिन्न इलाकों की रहने वाली हैं। आर्केस्ट्रा पार्टी में काम करती हैं।

## महाकुंभ भगदड़ में मृत महिला का शव पहुंचा देवरिया, डीएम ने परिजनों को दी सांत्वना



**देवरिया अवधनामा संवाददाता।** 27 जनवरी को परिवार के साथ गई थीं प्रयागराज महाकुंभ में मौनी अमावस्या के दिन हुई भगदड़ में देवरिया की एक और महिला की जान चली गई। गौरी बाजार थाना क्षेत्र के छेरिहां गांव की रहने वाली 51 वर्षीय सुधा देवी पत्नी अच्छेलाल की भगदड़ में दबकर मौत हो गई। सोमवार को जब उनका शव गांव पहुंचा तो परिवार में कोहराम मच गया। सुधा देवी 27 जनवरी को अपनी पुत्री नैना, भाई पूर्णवासी और भाभी राबड़ी के साथ कुंभ स्नान के लिए प्रयागराज गई थीं। 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर हुई भगदड़ में वह अपने परिवार से बिछड़ गई। परिजन कई दिनों तक मेले में उन्हें खोजते रहे। जब कहीं पता नहीं चला तो घर पर सूचना दी गई। रविवार को उनके पुत्र चंद्रेश को पता चला कि उनकी मां का शव प्रयागराज के नेहरू अस्पताल में है। सोमवार सुबह एंबुलेंस से शव गांव पहुंचा। डीएम दिव्या मित्तल ने पोस्टमार्टम हाउस पहुंचकर परिजनों को सांत्वना दी। एसडीएम सदर विपिन द्विवेदी और सदर तहसीलदार ने भी पीड़ित परिवार से मिलकर ढांढस बंधाया। उल्लेखनीय है कि इससे पहले गौरी बाजार के भटौली खुर्द की रमावती देवी की भी इसी भगदड़ में मौत हो चुकी है। इस प्रकार देवरिया जिले की दो महिलाओं ने महाकुंभ भगदड़ में अपनी जान गंवाई है।

## नगर खेल कुम्भ -बालिका कबड्डी में अहिल्याबाई होलकर टीम ने लक्ष्मी बाई टीम को हराया

**अमेठी।** खिलाड़ियों को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की ओर से नगर खेल कुम्भ का आयोजन रविवार को शुरू हुआ। पहले दिन जिला स्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती एंव स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर मुख्य अतिथि विवेक सिंह प्रभारी निरीक्षक मुसाफिरखाना कोतवाली, ए बी वी पी नगर अध्यक्ष डॉ महेंद्र मिश्रा, प्रधानाचार्य उमाकांत मिश्रा एवं प्रांत संयोजक खेलो भारत शैलेन्द्र यादव ने माल्यार्पण कर किया। नगर खेल कुम्भ में जिला स्तरीय बालिका कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें कुल 6 टीमों ने प्रतिभाग किया। फाइनल में अहिल्याबाई होलकर टीम ने लक्ष्मी बाई टीम को हराकर विजई हुई।

कार्यक्रम में जिला संगठन मंत्री युवराज, सुबोध तिवारी, आदित्य प्रताप सिंह, मो अनस, शिवम् तिवारी, मलिकार्जुन सिंह, नीरज शर्मा आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। नगर खेल कुम्भ का समापन 10 फरवरी को भीमराव अम्बेडकर स्टेडियम अमेठी में होगा।

# शासन की नियमों को ताक पर रख मनमाने ढंग से चल रहे नर्सिंग होम और अस्पताल

अवधनामा संवाददाता




- बेसमेंट में चल रहा है नगर का अवध हास्पिटल

**अमेठी।** स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही के चलते अवैध अस्पतालों का संचालन बेरोकटोक जारी है। नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक कई निजी अस्पताल, नर्सिंग होम, क्लीनिक और पैथोलॉजी लैब बिना पंजीकरण या आवश्यक मानकों के चल रहे हैं। जुलाई में स्वास्थ्य विभाग ने नगर प्रशासन और ब्लॉक स्तरीय अधिकारियों के साथ संयुक्त टीम बनाकर अवैध अस्पतालों की जांच का निर्देश दिया था। दिल्ली में हुए बेसमेंट हादसे के बाद जिले में भी बेसमेंट में चल रहे संस्थानों के खिलाफ अभियान चलाया गया, जिसमें कई अवैध अस्पतालों का खुलासा हुआ। नगर के गंगागंज मोहल्ले में स्थित अवध अस्पताल की स्थिति इसका प्रमुख उदाहरण है, जहां बेसमेंट में न केवल ओपीडी चलाई जा रही है, बल्कि ऑपरेशन भी किए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार अस्पताल का लाइसेंस पिछले 6-7 महीनों से नवीनीकृत नहीं हुआ है। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि अस्पताल में स्थायी चिकित्सक भी नहीं हैं और मरीजों के आने पर डॉक्टरों को बुलाया जाता है। नगर अमेठी में मुंशीगंज रोड, प्रतापगढ़ रोड और दुर्गापुर रोड पर भी कई नर्सिंग होम सरकारी मानकों के विपरीत चल रहे हैं। जिम्मेदार सब कुछ जानते हुए भी मौन हैं। सीएचसी अधीक्षक डॉ. आलोक त्रिपाठी ने स्वीकार किया है कि बेसमेंट में अस्पताल का संचालन नियमों के खिलाफ है और शासन द्वारा प्रतिबंधित है। उन्होंने कार्रवाई के लिए उच्चाधिकारियों को रिपोर्ट भेजने की बात कही है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जो मरीजों की सुरक्षा के लिए गंभीर चिंता का विषय है।

> बेसमेंट में कोई भी अस्पताल नहीं चलाया जा सकता। सभी प्राइवेट अस्पतालों को शासन के नियमों के बारे में बखूबी जानकारी दी गई है। मानकों के उल्लंघन की शिकायतों पर सी एम ओ के मार्गदर्शन में जांच टीमों द्वारा समय समय पर औचक निरीक्षण भी किया जाता है।
>
> **डा राम प्रसाद**
> **एसीएमओ, अमेठी**

# सपा के कथनी करनी में अन्तर नहीं : विजय रावत



अवधनामा संवाददाता

**देवरिया।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने सपा नेता विजय रावत के नेतृत्व मे डेईडिहा के दलित बस्ती मे पी डी ए जन चौपाल का आयोजन किया इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा की समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव के निर्देश पर 27 जनवरी 2025 से प्रदेश के सभी जनपदों में बूथ स्तर तक पीडीए पंचायत का आयोजन शुरू हो गया है। यह कार्यक्रम 2027 में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने और श्री अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनाने के संकल्प के साथ अनवरत जारी रहेगा उन्होंने कहा की सपा ही एक ऐसी पार्टी है जो सबका सम्मान व सबका विकास करती है उसके कथनी और करनी मे कोई अन्तर नही है इस लिए आप सभी लोगों से अपिल है की आने वाले विधान सभा मेसमाजवादी पार्टी की सरकार बनाने का काम करे सपा नेता विजय रावत ने कहा की यह कार्यक्रम समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव ने घर-घर पीडीए पर्चा पहुंचाने की अपील करते हुए कहा है कि प्रभुत्ववादियों और उनके संगी-साथियों के लिए बाबा साहेब सदैव से एक ऐसे व्यक्तित्व रहे हैं, जिन्होंने संविधान बनाकर शोषणात्मक-नकारात्मक प्रभुत्ववादी सोच पर पाबंदी लगाई थी। इसीलिए ये प्रभुत्ववादी हमेशा से बाबा साहेब के खिलाफ रहे हैं और समय-समय पर उनके अपमान के लिए तिरस्कारपूर्ण बयान देते रहे हैं।इस दौरान मुख्य रूप से विकास यादव सुनिल कुमार रामनरेश प्रसाद धनेश कुमार राजू प्रसाद लालमती सुनिता इत्यादि लोग उपस्थित थे।

# राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों की अहम भूमिका है : हाजी रियाज़उद्दीन

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** जिला प्रशासन द्वारा पीडी जैन इण्टर कॉलेज के प्रांगण में आयोजित फीरोजाबाद महोत्सव के दौरान रविवार को एक वृहद् पत्रकार सम्मेलन ''राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों की भूमिका'' के विषय पर आयोजन किया गया। पत्रकार सम्मेलन का शुभारम्भ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया गया तथा फीरोजाबाद मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के संरक्षक राकेश शर्मा चुन्नू, दिजेन्दऊमोहन शर्मा, सुनील वशिष्ठ, बनारसीलाल भोला, उमाकान्त पचौरी, सौरभ उपाध्याय आदि के द्वारा मंच पर पधारे अतिथियों का गुलदस्ते भेंट कर स्वागत किया गया। सम्मेलन में राजधानी लखनऊ सहित कई जनपदों से पत्रकार एवं पत्रकारिता संगठन प्रमुखों के साथ-साथ जिला स्तरीय प्रशासनिक अधिकारियों एवं समाजसेवियों ने भाग लिया। पत्रकार सम्मेलन को सम्बोधित करते हुए एसपीएम न्यूज़ के प्रधान सम्पादक हाजी रियाज़उद्दीन ने राष्ट्र निर्माण में पत्रकारों की अहम भूमिका पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भी एक पत्रकार गांव की पगडन्डी से लेकर आधी रात अपराधिक गतिविधियों एवं सरकार की योजनाओं में बरती जा रही लापरवाहियों तथा समाज में उत्पन्न हो रही बुराईयों को कवरेज करने में न सिर्फदिन-रात एक करता है बल्कि अपनी जान को भी जोखिम में डालता है। फिर भी सरकार पत्रकार को अपना दुश्मन समझ लेती है। बेशक आज संचार क्रान्ति का युग है माना वाहटसअप, फेसबुक, इंस्टाग्राम, टवीटर आदि सूचनाओं के आदान-प्रदान करने का प्लेटफॉर्म है, लेकिन इनके माध्यम से खबरें नहीं आतीं हां मन की बात जरूर आ जाती है। सच्ची और सटीक खबरें तो खोजी जाती है जिनको खोजकर देश के सामने लाकर एक ईमानदार पत्रकार आज भी राष्ट्र निर्माण में महत्ती भूमिका निभा रहा है। सम्मेलन को एसपी सिटी रवि शंकर प्रसाद उ0प्र0 मान्यता प्राप्त पत्रकार समिति के महामंत्री भारत सिंह, उ0प्र0 गौ सेवा आयोग सदस्य रमाकान्त उपाध्याय, दैनिक जागरण से डॉ0 राहुल सिंघई, सुर्दशन से संजय त्रिपाठी, हेमन्त उपाध्याय, प्रवेन्दऊ यादव आदि पत्रकारों ने राष्ट्र निर्माण में पत्रकारिता की भूमिका पर अपने-अपने विचार व्यक्त किए। सम्मेलन के दौरान अश्विनि जैन के सानिध्य में स्कूली बच्चों ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति देकर मंचासीन एवं दर्शकों का अपनी ओर काफी ध्यान आकर्षित किया। छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति में जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी आशीष पाण्डेय का विशेष योगदान रहा वहीं मंचासीन अतिथियों को रमाकान्त उपाध्याय द्वारा उपहार स्वरूप डायरी भेंट की गयी। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न होने पर जिला सूचना अधिकारी नरेन्दऊ मोहन ने सभी का आभार व्यक्त किया तथा अपर जिलाधिकारी शिवध्यान पाण्डेय व एसपी सिटी रविशंकर प्रसाद द्वारा जिला प्रशासन की ओर से उपस्थित सभी मंचासीन अतिथियों एवं पत्रकारों को स्मृति चिन्ह के साथ-साथ प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर पत्रकार प्रशान्त वशिष्ठ, पंकज गुप्ता, दीपक द्वारद्वाज, मनोज त्रिपाठी, विकास पालीवाल, सलीम कुरैशी, राजीव सक्सेना, पंकज सिंह, रामवीर सिंह, परमेन्दऊ यादव आदि एवं जिला सूचना कार्यालय से दिलशाद अहमद, मुकुल वर्मा, धमेन्दऊयादव भी उपस्थित रहे।

## मूलभूत सुविधाओं से वंचित लोगों ने किया निगम में विरोध प्रदर्शन

**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** के वार्ड नंबर 62 अम्बे नगर में मूलभूत सुविधाओं की कमी से त्रस्त लोगों ने सोमवार को नगर निगम परिसर में जोरदार प्रदर्शन किया। मुख्य समस्या 20 फुट्टा रोड पर सड़क, नाली और खरंजा न होने की है, जिससे क्षेत्र में जलभराव व गंदगी से होने वाली बीमारी फैलने का खतरा बना रहता है। 2022 में क्षेत्रीय वासियों ने आमरण अनशन किया था जिसमें से तीन लोगों की हालत गंभीर हुई थी जिन्हें आनंन फानंन में जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अधिकारियों के आश्वासन के बाद धरना खत्म कराया दिया गया था। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सतेन्द्र जैन सौली के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने धरना दिया और नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों का कहना है कि अक्टूबर 2022 में नगर निगम अधिकारियों ने लिखित आश्वासन दिया था, लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। गंदे पानी के जमाव से लोगों का निकलना मुश्किल हो गया है। मामले को लेकर सपा नेता ने मंडलायुक्त आगरा, डीएम और नगर निगम अधिकारियों को शिकायती पत्र भी सौंपा है। नगर निगम के अधिकारियों ने बताया कि अम्बे नगर में भोगीराम से बहाबुद्दीन के मकान तक मुख्य गली में नाली व इंटरलॉकिंग सड़क के लिए 35.61 लाख रुपये का प्रस्ताव तैयार है। साथ ही, गली नंबर 7 व 8 में नाली व इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण के लिए 16 लाख रुपये का प्रस्ताव भी तैयार किया गया है। अधिकारियों का कहना है कि महापौर की बैठक में इन प्रस्तावों को स्वीकृति मिलते ही काम शुरू कर दिया जाएगा।

## प्राचार्य के बजाय सीएमओ के खिलाफ दे डाला धरना



**सुल्तानपुर।** समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं का हाल अजब गजब है। जी हाँ! जिस मेडिकल कॉलेज का जिम्मा प्राचार्य डॉ सलील श्रीवास्तव के चार्ज में है। नादान सपाइयों का मानना है कि इस अस्पताल के चिकित्सकों और भ्रष्टाचार के खिलाफ सीएमओ जिम्मेदार हैं। जबकि ऐसा नही उन्हें तो सीएचसी पीएचसी का जिम्मेवार मानना चाहिए लेकिन नासमझी में सीएमओ के सिर पर ठीकरा फोड़ रहे हैं। जबकि सीएमओ का वास्ता सीधे रूप में इस मेडिकल कॉलेज से नही है। प्रदर्शन के दौरान आसपास खड़े लोगों ने बताया कि मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य ही सीधे तौर पर मुख्यालय स्थित इस अस्पताल का उठा रहे हैं। लेकिन नादान सपाईयों को कौन समझाए कि जिसके खिलाफ वह बिगुल बजा रहे ,वह सीधे तौर पर इस अस्पताल का संचालन नही करता।आज दर्जनों सपाई प्रिंट आउट लेकर तख्ती पर चिपकाए और बैठ गए धरने पर। हालांकि प्रशासनिक अधिकारी में विज्ञापन ले लिया है।

## कमला नेहरू संस्थान कृषि विज्ञान तृतीय सेमेस्टर के परिक्षार्थियों का परीक्षाफल घोषित

**सुल्तानपुर।** कमला नेहरू भौतिक एवं सामाजिक विज्ञान संस्थान में स्वायत्तशासी व्यवस्था के अन्तर्गत संचालित कृषि विज्ञान बी एस सी तृतीय एवं एम एस सी तृतीय सेमेस्टर, सत्र 2024-25 की परीक्षा का परिणाम घोषित कर दिया गया। यह जानकारी संस्थान के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर राधेश्याम सिंह नें दी। इन्होंने बताया कि यह परीक्षाफल एक फरवरी 2025 को संस्थान की वेबसाइट http://knipsse&ams.in पर प्रदर्शित कर दिया गया है। सम्बन्धित छात्र व छात्राएं दिए गये वेबसाइट पर अपना अनुक्रमांक एवं जन्मतिथि अंकित कर अंकतालिका डाउनलोड कर सकते हैं। संस्थान प्राचार्य प्रोफेसर आलोक कुमार सिंह नें सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

## कैंसर जागरूकता एवं स्क्रीनिंग कैम्प का होगा आयोजन

**सुलतानपुर।** मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय द्वारा अवगत कराया गया कि जिला स्वास्थ्य समिति के सौजन्य से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन एन0पी0 एन0सी0डी0 कार्यक्रम के अन्तर्गत विश्व कैंसर दिवस दिनांक 04 फरवरी, 2025 के उपलक्ष्य में स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय सुलतानपुर के नवनिर्मित भवन में कैंसर जागरूकता एवं स्क्रीनिंग कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। उपरोक्त कार्यक्रम का उद्देश्य कैंसर के प्रति समाज में जागरूकता लाना है, जिन लोगों को मुंह में लम्बे समय से छाले, सड़न, खून आना, स्तन में गॉठ या माहवारी में अत्यधिक रक्त स्राव के लक्षण हो, तो इस स्क्रीनिंग कैम्प का लाभ उठा सकते है।

# एमजीईएम जूनियर हाईस्कूल ने मनाया वार्षिक एवं बसन्तोत्सव

**अवधनामा संवाददाता**



**फिरोजाबाद।** हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी रविवार को महात्मा गांधी इंग्लिश मीडियम जूनियर हाई स्कूल ने बसन्त पंचमी के अवसर पर अपना वाषिर्कोत्सव मनाते हुए बसन्त पंचमी उत्सव को समायोजित किया गया। कार्यक्रम में पधारे अतिथियों का आकर्षक माला से सुशोभित कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर दीप प्रज्जवलित कर किया गया। बसन्त पंचमी को ध्यान में रखते हुए इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने बेहद सुन्दर एवं आकर्षक प्रस्तुतियां देकर न सिर्फ अपनी कला का प्रदर्शन किया बल्कि स्कूल प्रबन्धन के साथ-साथ उपस्थित अतिथियों एवं अभिभावकों का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ स्कूली छात्राओं के माध्यम से सरस्वती वन्दना की प्रस्तुति से किया गया। जिसकी अनूठी कला प्रदर्शन एवं मन-मोहक दृश्यों ने दर्शकों को तालियां बजाने पर मजबूर कर दिया। वहीं जूबी-डूबी, जूबी-डूबी बच्चों के डांस ने खूब वाहवाही लूटी। इसी बीच बालश्रम पर दी गयी प्रस्तुति में भी सभी का अपनी ओर ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम के इस दौरान जिस तरह श्रीकृष्ण लीला पर आधारित कार्यक्रम ने सबका मन जीता तो वहीं गुजराती, राजस्थानी, मराठी, बंगाली आदि राज्यों की कलाओं पर स्कूली छात्राओं ने मनमोहक प्रस्तुतियां देकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। जैसे-जैसे कार्यक्रम सफलता की ओर बढ़ रहा था वैसे ही वैसे छात्र-छात्राओं की प्रस्तुतियां दर्शकों का अपनी ओर ध्यान खींचने लगीं। तालियों की गड़गड़ाहट के बीच सोलो डांस, छम-छम नाचत आयी बहार, सेमी क्लासिक डांस ओ रंगरेज तेरे रंग दरिया में डूबना है ने जमकर तालियों की गड़गड़ाहट बटोरी। सुन मितवा, सुन मितवा तुझको क्या है डर गीत पर पानी बचाने का संदेश देकर पानी के महत्व पर प्रकाश डाला गया। तत्पश्चात लावणी डांस तथा सोलो डांस कांटा लगा ने भी खूब वाह-वाही लूटी, कार्यक्रम के दौरान सोशल मीडिरू, टीवी आवश्यकता एवं अधिक प्रयोग के बुरे परिणामों को भी दर्शाया गया। डयूट डांस कलमोही पाए जिया आदि 18-20 प्रस्तुतियां प्रस्तुत की गयीं। कार्यक्रम के इस अवसर पर प्रमुख रूप से नगर विधायक मनीष असीजा, डीएन शर्मा, मेयर कामिनी राठौर, डीआईवएस धीरेन्द्र कुमार, बीएसए आशीर्ष कुमार पाण्डेय, मण्डल सेक्रेटरी अनूप चन्द्र जैन, अनुपम गुप्ता, मैनेजन राजेन्द्र कुमार जैन राजा, प्रिन्सीपल नीलम शुक्ला उपस्थित रहे।




रेलयात्री कृपया ध्यान दें!

महाकुम्भ मेला विशेष रेलगाड़ियां



**महाकुम्भ मेला–2025** के दौरान रेलयात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे द्वारा नियमित रेलगाड़ियों के अलावा विभिन्न विशेष रेलगाड़ियों का भी संचालन किया जा रहा है। इन विशेष रेलगाड़ियों का तिथिवार विवरण निम्नानुसार है:–

**दिनांक 04.02.2025 (मंगलवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04229 | प्रयाग जं. | 21:10 | अयोध्या कैंट जं. | 01:55 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड एवं मसौधा स्टेशन |
| 04271 | फाफामऊ | 13:00 | जौनपुर जं. | 16:20 | थरवई, सराय चण्डी, फूलपुर, उग्रसेनपुर, बरियाराम, जंघई, मड़ियाहूँ एवं जफ़राबाद जं. स्टेशन |
| 04293 | प्रयाग जं. | 20:20 | लखनऊ | 02:00 | फाफामऊ जं., अटरामपुर, रामचौरारोड, लालगोपाल गंज, भदरी, कुण्डाहरनाम गंज, गढ़ी मानिकपुर, परियावाँ कालाकाँकर रोड, अरखा, ऊंचाहार, लक्ष्मणपुर, दरियापुर, रायबरेली, गंगागंज, हरचन्दपुर, कुन्दनगंज, बछरावाँ, श्रीराजनगर, निगोहाँ, कनकहा, मोहनलालगंज और उतरेटिया जं. स्टेशन |
| 04233 | प्रयाग जं. | 09:40 | अयोध्या धाम जं. | 15:05 | फाफामऊ जं., सेवाइत, मऊ आइमा, शनिदेव धाम बिश्नाथगंज, माँ बेल्हा देवी प्रतापगढ़ जं., चिलबिला जं., खंडौर, पीपरपुर, सुल्तानपुर जं., कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, मसौधा एवं अयोध्या कैंट जं. स्टेशन |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02276 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | अलीगढ़ जं., टूण्डला जं., इटावा जं., गोविन्दपुरी एवं फतेहपुर स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | अयोध्या धाम जं., मनकापुर जं., मसकनवाँ, स्वामी नारायन छपिया, बभनान, बस्ती, खलीलाबाद, मगहर एवं सहजनवा स्टेशन |
| 05078 | गोण्डा जं. | 21:40 | अयोध्या धाम जं. | 23:50 | बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन |
| 05077 | अयोध्या धाम जं. | 00:45 | गोण्डा जं. | 03:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:30 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | सुल्तानपुर, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं., देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग जं., फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05158 | झूँसी जं. | 06:30 | भटनी जं. | 14:50 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंडिहार जं., सादात, जखनियां, दुल्लहपुर, मऊ जं., इंदारा जं., चकरा रोड, कीड़िहरापुर, दुगली, गोबिंदपुर, बेलथरा रोड, तुरतीपार, लार रोड, सलेमपुर जं. और पिवकोल स्टेशन |
| 05164 | झूँसी जं. | 10:00 | थावे जं. | 20:30 | गोपालगंज, मांझागढ़, रतन सराय, सिधवलिया, दिघवा दुबौली, राजापट्टी, मसरख, शाम कौड़िया, मढ़ौरा, पटेरही, खैरा, छपरा कचहरी, छपरा, सुरेमनपुर, सहतवार, बांसडीह रोड, बलिया, फेफना जं., चित बड़ागांव, करीमुद्दीन पुर, यूसुफपुर, गाज़ीपुर सिटी, औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी जं. बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन। |
| 05004 | गोरखपुर जं. | 21:30 | झूँसी जं. | 06:00 | चौरी चौरा, गौरी बाजार, देवरिया सदर, भटनी जं., सलेमपुर जं., बेलथरा रोड, मऊ जं., औंडिहार जं., वाराणसी सिटी, वाराणसी, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड एवं हंडिया खास स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | |
| 05013 | गोरखपुर जं. | 06:25 | अयोध्या धाम | 11:30 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जंक्शन और कटरा स्टेशन |
| 05014 | अयोध्या धाम | 12:15 | गोरखपुर जं. | 17:30 | |
| 08588 | विशाखपट्णम | 22:20 | गोरखपुर जं. | 19:30 | विजयनगरम, श्रीकाकुलम रोड, पलासा, ब्रह्मपुर, छत्रपुर, बालुगांव, खोरधा रोड, भुवनेश्वर, नाराज मार्थापुर, ढेंकानाल, अनुगुल, बोइण्डा, रेढ़ाखोल, सम्बलपुर सिटी, झारसुगुड़ा रोड, रायगढ़, चाँपा, बिलासपुर, पेन्ड्रा रोड, अनुपपुर, शहडोल, उमरिया, कटनी जंक्शन, मैहर, सतना, मानिकपुर, प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी, जौनपुर जंक्शन, औड़िहार जंक्शन, मऊ जंक्शन और देवरिया सदर |

**दिनांक 05.02.2025 (बुधवार) को चलने वाली विशेष रेलगाड़ियाँ**

| विशेष गाड़ी सं. | स्टेशन से | प्रस्थान समय | स्टेशन तक | आगमन समय | ठहराव |
|---|---|---|---|---|---|
| 04210 | प्रयागराज संगम | 11:15 | जौनपुर | 14:00 | प्रयाग, फाफामऊ, फूलपुर, जंघई एवं मड़ियाहूँ स्टेशन |
| 04209 | जौनपुर | 14:15 | प्रयागराज संगम | 17:15 | |
| 04202 | प्रयागराज संगम | 12:20 | आलमनगर | 17:00 | प्रयाग जं., कुण्डा हरनामगंज, ऊंचाहार जं., रायबरेली, बछरावां एवं उतरेटिया स्टेशन |
| 04201 | आलमनगर | 19:15 | प्रयागराज संगम | 23:25 | |
| 04206 | प्रयागराज संगम | 13:30 | अयोध्या कैंट | 17:00 | प्रयाग, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04205 | अयोध्या कैंट | 08:45 | प्रयागराज संगम | 12:15 | |
| 04251 | प्रयाग जं. | 20:30 | अयोध्या कैंट | 23:55 | फाफामऊ जं., माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04252 | अयोध्या कैंट | 15:45 | प्रयाग जं. | 19:55 | |
| 04253 | फाफामऊ जं. | 11:15 | अयोध्या कैंट | 14:45 | माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04254 | अयोध्या कैंट | 06:15 | फाफामऊ जं. | 10:15 | |
| 04255 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 05:35 | प्रयाग जं. (रिंग रेल) | 21:30 | फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, चिलबिला, खुन्डौर, सुल्तानपुर, कूड़ेभार, खजुरहट, भरतकुण्ड, अयोध्या कैंट, सलारपुर, सोहावल, देवराकोट, बड़ा गाँव, रुदौली, रौजागाँव, पटरंगा, दरियाबाद, सैदखानपुर, सफदरगंज, रसौली, बाराबंकी, सफेदाबाद, मल्हौर, लखनऊ, उतरेटिया, मोहनलालगंज, कनकहा, निगोहाँ, श्रीराजनगर, बछरावाँ, कुनियनगंज, हरचन्दपुर, गंगागंज, राय बरेली, रूपामऊ, फुरसतगंज, जायस, बनी, गौरीगंज, तालाखजुरी, अमेठी, मिसरौली, माँ चंडिका देवी धाम अन्तू, जगेशरगंज, चिलबिला, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ अइमा, सेवाइत व फाफामऊ जं. स्टेशन |
| 02417 | सुबेदारगंज | 21:35 | दिल्ली जं. | 08:55 | फतेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा, टूंडला जं. एवं अलीगढ़ जं. स्टेशन |
| 02418 | दिल्ली जं. | 09:30 | सुबेदारगंज | 19:40 | |
| 09403 | अहमदाबाद जं. | 21:15 | जंघई जं. | 03:00 | आनंद जं., छायापुरी, गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., भवानी मंडी, रामगंज मंडी, कोटा जं., सवाई माधोपुर, गंगापुर सिटी, बयाना जं., आगरा किला, टूंडला जं., इटावा जं., गोविंदपुरी, फतेहपुर और प्रयागराज जं. स्टेशन |
| 05011 | गोरखपुर जं. | 14:30 | अयोध्या कैंट | 19:35 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायन छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जं. एवं अयोध्या धाम जं. |
| 05012 | अयोध्या कैंट | 21:50 | गोरखपुर जं. | 04:30 | |
| 05078 | गोण्डा जं. | 21:40 | अयोध्या धाम जं. | 23:50 | बरुआ चक, मोतीगंज, झिलाही, मनकापुर जं., टिकरी, नवाबगंज गोंडा, कटरा एवं रामघाट हॉल्ट स्टेशन |
| 05077 | अयोध्या धाम जं. | 00:45 | गोण्डा जं. | 03:30 | |
| 04117 | प्रयागराज जं. | 22:20 | अयोध्या कैंट | 03:20 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ देवी धाम प्रतापगढ़ जं. एवं सुल्तानपुर स्टेशन |
| 04118 | अयोध्या कैंट | 05:15 | प्रयागराज जं. | 10:15 | |
| 04111 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:00 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 18:50 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर , माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04112 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 06:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 21:00 | |
| 04113 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 07:45 | प्रयागराज रामबाग, झूँसी, हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, भदोही, जंघई जं., मड़ियाहूँ, जफराबाद जं., जौनपुर जं., शाहगंज जं., अकबरपुर, गोशाईगंज, अयोध्या धाम, अयोध्या कैंट, सुल्तानपुर, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., मऊ आइमा, फाफामऊ जं. एवं प्रयाग स्टेशन |
| 04114 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 17:45 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 08:00 | |
| 04120 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 13:30 | प्रयागराज जं. (रिंग रेल) | 04:00 | प्रयाग, फाफामऊ जं., मऊ आइमा, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., सुल्तानपुर, अयोध्या कैंट, अयोध्या धाम, गोशाईंगंज, अकबरपुर, शाहगंज जं. जौनपुर जं., ज़फ़राबाद जं., मड़ियाहूँ, जंघई जं., भदोही, बनारस, माधोसिंह, ज्ञानपुर रोड, हंडिया खास, झूँसी एवं प्रयागराज रामबाग स्टेशन |
| 05003 | झूँसी जं. | 07:45 | गोरखपुर जं. | 16:25 | हंडिया खास, ज्ञानपुर रोड, माधोसिंह, बनारस, वाराणसी, वाराणसी सिटी, औंरिहार जं., मऊ जं., बेल्थरा रोड, सलेमपुर जं., भटनी जं., देवरिया सदर, गौरी बाजार और चौरी चौरा स्टेशन। |
| 01033 | छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस | 11:30 | मऊ जं. | 22:00 | दादर, ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, मनमाड जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., तलवड़िया, छनेरा, खिरकिया, हरदा, बानापुरा, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी, शाहगंज जं. और आजमगढ़ स्टेशन |
| 06001 | पुरट्रचि तलैवर डॉ. एमजी रामचंद्रन | 14:20 | गोमती नगर | 14:15 | गूडूर जं., नेल्लूर, ओंगोल, चीराला, तेनाली जं., न्यू गुंटूर, विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, गोंदिया जं., बालाघाट जं., नैनपुर जं., जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, चुनार, वाराणसी और अयोध्या धाम जं. स्टेशन |
| 05267 | मुज़फ़्फ़रपुर जं | 17:15 | झूँसी जं. | 09:55 | मोतीपुर, मेहसी, चकिया, बापूधाम मोतिहारी, सगौली जं., बेतिया, नरकटियागंज जं., बगहा, कप्तानगंज जं., गोरखपुर जं., देवरिया सदर, भटनी जं., मऊ जं., औंरिहार जं. एवं वाराणसी स्टेशन |
| 07083 | मचिलीपट्णम | 22:00 | आज़मगढ़ | 17:15 | गुडलवल्लेरू, गुडिवाडा जं., विजयवाड़ा जं., खम्मम, वरंगल, रामगुंडम, मनचेरल, सिरपुर कागजनगर, बल्हारशाह, चंद्रपुर, नागपुर जं., बैतूल, इटारसी जं., पिपरिया, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, मैहर, सतना, मानिकपुर जं., प्रयागराज छिवकी, मिर्जापुर, वाराणसी और शाहगंज जं. स्टेशन |
| 05013 | गोरखपुर जं. | 06:25 | अयोध्या धाम | 11:30 | सहजनवा, मगहर, खलीलाबाद, बस्ती, बभनान, स्वामी नारायण छपिया, मसकनवाँ, मनकापुर जंक्शन और कटरा स्टेशन |
| 05014 | अयोध्या धाम | 12:15 | गोरखपुर जं. | 17:30 | |

**रेल यात्रा के दौरान ज्वलनशील वस्तुएं जैसे पटाखे, पेट्रोल, मिट्टी का तेल एवं गैस सिलेंडर आदि लेकर कभी यात्रा न करें।**

रेलयात्रियों से अनुरोध है कि किसी भी अन्य सूचना और विस्तृत समय–सारणी की जानकारी के लिए रेलमदद हेल्पलाईन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट **https://enquiry.indianrail.gov.in** अथवा **NTES App** देखें।

उत्तर रेलवे

हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

पर हमें फॉलो करें

# ग्राम देवी मंदिर का वार्षिकोत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में संपन्न



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/अनपरा।** बसंत पंचमी के सुअवसर पर ग्राम चकसारनाथ स्थित ग्राम देवी मंदिर माता रानी का वार्षिकोत्सव बड़े ही धूमधाम व हर्षोल्लास पूर्ण वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर सर्वप्रथम माता रानी की पूजा पाठ विधि विधान व वैदिक रीति रिवाज, घंटे घड़ियाल व शंख के साथ किया गया, कार्यक्रम के मुख्य यजमान पंडित भगवती प्रसाद तिवारी ने सपत्नीक मातारानी का पूजा पाठ किया।

कार्यक्रम की शुरुआत माता रानी की पूजा पाठ के उपरांत रामचरित मानस के सुन्दर कांड पाठ का आयोजन मंदिर के मुख्य पुजारी हरी शंकर तिवारी के देख रेख में वाद्य यंत्रो के साथ शुरू किया गया। कार्यक्रम शुरू होते ही ग्राम चकसारनाथ व आस पास के सैकड़ो की संख्या में भक्त गण मंदिर प्रांगण में जमा हो गए और सुन्दर कांड मानस पाठ की चौपाइयां पढ़ते हुए बीच बीच में जैकारे लगाने लगे, उक्त कार्यक्रम लगभग चार घंटे चला, इसके उपरांत हवन का आयोजन किया गया तथा मातारानी से गांव की भलाई, तरक्की व शांति के लिए सभी भक्तो ने हवन में आहुति दी तत्पश्चात मातारानी के गगनचुम्बी खूब जैकारे लगाए ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे पूरा गांव भक्ति में सरोबार हो गया। बसंत पंचमी पर्व के महत्व के बारे में रेखांकित करते हुए मुख्य पुरोहित पंडित विवेक घनश्याम तिवारी ने बताया कि बसंत पंचमी के दिन ही भगवान ब्रह्मा जी के जिह्वा से वाणी, ज्ञान और बुद्धि की देवी माता सरस्वती प्रकट हुई थीं। इसलिए उनकी पूजा की जाती है, और इसी दिन लक्ष्मी जी का भी जन्मदिन भी माना जाता है; इसलिए इस तिथि को श्री पंचमी भी कहा जाता है। कार्यक्रम समापन के तत्पश्चात उपस्थित सभी मातारानी के भक्तो को प्रसाद वितरित किया गया सभी भक्त खुशी खुशी अपने घर गये। कायक्रम में मुख्य रूप से राधेश्याम पांडे, राजेश्वरी शुक्ला, घनश्याम शुक्ला, ब्रह्मदेव शुक्ला, शिवम शुक्ला, राजेंद्र शुक्ला, सुनील शुक्ला, राकेश कुमार त्रिपाठी तारकेश्वर नाथ शुक्ला, बृजेश कुमार तिवारी बस गोपीनाथ तिवारी, रोहित ओझा, सभा शंकर शुक्ला, राजपति शुक्ला आदि आदि उपस्थित थे।

# शुरू हुआ प्रशिक्षण कार्यक्रम



अवधनामा संवाददाता

**सोनभद्र/सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड (एनसीएल) की सीडब्ल्यूएस इकाई ने एनसीएल परिवार की गृहिणियों को प्राथमिक उपचारकर्ता बनाने के उद्देश्य से प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

इस दौरान क्षेत्रीय महाप्रबंधक (सीडब्ल्यूएस), आनंद मूर्ति एवं परियोजना के अन्य वरिष्ठ अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के प्रथम बैच में सीडब्ल्यूएस से चिकित्सा अधिकारियों एवं टीम ने 36 गृहिणियों को प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण प्रदान किया। एनसीएल की सभी परियोजनाओं एवं इकाईयों में 14000 से अधिक कर्मियों के परिवारों व गृहिणियों तक प्राथमिक चिकित्सा को पहुंचाने का लक्ष्य रखा गया है। इसी कड़ी में एनसीएल की सीडब्ल्यूएस इकाई के द्वारा 400 प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने का लक्ष्य रखा गया है जिसे 11 बैच में आयोजित किया जाएगा। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को सीपीआर (हृदय पुनर्जीवन), सड़क दुर्घटनाओं में प्राथमिक चिकित्सा, सांप के काटने पर उपचार, जलने और चोटों का उपचार, रक्तचाप और मानव शरीर को प्रभावित करने वाली विभिन्न बीमारियों के बारे में गहन जानकारी दी जा रही है। गौरतलब है कि, एनसीएल की सभी परियोजनों एवं इकाईयों में भी प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणबद्ध तरीक़े से शुरू किया जा रहा है।

# एजुकेशनल कैरियर काउंसलिंग कॉन्फ्रेंस का सफलता पूर्वक आयोजन

वहाज अली निहाल



**इटावा।** शहर में इस्लामिया इंटर कॉलेज के मैदान में अंजुमन हुसैनिया कमेटी की और से रविवार को एजुकेशनल कैरियर काउंसलिंग कॉन्फ्रेंस का आयोजन सम्पन्न हुआ। कॉन्फ्रेंस में मुख्य अतिथि के रूप में डा.सैयद मो.फजलुल्लाह चिश्ती (फाउंडर व डायरेक्टर फला रिसर्च फाउंडेशन दिल्ली,)समीर सिद्दीकी(एलिफ़ एकेडमी दिल्ली), डा.मो.मोहिबुल हक प्रोफेसर एएमयू अलीगढ़) मो.अजमल अब्बासी दिल्ली, सैयद जैनुल आबेदीन लखनऊ, मो.आसिम ने अपने अनुभव को छात्र- छात्राओं से साझा किए।

बच्चो से बात करते हुए डॉक्टर समीर सिद्दीकी ने कहां कि इटावा की इस्लामिया इंटर कॉलेज की धरती पर आकर बड़ी खुशी हो रही है क्योंकि जिस तरह 19 वीं सदी में यहां भारत के पूर्व राष्ट्रपति डॉ.जाकिर हुसैन जैसी बड़ी हस्तियां इस कॉलेज में पढ़ी है और जो उस समय के लोगों की शिक्षा को बढ़ावा देने की सोच थी उसके चलते यहां आकर बड़ी खुशी महसूस हो रही है। उन्होंने खासतौर पर अभिभावकों से ज़ोर देते हुए कहा कि उन्हें अपने बच्चों की शिक्षा पर ध्यान देना चाहिए और ऐसा माहौल पैदा करना चाहिए कि जिससे बच्चे अच्छी तरह शिक्षित हो सके। इटावा जैसी जगह में इस तरह के एजुकेशन कॉन्फ्रेंस करने को लेकर आए हुए विद्वानों ने अंजुमन-ए-हुसैनिया कमेटी का तहे दिल से शुक्रिया अदा करते हुए कहा कि उन्होंने बच्चों की शिक्षा को लेकर जिस तरह प्रोग्राम किया है वह काबिले तारीफ है। वही अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के राजनीतिक विज्ञान विभाग के प्रोफेसर मोहिबुल हक ने कहा कि बच्चो के सामने केवल यू पी एस सी ही कैरियर नहीं है आपको एक पॉलिटिकल बाउंड्री में ही कैद नहीं किया जा सकता आपको यूनाइटेड नेशन्स की जॉब्स के लिए तैयार रहना चाहिए उसके बारे में भी सोचना चाहिए। कैरियर काउंसलिंग में काफी संख्या बच्चों ने शिरकत की। इटावा में बच्चो के लिए पहली बार बड़े पैमाने पर आयोजित होने वाली कैरियर काउंसलिंग कॉन्फ्रेंस में दिल्ली यूनिवर्सिटी, जामिया हमदर्द यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय के साथ ही प्रदेश भर से कई प्रोफेसर, एजुकेशनलिस्ट (शिक्षा शास्त्री)इटावा के छात्र-छात्राओं को उचित मार्गदर्शन के लिए आएं हुए थे।

प्रोग्राम दो सेशन में हुआ पहला सेशन 10 बजे से 2 बजे तक हुआ जिसमें आए हुए मेहमानों ने अपनी मोटिवेशनल स्पीच से कार्यक्रम में मौजूद लोगों का उत्साह बढ़ाया और दूसरा सेशन इसके बाद शाम चार बजे तक हुआ जिसमें कार्यक्रम में मौजूद बच्चों की करियर को लेकर काउंसलिंग की गई।

# कुरआन पाक हिफ्ज़ करने पर हुई दस्तार बंदी



अवधनामा ब्यूरो

**इटावा।** मदरसा चिश्तिया अशरफुल उलूम विशुन बाग गाड़ीपुरा में ब-तकरीब दस्तार बन्दी का रविवार को कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम में मुकर्रर खुसूसी हज़रत सैय्यद गुलाम अब्दुल समद चिश्ती आस्ताने आलिया फफूंद शरीफ़, सदारत हज़रत मौलाना कमाल उद्दीन अशरफी पेश इमाम ईदगाह इटावा मेहमाने खुसूसी हज़रत मौलाना जाहिद हुसैन रज़ा। मेहमाने एजाजी हज़रत हाफिज कारी सरफराज निजामी मौलाना फुरकान रज़ा साहब रहे। निजामत मौलाना सराफत हुसैन अशरफी ने की। कार्यक्रम के संयोजक मौलाना अब्दुल वाजिद अशरफी ने बताया कि हाफिज़ अहमद रज़ा कादरी, मोहम्मद नदीम नक्शबंदी व मोहम्मद यूनुस मदारी की दसतार बन्दी की गई उन्होंने बताया कि तीनों बच्चों ने कुरआन पाक हिफ्ज़ किया है। उस्ताद कारी उमर बरकाती, हाफिज मोहम्मद अहमद अकबरी, हसीन अततारी ने तीनों बच्चों को पढ़ाया। दस्तार बंदी के मौके पर आए सभी लोगों ने बच्चों को दुआओं से नवाज़ा व गुलपोशी कर उनकी हौसला अफजाई की। नाजिम कुरैशी अशरफी, अशफाक अहमद अशरफी और उन पूरी टीम ने आये हुए मेहमानों का गुलपोशी कर के इस्तकबाल किया। इस मौके पर हाजी मुईनुद्दीन अशरफी गुड्डू मसूरी, हाजी राईस चिश्ती, मुन्ना मंसूरी, औसाफ अशरफी, शारिक कादरी अशरफी, हाजी चांद मंसूरी, रेहान खां, हाफिज अहतशम आदि लोग मौजूद रहे।

# रेलवे की तानाशाही रवैया से खपा सब्जी विक्रेताओं ने मुख्य मार्ग किया जाम

**जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम छुड़वाया**

अवधनामा संवाददाता



**चोपन/सोनभद्र।** सोमवार को रेलवे प्रशासन द्वारा एक बार फिर अपनी तानाशाही रवैया अपनाते हुए सब्जी विक्रेताओं को लगी लगाई दुकान बलपूर्वक हटवा दिया जिससे खफा सब्जी विक्रेताओं ने मुख्य मार्ग पर सब्जी बिखेर कर जाम लगा दिया और रेलवे प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे जाम की सुचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने समझा-बुझाकर जाम छुड़वाया वहीं मौके पर तहसीलदार एवं क्षेत्रीय लेखपाल भी पहुंच कर सब्जी विक्रेताओं से वार्ता किये। गौरतलब है कि अभी कुछ दिन पूर्व रेलवे प्रशासन ने वर्षो से लग रही सब्जी मंडी को हटवा दिया था। जिसके बाद बिते शनिवार को उपजिलाधिकारी ओबरा विवेक सिंह अपने राजस्व कर्मियों के साथ सब्जी मंडी में पहुंच कर सब्जी विक्रेताओं से वार्ता किये थे और कहे थे कि रेलवे से संयुक्त वार्ता कर समस्या का हर संभव निदान किया जायेगा। पुनः सोमवार को रेलवे प्रशासन सब्जी मंडी में लगी दुकानों को बल पूर्वक हटवा दिया जिसके बाद खफा सब्जी विक्रेताओं ने मुख्य मार्ग जाम कर दिया। बताते चलें कि स्थानीय रेलवे प्रशासन आये दिन रहवासियों को,पटरी पर जीवन यापन करने वाले छोटे मझोले दुकानदारों एवं सब्जी विक्रेताओं को नोटिस जारी कर परेशान किया जा रहा है लोगों का कहना है कि रेलवे आज तक संयुक्त सिमाकंन नहीं कर पाया कि कहां-कहां उसकी जमीन है मनमानी तरिके से केवल नोटिस जारी कर भय का माहौल बना रहा है। इस बाबत तहसीलदार सुनील कुमार से बात की गई तो उन्होंने बताया कि रेलवे के सम्बन्धित अधिकारी अपने उच्चाधिकारियों से वार्तालाप करने के बाद ही निष्कर्ष निकालेंगे।

## वीडियो वायरल होने के बाद दरोगा लाईन हाजिर

**मौदहा हमीरपुर।** सोमवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ जिसमें एक दरोगा दो लोगों से कुछ लेकर जेब में रखते हुए दिखाई दे रहा है जिसपर रिश्वत लेने का आरोप लगा है हालांकि पुलिस अधीक्षक ने तत्काल प्रभाव से दरोगा को लाईन हाजिर कर जांच क्षेत्राधिकारी को सौंपी है और वीडियो को पुराना बताया है। सोमवार को एक वीडियो सोशल मीडिया पर काफी ट्रोल किया जिसमें एक दरोगा दो लोगों से रुपये जैसा कुछ लेकर जेब में रखता दिखाई दे रहा था वीडियो वायरल करने वालों का दावा है कि वीडियो मौदहा कोतवाली का है और रिश्वत लेते हुए दिखाई दे रहे उपनिरीक्षक मौदहा कोतवाली में तैनात राजेश सिंह हैं। हालांकि हम वायरल वीडियो की सत्यता की पुष्टि नहीं करते हैं। लेकिन वायरल वीडियो का संज्ञान लेते हुए पुलिस अधीक्षक दीक्षा शर्मा ने तत्काल प्रभाव से सम्बंधित उपनिरीक्षक राजेश सिंह को लाईन हाजिर कर मामले की जांच क्षेत्राधिकारी मौदहा को सौंपीं है।

# सिसोलर पुलिस की बड़ी कामयाबी, शराब भट्ठी पकड़ी

अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** इस समय क्षेत्र में मादक पदार्थो की तस्करी, जुआ सहित अन्य गैर कानूनी अपराध चरम पर हैं इसी कड़ी में सिसोलर पुलिस ने खेतों में कच्ची शराब बनाने की भट्ठी का खुलासा करते हुए एक दूसरे जनपद के व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। सिसोलर थाना क्षेत्र में केन नदी के कटरी के गावों में नाजायज शराब बनाने के साथ ही शराब बेचने और जुए का कारोबार चल रहा है। सिसोलर पुलिस अपराध और अपराधियों की तलाश में थी तभी मुखबिर ने सूचना दी कि गढा के आगे कुटी जाने वाले रास्ते में सरसों के खेतों के बीच में शराब बनाने का काम किया जा रहा है। मुखबिर की बात पर विश्वास कर पुलिस ने बताए गए स्थान पर दबिश दी तो बांदा जनपद के जसपुरा थाना क्षेत्र के गांव बरेहटा निवासी रामविशाल पुत्र गहरुन पाल को गिरफ्तार किया और मौके से 36 लीटर कच्ची शराब और शराब बनाने का सामान, लहन बरामद किया। पुलिस ने पकड़े गए आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है। इस सम्बंध में थाना प्रभारी कल्पना सिंह ने बताया कि शराब बनाने वाले के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है और आरोपी को जेल भेजने की कार्यवाही की जा रही है।

# पशुपालन विभाग ने बांटे चूजे और दाना



अवधनामा संवाददाता

**मौदहा हमीरपुर।** पशुपालन के माध्यम से किसानों की आय बढाकर उनका जीवन उन्नत बनाने के उद्देश्य से पशुपालन विभाग की ओर से लगभग दो दर्जन गांवों के मुर्गीपालन में रुचि रखने वाले किसानों को चूजे और दाना वितरण किया गया। उक्त आयोजन बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत बुन्देलखण्ड महिला शशक्तिकरण योजना के तहत आयोजित किया गया है। जिसमें विकास खण्ड के बाईस गावों की महिला लाभार्थियों को लाभ दिया गया है। विकास खण्ड के ग्राम चकदहा में पशुपालन विभाग की ओर से आयोजित किसान चौपाल का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता डा.उपेंद्र गुप्ता उपमुख्य चिकित्सा अधिकारी ने की इस दौरान क्षेत्र के हिमौली, छिमौली, अरतरा, परछछ, बिगहना, चकदहा, करहय्या, उर्दना सहित दर्जनों गांवों के कुल 369लाभार्थियों को 18450 चूजे वितरण किए गए साथ ही चूजों के लिए दाना भी दिया गया। इस दौरान डा.हेमंत गुप्ता, डा.सलीम, डा.राजेश गुप्ता सहित स्टाफ और ग्रामीण मौजूद रहे। इस सम्बंध में डा.उपेंद्र गुप्ता ने बताया कि यह योजना बुन्देलखण्ड महिला सशक्तिकरण को लेकर बुन्देलखण्ड पैकेज के अन्तर्गत बाईस गावों की महिला लाभार्थियों को पचास चूजे और दो बोरी फ्नीशर के साथ एक बोरी दाना वितरण किया गया है जिससे महिला रोजगार को बढावा मिल सके।

## सिसोलर में धनुष यज्ञ की लीला सम्पन्न

**मौदहा।** मौदहा विकास खण्ड के बड़ी आबादी वाले गांव सिसोलर में रविवार को आयोजित धनुष यज्ञ लीला के पात्रों का सुंदर अभिनय देख दर्शक भावविभोर हो गए हैं। बताते चलें कि बड़ी आबादी वाले गांव सिसोलर में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी रामलीला का आयोजन किया गया जिसमें रविवार को धनुष यज्ञ की लीला हुई। लीला में राम अभिनेता पुजारी दीक्षित, लक्ष्मण अमरदीप अवस्थी,जनक अभिनेता अमित शुक्ला, रावण अभिनेता ओमप्रकाश त्रिवेदी, बाणासुर अशोक पाण्डेय का अभिनय खूब सराहा गया। वहीं झलोखर निवासी परसुराम अभिनेता सर्वेश द्विवेदी व लक्ष्मण अभिनेता अमरदीप के बीच हुए परसुराम लक्ष्मण संवाद ने दर्शकों को भावविभोर कर दिया है। मुख्यरूप से सदर विधायक डॉ मनोज प्रजापति, पूर्व विधायक युवराज सिंह, प्रयागराज हाईकोर्ट के सेनि. न्यायाधीश अशोक सहित बड़ी संख्या में दर्शक मौजूद रहे हैं।

# करोड़पति दूल्हा बैलगाड़ी में लेकर आया दुल्हनिया

**क्षेत्र में जमकर हो रही अनोखी शादी की चर्चा**

अवधनामा संवाददाता



**राठ हमीरपुर।** क्षेत्र में एक सम्पन्न परिवार के बेटे ने अपने किसान पिता की इच्छा पूरी करने के लिए पुरानी परम्परा से न सिर्फ शादी के मंडप में सात फेरे लिए बल्कि आज उसने लक्जरी कार के बजाय बैलगाड़ी से दुल्हन की विदाई कराई। विदाई का नजारा देखने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ी। हर कोई इस शादी को देख वाह-वाह करने लगा। दुल्हन को बैठाकर दूल्हा खुद ही बैलगाड़ी से अपने घर पहुंचा जहां परिवार और पड़ोसियों ने दोनों का जोरदार स्वागत किया। कस्बे के चरखारी रोड निवासी राजीव उर्फ राजू द्विवेदी खेतीबाड़ी करते है। ये करीब पचपन बीघे जमीन के काश्तकार है। उन्होंने अपने पुत्र विवेक उर्फ राजा द्विवेदी की शादी महोबा जिले के सूपा गांव में राकेश शुक्ला की पुत्री रोहिणी के साथ तय की थी। कन्या पक्ष के लोगों ने राठ कस्बे में आकर गेस्टहाउस में आकर शादी सम्पन्न कराने के लिए इंतजाम किया था। बैंडबाजे के साथ बारात गेस्टहाउस पहुंची जहां बारातियों को जमकर स्वागत और सत्कार किया गया। द्वारचार के बाद वरमाला की रश्में की गई। बाद में शादी के मंडप में दूल्हे ने दुल्हन के साथ सात फेरे लिए। शादी सम्पन्न होने के बाद सोमवार को विदाई की बेला आई तो दूल्हे ने लक्जरी कार से विदाई कराने से साफ इंकार कर दिया। उसने दुल्हन पक्ष के लोगों से कहा कि पिता की इच्छा है कि पुरानी परम्परा के तहत बैलगाड़ी से ही दुल्हन की वि दाई कराई जाए। दूल्हे की डिमांड सुनकर कन्या पक्ष के लोगदंग रह गए। आननफानन राठ क्षेत्र के टोला गांव से एक बैलगाड़ी का इंतजाम कराया गया। बैलगाड़ी को खूब सजाया गया। विदाई की बेला में दुल्हन को बैलगाड़ी में बैठाया गया। दुल्हन को बैलगाड़ी में बैठाने के बाद दूल्हे खुद ही बैलगाड़ी को हांकते घर तक ले गया। बैलगाड़ी से दुल्हन की विदाई का नजारा देख आम लोग दंग रह गए। शादी में शामिल होने महोबा से आए उपेन्द्र समेत तमाम लोगों ने बताया कि इक्कीसवीं सदी में दुल्हन की विदाई लक्जरी कार और हेलीकाप्टर से कराने का दौर शुरू हो चुका है लेकिन यहां पुरानी परम्परा में बैलगाड़ी से दुल्हन की विदाई का नजारा अलग ही था।

### दुल्हन भी बीटीसी की कर रही पढ़ाई

शादी सम्पन्न होने के बाद दूल्हे राजा द्विवेदी ने बताया कि पिता ने कहा था शादी के बाद दुल्हन की विदाई सिर्फ बैलगाड़ी से होनी चाहिए इसलिए पिता की इच्छा आज पूरी की गई है। बताया कि बैलगाड़ी से दुल्हन की विदाई कराकर घर तक पहुंचने में काफी समय लग गया। घर के दरवाजे पहुंचते ही परिवार और पड़ोसियों ने खूब स्वागत किया। फूलों की बारिश भी की गई। उधर चरखारी में बीटीसी की पढ़ाई कर रही दुल्हन रोहिणी की भी खुशी से आंखें भर आई। बता दे कि दूल्हा इलेक्ट्रिक स्कूटर की एजेंसी का मालिक है। इनकी गिनती भी सम्पन्न लोगों में होती है।

## मौदहा पुलिस ने जुए का बड़ा फड़ पकड़ा

**मौदहा हमीरपुर।** इस समय कस्बे सहित क्षेत्र में जुए फड़ धड़ल्ले से संचालित किए जा रहे हैं हालांकि गाहे बगाहे पुलिस कुछ जुआरियों को पकड़ कर वाहवाही लूटने का काम कर लेती है ऐसे ही एक बड़े फड़ में पुलिस ने छापेमारी कर आधा दर्जन लोगों को गिरफ्तार किया है जबकि कुछ जुआरी भागने में सफल हो गए जिसके चलते एक दर्जन जुआरियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली पुलिस ने क्षेत्र के सिजवाही में एक घर में हो रहे जुए के फड़ में छापेमारी कर परछा निवासी मुईनुद्दीन उर्फ जुम्मू, मौदहा निवासी जुबैर, परछा निवासी आरिफ खान, भैंसता निवासी रज्जन यादव को गिरफ्तार किया है जबकि सिजवाही निवासी धर्मेंद्र उर्फ धीरू, सिजनौडा निवासी बउवा, गुसयारी निवासी रिजवान और अन्नू, परछा निवासी गुड्डू, बाबू, आफताब और मौदहा निवासी बच्चा भागने में सफल हो गए। जुए के फड़ से पुलिस ने तीन बाईकों के साथ लगभग बावन हजार रुपये बरामद किए हैं। वहीं कस्बे सहित क्षेत्र में चर्चा है कि जुए में लाखो रुपये बरामद हुए हैं।

# बसंत पंचमी पर्व पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** पान कुंवर इंटरनेशनल स्कूल में बसंत पंचमी का पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर स्कूल में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। प्रधानाचार्य डॉक्टर कैलाश चंद्र यादव, डीटीसी सीबीएसई ने सभी शिक्षकों और छात्रों को बसंत पंचमी के पावन अवसर पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने इस दिन को ज्ञान और बुद्धि की देवी सरस्वती की उपासना का दिन बताते हुए छात्रों को उनकी पढ़ाई में सफलता की कामना की। बसंत पंचमी हिंदू कैलेंडर के अनुसार माघ माह की शुक्ल पक्ष की पंचमी तिथि को मनाई जाती है। यह पर्व मुख्य रूप से सरस्वती पूजा के रूप में मनाया जाता है, जो ज्ञान, संगीत, कला और विद्या की देवी हैं। इस दिन को बसंत ऋतु के आगमन के रूप में भी मनाया जाता है, क्योंकि इस समय प्रकृति में नया जीवन और हरियाली का संचार होता है। बसंत ऋतु के आगमन से वातावरण में सुख, समृद्धि और नयापन का अहसास होता है। डॉ कैलाश चंद्र यादव ने बताया बसंत पंचमी का महत्व इसलिए भी है क्योंकि इसे विद्या और ज्ञान की देवी सरस्वती की पूजा का दिन माना जाता है। इस दिन लोग अपनी किताबों और वाद्य यंत्रों को सरस्वती के चरणों में अर्पित करते हैं और उनसे विद्या, बुद्धि और सफलता की कामना करते हैं। इसके अलावा, इस दिन को भारत में विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक, शैक्षिक और सामाजिक आयोजन भी होते हैं। कार्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत किए गए सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया और स्कूल परिसर में उल्लास का माहौल बना रहा। इस विशेष अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और छात्रों ने बसंत के इस पर्व का आनंद लिया और इसे एक यादगार अनुभव बनाया।

# निशानेबाजी धैर्य एवं संयम का है खेलः सरिता

अवधनामा ब्यूरो



**इटावा।** खेल, शिक्षा, पर्यावरण और सामाजिक समरसता को समर्पित संस्था एकलव्य फाउंडेशन ने एकलव्य गौरव सम्मान, वामा सम्मान एवं छात्रवृत्ति वितरण समारोह कार्यक्रम आयोजित किया। फ्रेंड्स कॉलोनी स्थित शूटर्स एकेडमी पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सदर विधायक सरिता भदौरिया, विशिष्ट अतिथि भारतीय किसान प्रान्त के उपाध्यक्ष शिवनन्दन सिंह ने दीप प्रज्ववलित कर किया। इस दौरान एकेडमी के संस्थापक व अंतर्राष्ट्रीय निशानेबाज एवं कोच राहुल तोमर भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में सदर विधायक सरिता भदौरिया ने कहा कि निशानेबाजी धैर्य एवं संयम का खेल है। प्रतिभा किसी चीज की मोहताज नहीं होती है। दुर्भाग्य से, कई प्रतिभाशाली छात्रों को आर्थिक रूप से तंगी के कारण अपने खेल से दूरी बनानी पड़ जाती है। एकलव्य फाउंडेशन ने यह छात्रवृत्ति प्रदान कर प्रतिभा को बढ़ावा देकर देश के लिए नए खिलाड़ी बनाने की पहल की है यह बेहद खुशी की बात है, जिसका उद्देश्य उन सभी के सपनों को साकार करना है जो अपने सपनों का पीछा करते हैं। इस अवसर पर महिला शिक्षक संघ अध्यक्ष कामना सिंह, सुश्री अर्चना चौधरी, इंटरनेशनल शूटर एवं कोच अनिल कुमार पाल ने आईएमए स्पोर्ट्स के एमडी कृष्णकांत दुबे के सहयोग से खेल के लिए इकदिल की रोहिणी राठौर, संगवाली की रितु भदौरिया, नगला जोर (चकरनगर) के अनुराग राठौर, बाबनपुरा (बसरेहर) के सौरभ शाक्य, बिठौली गंगापुरा (बसरेहर) के विकास कुमार, मलाजनी (जसवन्तनगर) के हीरामन, बाह (आगरा) के रोहित कुमार, कुदरकोट (औरैया) के दीपेंद्र राठौर को 25000 की धनराशि और फर्रुखाबाद की आरती चतुर्वेदी को 51000 की धनराशि छात्रवृत्ति के रूप में प्रदान की गई। इस मौके पर समाज में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए वर्ष 2024 का एकलव्य गौरव सम्मान पर्यावरण क्षेत्र में संजीव चौहान, साहित्य व काव्य क्षेत्र में कवि देवेंद्र प्रताप सिंह आग, महिला सशक्तिकरण क्षेत्र में चित्रा परिहार, संगीत एवं गायन क्षेत्र में संजीव यादव, जैविक कृषि क्षेत्र में मुनिराज वर्मा, शिक्षा क्षेत्र में गुलशन यादव, खेल क्षेत्र में सौरभ शाक्य, कला सिनेमा क्षेत्र में रवीन्द्र चौहान को दिया गया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए वामा सम्मान सोनू सोलंकी उज्जैन(मध्य प्रदेश), सुनंदा गजभिए भोपाल (मध्य प्रदेश), संगीता यादव मैनपुरी (उत्तर प्रदेश), सुनीता मर्सकोले नीमा(मध्य प्रदेश), मोहिनी मिश्रा इटावा (उत्तर प्रदेश) को दिया गया। प्रतियोगी शिक्षा के लिए योगदान दे रहे शिक्षकों के लिए उत्कृष्ट शिक्षक सम्मान विनोद यादव, सौरभ यादव, हरिओम शाक्य, गिरीश राजपूत, धर्मेंद्र यादव, संजीव यादव, राहुल यादव को एवं इटावा रत्न सम्मान पंकज कुशवाह एवं सुधीर यादव को प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन कवि अवनीश त्रिपाठी एवं कवयित्री प्रतीक्षा चौधरी ने किया। इस अवसर पर एकलव्य फाउंडेशन की अध्यक्ष स्वेता चंदेल, भाकिस के प्रान्त प्रचार प्रमुख अक्षय प्रताप सिंह, प्रान्त मंत्री मनीष चतुर्वेदी, नेहा सिंह एडवोकेट, अभिषेक सिंह एडवोकेट, कार्यक्रम संयोजक रविरतन किशोर, सीटू माथुर आदि उपस्थित रहे।

# कल्पवासियों ने पवित्र त्रिवेणी में किया बसंत पंचमी का अमृत स्नान



## महाकुम्भ में संगम तट पर 10 लाख से अधिक श्रद्धालु कर रहे हैं कल्पवास

अवधनामा ब्यूरो

**महाकुम्भ नगर/लखनऊ।** महाकुम्भ में बसंत पंचमी के अमृत स्नान का विशेष महत्व है। पौराणिक कथा के अनुसार बसंत पंचमी के दिन कला, संस्कृति, विद्या और ज्ञान की देवी मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। प्रयागराज में त्रिवेणी संगम पर मां सरस्वती का पूजन कर अमृत स्नान करने की परंपरा है। आज सुबह से ही अखाड़ों ने परंपरा के अनुसार दिव्य शोभा यात्रा के साथ अमृत स्नान किया। इसके साथ ही करोड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं के साथ कल्पवासियों ने भी पवित्र त्रिवेणी स्नान किया। कल्पवासियों ने विधि पूर्वक व्रत का पालन करते हुए सुबह से ही संगम में स्नान कर सूर्य को अर्घ्य देते हुए सरस्वती पूजन भी किया।

महाकुम्भ 2025 में 10 लाख से अधिक श्रद्धालु प्रयागराज में संगम तट पर कल्पवास कर रहे हैं। जो प्रतिदिन पूरे माघ मास तीनों काल नियमपूर्वक गंगा में स्नान और व्रत का पालन करते हैं। महाकुम्भ में बसंत पंचमी के स्नान विशिष्ट महत्व है। कल्पवासियों ने नियम पूर्वक मौन व्रत रख कर ब्रह्म मुहूर्त में पवित्र त्रिवेणी संगम में स्नान किया। महाकुम्भ के विशाल मेला क्षेत्र के अलग-अलग सेक्टरों में बसे कल्पवासी प्रातःकाल में ही पैदल चल कर संगम तट पर आते जा रहे थे। उन्होंने करोड़ों श्रद्धालुओं और संन्यासियों के अखाड़ों के साथ अमृत स्नान किया।

पौराणिक मान्यता है बसंत पंचमी के दिन मां सरस्वती का प्राकट्य हुआ था। वर्तमान काल में तीर्थराज प्रयागराज में ही मां सरस्वती का वास है। जो अंतः सलिला रूप में गंगा, यमुना के संगम में मिल कर पवित्र त्रिवेणी बनाती हैं। बसंत पंचमी के दिन प्रयागराज में त्रिवेणी संगम में स्नान का विशेष महत्व है। आज के दिन कल्पवासियों विधि पूर्वक संगम स्नान कर सरस्वती पूजन किया। संगम स्नान के बाद मां सरस्वती को श्वेत वस्त्र और श्वेत पुष्प अर्पित कर उनकी स्तुति की। श्रद्धालु और कथा वाचक अपने शास्त्रों और ग्रंथों का भी पूजन करते हैं। इसके बाद दही और चूड़ा के दान दे कर सभी ने प्रसाद ग्रहण किया। साथ ही साहित्य, कला, संगीत और शिक्षा जगत से जुड़े हुए लोंग ने भी शहर भर में जगह-जगह मां सरस्वती का पूजन किया।

### संगम में डूबते हुए युवक को एनडीआरएफ ने बचाया

**प्रयागराज।** वसंत पंचमी पर तीसरे व अंतिम अमृत स्नान के दिन सोमवार को त्रिवेणी संगम व अन्य घाटों पर एनडीआरएफ की टीमें पूरी तरह मुस्तैद रही। इसी बीच संगम नोज पर परिवार के साथ स्नान करने आया वाराणसी का 17 वर्षीय गुलशन अचानक गहरे पानी में डूबने लगा। उसे डूबता देख परिजन चीखने-चिल्लाने लगे। मौके पर तैनात एनडीआरएफ जवानों ने तत्काल नदी में छलांग लगाकर गुलशन को डूबने बचाया और सुरक्षित बाहर निकाला। प्राथमिक उपचार के बाद उसे परिजनों को सौंप दिया।

## जप, तप, साधना की पुण्य भूमि में हो रहा है विविध साधनाओं का संगम

- बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर्व से शुरू हुई वैष्णव अखाड़ों की अद्भुत अग्नि स्नान साधना
- महा कुंभ के तपस्वी नगर में दिगम्बर अनी अखाड़ों के साधकों ने आरंभ की पंच धूनी की कठिन तपस्या



महाकुंभ त्याग और तपस्या के साथ विभिन्न साधनाओं के संकल्प का भी पर्व है। प्रयागराज महाकुम्भ साधनाओं के विविध संकल्पों का साक्षी बन रहा है ऐसी ही एक साधना है पंच धूनी तपस्या जिसे अग्नि स्नान की साधना भी कहा जाता है जिसकी शुरुआत बसंत पंचमी के अमृत स्नान पर्व से हो गई।

कुम्भ क्षेत्र जप ,तप और साधना का क्षेत्र है जिसके हर कोने में कोई न कोई साधक अपनी साधना में रत नज़र आएगा। महाकुम्भ के तपस्वी नगर में बसंत पंचमी से एक खास तरह की साधना का आरंभ हुआ है जिसे लेकर श्रद्धालुओं में खासा कौतूहल है। इस साधना को पंच धूनी तपस्या कहा जाता है जिसे आम भक्त अग्नि स्नान साधना के नाम से भी जानते हैं। इस साधना में साधक अपने चारों तरफ जलती आग के कई घेरे बनाकर उसके बीच में बैठकर अपनी साधना करता है । जिस आग की हल्की से आंच के सम्पर्क में आने से इंसान की त्वचा झुलस जाती है उससे कई गुना अधिक आंच के घेरे में बैठकर ये तपस्वी अपनी साधना करते हैं ।

### वैष्णव अखाड़ों में खालसा के संतों में है साधना की यह कठिन परम्परा

वैष्णव अखाड़े के खालसा में इस अग्नि स्नान की साधना की परम्परा है जो बेहद त्याग और संयम की स्थिति में पहुंचने के बाद की जाती है । श्री दिगंबर अनी अखाड़े में महंत राघव दास बताते हैं कि अग्नि साधना वैष्णव अखाड़ों के सिरमौर अखाड़े दिगंबर अनी अखाड़े के अखिल भारतीय पंच तेरह भाई त्यागी खालसा के साधकों की विशेष साधना है । यह साधना अठारह वर्षो की होती है । इस अनुष्ठान को पूरा करने के पीछे न सिर्फ साधना के उद्देश्य की पूर्ति करनी होती है बल्कि साधु की क्षमता और सहनशीलता का परीक्षण भी होता है। लगातार 18 वर्ष तक साल के 5 माह इस कठोर तप से गुजरने के बाद उस साधु को वैरागी की उपाधि मिलती है।

## अखाड़ों के अमृत स्नान में दिखी विश्व बंधुत्व की मिसल

**महाकुम्भ नगर।** विश्व के सबसे बड़े धार्मिक आयोजन में भाईचारे की मिसाल भी देखने को मिली। सनातन धर्म के रक्षक अखाड़ों के संतों, महंतों, मंडलेश्वरों और महामंडलेश्वरों को भव्यता के साथ संगम तक पहुंचाने में अल्पसंख्यक समाज भी पीछे नहीं रहा। कहीं रज्जाक के रथ पर संत जाते हुए दिखे तो कहीं इकबाल और नौशाद का बैंड अमृत स्नान के उत्साह को दोगुना करता नजर आया। अखाड़ों की शोभा यात्रा में कई बैंड पार्टी मुस्लिम समुदाय की थी। मो. इकबाल अहमद का आजाद बैंड, नौशाद और शमशाद का ग्रेट मास्टर बैंड समेत दूसरी बैंड पार्टियां रथों के आगे धार्मिक गीत बजाते चल रही थीं। अल्पसंख्यक समुदाय के कलाकार पूरी शिद्दत के साथ ड्रम, ढोल, ताशा बजा रहे थे तो साथ-साथ संतों के अनुयायी झूमते-नाचते बढ़ रहे थे। साधुकुटी चौराहा करछना के रज्जाक समेत कई अन्य मुस्लिमों के रथ भी संतों को लेकर संगम की ओर जाते दिखे। कई मुस्लिम कलाकार फूलों की सजावट करते दिखे। ऐसे समय में जबकि गैर सनातनियों के महाकुम्भ क्षेत्र में प्रवेश प्रतिबंधित करने की मांग उठ रही हो, यह दृश्य भाईचारे की मिसाल पैदा करने वाला था।

## सुरक्षा के पुख्ता इंतजामों के बीच दिव्य और भव्य रहा अमृत स्नान

- सीएम योगी के निर्देश पर सुरक्षा के बेहद पुख्ता इंतजाम



**महाकुंभनगर।** बसंत पंचमी के पवित्र अवसर पर सोमवार को त्रिवेणी संगम में अमृत स्नान के लिए आस्था का जनसमुद्र उमड़ पड़ा। महाकुंभ के तीसरे अमृत स्नान पर करोड़ों श्रद्धालु देर रात से ही पुण्य की कामना के साथ संगम की रेत पर एकत्रित होने लगे। हर-हर गंगे, बम बम भोले और जय श्री राम के गगनभेदी उद्घोष से पूरा मेला क्षेत्र गूंज उठा। सीएम योगी के विशेष निर्देश पर सुरक्षा के ऐसे पुख्ता इंतजाम रहे कि परिंदा भी पर न मार सके। यहां डीआईजी और एसएसपी खुद मैदान में उतरकर व्यवस्थाओं की निगरानी कर रहे थे।

श्रद्धालुओं के साथ साधु-संत, महामंडलेश्वर और देश-विदेश से आए भक्त संगम में पवित्र डुबकी लगाते नजर आए। इसके साथ ही सुरक्षा के बेहद कड़े इंतजाम किए गए थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर अमृत स्नान के लिए अद्भुत और दिव्य महाकुंभ की सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई। यातायात पूरी तरह सुचारु रहा और श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना नहीं करना पड़ा। स्नान के बाद श्रद्धालु दान-पुण्य करते दिखे।

बसंत पंचमी पर अमृत स्नान के दौरान महाकुंभ का डिजिटल स्वरूप भी आकर्षण का केंद्र रहा। जहां हर व्यक्ति इस दिव्य अनुभूति को अपने कैमरे में सुरक्षित करने के लिए उत्साहित नजर आया। संगम तट पर फूल-मालाओं से लदे संतों पर उत्साहित श्रद्धालुओं ने पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया। जिससे पूरे महाकुंभ का माहौल और भव्य बन गया।

# अलम-ए-मुबारक की ज़ियारत करायी गयी

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** हजरत अली (अ.स.) के बेटे और हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के भाई हजरत अब्बास (अ.स.) की विलादत के मौक पर सोमवार को दरगाह हजरत अब्बास रुस्तम नगर में एक शानदार विशाल अलम-ए-मुबारक की जियारत करायी गयी। इसके बाद %जश्ने हजरत अबुल फजलिल अब्बास÷ मनाया गया। उलमा ने जब जियारत के लिए अलम के फरेरे को खोला तो वहां मौजूद हजारों लोग जिसमें पर्दानशीन महिलाएं व बच्चों ने हाथ उठाकर नारे हैदरी या अली की सदांए बुलन्द की और हाथों को बुलन्द करके अपने व देश के लिए दुआएं मांगी।

मौलाना कल्बे जव्वाद ने हजरत अब्बास (अ.स.) की फजीलत बयान करते हुए कहा कि हजरत अब्बास हजरत अली की तमन्ना का नाम है। मौलाना हबीब हैदर सहित अन्य उलमा ने हजरत अब्बास (अ.स.) की फजीलत को बयान की। जश्न का आगाज कारी तुफैल हसन ने तिलावते कुराने पाक से, संचालन जाहिद कानपुरी व अली आजम ने किया तो आमिर वारसी ने नात पढ़ी इसके बाद 110 बच्चों ने हजरत अब्बास (अ.स.) की शान में शान आब्दी की लिखी मनकबत इस तरह जश्ने गाजी मनायेंगे हम,फर्शे महफिल फलक पर बिछायेंगे हम पेश की। जश्न में शायर नायाब बलयावी, हिलाल नकवी, फय्याज रायबरेलवी, रजा बिस्वानी, शबरोज कानपुर,ताज कानपुरी,अली शब्बर नौगावीं,महबूब अंसारी,जिना जफराबादी, जियारत फैजाबादी, हादी रजा बाराबंकवी, कमाल वारसी, तनवीर हैदर आजमी, दानिश गदीरी सिरसिवी, जफर नजफी, हसन मूसवी, मूसा, मेहदी महमूदाबादी, शुजा बलरामपुरी और वसी मोहानी ने कलाम पेश किये। इस मौके पर क्षेत्र में विभिन्न प्रकार की लाईटों से सजावट की तथा दरगाह की तारीखी इमारत को भव्यरूप से सजाया गया।

### देर रात तक चला नज़्रों में जाने का सिलसिला

हजरत अब्बास (अ.स.) की यौमे विलादत के पर घरों में नज़्र दी गयी। सुबह से देर रात तक नज़्रों में जाने का सिलसिला चलता रहा। विलादत की खुशी में लोगों ने घरों, इमामबाड़ों, कर्बलाओं और दरगहों में बिजली भव्य सजावट और लाल झंडे लगाए। इस खुशी के मौके पर लोगों ने नये-नये लिबास पहने और अपने रिश्तेदारों, अजीजों व दोस्तों के यहां नज़्र चखने गये।




भारत सरकार के नेशनल इंस्टट्यूट ऑफ़ मलेरिया रिसर्च, द्वारका , दिल्ली के प्रांगण में मलेरिया उन्मूलन के विषय पर आयोजित पन्द्रहवें तीन दिवसीय वार्षिक मलेरिया कांफ्रेंस में सन फार्मा के वरिष्ठ उपाध्यक्ष अज़ादार ख़ान ने पब्लिक प्राइवेट पार्टरनरशिप इन हेल्थ केयर के विषय पर श्रोताओं को संबोधित किया।

# राम बहादुर सिंह भदोरिया ट्रस्ट द्वारा श्री राम उत्सव का भव्य आयोजन सम्पन्न



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** लखनऊ के कृषि भवन सभागार में राम बहादुर सिंह भदोरिया ट्रस्ट के तत्वाधान में एक श्री राम उत्सव का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का आयोजन संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया गया, जिसका उद्देश्य सनातन धर्म और भारतीय संस्कृति की महानता को प्रकट करना था।

कार्यक्रम का उद्घाटन उत्तर प्रदेश सरकार के संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री योगेंद्र उपाध्याय, और जल शक्ति मंत्री रामकेश निषाद द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। श्री राम उत्सव के अवसर पर मंत्रियों ने अपनी संस्कृति और धर्म की महत्ता पर प्रकाश डाला। जयवीर सिंह ने कहा, ÷सनातन धर्म और हमारी संस्कृति सिर्फ भारत की नहीं, पूरी दुनिया की धरोहर हैं।÷ योगेंद्र उपाध्याय ने विशेष रूप से विकलांगजनों के लिए अपनी प्रतिबद्धता प्रकट की और उन्हें भारत सरकार और राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करने की बात कही।

इस अवसर पर अमित दीक्षित की टीम द्वारा भव्य श्री राम का मंचन किया गया, जिसने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। ऑडिटोरियम ताली की गड़गड़ाहट से गूंज उठा, और वहां उपस्थित दिव्यांगजनों एवं पत्रकारों को अंगवस्त्र पहनाकर विशेष सम्मान दिया गया।

कार्यक्रम के दौरान ट्रस्ट के मुखिया रामकृपाल सिंह भदोरिया का जन्मदिन भी मनाया गया। मंत्री जयवीर सिंह ने केक काटकर उन्हें बधाई दी और शुभकामनाएं दीं। 500 दिव्यांगजन और पत्रकारों को अंगवस्त्र और स्मृति चिन्ह प्रदान कर उन्हें सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम में कई प्रमुख हस्तियों ने भाग लिया, जिनमें शिव शंकर त्रिपाठी (आईसना के अध्यक्ष), आरती त्रिपाठी (प्रेस काउंसिल ऑफ इंडिया की सदस्य), लाल जी (अखंड राष्ट्रवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष), महामंडलेश्वर अरुणा, मनोज रघुवंशी, अजय अग्रवाल, लक्ष्मण सिंह, अनुज भदोरिया, संतोष राय, ब्रह्माकुमारी ओम शक्ति की तीनों बहनें, योगेश कुमार, शिल्पी श्रीवास्तव और कई अन्य विशिष्टजन उपस्थित रहे।

## पं. बिरजू महाराज जयंती समारोह आज

**लखनऊ।** बिरजू महाराज कथक संस्थान लखनऊ, संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा 04 फरवरी को पं. बिरजू महाराज जयंती समारोह का आयोजन किया जा रहा है। यह आयोजन संत गाडगे जी महाराज प्रेक्षागृह उ.प्र., संगीत नाटक अकादमी, गोमती नगर लखनऊ में सांय 05:00 बजे से शुरू होगा। समारोह का उद्घाटन संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह करेंगे। समारोह में पं. बिरजू महाराज जी की शिष्या डॉ. दीपान्विता सिंधा राय द्वारा एकल नृत्य की प्रस्तुति भी दी जायेगी।

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि पं बिरजू महाराज जी शास्त्रीय कथक नृत्य के लखनऊ कालिका बिंदादीन घराने के अग्रणी नर्तक थे। वह बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। कथक नृत्य के अलावा उनको गायन, तबला, पखावज इत्यादि के वादन में भी महारथ हासिल थी। उन्होंने ठुमरी, भजन और कवित्त आदि की रचना की थी। कथक क्षेत्र में उनका अद्वितीय योगदान है।

# आरडीएसओ अस्पताल में 500 एमए एक्स-रे मशीन का उद्घाटन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** महानिदेशक, आरडीएसओ उदय बोरवणकर, अनूप विश्वास, रेडियोग्राफर और नीरज, एचए की उपस्थिति में आरडीएसओ अस्पताल में एक नई 500 एमए एक्स-रे मशीन का उद्घाटन किया गया।

यह अत्याधुनिक उपकरण अस्पताल की निदान क्षमताओं को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ाएगा, जिससे रोगियों के लाभ के लिए तेजी से और अधिक सटीक रेडियोलॉजिकल निदान संभव होगा। उद्घाटन समारोह में विशेष डीजी वेंडर पी एस शमी, एडीजी पी के क्षत्रिय, पीईडी इंफ्रा II एस के सपरा, पीसीएमओ डॉ कमल किशोर, पीसीपीओ अमर नाथ दुबे और आरडीएसओ के अन्य सम्मानित अधिकारी और कर्मचारी मौजूद थे।

# द मदद सहयोग गाइडेंस की तरफ से चिकित्सा शिविर का आयोजन



अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** द मदद सहयोग गाइडेंस फाउंडेशन, मैक वेल्फेयर फाउंडेशन के तत्वधान में सहादतगंज कोतवाली में निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया।मैक वेलफेयर फाउंडेशन के प्रेसिडेंट मिर्जा जफर बेग के रिप्रेजेंटेटिव अनूप सक्सेना ने भाग लिया। इस निःशुल्क चिकित्सा शिविर में लगभग 120 रोगियों का चिकित्सा परीक्षण किया गया और उन्हें निःशुल्क दवाएं भी प्रदान की गईं। डॉक्टरों की टीम में डॉक्टर अमन नकवी (MBBS Aims Rsk' Md kgmu) डॉक्टर मोहम्मद सलीम (रेजिडेंट डॉक्टर kgmu) डॉक्टर मोहम्मद वसीम (जनरल फिजिशियन ) फरीना फातिमा, फाईक अहमद, कशिश नक़वी, ग़ज़ाला खातून, अरीबा खातून, फातिमा नाज़, ज़ोफ़िशा नक़वी मौजूद रहीं। इस मौके पर सम्मानित विभूतियों को सम्मानित किया गया। अब्दुल सबूर, शुजा अब्बास (नौहे खवान) इस अवसर पर समाज के कई प्रतिष्ठित लोग आदि मौजूद रहे। सादतगंज एसएचओं ब्रेजेश सिंह ने कहा इस तरह के कैंप जरूरत मंद लोगों के लिए आवश्यक है और भविष्य में भी इस प्रकार के कैंप सआदतगंज थाने में लगाए जायेगे जिस से लोगों की सहायता की जा सके। द एमएसजी फाउंडेशन की टीम मे इमरान अली, अथर अब्बास, जामन, अली मोहम्मद, आसिफ़ सिद्दीक़ी और अभय संस्थापक मोहम्मद सादिक भी मौजूद रहे।

## भारतीय समाज में एकता के लिए संस्कृत भाषा को अपनाना होगा

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान लखनऊ द्वारा अपने परिसर में 3 फरवरी को ''भारतीय समाज की एकता में संस्कृत की भूमिका'' विषय पर व्याख्यान गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में आंमत्रित डॉ0 सत्यकेतु, संस्कृत विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ने बताया कि यदि भारतीय समाज में एकता स्थापित करनी है, तो हमें एक बार पुनः संस्कृत की ओर देखना होगा। वेदों ने सर्वप्रथम अपनी प्रार्थनाओं में सामूहिक चेतना का उद्घोष किया है। वैदिक सूक्तियों में सामाजिक एकता की चेतना दिखाई देती है। संस्कृत का प्राचीन से लेकर आधुनिक वाड्मय वैदिक ज्ञान से अनुप्राणित रहा है। संस्कृत में ईर्ष्या, द्वेष आदि दुर्गुणों को दूर करन हेतु कुछ प्रार्थनाओं के बारे मे भी बताया। प्रो0 गणेश शंकर विद्यार्थी, केन्द्रीय संस्कृत वि0वि0, लखनऊ परिसर, द्वारा संस्कृत वांगमय में सर्वत्र मनुष्य मात्र की एकता हेतु विविध मन्त्र-उपाख्यानादि उपस्थित है।

# उद्यान मंत्री ने नवनिर्मित किसान प्रशिक्षण भवन एवं केंद्र का किया उद्घाटन



- प्रदेश का आत्मनिर्भर किसान बनेगा नए यूपी की पहचान
- किसान प्रशिक्षण केंद्र बागबानों को बनायेगा आत्मनिर्भर
- केन्द्र में किसानों को वैल्यू ऐडेड फसलों के उत्पादन व विपणन से जुड़ी जानकारी दी जाएगी : दिनेश प्रताप सिंह

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** प्रदेश के उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने सोमवार को राजकीय उद्यान, आलमबाग में राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अंतर्गत सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर आर्नामेंटल प्लांट्स के तहत नवनिर्मित किसान प्रशिक्षण भवन एवं प्रशिक्षण केंद्र का उद्घाटन किया। उन्होंने देश व प्रदेश के सभी किसान भाईयों को आधुनिक सुविधायुक्त इस प्रशिक्षण केन्द्र के संचालित होने पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस प्रशिक्षण केन्द्र में किसानों को विभिन्न औद्यानिक फसलों, फल एवं सब्जियों की, पौधशाला/नर्सरी तैयार करने की तकनीकी ट्रेनिंग दी जायेगी। किसानों को नर्सरी लगाने, बीजों की बुवाई और अंकुरण से लेकर पौध तैयार करने तक की नर्सरी प्रबंधन की नई विधियां और तकनीकें सिखाई जाएंगी। यहां पर किसानों को प्रदेश की मिट्टी और जलवायु के अनुसार खेती करने की जानकारी भी दी जायेगी।इस अवसर पर उद्यान मंत्री सिंह ने कहा कि योगी सरकार किसानों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिसके लिए केन्द्र एवं प्रदेश की सरकार किसानों के कल्याण के लिए अनेकों योजनाएं चला रही है। आधुनिक तकनीकी व सुविधाओं से युक्त इस प्रशिक्षण भवन को संचालित किया गया है। इसके माध्यम से उन्हें विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त करने की जानकारी दी जायेगी। साथ ही उन्हें वैल्यू एडेड औद्यानिक फसलों को आधुनिक तरीके से उत्पादन करने और उनके रख-रखाव का प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इससे किसानों को नवीन तकनीक का ज्ञान होगा। जिसको अपनाकर वें अपनी आय बढ़ा सकेंगे और प्रदेश की औद्यानिक फसलों के निर्यात में भी योगदान दे सकेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में औद्यानिक फसलों के आधुनिकीकरण को बढ़ावा मिले एवं बागवान समृद्ध हो, यही हमारी सरकार का संकल्प है, जल्द ही प्रदेश का आत्मनिर्भर किसान नए यूपी की पहचान बनेगा। उद्यान मंत्री ने बताया कि लगभग 04 करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित इस किसान प्रशिक्षण भवन में क्लास रूम, इन्स्ट्रक्टर रूम, प्रदेश और प्रदेश के बाहर से आने वाले किसानों के रुकने के लिए 100 बेड की डॉरमेट्री, लाइब्रेरी, स्टोर, किसान प्रशिक्षण हाल सहित कई सुविधाएं उपलब्ध कराई गई है।